# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

गुरुवार, 18 दिसंबर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 341, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 120 अंकों की गिरावट

निरंतर बिकवाली के दबाव में घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन सेंसेक्स 120 .21 अंक गिरकर 84,559 .65 अंक पर बंद हुआ। } 14

## पीएम को सर्वोच्च पुरस्कार मिलना भारत की प्रतिष्ठा का प्रतीक

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इथियोपिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया जाना वैश्विक कूटनीति में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाता है। } 16



### संक्षेप

## लखनऊ : कक्षा एक से 12वीं तक स्कूलों का समय बदला

लखनऊ। राजधानी में कक्षा एक से लेकर 12वीं तक के स्कूल गुरुवार से सुबह नौ बजे के बाद खुलेंगे। डीएम विशाख जी ने शीतलहर व घने कोहरे के चलते स्कूलों के समय में बदलाव किया है। यह आदेश यूपी बोर्ड, सीबीएसई व सीआईएससीई समेत सभी बोर्ड के स्कूलों पर लागू होगा। डीएम ने डीआईओएस और बीएसए को निर्देश दिए हैं कि स्कूलों में इसका पालन सुनिश्चित कराएं। डीआईओएस राकेश कुमार ने स्कूलों के प्रबंधन और प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि स्कूल आने वाले बच्चों को सर्दी से बचाव के सभी इंतजाम मुहैया ...शेष पृष्ठ 14 पर

## तौकीर रजा के खिलाफ तीन और आरोप-पत्र

बरेली। 26 सितंबर को हुई हिंसा के मुख्य आरोपी, इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के अध्यक्ष मौलवी तौकीर रजा के खिलाफ तीन और मामलों में आरोप-पत्र दाखिल किया है। इस घटना के संबंध में दर्ज 10 मामलों में से सात में आरोप-पत्र दाखिल किए जा चुके हैं, जबकि शेष तीन मामलों में जांच जारी है। रजा सभी मामलों में आरोपी के तौर पर नामजद हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि इससे पहले चार मामलों में आरोप-पत्र दाखिल किए जा चुके हैं। मंगलवार को कैंटोनमेंट, किला और प्रेमनगर पुलिस थानों में दर्ज तीन और मामलों में आरोपपत्र जमा किए गए। एसएसपी ने बताया कि शेष तीन मामलों में जांच जारी है। पुलिस जांच के अनुसार, रजा ने कथित तौर पर हिंसा भड़काने की साजिश रची और अपने करीबी सहयोगियों (आईएमसी के महासचिव नफीस खान, पूर्व जिला अध्यक्ष नदीम खान और मुनीर इदरीसी) को भीड़ जुटाने तथा पुलिसकर्मियों पर हमला करने के लिए उकसाने का काम सौंपा।

## भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच चौथा टी-20 रद्द

लखनऊ। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चौथा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच बुधवार को खराब दृश्यता के कारण रद्द कर दिया गया जब घने कोहरे की एक परत ने इकाना स्टेडियम को घेर लिया जिससे सर्दियों के महीनों में उत्तरी भारत में मुकाबले कराने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड के कार्यक्रम पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पूरी श्रृंखला के लिए नवंबर और दिसंबर के दौरान न्यू चंडीगढ़, धर्मशाला, लखनऊ रांची, रायपुर, कटक, विशाखापत्तनम, अहमदाबाद, गुवाहाटी और कोलकाता को आयोजन स्थल के तौर पर चुना गया था। यह वह समय होता है जब लखनऊ न्यू चंडीगढ़ और धर्मशाला जैसे मेजबान शहरों में प्रदूषण का स्तर आमतौर पर सबसे खराब होता है।



### आज का मौसम

अधिकतम : 24.06 डिसे.
न्यूनतम : 10.04 डिसे.

### भीतर पढ़ें


- परिधान पार्क से बेहतर होगी रोड कनेक्टिविटी (पृष्ठ-02)
- रेशम निदेशालय में बन रहा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (पृष्ठ-02)
- डॉलर के मुकाबले रुपया 91.01 पर (पृष्ठ-14)
- कृषि क्षेत्र में एआई को बढ़ावा देने के लिए वित्त पोषण (पृष्ठ-14)
- कृत्रिम मेधा के युग में भारत की विविधता एक ताकत (पृष्ठ-14)


## पूर्व डीजीपी प्रशांत कुमार बने यूपी शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के नए अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी है। प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी प्रशांत कुमार को आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। जानकारी के अनुसार, 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी प्रशांत कुमार को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष के रूप में उनका कार्यकाल तीन वर्षों का होगा। 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी प्रशांत कुमार उत्तर प्रदेश पुलिस में लंबे समय तक विभिन्न अहम पदों पर कार्य कर चुके हैं और प्रशासनिक अनुभव के लिए जाने जाते हैं। उनकी नियुक्ति से शिक्षा सेवा चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और प्रशासनिक मजबूती आने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रदेश सरकार के इस फैसले को आयोग के कामकाज को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।वहीं जनपद सीतापुर से सदस्य विधान परिषद एवं शिक्षण संस्थान के संस्थापक पवन सिंह चौहान को विधानमंडल की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में पहुंचे ओमान

### भारत और इथियोपिया क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और कनेक्टिविटी के मामले में प्राकृतिक साझीदार : पीएम

एजेंसी



मस्कट। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को दो दिवसीय यात्रा पर ओमान पहुंचे। इस दौरान मोदी देश के शीर्ष नेतृत्व से बातचीत करेंगे और एक महत्वाकांक्षी व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।

हवाई अड्डे पर ओमान के रक्षा मामलों के उप प्रधानमंत्री सैयद शिहाब बिन तारिक अल सईद ने प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। प्रधानमंत्री सुल्तान हसीम बिन तारिक के निमंत्रण पर ओमान की यात्रा पर हैं। मोदी की इस खाड़ी देश की यह दूसरी यात्रा है और दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 70 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है। भारत ने कहा है कि वह इस यात्रा के दौरान ओमान के साथ एक महत्वाकांक्षी व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने को लेकर बहुत आशावादी है। भारत और ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौते को हाल में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी थी। इस यात्रा के दौरान, मोदी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के साथ-साथ वाणिज्यिक और आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए सुल्तान के साथ भी चर्चा करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को इथियोपियाई संसद को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और इथियोपिया क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और कनेक्टिविटी के मामले में प्राकृतिक साझीदार हैं। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देश एक ऐसी दुनिया के लिए कार्यरत हैं जो अधिक न्यायपूर्ण, अधिक समानता मूलक और अधिक शांतिपूर्ण हो। मंगलवार को अपनी पहली द्विपक्षीय यात्रा पर इथियोपिया पहुंचे मोदी ने इथियोपियाई संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि शेरों की भूमि इथियोपिया में आकर उन्हें बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने स्थानीय भाषा में सांसदों का अभिवादन करते हुए कहा, तेना यिस्टिलिगन, सलाम। इथियोपिया की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा मुझे यहां घर जैसा महसूस हो रहा है क्योंकि मेरा गृह राज्य गुजरात भी शेरों की भूमि है। यह विश्व की 18वीं संसद थी जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा इथियोपिया अफ्रीका के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र में स्थित है। भारत हिंद महासागर के केंद्र में स्थित है। हम क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और ...शेष पृष्ठ 14 पर

# घने कोहरे व शीतलहर से सुरक्षा को लेकर योगी सख्त

### जनजीवन, यातायात और निराश्रितों की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी लापरवाही : सीएम



विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बढ़ती शीतलहर और घने कोहरे को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने स्पष्ट किया है कि कोई भी निराश्रित खुले में सोता नहीं मिलना चाहिए। रैन बसेरों में हीटर-अलाव की पुख्ता व्यवस्था और एक्सप्रेस-वे पर हादसों को रोकने के लिए पेट्रोलिंग बढ़ाने के आदेश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि अधिकारी खुद फील्ड में उतरकर निरीक्षण करें। निराश्रितों और जरूरतमंदों को रैन बसेरों तक ले जाया जाए और वहां हीटर व अलाव की समुचित व्यवस्था हो. सीएम ने चेतावनी दी है कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, जरूरतमंदों को लगातार कंबल वितरित करने और सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने के आदेश दिए गए हैं। गौशालाओं में भी गोवंश को ठंड से बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम करने को कहा गया है। सड़कों पर विजिबिलिटी कम होने के कारण सीएम ने ट्रैफिक प्रबंधन पर जोर दिया है। उन्होंने एनएचएआई और स्टेट हाईवे के अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा है। डार्क स्पॉट्स को चिन्हित कर वहां रिफ्लेक्टर लगाने और खराब लाइटों को तुरंत ठीक करने के निर्देश दिए गए हैं। एक्सप्रेस-वे पर क्रेन और एम्बुलेंस चौबीस घंटे सातों दिन तैनात रहेगी और टोल प्लाजा पर लाउडस्पीकर से कोहरे की स्थिति की चेतावनी दी जाएगी। ओवरस्पीडिंग करने वालों पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। प्रशासन ने धुंध के दौरान सुरक्षित यात्रा के लिए विशेष गाइडलाइन जारी की है। वाहन चालकों को सलाह दी गई है कि वे गति सीमा कम रखें, ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूपी में कानून के राज से लोगों का बढ़ा आत्मविश्वास : सीएम

विशेष संवाददाता




लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 78 वर्ष से पीएसी बल का इतिहास अनुशासन, शौर्य, त्याग व समर्पण का रहा है। उन्होंने जवानों से अपील की कि साहस, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, व्यावसायिक दक्षता व कठिन प्रशिक्षण ही आपकी पहचान बननी चाहिए। सरकार आश्वस्त करती है कि आपके सम्मान व सरकार के स्तर पर मिलने वाली सुविधा-संसाधन में निरंतर वृद्धि होती रहेगी। यूपी के अंदर आत्मविश्वास का प्रमुख कारण कानून का राज है। कानून का राज सुरक्षा के बेहतर माहौल में ही सुशासन की गारंटी दे सकता है। सुशासन में ही निवेश सुरक्षित हो सकता है और सुरक्षित निवेश ही युवाओं की आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम बन सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को यूपीपीएसी के स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ किया। सीएम ने पीएसी की ओर से आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन व अवलोकन किया। सीएम ने 78 वर्ष के गौरवशाली इतिहास के लिए पीएसी बल को बधाई दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में पीएसी बल आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था, आपदा प्रबंधन, प्रदेश ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई विधेयक को मंजूरी

### निर्मला सीतारमण ने कहा-बिल में अब तक 12 बार किये संशोधन

एजेंसी



नयी दिल्ली। संसद ने बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को 100 प्रतिशत तक बढ़ाने के प्रावधान वाले विधेयक को बुधवार को मंजूरी दे दी तथा सरकार ने दावा किया कि इस विधेयक के प्रावधानों से देश के बीमा क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा।

राज्यसभा ने सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानूनों में संशोधन) विधेयक, 2025 पर चर्चा और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जवाब के बाद इसे ध्वनि मत से स्वीकृति दे दी। इसके साथ ही सदन ने विपक्ष द्वारा पेश विभिन्न संशोधनों को खारिज कर दिया। इन संशोधनों में विधेयक को प्रवर समिति में भेजने का प्रस्ताव भी शामिल था। लोकसभा इस विधेयक को एक दिन पहले ही पारित कर चुकी है। विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि बीमा विधेयक में अब तक 12 बार संशोधन हो चुके हैं तथा संशोधन भी कई तरह के होते हैं और ये देश की तरक्की एवं बीमा क्षेत्र की जरूरतों को प्रदर्शित करते हैं। उन्होंने कहा कि इस विधेयक में आम लोगों और किसानों की सुरक्षा के उपाय किए गए हैं। उन्होंने... शेष पृष्ठ 14 पर

## दो हजार किलोमीटर रेलमार्ग पर कवच का काम पूरा : वैष्णव

नयी दिल्ली। रेल दुर्घटनाओं और कवच सुरक्षा प्रणाली को लेकर द्रमुक के एक सांसद के दावों को खारिज करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि आज दो हजार किलोमीटर से अधिक रेल मार्ग पर कवच सुरक्षा प्रणाली लगाने का काम पूरा हो चुका है और देश में यह काम तेजी से चल रहा है।

लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान द्रमुक सदस्य कलानिधि वीरस्वामी ने एक अखबार की खबर के हवाले से आरोप लगाया कि कवच सुरक्षा प्रणाली पर काम शुरू हो गया है, लेकिन अभी तक एक भी किलोमीटर मार्ग पर यह पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि लगभग ढाई साल पहले ओडिशा के बालासोर में हुई ट्रेन दुर्घटना में सरकार की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उत्तराखंड में स्वरोजगार को मिली नयी गति : धामी

### युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त माध्यम 'मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना'

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड में स्वरोजगार को नई गति देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि सरकार का लक्ष्य युवाओं को नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार सृजनकर्ता बनाना है। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना इसी विजन का जीवंत प्रमाण है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज इस योजना के तहत सीएम कैम्प कार्यालय से लाभार्थियों को धनराशि का वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने 3848 लाभार्थियों के बैंक खातों में 33.22 करोड़ रुपये की धनराशि का ऑनलाइन माध्यम से वितरण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में सचिव उद्योग विनय शंकर पांडेय, डीजी उद्योग डॉ. सौरभ गहरवार, उप सचिव शिव शंकर मिश्रा भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने इसे छोटे व्यापारियों और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रदेश के लिए एक 'गेम चेंजर योजना' बताया। उन्होंने कहा कि योजना की सफलता को देखते हुए वर्ष 2025 से मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना 2.0 (एमएस 2.0) प्रारंभ की गई है, जिसमें टर और नैनो योजना का एकीकरण किया गया है। नई व्यवस्था में सब्सिडी की सीमा 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत तक कर दी गई है। साथ ही भौगोलिक, सामाजिक और उत्पाद बूस्टर की अवधारणा के अंतर्गत अतिरिक्त 5 प्रतिशत सब्सिडी का प्रावधान किया गया है, जिससे योजना आर्थिक के साथ-साथ सामाजिक रूप से भी सशक्त बनेगी। योजना के अंतर्गत राज्य के मूल और स्थायी निवासियों को विनिर्माण, सेवा एवं व्यापार क्षेत्र में राष्ट्रीयकृत, सहकारी एवं क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के माध्यम से ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। विनिर्माण इकाइयों के लिए 25 लाख रुपये तक और सेवा एवं व्यापार इकाइयों के लिए 10 लाख रुपये तक ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** वर्तमान गति सीमा को 120 से घटाकर किया गया 80 किलोमीटर प्रति घंटा

## मौसम की मार : यूपी के सभी एक्सप्रेस–वे पर बढ़ी सुरक्षा

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में राजमार्ग अधिकारियों ने सर्दियों के मौसम में घने कोहरे की स्थिति में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक्सप्रेसवे और राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक दिन पहले राज्य में कोहरे से जुड़ी कई दुर्घटनाओं में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई थी। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे (ताज एक्सप्रेसवे), पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे समेत प्रमुख राजमार्गों का संचालन करने वाले उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीईआईडीए) ने कहा कि मंगलवार की दुर्घटनाओं के बाद अधिक सावधानियां बरती जा रही हैं। मंगलवार को खराब दृश्यता के कारण हुई दुर्घटनाओं से कम 25 लोगों की मौत हो गई थी और 59 लोग घायल हो गए थे। मथुरा के यमुना एक्सप्रेसवे पर हुई इन्हीं में से एक घटना में कई वाहनों के आपस में टकराने से 13 लोगों की जान चली गई। अधिकारियों ने बताया कि बस्ती और उन्नाव में चार-चार लोगों की मौत हुई जबकि मेरठ और बाराबंकी में दो-दो लोगों के मारे जाने की खबर है। यूपीईआईडीए के नोडल अधिकारी (सड़क सुरक्षा) राजेश पांडे ने कहा, पूर्वांचल और ताज एक्सप्रेसवे वाली दुर्घटना समेत अधिकांश दुर्घटनाएं खराब दृश्यता के कारण पीछे से टक्कर लगने से हुईं।

पांडे ने कहा कि कोहरे की अवधि के दौरान एक्सप्रेसवे पर अधिकतम गति सीमा को वर्तमान 120 किलोमीटर प्रति घंटे से घटाकर 80 किलोमीटर प्रति घंटे करने के लिए एक या दो दिन में राज्य सरकार को एक प्रस्ताव भेजा जाएगा। कोहरा आम तौर पर 15 फरवरी तक रहता है। उन्होंने कहा कि उन दोपहिया वाहनों के लिए विशेष सलाह जारी की जा रही है, जिन्हें एक्सप्रेसवे पर जाने की अनुमति है। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी पांडे ने बताया कोहरे के दौरान, हम मोटर साइकिल सवारों से टोल प्लाजा पर रुकने का अनुरोध करते हैं। हम उनके लिए कंबल और ...शेष पृष्ठ 14 पर

## कोर्ट ने लूथरा बंधुओं को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

एजेंसी

पणजी। उत्तर गोवा की एक अदालत ने बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब के सह-मालिक गौरव और सौरभ लूथरा को बुधवार को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

थाईलैंड से निर्वासित होने के बाद दिल्ली पहुंचते ही लूथरा बंधुओं को छह दिसंबर को क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत के मामले में मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उत्तर गोवा के जिला अस्पताल में दो बार स्वास्थ्य जांच कराने के बाद उन्हें अदालत में पेश किया गया। मापुसा की प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट पूजा सरदेसाई ने दोनों भाइयों को पांच दिनों के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। इस घटना में अपने परिवार के चार सदस्यों को खोने वाली भावना जोशी का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता विष्णु जोशी ने कहा कि आरोपी खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए विशेष रियायतें की मांग कर रहे हैं।

उन्होंने कहा हमने कहा था कि उन्हें कोई अतिरिक्त छूट नहीं दी जानी चाहिए और साथ ही यह भी कहा कि अदालत ने इस तथ्य का संज्ञान लिया है कि यह मामला सामूहिक नरसंहार के रूप में 25 लोगों की मौतें से संबंधित है। विष्णु जोशी ने कहा, चूंकि वे लगातार मेडिकल जांच के लिए दबाव डालते रहे, इसलिए अदालत ने उनके स्वास्थ्य की दोबारा जांच का आदेश दिया।

C M Y K

# ग्राम पंचायतों में खोली जायेगी डिजिटल लाइब्रेरी

विशेष संवाददाता (vol)



- 35 जिलों में ई-बुक्स, वीडियो, ऑडियो लेक्चर और क्विज के जरिए तैयार किए जायेंगे युवा
- दो लाख रुपए की किताबें रहेंगी, जिसमें छात्रों के लिए रहेंगे 20 हजार डिजिटल कंटेंट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ग्रामीण युवाओं को आधुनिक शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अवसर देने के लिए सरकार ने बड़ी पहल की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पहले चरण में प्रदेश की 11,350 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की जा रही है, जिससे गांव के छात्र अब शहरों पर निर्भर हुए बिना सिविल सर्विसेज सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। हर डिजिटल लाइब्रेरी पर 4 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें 2 लाख रुपये की पुस्तकों की व्यवस्था होगी, जबकि 1.30 लाख रुपये के आईटी इक्यूपमेंट और 70 हजार रुपये के आधुनिक फर्नीचर लिए जाएंगे। लाइब्रेरी में ई-बुक्स, वीडियो लेक्चर, ऑडियो कंटेंट, क्विज और करीब 20 हजार डिजिटल शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध रहेगी। पंचायतीराज निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलों की ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से डिजिटल लाइब्रेरी खोली जाएंगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर सुधरेगा और युवा रोजगार के लिए अधिक सक्षम बन सकेंगे। डिजिटल लाइब्रेरी का प्रबंधन ग्राम प्रधान और सचिव करेंगे, जबकि सहायक अधिकारी इसकी नियमित देखरेख करेंगे। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत 35 जिलों में पुस्तकों का चयन पूरा कर लिया गया है। राजधानी लखनऊ समेत इन जिलों की ग्राम पंचायतों में जल्द ही डिजिटल लाइब्रेरी शुरू होंगी।

योगी सरकार की यह पहल ह्यविकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में ग्रामीण प्रतिभाओं को डिजिटल शक्ति देने का मजबूत कदम मानी जा रही है। अमरोहा, आजमगढ़, बांदा, बलिया, बागपत, बदायूं, बरेली, बिजनौर, चित्रकूट, एटा, फतेहपुर, फर्रुखाबाद, फिरोजाबाद, गाजियाबाद, गाजीपुर, हरदोई, हापुड़, जालौन, कानपुर देहात, कन्नौज, कौशाम्बी, कासगंज, लखनऊ, मऊ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, सम्भल, शामली, सिद्धार्थनगर, श्रावस्ती, सुल्तानपुर, सीतापुर को शामिल किया गया है।

# प्रदेश में रीजनल ट्रांसपोर्ट सिस्टम को बढ़ाने पर किया जा रहा है फोकस

विशेष संवाददाता (vol)

- शहरों को विश्वस्तरीय कनेक्टिविटी प्रदान करने को लेकर रोडमैप बना रही सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने के लिए प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार विजन-2047 के लक्ष्यों को साकार करने की दिशा में प्रदेश की परिवहन संरचना को सशक्त और आधुनिक बनाने पर निरंतर कार्य कर रही है। विकसित उत्तर प्रदेश की परिकल्पना के तहत सरकार का प्रमुख फोकस क्षेत्रीय आवागमन संपर्क की अवसंरचनाओं को सुदृढ़ करने के साथ-साथ अंतिम मील कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने पर है, ताकि प्रदेश के शहरों, कस्बों तथा औद्योगिक क्षेत्रों को तेज, सुरक्षित तथा विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

प्रदेश सरकार हाई-स्पीड परिवहन नेटवर्क के माध्यम से शहरी क्षेत्रों के बीच आवागमन को तेज और सुगम बनाने का व्यापक खाका तैयार कर रही है। इसके अंतर्गत प्रमुख शहरों तथा आर्थिक केंद्रों को जोड़ने के लिए हाई-स्पीड रेल नेटवर्क के विकास पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। भविष्य की जरूरतों के अनुरूप इसे प्रदेश में एक हजार किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में किस प्रकार व्यवस्थित रूप से स्थापित किया जाए, इसे लेकर कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इस नेटवर्क के साकार होने से न केवल यात्रा का समय घटेगा, बल्कि लोगों की आवाजाही आसान होने के साथ ही आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों के विस्तार तथा व्यापक कायाकल्प को लेकर जो खाका तैयार किया जा रहा है, उसमें रीजनल ट्रांसपोर्ट सिस्टम को सुदृढ़ करना भी शामिल है।

योजना के अनुसार, प्रदेश में रीजनल ट्रांसपोर्ट सिस्टम को मजबूत करने के लिए लगभग 1500 किलोमीटर क्षेत्र में विस्तारित परिवहन नेटवर्क के विकास को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना निर्माण पर काम किया जा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न ऑर्बिटल कॉरिडोर्स के निर्माण को लेकर भी कार्ययोजना तैयार की जा रही है, जिससे शहरों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने और नगरीय क्षेत्रों में यातायात का दबाव कम करने में मदद मिलेगी।

# मुख्यमंत्री के विजन से और सशक्त होगा एक जनपद-एक उत्पाद कार्यक्रम

विशेष संवाददाता (vol)

- योजना के तहत अनुदान सीमा बढ़ाकर 50 लाख करने का प्रस्ताव

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के महत्वाकांक्षी एक जनपद-एक उत्पाद कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार का एमएसएमई विभाग ओडीओपी 2.0 की रणनीति तैयार कर रहा है। इसके तहत जहां वर्तमान योजनाओं को अधिक प्रासंगिक और परिणामोन्मुखी बनाया जाएगा, वहीं नई पहलों को भी इसमें शामिल किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ओडीओपी 2.0 को लेकर हाल ही में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में कहा कि यह अब केवल एक योजना नहीं, बल्कि स्थायी रोजगार, स्थानीय उद्यम और निर्यात को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बने। एमएसएमई विभाग मुख्यमंत्री के इसी विजन के अनुरूप योजना को धरातल पर उतारने में जुट गया है। ओडीओपी 2.0 के अंतर्गत वित्त पोषण सहायता योजना को पीएमईजीपी की तर्ज पर विस्तारित करने का प्रस्ताव है। सफल इकाइयों को तकनीकी उन्नयन, गुणवत्ता सुधार और पैकेजिंग के लिए ह्यएड-ऑन लोन प्रदान किया जाएगा। द्वितीय ऋण के लिए प्रथम ऋण की समयबद्ध अदायगी अनिवार्य होगी तथा टर्म लोन का न्यूनतम 50 प्रतिशत हिस्सा सुनिश्चित करना होगा। इसके साथ ही अनुदान सीमा को वर्तमान 20 लाख से बढ़ाकर 50 लाख रुपये किए जाने का भी प्रस्ताव है। सामान्य सुविधा केंद्र योजना के अंतर्गत एमएसई-सीडीपी गाइडलाइंस के अनुरूप एक समेकित शासनादेश जारी किए जाने का प्रस्ताव है। इसके तहत न्यूनतम सदस्यों की संख्या 20 से घटाकर 10 करने, राज्यांश को 90 प्रतिशत तक रखने तथा किश्तों को 50-40-10 प्रतिशत के अनुपात में जारी करने का प्रावधान किया जा सकता है। तकनीकी उन्नयन एवं पैकेजिंग के लिए 5 करोड़ रुपये की परियोजना पर 75 प्रतिशत तक (अधिकतम 3.75 करोड़ रुपये) की अतिरिक्त सहायता दिए जाने का भी प्रस्ताव है। कमिश्नर एवं डायरेक्टर इंडस्ट्री के. विजयेन्द्र पांडियन के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वर्ष 2018 में शुरू किया गया डउ्रढ कार्यक्रम आज प्रदेश की निर्यात वृद्धि का एक प्रमुख आधार बन चुका है। वित्तीय वर्ष 2017-18 से अब तक प्रदेश के कुल निर्यात में हुई वृद्धि में लगभग 50 प्रतिशत योगदान डउ्रढ का रहा है। वर्ष 2017 में जहां प्रदेश का कुल निर्यात 88 हजार करोड़ रुपये था, वहीं 2024 में यह बढ़कर 1.86 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। इसमें ओडीओपी उत्पादों का योगदान लगभग 93 हजार करोड़ रुपये का रहा है। इसके अतिरिक्त, अब तक इस योजना के अंतर्गत 1.25 लाख से अधिक टूलकिट्स वितरित की जा चुकी हैं, 6 हजार करोड़ रुपये से अधिक का ऋण उपलब्ध कराया गया है तथा 8 हजार से अधिक लाभार्थियों को विपणन सहायता प्रदान की गई है। डउ्रढ के तहत 30 सामान्य सुविधा केंद्र स्वीकृत किए गए हैं, 44 उत्पादों को जीआई टैग प्राप्त हुआ है और प्रतिष्ठित ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर डउ्रढ उत्पादों की मजबूत उपस्थिति सुनिश्चित हुई है। इन्हीं उल्लेखनीय उपलब्धियों के चलते उत्तर प्रदेश को दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

# केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में खादी प्रदर्शनी का उद्घाटन आज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से खादी प्रदर्शनी का उद्घाटन गुरुवार को होगा। मंडल स्तरीय खादी प्रदर्शनी का उद्घाटन दोपहर 2:00 बजे प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप ये प्रदर्शनी प्रदेश में खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की विविधता को प्रदर्शित करेगी, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के लखनऊ परिसर, गोमती नगर में होगा।

यूपी का खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड दस दिवसीय मंडल स्तरीय, खादी प्रदर्शनी-2025 का आयोजन होगा। ये प्रदर्शनी 18 दिसंबर से लेकर 28 दिसंबर तक केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के लखनऊ परिसर, गोमती नगर में होगा। खादी प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य मंडल स्तर के खादी एवं ग्रामोद्योग के कारीगरों और उनके उत्पादों को मंच प्रदान करना है। जहां पर खादी वस्त्र, हस्तशिल्प, चमड़े के सामान, मिट्टी के बर्तन, बांस की कलाकृतियां और जैविक उत्पादों को एक छत के नीचे प्रदर्शनी एवं बिक्री का स्थल उपलब्ध कराएगा। लगभग 50 स्टॉलों पर स्थापित इन उत्पादों से उपभोक्ता स्थानीय कारीगरों को सीधे उनके उत्पाद खरीद सकेंगे, जो कारीगरों के आर्थिक स्वावलंबन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रदर्शनी का उद्देश्य न केवल उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देना है, बल्कि युवाओं को ग्रामोद्योग की ओर आकर्षित करना भी है। उत्तर प्रदेश में खादी एवं ग्रामोद्योग क्षेत्र से लाखों परिवार जुड़े हैं, और यह प्रदर्शनी 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के अनुरूप सिद्ध होगी। ऐसी पहल ग्रामीण प्रवास को रोकने और सतत विकास को प्रोत्साहित करेंगी।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रदर्शन और कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएंगी, जहां कारीगर अपनी कला के रहस्य साझा करेंगे। खादी बोर्ड की यह पहल प्रदेश सरकार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। खादी बोर्ड की ओर से पूरे प्रदेश में मंडल स्तर पर इस प्रकार की प्रदर्शनियों का आयोजन किया जा रहा है।

# विक्रय केंद्रों पर अनिवार्य होगी 25 मीट्रिक टन यूरिया की उपलब्धता

## खाद आवंटन एवं वितरण में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं की जायेगी बर्दाश्त

- अटल बिहारी वाजपेयी की शताब्दी जयंती वर्ष के समापन के अवसर पर प्रदेश में होंगे आयोजन

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य सचिव एस.पी.गोयल ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक की। बैठक में उर्वरक (यूरिया) की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) व मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल की स्थिति, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की शताब्दी जयंती वर्ष के समापन समारोह की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

समीक्षा में पाया गया कि राज्य के बफर स्टॉक में यूरिया की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है। इसके बावजूद कुछ जनपदों से सहकारी समितियों के विक्रय केंद्रों पर खाद की अनुपलब्धता की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। मुख्य सचिव ने इस पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कड़े निर्देश दिए कि सभी विक्रय केंद्रों पर न्यूनतम 25 मीट्रिक टन यूरिया की उपलब्धता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि खाद आवंटन एवं वितरण में निचले स्तर पर किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसमें लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए। मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यह अत्यंत संवेदनशील मुद्दा है तथा इसमें किसी स्तर पर ढिलाई नहीं बरती जाए। एक भी विक्रय केंद्र पर यूरिया का स्टॉक शून्य नहीं होना चाहिए। निर्धारित मूल्य पर ही खाद की बिक्री सुनिश्चित की जाए। ओवर रेटिंग की शिकायत मिलने पर निजी विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त करने के साथ-साथ उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाए। अन्य उर्वरक उत्पादों की टैगिंग पर भी कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि विद्यालयों में रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया तेजी से पूरी की जाए। सभी विद्यालयों में शत-प्रतिशत पद भरे होने चाहिए। नए सत्र से पूर्व सभी विद्यालय पूर्ण स्टाफ एवं आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर से सुसज्जित हो जाएं। जिन विद्यालयों में शौचालय, कंप्यूटर रूम तथा छात्रावास से संबंधित निर्माण कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हुए हैं, उन्हें तत्काल शुरू कराया जाए। साथ ही, यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे हो जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि राज्य के सभी 746 केजीबीवी में स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब एवं सीसीटीवी कैमरे पूर्णतः क्रियाशील हों। विद्यालयों की चहारदीवारी मानक के अनुरूप ऊंची एवं कटीले तार युक्त होनी चाहिए। बालिकाओं एवं स्टाफ की उपस्थिति की ऑनलाइन निगरानी तकनीकी फ्रेमवर्क प्रणाली के माध्यम से की जाए। भोजन सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष बल देते हुए उन्होंने ने कहा कि निर्धारित समिति की ओर से परोसे जाने वाले भोजन की नियमित जांच की जाए तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की ओर से भी समय-समय पर जांच सुनिश्चित की जाए।

# सर्वोदय विद्यालयों में 19 को होगी जेईई-नीट चयन परीक्षा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालयों में पढ़ाई कर रहीं मेधावी छात्राओं को जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए 19 दिसंबर 2025 को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक चलेगी।

**29 सर्वोदय विद्यालयों की छात्राएं होंगी शामिल :** प्रवेश परीक्षा का आयोजन एक्स नवोदय फाउंडेशन, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, मिर्जापुर के माध्यम से किया जाएगा। इसमें 29 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालयों की वे छात्राएं शामिल होंगी, जो वर्तमान में कक्षा 10 में अध्ययनरत हैं और आगामी सत्र 2025-26 में कक्षा 11 (विज्ञान वर्ग-पीसीबी/पीसीएम) में प्रवेश लेंगी। प्रवेश परीक्षा में जेईई के लिए 175 और नीट के लिए 878 छात्राएं भाग लेंगी।

**पारदर्शी परीक्षा संपन्न करवाने की तैयारी :** समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक जे राम ने बताया कि सर्वोदय विद्यालयों के सभी प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए हैं कि परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया जाए। समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश भर में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्र-छात्राओं के लिए सर्वोदय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं, जहां गुणवत्तापरक शिक्षा के साथ-साथ जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग की सुविधा भी प्रदान की जा रही है, जिससे वंचित वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का सशक्त अवसर मिल रहा है।

# सभी जिलों में एएसडी लिस्ट वेबसाइट पर अपलोड की जाये : सपा

## सपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उठायी मांग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि मैनपुरी में करहल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदेय स्थल संख्या 218, 219, 220, 221, 222, 225 व 228 पर 2003 की मतदाता सूची गलत अपलोड कर दी गई है, जिससे बीएलओ द्वारा मैपिंग करने पर किसी दूसरे मतदेय स्थल के मतदाताओं का नाम व विवरण दिखलाई देने लगता है। जिसके कारण बड़ी संख्या में मतदाताओं की मैपिंग नहीं होने पा रही है, जिला निर्वाचन अधिकारी से लगातार लिखित शिकायत करने के बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है, जो कि गम्भीर मामला है, तत्काल सुधार कराया जाए तथा दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाये।

अयोध्या में अयोध्या सदर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदेय स्थल संख्या 54 में 2003 की मतदाता सूची वास्तविक अपलोड की जाए तथा बस्ती में एएसडी लिस्ट की गहन जांच करने के बाद सूची अपलोड की जाए व प्रयागराज की तरह प्रदेश के सभी जनपदों में एएसडी सूची कारण सहित एवं सर्चएबुल वेबसाइट पर अपलोड किया जाये व राजनैतिक दलों को भी उपलब्ध कराई जाए ताकि एसआईआर प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हो सके।

ज्ञापन में कहा गया है कि मैनपुरी, करहल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदेय स्थल संख्या-218, 219, 220, 221, 222, 225 व 228 पर मैपिंग नहीं हो पा रही है। बीएलओ द्वारा बीएलओ ऐप पर मैपिंग करने पर 2003 की मतदाता सूची में किसी अन्य दूसरे मतदाता का विवरण दिखलाई देने लगता है, जिसके कारण गणना प्रपत्र में मतदाता का 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग नहीं हो पा रही है। बीएलओ तथा बीएलए द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी तथा ईआरओ से लगातार लिखित शिकायत की जा रही है, लेकिन अभी तक इसमें कोई सुधार नहीं हुआ है। जिससे बड़ी संख्या में मतदाताओं को कैटेगरी सी में सबमिट किया जा रहा है, ऐसे मतदाताओं को अनावश्यक व अकारण नोटिस देकर दस्तावेज की मांग की जायेगी, जिससे मतदाताओं को परेशानी का सामना करना पडेगा। निर्वाचन आयोग से जुड़े अधिकारियों की गलती व घोर लापरवाही का खामियाजा निर्दोष व वैध मतदाताओं को भुगतना पड़ेगा, इस घोर लापरवाही की जवाबदेही जिला निर्वाचन अधिकारी और ईआरओ पर तय होनी चाहिए और इसके लिए उनको दंण्डित भी किया जाना चाहिए। अयोध्या, अयोध्या सदर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदेय स्थल संख्या- 54 में 2003 की मतदाता सूची गलत अपलोड कर दी गई है। मतदेय स्थल संख्या-53 की मतदाता सूची को मतदेय स्थल संख्या-54 में अपलोड कर दिया गया है। बीएलओ द्वारा मतदेय स्थल संख्या 54 के मतदाताओं की 2003 से मैपिंग करते है, तो उस बूथ पर बूथ नंम्बर 53 की सूची के मतदाताओं का विवरण दिखलाई देता है, जिसके कारण बीएलओ द्वारा बूथ नम्बर 54 की मतदाता सूची से मैपिंग नहीं की जा रही है।

इसकी लिखित शिकायत जिला निर्चवाचन अधिकरी व ईआरओ से लगातार की जा रही है, लेकिन अभी तक इसमें कोई सुधार नहीं किया गया है। जिससे मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो पा रही है। अनावश्यक व अकारण मतदाताओं को नोटिस देकर दस्तावेज की माँग की जायेगी।

# आईटीआई लखनऊ में रोजगार मेला कल

- 15 कंपनियों में 1000 से अधिक पदों पर होंगी भर्ती

**लखनऊ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) अलीगंज, लखनऊ में एक दिवसीय रोजगार मेले का 19 दिसंबर आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि युवाओं को केवल प्रशिक्षण ही नहीं, बल्कि प्रशिक्षण के उपरांत सम्मानजनक रोजगार भी उपलब्ध कराया जाए। इसी क्रम में प्रदेश के आईटीआई संस्थानों में नियमित रूप से रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि स्थानीय स्तर पर ही युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा सके और उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि आईटीआई अलीगंज में आयोजित होने वाले इस रोजगार मेले में विभिन्न क्षेत्रों की कुल 15 प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी, जिनके माध्यम से 1000 से अधिक रिक्त पदों पर चयन किया जाएगा। इन पदों के लिए आईटीआई, डिप्लोमा, हाईस्कूल, इंटरमीडिएट एवं स्नातक योग्यताधारी अभ्यर्थी पात्र होंगे। चयनित अभ्यर्थियों को 10,000 से 25,000 रूपए प्रतिमाह तक वेतन के साथ ईएसआई, पीएफ, कैंटीन, ट्रांसपोर्ट सहित अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी।

आईटीआई अलीगंज के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी एमए खान ने जानकारी दी कि रोजगार मेले में भाग लेने वाली कंपनियों का विस्तृत विवरण कंपनी का नाम, पद, पदों की संख्या, योग्यता, आयु सीमा, वेतन, कार्यस्थल एवं सुविधाएं जारी कर दी गई है ताकि अभ्यर्थी अपनी योग्यता के अनुसार चयन प्रक्रिया में शामिल हो सकें। उन्होंने यह भी बताया कि जीरो पावर्टी अभियान के अंतर्गत आने वाले युवाओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है, जिससे उन्हें रोजगार के माध्यम से मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थियों को 19 दिसंबर को अपने समस्त शैक्षणिक एवं तकनीकी प्रमाण पत्रों के साथ राजकीय आईटीआई अलीगंज, लखनऊ में समय से उपस्थित होना अनिवार्य होगा। प्रदेश सरकार की इस पहल से युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को मजबूती मिलेगी।

# इंटरनेशनल एक्सपर्ट ग्रामीण महिलाओं को बनायेंगे बिजनेस वूमन

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर और आधुनिक उद्यमी बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया जा रहा है। महिला नेतृत्व वाली उद्यमिता को मजबूती देने के उद्देश्य से राजधानी लखनऊ में प्रदेश के हर जिले से महिला उद्यमी एक मंच पर जुटेंगी और देश-विदेश के विशेषज्ञों से सीखेंगी। महिला-नेतृत्व वाले उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए 18 दिसंबर को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्य-स्तरीय आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के हर जिले से महिला उद्यमी भाग लेंगी। कार्यक्रम में बाजार-तैयार तकनीकों, संस्थागत सहयोग और फाइनेंस तक आसान पहुंच पर विशेष सत्र आयोजित होंगे। योगी सरकार के इस प्रयास से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं आत्मविश्वास के साथ उद्यमिता की दुनिया में कदम रखेंगी और गांव की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। यह पहल प्रदेश में महिला सशक्तिकरण और समावेशी विकास की एक मजबूत मिसाल बनने जा रही है। सरकार के विजन के अनुरूप ग्रामीण महिलाओं को पारंपरिक आजीविका से आगे बढ़ाकर आधुनिक बिजनेस मॉडल से जोड़ने पर विशेष फोकस किया जा रहा है। महिलाओं को तकनीक, बाजार और फाइनेंस के बीच तालमेल बैठाने की व्यावहारिक ट्रेनिंग दी जाएगी, ताकि वे अपने उत्पादों को स्थानीय सीमाओं से निकालकर बड़े बाजार तक पहुंचा सकें। ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश की महिला उद्यमी अब राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बना रही हैं।

# अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र के फलक पर चमकी काशी

आशीष कुमार मौर्य (vol)

- विश्व भर के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना ब्रांड बनारस
- वर्ष 2014 से अब तक 45 करोड़ पर्यटकों ने काशी का किया भ्रमण

**लखनऊ।** धर्म, अध्यात्म, संस्कृति और इतिहास को समेटे हुए पौराणिक नगरी काशी ने बीते वर्षों में अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। ब्रांड बनारस अब विश्व भर के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन चुका है।

वाराणसी देश के उन शहरों में शामिल हो गया है, जहां तेजी से पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हो रही है। योगी सरकार के नेतृत्व में काशी के कलेवर में हुए ऐतिहासिक बदलावों ने उसके प्राचीन वैभव को नई ऊर्जा दी है। अपनी मौलिक पहचान को बरकरार रखते हुए आधुनिक होती काशी की बदलती हुई हुई छवि ने दुनिया भर के सैलानियों को बनारस की ओर खींचा है। पर्यटकों की संख्या का कीर्तिमान स्थापित होने के साथ ही पर्यटन उद्योग व काशी की आर्थिकी में भी सकारात्मक असर दिख रही है। वर्ष 2014 से वर्ष 2025 (सितम्बर तक) तक 12 सालों में 45,44,82,662 (पैंतालीस करोड़ चौवालीस लाख बयासी हजार छः सौ बासठ) भारतीय और विदेशी काशी पर्यटकों ने काशी का भ्रमण किया है।

पर्यटन विभाग के अनुसार वर्ष 2014 में पर्यटकों की संख्या 54,89,997 (चौवन लाख नवासी हजार नौ सौ सतानबे) थी, जो 2025 (सितंबर तक) तक बढ़कर 146975155 (चौदह करोड़ उन्हत्तर लाख पचहत्तर हजार एक सौ पचपन) के पार पहुँच गई। आंकड़ों के अनुसार 2014 के मुकाबले 2025 में भारतीय और विदेशी पर्यटकों की संख्या में लगभग 14,64,26,158 (चौदह करोड़ चौंसठ लाख छब्बीस हजार एक सौ अट्ठावन) से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। 2014 से 2025 तक 12 वर्षों में भारतीय पर्यटकों की संख्या 45,16,09,026 और विदेशी पर्यटकों की संख्या 28,73,636 है। अब काशी में विकास कार्य तेजी से धरातल पर उतर रहा है, वाराणसी का सांसद बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में केंद्र की बागडोर संभाली और 2017 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की सत्ता संभाली तब से डबल इंजन की सरकार ने उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों के साथ-साथ वाराणसी के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया। मजबूत कानून व्यवस्था, बेहतर कनेक्टिविटी (सड़क, रेल और हवाई मार्ग), बुनियादी सुविधाओं में व्यापक सुधार और विश्वस्तरीय सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं ने काशी को पर्यटन के नए केंद्र के रूप में स्थापित किया है।

नव्य-भव्य काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के लोकार्पण से मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए सुविधाओं का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। वहीं, गंगा घाटों के सौंदर्यीकरण, बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था, बुद्ध की तपोस्थली सारनाथ के विकास, गंगा में क्रूज का संचालन और आधुनिक सुविधाओं की निरंतर बढ़ती श्रृंखला ने देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित किया है। कोरोना महामारी के बाद वर्ष 2022 से लेकर 2025 तक हर साल रिकॉर्ड संख्या में सैलानी वाराणसी पहुँचे, जिससे पर्यटन उद्योग को नई रफ्तार मिली।

**12 वर्षों में वाराणसी में आये पर्यटकों की वर्षवार संख्या**

| वर्ष | भारतीय और विदेशी पर्यटकों की संख्या |
|---|---|
| 1. 2014 | 5489997 |
| 2. 2015 | 5716297 |
| 3. 2016 | 5912665 |
| 4. 2017 | 6282215 |
| 5. 2018 | 6445160 |
| 6. 2019 | 6797775 |
| 7. 2020 | 982492 |
| 8. 2021 | 3078479 |
| 9. 2022 | 71231051 |
| 10. 2023 | 85473633 |
| 11. 2024 | 110097743 |
| 12. 2025 | 146975155 |

वाराणसी में पर्यटकों की बढ़ती संख्या से पर्यटन उद्योग से जुड़े हर वर्ग को लाभ मिला है। इससे न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा हुए हैं। वाराणसी आज एक वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में उभर रहा है।

**राहुल मेहता**, अध्यक्ष, टूरिज्म वेलफेयर एसोसिएशन

काशी में पर्यटन का सुनहरा समय चल रहा है, मौजूदा सरकार ने पर्यटन उद्योग को बढ़ाने के लिए पर्यटन स्थलों को विश्वस्तरीय सुविधायुक्त बनाया है। जिसका परिणाम आज पर्यटकों की रिकॉर्ड संख्या में दिख रहा है। गंगा आरती और घाटों की सुंदरता देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यट रिवर राइड करते हैं। **विकास मालवीय,** डायरेक्टर अलकनंदा क्रूज लाइन

# जहर भरी दवाई के पीछे भाजपाई है : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में जनता की जान के साथ खिलवाड़ हो रहा है। कफ सिरप के नाम पर नकली दवाएं और जहर बेचा जा रहा है। ये जहर भरी जो दवाई है, इसके पीछे भाजपाई है।

अखिलेश यादव ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि भाजपा सरकार में तमाम तरह का अवैध और नशे का कारोबार हो रहा है। अवैध कारोबारियों को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है। उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार और अवैध कारोबार का सारा साम्राज्य भाजपा सरकार में खड़ा हुआ है। इसमें ऊपर से नीचे तक सब मिले हुए हैं। भाजपाई एक तरफ भ्रष्टाचार करके सरकारी बजट लूट रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ प्रदेश में नकली सामान और दवाएं बनाकर जनता को लूटा जा रहा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस का दावा करते हुए बड़ी-बड़ी लफ्फाजी करने वाले अब कहां गुम हो गये हैं। नकली और जहरीली सिरप के हजारों करोड़ के अवैध कारोबार पर चुप्पी क्यों है? भाजपा की सरकार में उत्तर प्रदेश अराजकता चरम पर है। भ्रष्टाचार और लूट की पराकाष्ठा है। यूपी में ऐसा फजीर्वाड़ा कभी नहीं हुआ था। भाजपा का भ्रष्ट सिस्टम प्रदेश की जनता को बीमार और बेहाल बना रहा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि इस सरकार में लोगों की जान की कोई कीमत नहीं रह गयी है। प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं ध्वस्त हैं। जनता को ढंग से इलाज नहीं मिल पा रहा है।

भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश में अस्पतालों में मिलने वाली दवाओं की गुणवत्ता को लेकर पहले से ही सवाल उठते रहे हैं। सरकार आज तक उन सवालों का जवाब नहीं दे पायी। पूरे प्रदेश में नकली और जहरीली कफ सिरप खुले आम बेची गयी। भाजपा सरकार ने इन दवा माफियाओं पर कोई कार्रवाई नहीं की। जनता को लूट कर ये अपना साम्राज्य बढ़ाते रहे और सरकार देखती रही। सरकार बताएं कि जनता की जान से खेलने वालों पर बुलडोजर क्यों नहीं चला।

अखिलेश यादव ने कहा कि दरअसल भाजपा-माफिया एक सिक्के के दो पहलू है। भाजपा सरकार में हर क्षेत्र में नए-नए माफिया बन गए हैं। कहीं भूमाफिया है तो कहीं नकली दवा माफिया और अवैध लकड़ी माफिया प्रदेश में लूट मचाएं हुए है। सत्ता और माफियाओं का गठजोड़ प्रदेश को खोखला बना रहा है।

संक्षेप

## रंजिश में हुई मारपीट में तीन पर केस

प्रतापगढ़। मारपीट को लेकर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के बहुंचरा गांव निवासी किशोर कुमार वर्मा पुत्र स्व0 रामेश्वर वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पन्द्रह दिसंबर को पुरानी रंजिश को लेकर उसके भाई मनोज कुमार वर्मा व उसकी पत्नी कंचन वर्मा को गांव के मोती लाल वर्मा पुत्र अंगनु वर्मा तथा मोती लाल वर्मा के पुत्रगण अंशु व प्रियांशु ने मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि जांच के बाद तीन आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## चार पर मारपीट व धमकी का केस

प्रतापगढ़। खेत में पाइप लगाने के विवाद में हुई मारपीट में पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के झलिहा मधुकरपुर गांव निवासी उमेश वर्मा पुत्र पितई वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पन्द्रह दिसंबर की शाम करीब छः बजे खेत में जबरन पाईप लगाने के विवाद में गांव के घनश्याम, नन्हें लाल पुत्रगण रामखेलावन तथा नकुल व मटरू पुत्रगण घनश्याम वर्मा ने गालीगलौज करते हुए उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सिपाही की तहरीर पर मारपीट का केस दर्ज

प्रतापगढ़। दो पक्षों में हुई मारपीट की घटना में पुलिस की तहरीर पर आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। लालगंज कोतवाली मे तैनात सिपाही श्रवण कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सोलह दिसंबर को वह सिपाही मुकेशचंद्र गुप्ता के साथ पूरे नैन टोडरपुर इलाके में गश्त पर था। इसी दौरान टोडरपुर गांव में बीती पन्द्रह दिसंबर की रात उमाकांत पाण्डेय पुत्र स्व0 ज्ञानपाल पाण्डेय तथा उमाकांत की पत्नी सरिता एवं विपक्षी वैभव पाण्डेय उर्फ सत्यम तथा इनके पिता संजय पाण्डेय के बीच बंटवारे को लेकर विवाद हुआ। जिसमें दोनों पक्षो के बीच मारपीट की सूचना मिली। जांच में सूचना सही पाये जाने पर दोनों पक्षों के आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि सिपाही की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## अवैध शराब जब्त युवक गिरफ्तार

प्रतापगढ़। अवैध शराब के साथ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। लीलापुर थाने के उप निरीक्षक शिशिर पटेल बुधवार को फोर्स के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान कटैया चौराहा के पास से बहुंचरा गांव निवासी लल्ले उर्फ हीरालाल पुत्र स्व0 रामनाथ को दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गयी है।

## दो वांछित पकड़े गये

प्रतापगढ़। पुलिस ने दो वांछित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सांगीपुर थाना के उप निरीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार बुधवार सुबह फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच लखनपुरसूर मोड़ के पास से लखनपुरसूर निवासी प्रदीप यादव पुत्र स्व0 छोटेलाल यादव व मोनू सरोज पुत्र स्व0 छेदीलाल सरोज को गिरफ्तार किया। एसओ राजेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, एससीएसटी आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज है। दोनों आरोपियो को जेल भेज दिया गया है।

## घर में घुसकर हजारों की चोरी, दी तहरीर

प्रतापगढ़। घर में घुसकर हजारों के जेवरात व कीमती सामान चोर उठा ले गये। पीड़ित ने पुलिस को घटना की तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के फतेशाहपुर सराय जानमती गांव निवासी हरकेश वर्मा पुत्र सूरज वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सोलह दिसंबर की रात वह परिवार के साथ घर में सो रहा था। इसी बीच अज्ञात चोर घर में घुस आये और बाक्स का ताला तोड़कर हजारों के जेवरात व अन्य कीमती सामान उठा ले गये। मंगलवार की सुबह परिवार के लोग जब सोकर उठे तो घर में बिखरा सामान देख आवाक रह गये।

# यूरिया संकट पर तेतरी खुर्द सहकारी समिति में हंगामा

## एडीएम और सांसद प्रतिनिधि में नोकझोंक



सिद्धार्थनगर- सदर तहसील क्षेत्र की तेतरी खुर्द (उसका बाजार) सहकारी समिति में मंगलवार को यूरिया उर्वरक की कमी को लेकर किसानों ने जमकर हंगामा किया। रबी सीजन में गेहूं की पहली टॉप ड्रेसिंग के लिए खाद की बढ़ती मांग के चलते बड़ी संख्या में किसान समिति परिसर में एकत्र हो गए। जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। इसी दौरान मौके पर पहुंचे एसडीएम सदर कल्याण सिंह मौर्य और स्वयं को सांसद प्रतिनिधि बताने वाले अनूप सिंह के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। इस दौरान का सामने आया है।

एसडीएम सदर कल्याण सिंह मौर्य ने पूरे घटनाक्रम को लेकर प्रशासन का पक्ष स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि बुधवार को वह पकड़ी स्थित एक अन्य सहकारी समिति का निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान तेतरी खुर्द समिति के सचिव ने फोन कर सूचना दी कि लगभग 50 लोग समिति पर पहुंचकर जबरन यूरिया खाद देने का दबाव बना रहे हैं। हालात बिगड़ने की आशंका को देखते हुए वह तत्काल पकड़ी से तेतरी खुर्द पहुंचे। एसडीएम के अनुसार, मौके पर मौजूद एक व्यक्ति ने स्वयं को सांसद प्रतिनिधि अनूप सिंह बताया और अपने साथ आए करीब 50 लोगों को तत्काल यूरिया देने की मांग की। इस पर एसडीएम ने स्पष्ट किया कि खाद का वितरण शासन द्वारा निर्धारित नियमों, पहले से जारी पर्चियों और प्राथमिकता सूची के अनुसार ही किया जाएगा। जिन किसानों की पर्चियां पहले से बनी हैं, उन्हें पहले खाद दी जाएगी। नियमों से हटकर किसी विशेष समूह को खाद देना अन्य किसानों के साथ अन्याय होगा, जिसे प्रशासन स्वीकार नहीं कर सकता।

इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच नोकझोंक हो गई। अनूप सिंह ने आरोप लगाया कि बहस के दौरान एसडीएम सदर ने कहा कि मैं सांसद प्रतिनिधि और सांसद को नहीं जानता हूं। उनके अनुसार, इस बयान से विवाद और बढ़ गया और किसानों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने इसे जनप्रतिनिधियों और किसानों दोनों का अपमान बताया। हालांकि, एसडीएम सदर कल्याण सिंह मौर्य ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने किसी भी सांसद या जनप्रतिनिधि के लिए कोई अपमानजनक टिप्पणी नहीं की। उनका कहना है कि एक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में उनका दायित्व नियमों के अनुसार निष्पक्ष रूप से कार्य करना है, न कि किसी पद या व्यक्ति के दबाव में निर्णय लेना। उनका पूरा जोर व्यवस्था बनाए रखने और सभी किसानों को समान रूप से खाद उपलब्ध कराने पर था। वहीं सांसद प्रतिनिधि अनूप सिंह ने आरोप लगाया कि बरदहा और रेहरा सहकारी समितियों में पहले खाद घोटाले हुए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि इन गांवों को तेतरी खुर्द समिति से अटैच किए जाने के बावजूद किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सहकारी समितियों पर यूरिया की कालाबाजारी हो रही है और खाद 700 से 800 रुपये में बेची जा रही है। अनूप सिंह ने चेतावनी दी है कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वह 18 तारीख से आमरण अनशन पर बैठेंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आंदोलन करना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन किसी भी दबाव में नियमों से समझौता नहीं किया जाएगा। एसडीएम सदर ने कहा कि यदि कालाबाजारी या अनियमितता की शिकायतें ठोस साक्ष्यों के साथ सामने आती हैं तो जांच कर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## पारिवारिक विवाद में पत्नी व दो बेटियों की हत्या कर शव घर में दफनाये

मुजफ्फरनगर। शामली जिले में एक पारिवारिक विवाद के बाद एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और दो नाबालिग बेटियों की कथित तौर पर हत्या कर दी और उनके शवों को अपने घर के अंदर ही दफना दिया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि यह घटना 10 दिसंबर को कांधला पुलिस थाना इलाके के घारी दौलत गांव में हुई थी लेकिन इसका पता मंगलवार शाम को चला।

शामली के पुलिस अधीक्षक एन पी सिंह ने बताया कि आरोपी फारुख को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ तीन लोगों की हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

पुलिस के मुताबिक, फारुख ने सबसे पहले अपनी पत्नी ताहिरा को उस समय गोली मारी, जब वह घर पर चाय बना रही थी। जब उनकी बड़ी बेटी आफरीन (12) ने उसे रोकने की कोशिश की, तो उसे भी गोली मार दी गई। एसपी ने बताया कि छोटी बेटी शैरीन (5) जब मौके पर पहुंची तो बाद में उसका गला घोंट दिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने बाद में घर के अंदर एक गड्ढा खोदा और अपराध को छिपाने के लिए शवों को उसमें दफना दिया।

## घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, कोहराम

प्रतापगढ़। नाले में अचेतावस्था में लहूलुहान पड़े मिले युवक की बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के पूरे तिलकराम इलाके में तिनमोहनिया के समीप एक नाले में मंगलवार की सुबह करीब दस बजे युवक के अचेतावस्था में पड़े होने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल युवक को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ले आयी। यहां हालत गंभीर देख घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उधर पुलिस की छानबीन में युवक की पहचान लीलापुर थानान्तर्गत सरायताल सरैंया मकई निवासी चौवालिस वर्षीय दिनेश वर्मा पुत्र रामेश्वर वर्मा के रूप में हुई थी। घायल युवक ईरिक्शा चलाकर जीविकोपार्जन करता था। सोमवार की सुबह वह घर से ईरिक्शा लेकर निकला था। इसके बाद वापस घर नही लौटा था। परेशान परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। परिजनों ने युवक की हत्या का प्रयास करने की आशंका जतायी है। स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज में बुधवार को दोपहर करीब पौने तीन बजे घायल दिनेश वर्मा की इलाज के दौरान मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाल आलोक कुमार का कहना है कि घायल युवक की मौत हो गयी है। मृतक के पुत्र अंकुश वर्मा की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## अखिलेश बने अध्यक्ष, धीरेन्द्र मंत्री



प्रतापगढ़। उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ प्रतापगढ़ के तत्वाधान में छत्रधारी इण्टर कालेज लखपेड़ा कोटा भवानीगंज की इकाई का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मत से अखिलेश कुमार शुक्ल को अध्यक्ष, धीरेन्द्र प्रताप सिंह मंत्री, अनिल कुमार मिश्र कोषाध्यक्ष तथा सुरेश बहादुर सिंह को आय व्यय निरीक्षक मनोनीत किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य राजेन्द्र पाण्डेय, अनिल कुमार सिंह, अरविन्द कुमार सिंह, अभयानंद द्विवेदी आदि शिक्षकों ने खुशी जतायी है।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने छात्रों को किया जागरूक



सिद्धार्थनगर- राजमणि इंटर कॉलेज में बुधवार को छात्र-छात्राओं के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद ने इस जन चौपाल के माध्यम से बच्चों को सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उनके अधिकारों के प्रति सजग करना था। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद ने छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, दबाव या असहज स्थिति में चुप रहना समाधान नहीं है। उन्होंने बच्चों को आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने और आवश्यकता पड़ने पर तुरंत सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। प्रसाद ने जोर देकर कहा कि जागरूकता ही असामाजिक तत्वों के खिलाफ सबसे प्रभावी हथियार है। कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक स्थानों जैसे बाजार, चौराहे, स्कूल-कॉलेज और कोचिंग संस्थानों में होने वाली अभद्र टिप्पणियों, पीछा करने और अशोभनीय व्यवहार से बचने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। छात्रों को बताया गया कि सतर्कता और समय पर शिकायत दर्ज कराने से ऐसी घटनाओं पर प्रभावी ढंग से रोक लगाई जा सकती है। अपर पुलिस अधीक्षक ने नई व्यवस्थाओं के तहत शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया, तकनीक के माध्यम से मिलने वाली त्वरित सहायता और पीड़ितों को उपलब्ध सहयोग के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए, जिसके लिए सभी को जागरूक और सक्रिय भूमिका निभानी होगी। इस कार्यक्रम में लगभग 80 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें विद्यालय के शिक्षक और प्रधानाचार्य भी उपस्थित रहे। शिक्षकों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के भीतर के डर को दूर करते हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रोत्साहित करते हैं। प्रधानाचार्य ने इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। इस कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने अपने सवाल पूछे और अनुभव साझा किए। बच्चों की सक्रिय भागीदारी और आत्मविश्वास ने यह दशार्या कि इस प्रकार की जागरूकता पहलें केवल स्कूल तक सीमित न रहकर समाज में सकारात्मक बदलाव की मजबूत नींव रख रही हैं।

## व्यू फाइंडर तमाशा मेरे आगे का भव्य लोकार्पण

मेरठ। देश के प्रख्यात वरिष्ठ प्रेस फोटोग्राफर श्री जगदीश यादव की बहुचर्चित पुस्तक व्यू फाइंडर झ तमाशा मेरे आगे का लोकार्पण आज सायं निंबस बुक रिटेल आउटलेट, आर.जी. इंटर कॉलेज रोड, बच्चा पार्क, मेरठ में अत्यंत गरिमामय एवं प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पत्रकारिता, साहित्य, कला एवं बौद्धिक जगत से जुड़े विशिष्ट अतिथियों, वरिष्ठ पत्रकारों, अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकताओं तथा पुस्तक-प्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक श्री राजीव रंजन नाग रहे, जो भारतीय प्रेस परिषद के पूर्व सदस्य रह चुके हैं तथा पत्रकारिता की चर्चित पुस्तक के लेखक हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय महिला प्रेस कॉर्प्स की पूर्व महासचिव एवं द स्टेट्समैन अखबार की वरिष्ठ पत्रकार श्रीमती विन्नी यादव उपस्थित रहीं।

# पेंशनर समाज के अनुभवी और सम्मानित सदस्य :डीएम

## पेंशनर दिवस का आयोजन

जिला संवाददाता



श्रावस्ती। पेंशनरों की समस्याओं को सुनने एवं उनके त्वरित निराकरण के उद्देश्य से जनपद श्रावस्ती में कलेक्ट्रेट सभागार में पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने की। इस अवसर पर जिलाधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पेंशनरों को फूलमाला व शाल पहनाकर सम्मानित किया गया, जिससे कार्यक्रम का माहौल आत्मीय एवं सम्मानपूर्ण रहा।

पेंशनर दिवस के दौरान उपस्थित पेंशनरों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से जिलाधिकारी को अवगत कराया। समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए जिलाधिकारी ने वरिष्ठ कोषाधिकारी को निर्देशित किया कि पेंशनरों से संबंधित सभी प्रकरणों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण संबंधित अधिकारियों के माध्यम से सुनिश्चित कराया जाए, ताकि किसी भी पेंशनर को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि पेंशनर समाज के अनुभवी और सम्मानित सदस्य हैं तथा हमारे बीच का अभिन्न अंग हैं। प्रशासन का दायित्व है कि उनकी हर संभव सहायता की जाए। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की समस्याओं का मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए समय-सीमा के भीतर समाधान किया जाना चाहिए।

जिलाधिकारी ने समस्त आहरण-वितरण अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनपद के किसी भी पेंशनर को भुगतान या अन्य प्रक्रियाओं में किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। जिले में लंबित सभी पेंशन प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाए तथा अनावश्यक विलंब से बचा जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की सेवानिवृत्ति से कम से कम छह माह पूर्व ही पेंशन से संबंधित सभी आवश्यक प्रपत्र पूर्ण करा लिए जाएं, ताकि सेवानिवृत्ति के दिन ही संबंधित कर्मी को उसके समस्त देयकों का भुगतान किया जा सके। इससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ कोषाधिकारी विनीत कुमार ने सभी उपस्थित पेंशनरों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्राप्त सभी ज्ञापनों एवं मांग पत्रों को सक्षम स्तर पर संदर्भित कर निस्तारण की कार्यवाही की जाएगी।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त सहायक कोषाधिकारी अवधेश कुमार यादव, सेवानिवृत्त शिक्षक गुरूवचन सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. अमरनाथ यति सहित कोषागार परिवार के कर्मचारी, पेंशनर संगठनों के पदाधिकारी तथा कलेक्ट्रेट के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता सुरक्षा को कानूनी दर्जा दे सरकार

## लखनऊ में दो दिवसीय अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा को लेकर वकीलों में दिखा जोरदार उत्साह




लखनऊ। ऑल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन द्वारा प्रदेश भर में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर जारी संघर्ष के तहत बुधवार को दो दिनों के लिए अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा लखनऊ पहुंची। एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश की अगुवाई में वाराणसी से प्रयागराज होते हुए दोपहर बाद यहां पहुंची अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा को लेकर गर्मजोशी का माहौल दिखा। यात्रा में शामिल अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट कैम्पस के विभिन्न गेटों पर साथियों को सुरक्षा अधिनियम का मसौदा समझाते हुए संघर्ष में सहयोग मांगा। वहीं अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा के दौरान प्रदेश के मथुरा जिले में जिला प्रशासन द्वारा बिना किसी नोटिस के रात के अंधेरे में हाल ही में तीन सौ से अधिक अधिवक्ता चेंबरों को ध्वस्त किये जाने की कार्रवाई को लेकर भी अधिवक्ता आक्रोशित दिखे। वहीं गेट नंबर छः के सामने एकजुट वकीलों ने बैनर लहराते अधिनियम को लेकर प्रदर्शन भी किया। एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि विधानसभा के शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र में उत्तर प्रदेश सरकार इस कानून को लेकर संसद के नाम संकल्प प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित कराये। उन्होने कहा कि सरकार अधिवक्ताओं की सुरक्षा व सुविधाओं के मुददे पर ढुलमुल रवैया बनाये हुए है। राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश ने कहा कि एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लेकर यूपी सरकार ने वकीलों को अभी तक सिर्फ झुनझुना थमाया है। उन्होने कहा कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर सरकार कतई चिन्तित नही है। यही कारण है कि प्रदेश के कई जिलों में कचेहरी तक में अधिवक्ताओं को अपराधियों के हाथों अपनी जान गंवानी पड़ रही है। अवध बार एसोसिएसन के पूर्व उपाध्यक्ष जयकृष्ण शुक्ल ने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की मांग को लखनऊ के वकीलों की ओर से जबरदस्त समर्थन किये जाने का ऐलान किया। इस मौके पर राहुल त्रिपाठी, आयुष त्रिपाठी, कौशलेन्द्र वर्मा, रोहित तिवारी, अनुराग द्विवेदी, दीपू मिश्र, वैभवराज, संगीता वर्मा, सिमरन परवीन, अनीता वर्मा आदि अधिवक्ता रहे। अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा का संयोजन मण्डलीय अध्यक्ष आनन्द त्रिपाठी ने किया।

# पुलिस ने साइबर फ्रॉड करने 5 अभियुक्त गिरफ्तार

कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर। थाना कपिलवस्तु पुलिस ने ठ.उ.फढ./समन्वय पोर्टल पर पर भिन्न-भिन्न राज्य से की गयी शिकायतों से संबन्धित कुल 1,07,03,720/- (एक करोड़ सात लाख तीन हजार सात सौ बीस रुपये) साइबर फ्राड करने वाले 05 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन ने उक्त घटना का खुलासा करते हुए जानकारी दिया गया, पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से फ्राड किये गये पैसों से खरीदा गया 07 अदद मोबाइल फोन, 01 अदद मोटरसाइकिल, 01 अदद मारूति स्वीफ्ट कार, 98,200/- नकद बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता 01.शहजाद खान पुत्र अब्दुल कलीम निवासी कस्बा अलीगढ़वा थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर। 02.आशीष कुमार मिश्रा उर्फ अन्नू मिश्रा पुत्र दिवाकर मिश्रा मूल निवासी ग्राम बरकुल थाना चाकर चौड़ा जनपद कपिलवस्तु राष्ट्र नेपाल वर्तमान पता अलीगढ़वा थाना कपिलवस्तु। 03.परवेज पुत्र अब्दुल गफ्फार मूल निवासी ग्राम भैंस कुंडा थाना पकड़ी जनपद कपिलवस्तु राष्ट्र नेपाल वर्तमान पता अलीगढ़वा थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर। 04.अब्दुल अहद पुत्र हामीद हुसैन निवासी बेलौहा बाजार थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर वर्तमान पता ग्राम सरदार नगर थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर। 05.मोहम्मद वसीम पुत्र अब्दुल समद निवासी अलीगढ़वा थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर बताया गया।



## एसडीएम बांसी निखिल चक्रवर्ती ने कोल्हुई बुजुर्ग पहुंच कर खाद वितरित कराया



बांसी सिद्धार्थनगर। एसडीएम बांसी निखिल चक्रवर्ती ने किसानों के खाद बीज की समस्याओ शिकायतों के समाधान एव सहजता से खाद मिलने हेतु तहसील क्षेत्र के कोल्हुई बुजुर्ग स्थिति पहुंच कर भारी संख्या में लाइन में खड़े किसानों से उक्त समस्या से रूबरू हो कर किसानों को अपने व्यवहार एवं कार्य कुशलता से संतुष्ट करते हुए खाद समिति के सचिव को निर्देश दिया कि शासन की मंशा अनुरूप किसानों को रोस्टर के अनुसार सरकारी खाद सुविधाएं उपलब्ध कराया जाये जिससे किसानो के हित की सार्थकता धरातल पर सार्थक सिद्ध हो सके, उन्होंने सम्बंधित सचिव को सख्त निर्देश दिया कि किसानों के साथ उपेक्षा क्षम्य नहीं किया जाएगा ऐसे में किसानों को जरूरत के अनुसार पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध करायें जाने हेतु निर्देश दिया गया, उपजिलाधिकारी बांसी निखिल चक्रवर्ती ने सम्बंधित किसानों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए शान्ति व सहयोग बनाए रखने हेतु अपील किया गया,

# पुलिस हस्तक्षेप के विरोध में केमिस्टों ने किया प्रदर्शन

- संगठन नशे के खिलाफ है और प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री का पूर्ण विरोध करता : तपनाथ त्रिपाठी
- कुछ मामलों को आधार बनाकर पूरे दवा व्यवसाय को संदेह की दृष्टि से देखना गलत : ऋषि कुमार वैश्य

जिला संवाददाता




श्रावस्ती। जनपद में दवा व्यापारियों पर बढ़ते पुलिस हस्तक्षेप, छापेमारी और कथित उत्पीड़न के विरोध में केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन श्रावस्ती के नेतृत्व में दवा व्यापारियों ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी श्रावस्ती के माध्यम से सौंपा। इस दौरान व्यापारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे नशे के विरुद्ध पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं, लेकिन वैध, लाइसेंसधारी और नियमों का पालन करने वाले दवा व्यापार पर पुलिसिया कार्रवाई किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। ज्ञापन में संगठन ने आरोप लगाया कि बीते लगभग एक माह से जनपद में दवा दुकानों पर लगातार छापेमारी, पूछताछ, भय और दबाव का माहौल बनाया जा रहा है। इससे न केवल व्यापार प्रभावित हो रहा है, बल्कि आम जनता को आवश्यक जीवनरक्षक दवाएं समय से उपलब्ध कराने में भी कठिनाई उत्पन्न हो रही है। दवा व्यापारियों ने कहा कि स्वास्थ्य से जुड़ा यह संवेदनशील व्यवसाय डर और असुरक्षा के वातावरण में नहीं चलाया जा सकता। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष तपनाथ त्रिपाठी ने कहा कि संगठन नशे के खिलाफ है और प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री का पूर्ण विरोध करता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ड्रग एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 के अंतर्गत लाइसेंस प्राप्त दुकानदार, विधिवत बिलिंग करने वाले तथा सेड्यूल ल-1 और सेड्यूल के सभी नियमों का पालन करने वाले व्यापारियों पर पुलिस द्वारा कार्रवाई करना न केवल अनुचित है, बल्कि कानून की मूल भावना के भी विपरीत है। उन्होंने कहा कि दवा व्यापारी कानून के सहयोगी हैं, अपराधी नहीं। महामंत्री ऋषि कुमार वैश्य ने कहा कि कुछ मामलों को आधार बनाकर पूरे दवा व्यवसाय को संदेह की दृष्टि से देखना गलत है। उन्होंने बताया कि कोडीन युक्त कफ सिरप वर्तमान में प्रतिबंधित नहीं है और इसका उपयोग चिकित्सकीय परामर्श पर किया जाता है। वहीं, कोल्डरीफ से जुड़ा मामला मिलावट का था, न कि वैध दवा बिक्री का। इसके बावजूद निर्दोष व्यापारियों पर गंभीर धाराएं लगाना न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि छोटे व्यापारियों की आजीविका पर भी सीधा प्रहार है।

संगठन की ओर से यह भी कहा गया कि ट्रामाडोल, अल्प्राजोलाम और क्लोनाजेपाम जैसी दवाएं चिकित्सकीय जरूरतों के अंतर्गत आती हैं, जिनका उपयोग डॉक्टर की पर्ची पर होता है। इनके संभावित दुरुपयोग के लिए दवा व्यापारी को जिम्मेदार ठहराना तर्कसंगत नहीं है। यदि शासन या संबंधित प्राधिकरण जैसे एफडीए या डीसीजीआई द्वारा किसी दवा को प्रतिबंधित घोषित किया जाता है और उसकी स्पष्ट सूची उपलब्ध कराई जाती है, तो संगठन पूरे जनपद में तत्काल प्रभाव से उसकी बिक्री बंद कराने को तैयार है। इस अवसर पर कटरा बाजार अध्यक्ष ओंकार नाथ वर्मा, महामंत्री भुनेश्वर नाथ विश्वकर्मा, वीरपुर अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा, इकौना अध्यक्ष विनोद कुमार सोनी, तरुण कुमार गोस्वामी, सुनील कुमार चौरसिया, कुंवर पाल सिंह, देवेंद्र चौधरी, राजेश कुमार सिंह, राघव राम यादव, मोहम्मद सलमान, इमरान मेकरानी, साहबान अली, सौरभ गुप्ता, रुद्र गुप्ता, रोहित कुमार सिंह, प्रदीप श्रीवास्तव, दिनेश पटेल, नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, बनवारी लाल, सर्वजीत कैराती, शत्रुहन वर्मा, उत्तम कुमार सहित सैकड़ों दवा व्यापारी उपस्थित रहे।

## साइबर अपराध से निपटने के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन ने गत बुधवार रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में विभिन्न तकनीकि का प्रयोग करके साइबर अपराध से निपटने के संबंध मे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा। गुरूवार को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन के मौजूदगी में रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा साइबर अपराध व विभिन्न तकनीकी का प्रयोग करके साइबर अपराध से निपटने के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में साइबर अपराधों के विभिन्न पहलुओं, जैसे कि साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन फ्रॉड, और सोशल मीडिया से संबंधित अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में पुलिसकर्मियों को साइबर अपराधों की जाँच और रोकथाम के लिए आवश्यक तकनीकी जानकारी और कौशल प्रदान किया गया। इस दौरान विभिन्न कर्मियो द्वारा साइबर अपराध के सम्बन्ध मे विभिन्न बिन्दुओ पर तैयार किये गये प्रजेंटेशन का प्रदर्शन भी किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस कर्मियों को आधुनिक तकनीक से लैस करना है, जिससे वे अपराध नियंत्रण और जाँच में और अधिक प्रभावी ढंग से काम कर सकें।

# यातायात सुगमता बढ़ाने को सीएम योगी देंगे बड़ी सौगात

## शुक्रवार को गोरखनाथ रोड पर नये ओवरब्रिज का लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री



**गोरखपुर।** गोरखपुर में यातायात सुगमता के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों बड़ी सौगात मिलने जा रही है। नाथपंथ के विश्व विख्यात गोरखनाथ मंदिर और सोनौली मार्ग होते हुए नेपाल तक की कनेक्टिविटी वाले धर्मशाला-गोरखनाथ मंदिर मार्ग पर नए गोरखनाथ ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पूरा गया है। इस नवनिर्मित ओवरब्रिज का लोकार्पण मुख्यमंत्री शुक्रवार (19 दिसंबर) को करेंगे। धर्मशाला-गोरखनाथ मंदिर मार्ग पर पड़ने वाले लखनऊ-गोरखपुर रेलमार्ग के डोमिनगढ़ व गोरखपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन के मध्य क्रॉसिंग संख्या 162ए पर एक ओवरब्रिज पहले से है। इस पर ट्रैफिक लोड बढ़ने के कारण सीएम योगी के निर्देश पर मौजूद ओवरब्रिज के समानांतर एक और ओवरब्रिज बनवाया गया है। इसके निर्माण पर 137.83 करोड़ रुपये की लागत आई है। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश सेतु निगम के महाप्रबंधक मिथिलेश कुमार के अनुसार दो लेन के नए ओवरब्रिज की कुल लंबाई 600.653 मीटर और चौड़ाई 7.50 मीटर है। इसमें रेलवे भाग की लंबाई 76 मीटर है। गोरखनाथ मंदिर मार्ग शहर के व्यस्ततम मार्गों में से एक है। नए ओवरब्रिज पर आवागमन शुरू होते ही गोरखनाथ की तरफ आने वाले वाहनों को पुराने ओवरब्रिज पर नहीं जाना होगा। आने-जाने के लिए अलग-अलग ओवरब्रिज होने से जाम भी नहीं लगेगा। खिचड़ी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को होगी सहूलियत

गोरखनाथ मंदिर मार्ग पर दो ओवरब्रिज हो जाने से शहर के उत्तर पश्चिम क्षेत्र में आने-जाने वालों, सोनौली रोड आने-जाने वाले लोगों की यात्रा काफी सुविधाजनक हो जाएगी। इसके अलावा मकर संक्रांति से शुरू होकर एक माह तक लगने वाले गोरखनाथ मंदिर के खिचड़ी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को भी आवागमन की बड़ी सहूलियत मिल जाएगी।

व्यू कटर से खास बना नया ओवरब्रिज नया गोरखनाथ ओवरब्रिज शहर में पहले से मौजूद ओवरब्रिज से विशेष है। इसके दोनों किनारों पर व्यू कटर भी लगाया गया है। इससे ओवरब्रिज के समीप के घरों की निजता बनी रहेगी और उन्हें वाहनों की आवाज भी कमतर सुनाई देगी।

# अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण में लाखों रुपये के सरकारी धन की बंदरबाट

## 24 लाख 36 हजार की लागत से अंत्येष्टि स्थल का हुआ निर्माण




चरगांवा, गोरखपुर। विकास खण्ड चरगांवा के ग्राम पंचायत सियारामपुर में दो वर्ष पहले ही बना अंत्येष्टि स्थल की दुर्दशा उसके गुणवत्ता व सरकारी धन के बंदरबाट की पोल खोलता दिख रहा। जिसको लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के मुताबिक, ग्राम पंचायत सियारामपुर में दो वर्ष पूर्व 24 लाख 36 हजार की लागत से अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराया गया था। दो वर्ष के भीतर ही अन्त्येष्टि परिसर के अंदर बने तीन शौचालय भवन के टाइल्स उखड़ने ,फर्श उखड़ने व छत टूटने लगे हैं , अन्त्येष्टि स्थल पर शुद्ध पेय जल की सुविधा का भी अभाव है ग्रामीणों का कहना हैं कि दो वर्ष पूर्व अंत्येष्टि स्थल को विकसित करने लगभग तीस लाख रुपए सरकार के धन के व्यय को सरकारी व्यय रजिस्टर में दर्ज कर दिया गया ,शवदाह के लिए बने शवदाह प्लेटफार्म,शांति स्थल,शौचालय व स्नानघर का निर्माण कराया गया था लेकिन गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य न होने से दिवाल टूट रहे हैं,फर्श उखड़ रहे , छत भी टूटे है व टाइल्स भी उखड़ रहे हैं अन्त्येष्टि स्थल का जीर्णोद्धार कराया जाना आम ग्रामीण के हित में हैं। इस बाबत उप निदेशक पंचायत गोरखपुर मंडल हिमांशु शेखर ठाकुर का कहना हैं कि,मामला संज्ञान में अभी आया हैं जांच कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी ।

## सैफई में नेताजी विकास प्रदर्शनी और मेले का शुभारंभ



सैफई, इटावा। सैफई में नेताजी विकास प्रदर्शनी एवं मेला का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। मेले का उद्घाटन सैफई की ब्लॉक प्रमुख मृदुला यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। उद्घाटन के दौरान ब्लॉक प्रमुख मृदुला यादव ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की जानकारी देने के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार और मनोरंजन का अवसर भी प्रदान करते हैं। उन्होंने मेले में लगी विभिन्न दुकानों का अवलोकन किया तथा आयोजकों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। मृदुला यादव ने सैफई ब्लॉक परिसर में लगी सैफई महोत्सव के संस्थापक व प्रथम ब्लॉक प्रमुख स्व. रणवीर सिंह यादव की प्रतिमा का माल्यार्पण किया। इस मेले में जरूरत की लगभग सभी चीजें उपलब्ध हैं। मेले में घरेलू उपयोग की वस्तुओं, खान-पान की दुकानों, बच्चों के खिलौनों के साथ-साथ मनोरंजन के लिए झूले भी लगाए गए हैं, जो बच्चों और युवाओं को विशेष रूप से आकर्षित कर रहे हैं। मेले में लोगों की खासी भीड़ देखने को मिली और ग्रामीणों ने आयोजन की सराहना की। आयोजकों के अनुसार यह मेला आने वाले दिनों तक चलेगा, जिससे क्षेत्रवासियों को खरीददारी और मनोरंजन का लाभ मिलेगा। नेताजी विकास प्रदर्शनी एवं मेला सैफई क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने वाला एक सराहनीय प्रयास साबित हो रहा है। मेले के आयोजक अन्नू रेडियो जसवंतनगर ने मृदुला यादव का बुके देकर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर चंदगीराम यादव प्रधान, रामनरेश यादव अध्यक्ष विधानसभा सपा, संतोष शाक्य ब्लॉक अध्यक्ष सपा, रवि विधायक, गणेश फौजी, मुकेश गुप्ता, जनबेद भोजवाल प्रदेश सचिव, पुनीत पाल, आदेश, सर्वेश प्रधान, शिवपाल सिंह, राजीव यादव सैफई आदि मौजूद रहे।

# इंडिया ग्लाइकॉल्स लिमिटेड में ऑनसाइट फायर मॉक ड्रिल का सफल आयोजन



गीडा,गोरखपुर। आईजीएल के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में औद्योगिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आईजीएल परिसर में आज एक ऑनसाइट फायर मॉक ड्रिल रिहर्सल का सफल आयोजन किया। इस अभ्यास का उद्देश्य कर्मचारियों को आपातकालीन स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया देने के लिए प्रशिक्षित करना था। ड्रिल के दौरान फायर अलार्म 11.10 पर बजते ही सभी कर्मचारियों ने निर्धारित निकासी मार्गों का पालन करते हुए सुरक्षित स्थान पर पहुंचने की प्रक्रिया का अभ्यास किया। कंपनी की फायर सेफ्टी टीम ने आग बुझाने के उपकरणों के सही उपयोग का प्रदर्शन किया और कर्मचारियों को अग्निशमन यंत्रों के संचालन की जानकारी दी। सुरक्षा अधिकारी रणधीर सिंह ने बताया कि इस तरह की मॉक ड्रिल न केवल कर्मचारियों को जागरूक करती है, बल्कि वास्तविक आपातकालीन स्थिति में जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद करती है। उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी समय-समय पर ऐसे अभ्यास करती रहेगी ताकि सुरक्षा मानकों को और मजबूत किया जा सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता एच आर व एडमिन हेड दशरथ मिश्र ने की और एसोसिएट मैनेजर एडमिन अखिलेश कुमार शुक्ल ने सभी अतिथियों के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों की सक्रियता की सराहना की और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प दोहराया। उक्त अवसर पर जिला प्रशासन फायर विभाग से निरीक्षक फायर भगवान सिंह के साथ स्टाफ गीडा तथा आईओसीएल, एचपीसीएल, अंकुर उद्योग की सुरक्षा टीम गैलेन्ट इस्पात की सुरक्षा टीम मय फायर टेन्डर एवं आईजीएल के कर्मयोगी उपस्थित रहे।

# जिला समाज कल्याण अधिकारी ने गो आश्रय स्थल का किया स्थलीय निरीक्षण



चरगांवा, गोरखपुर। विकास खण्ड चरगांवा के ग्राम पंचायत जंगल औराही स्थित गो आश्रय स्थल पर बुधवार को पहुंचे जिला समाज कल्याण अधिकारी नोडल अधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने वहां आवासित गो वंश को उपलब्ध कराई जानी वाली सुविधाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। गो आश्रय स्थल पहुंचे जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री सिंह ने निरीक्षण से पूर्व गोपूजन किया। तदुपरांत गो आश्रय स्थल परिसर का भ्रमण कर निरीक्षण किया। परिसर में 107 गो वंश पाए गए। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बर्मी कम्पोस्ट खाद तैयार व पशुओं के लिये परिसर के लगभग एक एकड़ भूमि पर गो वंश के लिए चारा बरसीम की बुआई किए जाने पर ब्लाक प्रशासन के प्रयासों की सराहना किया। ग्राम पंचायत जंगल औराही के ग्राम प्रधान सीमा सिंह व ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत सचिव वकील कुमार के समन्वय से गो आश्रय स्थल में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे बर्मी कम्पोस्ट खाद का उत्पादन व उसका विक्रय कर स्वयं सहायता समूह के महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम बच्चन सिंह व सचिव वकील कुमार की पीठ थप थापाई। इस दौरान खंड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, ग्राम विकास अधिकारी वकील कुमार, ग्राम प्रधान जंगल औराही सीमा सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम बच्चन सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी सराय गुलरिहा डॉ एसके मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## गर्म पानी से झुलसी दो वर्षीय बच्ची, 25 से 30 प्रतिशत जलने की पुष्टि

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के गांव मल्हूपुर में मंगलवार को एक हादसा सामने आया, जहां खेलते समय दो वर्षीय मासूम बच्ची गर्म पानी से झुलस गई। जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी राजकमल की2वर्षीय पुत्री रित्वि अपनी मां के साथ घर में मौजूद थी। बच्ची की मां उमकान्ती स्वास्थ्य विभाग में सीएचओ के पद पर कार्यरत हैं। सर्दी के चलते किचिन में बाल्टी में गर्म पानी भरकर रखा गया था। इसी दौरान खेलते-खेलते मासूम वहां पहुंच गई और अचानक गर्म पानी से भरी बाल्टी उसके ऊपर पलट गई।जिससे उसका कमर के नीचे का पूरा हिस्सा जल गया है। मासूम की माँ उमाकांती ने बताया कि हादसे में बच्ची गंभीर रूप से झुलस गई, जिससे घर में अफरा-तफरी मच गई।जिसे आनन-फानन में बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी ले गए, जहां उसका उपचार जारी है। सीएचसी में तैनात चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि बच्ची करीब 25 से 30 प्रतिशत तक झुलसी हुई है। फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है और डॉक्टरों की टीम द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। डॉ. वीरेंद्र सिंह ने सर्दी के मौसम में बच्चों की सुरक्षा को लेकर विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि घर में गर्म पानी, हीटर, अलाव या अन्य गर्म वस्तुएं बच्चों की पहुंच से दूर रखें, ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# सामाजिक चेतना और नैतिकता से जुड़ा विषय है यौन उत्पीड़न : अश्विनी

## यौन उत्पीड़न रोकथाम और निवारण विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन



**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कालेज) में राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) की अष्टावक्र इकाई द्वारा में यौन उत्पीड़न रोकथाम एवं निवारण विषय पर बुधवार को जागरूकतापरक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी अश्विनी कुमार ने कहा कि यौन उत्पीड़न केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और नैतिकता से जुड़ा विषय है।

अश्विनी कुमार ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (निवारण, निषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम की मूल भावना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कानून का उद्देश्य दंड देना ही नहीं, बल्कि सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है। इसमें समाज और व्यक्ति के संस्कार महत्वपूर्ण होते है। भारतीय परिप्रेक्ष्य तथा ज्ञान परंपरा में बारम्बार संस्कार और चरित्र निर्माण विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा शिक्षण संस्थाओं के महत्वपूर्ण गतिविधि थे। इस संस्कृति का विलोप होने से इस तरह के अपराध बढ़ते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपनी दिनचर्या व्यवस्थित रखे, संगत ठीक रखे, इस तरह के विचारों को मन मस्तिष्क में स्थान न दे। परस्पर सम्मान की संस्कृति विकसित करें और किसी भी प्रकार के अनुचित आचरण के विरुद्ध निर्भीक होकर लड़े। साथ ही, उन्होंने संस्थानों में आंतरिक शिकायत समिति की भूमिका को भी रेखांकित किया।

अध्यक्षीय भाषण देते हुए आयुर्वेद कालेज के प्राचार्य डॉ. गिरिधर वेदांतम ने कहा कि चिकित्सा एवं शैक्षणिक संस्थान केवल ज्ञानार्जन के केंद्र नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और मानवीय मूल्यों के संवाहक भी होते हैं। उन्होंने कहा कि यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए कानून के साथ-साथ नैतिक शिक्षा, संवेदनशील संवाद और सकारात्मक संस्थागत संस्कृति आवश्यक है। कार्यक्रम संयोजक एवं रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी आचार्य साध्वीनन्दन पाण्डेय ने कहा कि यौन उत्पीड़न रोकथाम जैसे विषयों पर संवाद करना आज की आवश्यकता है, ताकि युवा पीढ़ी सुरक्षित, जागरूक और संवेदनशील नागरिक बन सके।

आयुर्वेद कालेज की कमेटी अगेंस्ट सेक्सुअल हरासमेंट की वरिष्ठ सदस्य डॉ. विष्णुमाया ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। संचालन शिवांश ने किया।कार्यक्रम में डॉ रश्मि पुष्पन, डॉ संध्या, डॉ नवोदय राजू, डॉ विनम्र, डॉ अर्पित, डॉ ब्रह्मदेव सहित सभी प्राध्यापकगण, चिकित्सक, विद्यार्थी एवं अष्टावक्र इकाई, आत्रेय इकाई,और भारद्वाज इकाई के स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता रही।

## आयोग की सदस्य ने सुनी महिलाओं की समस्याएं




इटावा। उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी ने महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए विकास भवन स्थित ऑडिटोरियम हॉल में महिला जनसुनवाई करते हुए पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुना। जनसुनवाई के दौरान 17 शिकायत पत्र प्राप्त हुए जिसमें सबसे ज्यादा महिला उत्पीड़न एवं पेंशनर्स से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। सदस्य द्वारा मौके पर 3 शिकायतों का निस्तारण किया गया एवं उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शेष प्रकरणों का 15 दिन के अंदर निस्तारण किया जाए। सदस्य ने महिलाओं एवं बालिकाओं की समस्याओं, शिकायतों से रुबरू होते हुए कहा कि समस्याओं से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को त्वरित न्याय देने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। इसके लिए सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है जिससे महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके हक के प्रति सजग किया जा सके और उन्हें सशक्त बनाया जा सके। उन्होंने दिव्यांगजन द्वारा कैंप लगाने के निर्देश दिए, जिसपर दिव्यांगजन अधिकारी द्वारा बताया गया कि समस्त विकास खण्डों में कैंप लगाए जा रहे हैं एवं पात्रों को लाभ दिया जा रहा है साथ ही सदस्य ने कहा कि शादी अनुदान में दिव्यांग को आच्छादित किया जाए। इस अवसर पर सीओ जसवन्तनगर आयुषी सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं पीड़ित महिलाएं आदि उपस्थित रहे।

**न्यायालय सूचना**

एच.सी.जे. फार्म नं. 33 पार्ट नं.-7
न्यायालय श्रीमान एस.डी.डी. (न्यायिक)
कादीपुर जिला सुलतानपुर
वाद सं. T202404680402411
तारीख पेशी - 19.12.2025

राम उजागिर

बनाम

1. आशाराम पुत्र श्री सहदेव
2. अमरजीत पुत्र श्री सहदेव
3. रामनयन पुत्र श्री रामक्षजोर
4. मुन्नू पुत्र श्री राजाराम
5. हरिओम पुत्र श्री राजाराम
6. गांधी पुत्र श्री राजाराम
7. जानकी पुत्री श्री गोविन्द
8. मुकेश पुत्र श्री गोविन्द
9. वीरेन्द्र कुमार पुत्र सरनू
10. महेन्द्र कुमार पुत्र सरनू
11. नरेन्द्र कुमार पुत्र सरनू
12. सभाजीत पुत्र सरनू
13. सभजीत पुत्र सरनू
14. इन्द्रजीत पुत्र सरनू
15. संजय पुत्र श्री चन्द्रभान
16. अजय पुत्र श्री चन्द्रभान
17. सन्तोष कुमार पुत्र श्री चन्द्रभान
18. भानमती पत्नी चन्द्रभान

समस्त निवासीगण ग्रा. मदनपुर, अल्देमऊ, कादीपुर, सुलतानपुर।

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है अतः एवं आपकी एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ करने के लिए दिनांक 19.12.2025 के दिवस को पूर्वान्ह या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात है और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 15.12.2025 को निकाली गयी।

न्यायालय

## 25 लाख के हेरोइन के साथ युवक धराया

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना अन्तर्गत मजनू चौकी क्षेत्र के मोहरीपुर सिंहोखा रोड के अन्डर पास के पास मुखबीर की सूचना पर एक युवक की घेराबन्दी कर मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार करने में सफलता मिली। पुलिल विधिक कार्यवाही करते हुये यन डी पी यस के तहत गिरफ्तार का जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष चिलुआताल सूरज सिंह को 16 दिसंबर यानि मंगलवार की रात में मुखबीर खास से सूचना मिली कि एक युवक ट्रांसपोर्ट नगर से बंधे के रास्ते मादक पदार्थ लेकर आ रहा है। मुखबीर की बात पर बिश्वास कर युवक की तलास में चौकी प्रभारी बरगदवा लक्ष्मी नारायण द्विवेदी चौकी प्रभारी फर्टिलाइजर प्रशांत पाठक उप नि० हरिशंकर यादव के साथ ही पर्याप्त पुलिस बल के साथ घेराबंदी कर युवक की तलास में जुट गयी। रात के लगभग 11 .40 बजे अण्डर पास के पास एक युवक दिखाई दिया। जिसे पकड़ने के प्रयास में भागने का प्रयास किया, जिसे कुछ ही देर में कब्जे मे लेकर पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम झीनक निषाद (20) पुत्र रामसजन निषाद निवासी जंगल धूषण हसनपुर थाना पिपराइच के रूप में हुई। तलासी लेने पर पाकेट में प्लास्टीक के डिव्वे में रखा हेरोइन बरामद हुआ।

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 2200 से अधिक प्रतिभागी शामिल

- **विधायक व एसएसपी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया**
- **निदेशक डा. आनंद ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया**



इटावा। इटावा महोत्सव पंडाल में बुधवार को कला कौशल एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन पूरी भव्यता के साथ किया गया। कार्यक्रम में जिले के 125 विद्यालयों के 2200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता के अलग-अलग वर्गों में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के प्रारम्भिक वर्ग में सभी छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय ध्वज बनाकर भारत माता की जय, वन्देमातरम व जय हिन्द के स्वश्वर उद्घोष के साथ जब पंडाल में हाथ ऊपर करके तिरंगा फहराया तो मानो देशभक्ति की अनुपम छटा देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया व एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव, डीन इंजीनियरिंग कॉलेज डॉ. देवेंद्र सिंह व कार्यक्रम संयोजक सीबीएसई सिटी कॉर्डिनेटर व प्रधानाचार्य, निदेशक संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल डॉ. आनंद ने दीप प्रज्वलन व सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया। मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता से बच्चों की रचनात्मकता व उनकी मानसिक शक्ति का अपार विकास होता है।

उन्होंने कार्यक्रम संयोजक डॉ. आनंद को इस भव्य कार्यक्रम के आयोजन के लिए शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों ने राष्ट्रीय ध्वज बनाकर व वन्देमातरम का जय घोष कर राष्ट्रीय एकता को परिचय दिया वह अपने आप में ऐतिहासिक क्षण है। आप सभी बच्चे अपने राष्ट्र, समाज और जिले का नाम रोशन करने का प्रयास करें। एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में चित्रकला का ज्ञान होना मानसिक प्रखरता को परिपक्व बनाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज की प्रतियोगिता में जों विषय बच्चों को रचनात्मकता प्रदर्शन के लिए दिये गयें है वह राष्ट्रीय महत्व के साथ सुरक्षा, जागरूकता जैसे सामाजिक मुद्दों को भी प्रखर करते है। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका वरिष्ठ चित्रकार वीरेंद्र जैन, डॉ राजीव चैहान, जेएसकेजी पॉलिटेक्निक की प्रधानाचार्य डॉ. नमिता तिवारी, सुदिति ग्लोबल मैनपुरी की सगूफी खान ने निभाई। प्रतियोगिता में एडीआईओएस डॉ मुकेश यादव, प्रधानाचार्य मनोज कुमार, मनोज एम एस, अभिषेक सक्सेना, सुनील दत्त अवस्थी, असरा अहमद, अनूप मिश्रा, भावना सिंह, जेपी सिंह, वेदपाठी तिवारी, डॉ. कमल कुमार, सौरभ दुबे, रितु यादव, डॉ. धर्मेंद्र शर्मा, उमेश यादव, पंकज शर्मा, विवेक सिंह, बृजेश यादव, शिवम आनंद, सोनिया चैहान समेत बड़ी संख्या में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य आदि मौजूद रहे। संचालन चित्रा परिहार व निधि पाण्डेय ने किया।

## कोहरे के कारण 30 से अधिक ट्रेनें लेट

इटावा। घने कोहरे और कड़कड़ाती सर्दी ने रेल व्यवस्था की रफ्तार को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। दिनोंदिन ट्रेनों की लेट लतीफी बढ़ती जा रही है। हालात यह हैं कि यात्री घने कोहरे और सर्द हवाओं के बीच घंटों प्लेटफार्मों पर खड़े रहने को मजबूर हैं। मंगलवार को जहां शताब्दी एक्सप्रेस और नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस को रद्द करना पड़ा वहीं 30 से अधिक ट्रेनें इटावा जंक्शन पर घंटों देरी से पहुंची।

इन ट्रेनों के पहुंचने के बाद ही यात्रियों ने राहत की सांस ली। सुबह के समय कोहरा छाया रहने के कारण प्लेटफार्म पर ठिठुरन रही। करीब 10 बजे के बाद जब धूप निकली तो यात्री वेटिंग रूम और वेटिंग हाल से बाहर निकलकर सकुर्लेटिंग एरिया में आ गए और धूप सेंकते हुए ट्रेनों का इंतजार करते रहे। ठंड और देरी का सबसे ज्यादा खामियाजा बच्चों व बुजुर्ग यात्रियों को उठाना पड़ा, जो न तो ज्यादा देर खड़े रह पा रहे थे और न ही खुले में बैठने की स्थिति में थे। मंगलवार को गाड़ी संख्या 12033 शताब्दी एक्सप्रेस और गाड़ी संख्या 12506 नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस को कोहरे के कारण रद्द कर दिया गया। इसके अलावा अधिकांश ट्रेनों के संचालन निर्धारित समय से कई घंटे बाद हुआ।

## एसडीएम ने एसआईआर की राजनैतिक दलों व बीएलओ संग की समीक्षा बैठक

जसवंतनगर, इटावा। तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत की अध्यक्षता और तहसीलदार नेहा सचान की उपस्थिति में एसआईआर कार्य की समीक्षा बैठक राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों बीएलए संग आयोजित की गई।इससे पूर्व एसडीएम ने बीएलओ के साथ मीटिंग कर भौतिक सत्यापन के साथ त्रुटि रहित मतदाता सूची के सख्त निर्देश दिये।राजनैतिक प्रतिनिधियों और बी एलए संग एसआईआर प्रक्रिया के तहत एएसडीडी सूची यानी अनुपस्थित स्थानांतरित मृतक एवं डुप्लीकेट के संबंध में बैठक में एसडीएम कुमार सत्यम जीत ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया के अंतर्गत हर बूथ पर एएसडीडी सूची बीएलए और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में चशपा कर दी गई है।एएसडीडी सूची के संदर्भ में चर्चा की गई और दावे और आपत्तियां को स्वीकार कर एसडीएम ने उचित निराकरण का आश्वासन दिया।वही राजनैतिक प्रतिनिधियों और बीएलओ द्वारा कुछ मतदाताओं का 2003 की लिस्ट में नाम न होने का मुद्दा उठाया तो एसडीएम ने कहा कि बीएलओ को मतदाता द्वारा फॉर्म 6 भरवा कर मतदाता सूची में सम्मिलित करने के निर्देश दे दिए गए हैं।इस पर सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और बीएलए ने सहमति जताई।इससे पूर्व बैठक में बीएलओ द्वारा किए जा रहे एसआईआर कार्यों की बूथ बार प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।समीक्षा बैठक के निष्कर्ष में बताया कि तहसील क्षेत्र के कुल 452 बूथों पर एसआईआर से संबंधित कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। शेष लगभग 15 से 20 प्रतिशत कार्य अभी लंबित है, जिसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।उपजिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत ने बीएलओ को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि शेष बचे कार्य के लिए सभी बीएलओ घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन करें ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से छूटने न पाए।तय समय सीमा पर सभी कार्य पूर्ण करें। लापरवाही पर कार्रवाई होगी।तहसीलदार नेहा सचान ने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में कार्य अधूरा है वहां विशेष ध्यान देकर कार्य पूर्ण किया जाए।वही अब तक मतदाता सूची में अछूते मतदाताओं से अपील की है कि 26 दिसंबर तक गणना प्रपत्र जमा कर मतदाता बनकर लोकतंत्र को मजबूत करें। बैठक में राजनैतिक प्रतिनिधियों में सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू,एसआईआर प्रभारी राहुल गुप्ता,सहप्रभारी ठा.अजेंद्र गौर सांसद प्रतिनिधि हाजी शमीम ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर यादव भाजपा से अजय यादव बिंदु,रामजी शुक्ल के अलावा अन्य पार्टियों के प्रतिनिधि बीएलए उपस्थित रहे।

**गुमशुदा तलाश**



थाना खीरी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 41/25 धारा 366 आईपीसी से संबंधित गुमशुदा मधू पाण्डेय पत्नी आशुतोष पाण्डेय नि. ग्राम सुन्सी ओयल, थाना व जिला खीरी। उम्र करीब 45 वर्ष जो लाल रंग की साड़ी व लाल ब्लाउज पहने है, रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, लम्बाई करीब 5 फीट, आंख, नाक कान औसतन दि0 30/05/2024 को अपने घर ग्राम सन्सी से लापता है। उपरोक्त के संबंध में कोई लाभप्रद सूचना हो तो थाना खीरी के मो0नं0 9454403783 व 9794141098 पर सूचित करने की कृपा करें। थाना प्रभारी खीरी जनपद खीरी।

संक्षेप

## विजय दिवस पर पूर्व सैनिकों ने किया शहीदों को नमन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। भारत-पाक युद्ध में भारतीय सेना की ऐतिहासिक जीत की स्मृति में मंगलवार को नगर में विजय दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की ओर से सदर चैराहा स्थित इंदिरा पार्क में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सैनिकों ने 1971 के युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की और भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम व बलिदान को नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि 1971 का युद्ध भारत के सैन्य इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है, जिसने देश की शक्ति और एकता को विश्व पटल पर स्थापित किया। पूर्व सैनिकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए नई पीढ़ी को देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्र सेवा के मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि विजय दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि बलिदान को याद करने और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों को समझने का अवसर है। कार्यक्रम में वीवी जयचंद, श्रीकृष्ण गोविंद, अनिस कांत, शशि देवी, राजेश्वर, होम कुमार, रामासहाय, धूमार सिंह, शशांक कुमार यादव, रामनाथ मिश्र, दिलीप कुमार, वीरभद्र सिंह, रामू बृजेश मिश्र, जगदेव सिंह, भाया देवी, सावित्री देवी, हरपाल सिंह, यूकराम, कैलाश गिरि, अनिल कुमार गुप्ता, रामकुमार, सुशीला देवी, महेश लाल, जितेंद्र कुमार मिश्र, विनोद वर्मा सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, समाजसेवी, गणमान्य नागरिक और युवा मौजूद रहे।

## कोर्ट के आदेश पर दंपति की पिटाई में केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। कोर्ट के आदेश पर दलित युवक और उसकी पत्नी को जमीनी विवाद को लेकर डंडा और लात घूसों से पिटाई कर लहुलुहान कर दिया था। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ चार माह बाद दलित उत्पीड़न समेत सगींन धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। गांव असौवा निवासी रोशन ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया 17 जुलाई रात 11 करीब गांव के छोटे सिंह दरवाजे के बाहर आकर जाति सूचक अश्लील गालियां देने लगे विरोध करने पर सरेराह सड़क पर पटक दिया और लात घूंसा और डंडे से पिटाई करने लगे शोरगुल मचाने पर उसकी पत्नी रोली बचाने दौड़ी उसकी भी पिटाई कर दी घटना की सूचना डायल112 और पुलिस को दी कार्रवाई न होने पर कोर्ट में गुहार लगाई मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की आख्या देने के आदेश दिए जिससे हड़कंप मच गया आनंन-फानन में पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना सी ओ अरुण कुमार सिंह को सौंपी है।

## प्लाईवुड के पास मिला युवक का शव

लखीमपुर खीरी। थाना खीरी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले परौरी भट्ठा रोड बिचपरी राधा प्लाईवुड के निकट अज्ञात युवक का शव पाया गया। शव की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। अज्ञात मृतक युवक की पहचान जीशान उर्फ बैठू पुत्र फारुक निवासी मोहल्ला सैयद वाडा कस्बा वा थाना जिला खीरी के रूप में हुई है। ग्रामीणों के मुताबिक मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस द्वारा शव को पीएम के लिए भेज दिया गया।

# पेंशनर्स की हर समस्या का 30 दिन में हो निस्तारण: डीएम




लखीमपुर खीरी। सेवा, समर्पण और अनुभव को सम्मान देने का सजीव मंच बना पेंशनर दिवस। कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में उल्लास और आत्मीय माहौल के बीच आयोजित कार्यक्रम में प्रशासन और पेंशनर्स के बीच भरोसे की मजबूत डोर देखने को मिली।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने की। आयोजन का संयोजन वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार राय ने किया। इस अवसर पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने डीएफओ संजय विश्वाल, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार राय, एओ (बेसिक) हरिकेश बहादुर संग वरिष्ठ एवं बुजुर्ग पेंशनर्स को सम्मानित कर उनके दीर्घ सेवाकाल को नमन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा पेंशनर की सभी समस्याओं को वरीयता के आधार पर निस्तारित किया जाये, उन्होनें समस्त विभागों को निर्देशित किया कि सेवानिवृत्त के उपरांत पेंशन तत्काल बनायी जाये। जिससे पेंशनर को किसी प्रकार की असुविधा न हो। डीएम ने प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर जनपद स्तर की पेशर्नस की सभी समस्याओं को 30 दिवस के भीतर दूर करने का समय सीमा निर्धारित की। डीएम ने कहा कि पेंशनर्स समाज के पथ प्रदर्शक हैं तथा उनके अनुभव समाज को नई दिशा देते हैं। बुजुर्गों का सम्मान व आशीर्वाद हमारी संस्कृति व परंपरा है। पेंशनर्स को प्रशासनिक महकमों का दीर्घ कार्य अनुभव होता है जिसका लाभ हमें प्रशासनिक कार्यों में मिलता है। उन्होंने सभी पेंशनर्स की अच्छे स्वास्थ्य एवं दीघार्यु होने की कामना की। कभी कोई दिक्कत या असुविधा हो तो आप वैसे ही आ सकते हैं जैसे सेवा के दौरान आते थे। उन्होंने आश्वास्त किया कि प्रशासन से निराश नहीं होंगे। डीएफओ संजय विश्वाल ने कहा कि इस जिले के पेंशनर्स की सक्रियता सराहनीय है। आप परिवार के साथ अपना स्वयं का भी ध्यान रखें ताकि आपके अनुभव का लाभ सभी को लंबे समय तक मिलता रहे। वरिष्ठ कोषधिकारी अमित कुमार राय ने कहा कि प्रशासनिक स्तर पर आपकी किसी भी प्रकार की समस्याओं के लिए जिला प्रशासन तत्पर रहेगा। उन्होंने पेंशनर्स की समस्याओं के त्वरित निस्तारण करने का आश्वासन दिया।

## ओवरलोड और ओवरहाइट वाहनों पर शिकंजा

लखीमपुर खीरी। जिले की सड़कों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग ने ओवरलोड और गन्ना परिवहन में प्रयुक्त ओवरहाइट वाहनों पर शिकंजा कसा। एआरटीओ शशि भूषण पांडे और पीटीओ डॉ. कौशलेंद्र अलग-अलग मार्गों पर मुस्तैद दिखाई दिए। गत दिवस विभाग ने कुल 12 चालान काटे और सात ओवरलोड एवं ओवरहाइट वाहनों को सीज किया। वहीं दो अन्य मामलों में भी वाहनों के सीजर की कार्रवाई की गई। बुधवार को विभागीय अफसरों ने विभिन्न मार्गों पर चार ओवरलोड वाहनों को सीज किया और 10 वाहनों का चालान किया। वही देर रात। निघासन क्षेत्र में दो ट्राली जोड़कर गाना



परिवहन करने वाली ट्रैक्टर ट्राली को सीज किया गया। एआरटीओ शशि भूषण पांडे ने कहा कि यह अभियान सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, दुर्घटनाओं को रोकने और नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए चलाया गया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि भविष्य में ओवरलोडिंग और ओवरहाइट वाहनों पर कोई ढील नहीं बरती जाएगी। सड़क पर सुरक्षित परिवहन और आम जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। विभाग ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वाहन चलाते समय नियमों का पालन करें और ओवरलोडिंग से बचें।

# चिल्ड्रेंस अकादमी स्कूल में छात्रों को दिया फायर सेफ्टी प्रशिक्षण

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। चिल्ड्रेंस अकादमी स्कूल में छात्रों और शिक्षकों को आपात स्थितियों से निपटने के लिए एक व्यापक फायर सेफ्टी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फायर स्टेशन की टीम



ने आग से बचाव और सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी। प्रभारी फायर स्टेशन अंकित कुमार और फायरमैन जसपाल सिंह के नेतृत्व में पहुंची टीम ने अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग का प्रायोगिक प्रदर्शन किया। छात्रों को एलपीजी सिलेंडर में गैस लीकेज की स्थिति में सावधानी बरतने और बचाव के उपाय समझाए गए। साथ ही शीतकाल में बिजली से होने वाली आग की घटनाओं से बचाव के तरीकों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक सतीश गुप्ता एवं अनुभव गुप्ता ने की। प्रबंधक सतीश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को किताबी शिक्षा के साथ-साथ सुरक्षा और आपदा प्रबंधन का व्यावहारिक ज्ञान देना आज की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों को सतर्क बनाते हैं और संकट की घड़ी में सही निर्णय लेने में मदद करते हैं। छात्रों को आपात स्थिति में सहायता के लिए 112 नंबर के उपयोग के बारे में भी जागरूक किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम से छात्रों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी और आपदा के समय संयम व समझदारी से कार्य करने का संदेश मिला। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# रोटरी क्लब गोला मुस्कान ने सहसपुर में बांटे गर्म वस्त्र



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कड़ाके की ठंड को देखते हुए रोटरी क्लब गोला मुस्कान द्वारा बुधवार को ग्राम सहसपुर में वस्त्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब के सदस्यों ने जरूरतमंदों को गर्म कपड़े वितरित कर सर्दी से राहत पहुंचाई। कार्यक्रम के दौरान छोटे बच्चों के लिए स्वेटर व जैकेट, महिलाओं के लिए गर्म वस्त्र तथा बुजुर्गों को शाल और कंबल वितरित किए गए। इस मानवीय पहल से गांव के जरूरतमंद परिवारों को ठंड से बचाव में सहायता मिली। कार्यक्रम में क्लब के महिला एवं पुरुष सदस्यों की समान भागीदारी देखने को मिली। ग्राम सहसपुर के पुजारी पंडित राम मनोहर तिवारी ने क्लब के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष रो. अरविन्द गुप्त रामजी, सचिव अनुराधा पुरवार, नीलू भारती, मीनाक्षी अग्रवाल, राजीव गुप्ता, बंदना गुप्ता, विवेक वर्मा, राजीव राजपूत, मिली गुप्ता, अर्चना जायसवाल, मंजू भारद्वाज, अतुल राजपूत सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

## गोकर्ण कॉरिडोर के निर्माण का विधायक ने किया निरीक्षण

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। छोटी काशी कॉरिडोर को दिव्य और भव्य स्वरूप देने की दिशा में बुधवार को विधायक अमन गिरि ने निर्माण स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परियोजना से जुड़े विभिन्न कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लेते हुए कार्यदायी संस्था को तेजी के साथ मानक अनुसार कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के समय विधायक ने रिटेनिंग वॉल, बाउंड्री वॉल, यात्री सुविधा गृह, पौराणिक तीर्थ सरोवर के दक्षिण दिशा में निर्माणाधीन यात्री प्रतीक्षालय, परिक्रमा मार्ग तथा प्रस्तावित कैंटीन का अवलोकन किया। विधायक अमन गिरि ने कहा कि छोटी काशी कॉरिडोर केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि श्रद्धा, संस्कृति और आस्था का प्रतीक है, जिसे पूरी गरिमा और परंपरा के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पौराणिक शिव मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार के समीप स्थित डल्लू राम धर्मशाला परिसर में मौजूद मंदिर का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। साथ ही इस मंदिर को कॉरिडोर से जोड़ने के लिए विशेष मार्ग का निर्माण किया गया है। विधायक ने स्पष्ट किया कि कॉरिडोर निर्माण में पंडा-पुजारियों की पारंपरिक व्यवस्था का पूरा सम्मान रखा जाएगा और मंदिर परिसर में पहले से कार्यरत पंडा-पुजारियों को प्राथमिकता के आधार पर स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों पर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक ने कहा कि कुछ लोग कॉरिडोर की संरचना को लेकर भ्रम फैला रहे हैं, जबकि पौराणिक शिव मंदिर के गर्भगृह को और अधिक दिव्य एवं भव्य स्वरूप देने को लेकर विशेषज्ञों के साथ गंभीर विमर्श किया जा रहा है। इस मौके पर आर्किटेक्ट उत्कर्ष शुक्ला ने बताया कि अधिग्रहण के दौरान जिन धर्मशालाओं को ध्वस्त किया गया है और जहां अभी निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है, उन स्थलों को कलेक्शन एरिया के रूप में सुरक्षित रखा गया है, जिनका भविष्य में उपयोग किया जाएगा। वहीं कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के असिस्टेंट प्रोजेक्ट मैनेजर दिव्य जोत मिश्रा ने बताया कि कॉरिडोर का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

## एसडीएम ने विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। उपजिलाधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी ने बुधवार को नगर सलेमपुर और बहेरा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की पड़ताल की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षाओं में पठन-पाठन की स्थिति, विद्यार्थियों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता तथा विद्यालय परिसर की साफ-सफाई का जायजा लिया। एसडीएम ने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के निर्देश देते हुए रसोइयों से स्वच्छता एवं पौष्टिकता के सभी मानकों का कड़ाई से पालन करने को कहा। विद्यालय परिसर में साफ-सफाई को लेकर भी उन्होंने संबंधित कर्मियों को नियमित निगरानी के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय छात्र उपस्थिति अपेक्षाकृत कम मिलने पर एसडीएम ने असंतोष जताया। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि अभिभावकों से संवाद कर बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए, ताकि प्राथमिक शिक्षा का उद्देश्य पूर्ण हो सके। एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने स्पष्ट कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सीडीओ ने की बैंकर्स संग बैठक, दिए निर्देश




लखीमपुर खीरी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है। जिले के ऋणी और गैर-ऋणी किसान भाई अपनी फसलों का बीमा समय रहते करवा सकते हैं। प्रशासन ने इस दिशा में गंभीर पहल करते हुए विकास भवन स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में बैंकर्स के साथ बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता सीडीओ अभिषेक कुमार ने की। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि वे योजना का अधिकतम लाभ उठाएं और सुनिश्चित करें कि उनकी फसल बीमा के दायरे में हो।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि जिले के अधिसूचित फसल गेहूँ, मसूर और लाही-सरसो के लिए किसान अपने खेतों का बीमा कर लाभ उठा सकते हैं।

प्रीमियम दर बीमित राशि का मात्र 1.5 प्रतिशत तय किया गया है। गेहूँ के लिए 1,326 रुपये प्रति हेक्टेयर, सरसो के लिए 776 रुपये प्रति हेक्टेयर और मसूर के लिए 819 रुपये प्रति हेक्टेयर निर्धारित है। इससे किसान न्यूनतम लागत में अपनी फसल को प्राकृतिक आपदा और मौसमीय जोखिमों से सुरक्षित कर सकते हैं। सीडीओ ने जनपद के किसान भाइयों से अनुरोध करते हुए कहा कि योजनान्तर्गत अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुये योजना का लाभ लें। सीडीओ ने बैंकर्स को निर्देशित किया कि सभी ऋणी किसानों से सहमति लेकर उनका फसल बीमा सुनिश्चित की जाए। गैर-ऋणी किसानों के लिए फसल बीमा की सुविधा और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी सभी शाखाओं में उपलब्ध कराई जाए। सीडीओ ने कहा कि अबतक केवल 4000 पालिसी बैंक स्तर से क्रिएट की गई, अवशेष केसीसी धारक कृषकों के डेटा बेस पर निर्णय ले, चूंकि मात्र २१ प्रतिशत डेटा पर बैंक प्रबंधक द्वारा निर्णय लिया गया।

अवशेष 71 प्रतिशत डेटा पर 25 दिसंबर तक निर्णय लेते हुए लंबित डेटा का निस्तारण पूर्ण कर ले। जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि योजना के तहत प्रतिकूल मौसमीय स्थितियों से अधिसूचित फसलों को क्षति होने की स्थिति में बीमित कृषकों को बीमा कवर, क्षतिपूर्ति प्रदान किया जाता है जैसे फसल की बुवाई न कर पाना/असफल बुवाई, फराल की मध्य अवस्था में क्षति, खड़ी फसलों को प्राकृतिक आपदाओं, रोगों, कीटों से क्षति, ओलावृष्टि, जलभराव, बादल फटना, भूस्खलन, बिजली गिरने से क्षति फसल कटाई के उपरान्त आगामी 14 दिन की अवधि तक खेत में सुखाई हेतु रखी हुई फसल को ओलावृष्टि, चक्रवात, बेमौसम/चक्रवाती वर्षा से नुकसान की जोखिम को कवर किया गया है।

# घना कोहरा और कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित

पसगवां खीरी। जनपद खीरी में घने कोहरा और कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित है। पसगवां कोहरा अधिक होने के कारण सड़कों पर हादसों की आशंका बढ़ गई है। कड़ाके की ठंड और कोहरे



ब्लॉक क्षेत्र में पिछले दो तीन दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है घना कोहरा और कड़ाके की ठंड ने आम जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित किया है। सुबह और देर शाम सड़कों पर दृश्यता बेहद कम हो जाती है जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह सड़कों पर पीछे दो दिनों से सड़के घने कोहरे से लिपटी नजर आ रही है जिससे वाहनों को हैडलाइट जलाकर बेहद धीमी गति से चलाना पड़ रहा है। के कारण रोजमर्रा की जिंदगी भी प्रभावित हुई है स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए यह मौसम विशेष चुनौती बन गया है लोग आवश्यक कार्यों ने लिए ही अपने घरों के बाहर निकल रहे है। वहीं अभिभावक भी अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। ठंड से बचने के लिए लोग गरम व ऊनी कड़पे और आग का सहारा ले रहे है मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी ठंड और घना कोहरा रहने की संभावना है।

## एनएसएस स्वयंसेवकों के लिए ब्लड ग्रुप जांच शिविर आयोजित

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर से संबद्ध कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद में एनएसएस के नव प्रवेशित स्वयंसेवकों के लिए ब्लड ग्रुप जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर के दौरान ग्लोबल पैथोलॉजी लैब की टीम ने स्वयंसेवकों के रक्त नमूने लेकर उनके रक्त समूह की जांच की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने ब्लड ग्रुप की जानकारी देना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना रहा। ब्लड ग्रुप जांच शिविर का संचालन चिकित्सा परामर्शदाता डॉ. रविंद्र नाथ कुमार वर्मा की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर सह प्राध्यापक डॉ. अरुण कुमार, गेस्ट फैकल्टी डॉ. रणधीर यादव, डॉ. सतेन्द्र कुमार सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिष्ठाता डॉ. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि एनएसएस केवल सेवा गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों में अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी और स्वास्थ्य जागरूकता विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना सं: इज्जत./इलै./ओ.टी./26/2025, दिनांक 12-12-2025**

निम्नलिखित कार्य के लिये ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती है:–

**क्रम सं.-01,** कार्य का नामः इज्जतनगर मंडल के अन्तर्गत विविध दूरसंचार कार्यो–स्टैंडबाय मास्टर टेलीफोन, पोर्टा हट के स्थान पर ओ. एफ.सी. मीडिया और S&T सर्विस बिल्डिंग का सुदृढ़ीकरण, रामपुर–लालकुआं खण्ड में सेक्शनल गति 130 किमी/घंटा बढ़ाने के लिये विविध सिग्नलिंग कार्य, काशीपुर स्टेशन पर रिले रूम का विस्तार, विभिन्न खंडो में सीमित दृश्यता वाले 06 एल.सी. की इंटरलॉकिंग, अलीगंज स्टेशन पर दूसरी लूप लाइन का प्रावधान तथा लालकुआं यार्ड में इलेक्ट्रिक लोको ट्रिप शेड का निर्माण के संबंध में सामान्य विद्युतीकरण कार्य। **विवरणः** अनुमानित लागत रू. में: ₹ 70,59,237.54, धरोहर राशि रू. में: ₹ 1,41,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू.में: शून्य, निविदा का प्रकारः खुली निविदा, ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः 05-01-2026, 15:00 बजे तक, स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 12 माह।

• इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास–III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिये। • निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वे समय–समय पर ऑन लाइन जारी किये गये शुद्धिपत्र की जाँच करे, यदि कोई हो। समाचार पत्र में अलग से कोई प्रकाशन जारी नहीं किया जायेगा।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)**
मुजाधि/विद्युत–215 **इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में गुरु रामदास अकादमी बालिका वर्ग में अव्वल




पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। कस्बा स्थित रेहरिया में श्री गुरु रामदास अकादमी गोला मोहम्मदी रोड साहबगंज परिसर में आयोजित दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ विभिन्न खेलों में प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता के समापन पर बालिका वर्ग में श्री गुरु रामदास अकादमी रेहरिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि उपविजेता कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला रहा। खेलों के दौरान 100 मीटर व 200 मीटर दौड़ (बालक-बालिका), खो-खो, कबड्डी, लंबी कूद और 400 मीटर दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। अंडर-18 कबड्डी बालिका वर्ग में श्री गुरु रामदास अकादमी प्रथम तथा कृषक समाज इंटर कॉलेज उपविजेता रहा। वहीं अंडर-18 कबड्डी बालक वर्ग में कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला ने प्रथम स्थान हासिल किया। 18 वर्ष आयु वर्ग की लंबी कूद बालक वर्ग में सत्यम राज प्रथम रहे, जबकि 400 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में अमनजोत कौर (श्री गुरु रामदास अकादमी) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-12 लंबी कूद में मोहम्मद उवेश ने बाजी मारी। समापन अवसर पर विद्यालय समिति द्वारा विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल व खेल प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय समिति अध्यक्ष दरलाज सिंह, प्रबंधक समाजसेवी स्वर्ण सिंह उर्फ भुल्लर भैया, उप-प्रबंधक कमलजीत सिंह, संरक्षक सतनाम सिंह, कोषाध्यक्ष गुरविंदर सिंह, प्रधानाचार्य ललित मोहन मिश्रा सहित अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण पाकर दिव्यांगों के खिले चेहरे



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ब्लॉक सभागार गोला में आयोजित कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर में मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि की मौजूदगी में दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुसार उपकरण वितरित किए गए। शिविर में दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, बैसाखी सहित अन्य सहायक उपकरण प्रदान किए गए, जिन्हें पाकर लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विधायक अमन गिरि ने दिव्यांगजनों को उपकरण वितरित कर उनका सम्मान किया और कहा कि ऐसे शिविर समाज के कमजोर वर्ग को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए लगातार योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाया जा रहा है। सभी ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सराहनीय पहल बताया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख कुम्भी विमल वर्मा, काके सिंह (डायरेक्टर), मुकेश गुप्ता (प्रधान), सुरेश जायसवाल, मुकेश आनंद, अशोक गुप्ता, अनिरुद्ध मिश्रा, अनिरुद्ध मिश्रा, कफील अहमद, दानिश रायन, संजय वर्मा सहित कई सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## आधारशिला में वार्षिकोत्सव संपन्न

तिकुनियां-खीरी। आधारशिला एकेडमी में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। आधारशिला एकेडमी में वार्षिकोत्सव पर बच्चो ने देशभक्ति गीत,लोकगीत के साथ साथ भांगड़ा व गिद्धा नृत्य भी प्रस्तुत किया। बच्चो के कार्यक्रम को देखकर मौजूद लोगो ने खूब तालियां बजाई। कार्यक्रम में गुरु तेगबहादुर जी के शहीदी दिवस के 350 वर्ष पूरे होने पर श्रंद्धाजलि भी दी गई। मुख्य अतिथि 70 वी बटालियन की कमांडेंट पल्लवी अरोड़ा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में छुपी प्रतिभा निखर कर सामने आती है और आपसी भाईचारा व प्रेम का विकास होता है। इस दौरान वीरेंद्र बरार, सुखदेव सिख गिल, सिपेंदर, रमेश अग्रवाल सहित प्रधानाचार्य प्रीती अग्रवाल भी मौजूद रही।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

उप–मुख्य अभियन्ता/नि०–V/लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर मोहरबंद ई–निविदाएं **डबल/दो पैकेट** में आमंत्रित की जाती हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | "अमेठी–प्रतापगढ़–जंघई खंड में डबलिंग परियोजना से संबंधित शेष विभिन्न सिविल कार्यों का निष्पादन तथा फाफामऊ–ऊँचाहार डबलिंग कार्य के संबंध में ऊँचाहार में अधिकारी विश्राम गृह, अधीनस्थ विश्राम गृह एवं कैंप कार्यालय का निर्माण तथा अन्य संबंद्ध कार्य, जो उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के अंतर्गत उप मुख्य अभियंता/निर्माण–V/लखनऊ की इकाई के अधीन हैं।" | | |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह | | |
| कार्य की अनुमानित लागत | ₹2502.17 लाख | धरोहर राशि | ₹14,01,100/- |
| ई–निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएं दिनांक 12.01.2026 के 11:30 बजे तक IREPS के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनांक 12.01.2026 को समय 11:30 बजे खोली जाएगी। | | |
| विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनांक 22.12.2025 से IREPS के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगे व दिनांक 29.12.2025 से 12.01.2026 तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। | | |

सं.: 15–टेंडर/उप–मुख्य अभियंता/नि०–V/लखनऊ
दिनांक: 16.12.2025 3890/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

## बढ़ी गलन, नहीं हुए भगवान भास्कर के दर्शन

आजमगढ़। जनपद में बुधवार को एकदम से मौसम ने करवट बदली और कई दिनों से सुबह निकल रही धूप नदारह रहा, इस तरह सर्द मौसम ने अपनी दस्तक देकर लोगों को परेशान किया। पूरे दिनघने कोहरे की चादर से जनपद लिपटा रहा। सुबह होने के बाद कोहरा धीरे-धीरे तो छट गया लेकिन सूर्य भगवान का दर्शन नहीं हो सका। लोग बेचैन हो गए। ठंड से सिकुड़े लोगों को खुद को गर्म रखने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग घर में ही दुबक गए। लेकिन जिनकी मजबूरी बाहर निकाल कर काम करने की थी वह लोग गर्मी पाने के लिए जगह-जगह भटकते रहे। नगर पालिका की तरफ से कहीं अलाव की व्यवस्था अभी तक नहीं की गई थी इसलिए कुछ जगहों पर लोगों ने खुद से लकड़ी को इकठ्ठा कर आग से गर्म रखने का प्रयास किया। वहीं दूसरी तरफ नगर पालिका विभाग फिलहाल उन जगहों की सूची बनाने में ही जुटा है जहां पर अलाव के लिए लड़कियों को गिराना है। मगर नगर पालिका की तरफ से फिलहाल पिछले वर्ष की सूची के अनुसार ही कार्य किया जा रहा है। जिसको लेकर कई सवाल भी खड़े हो रहे हैं।

## रेलवे क्रॉसिंग पर साइकिल सवार की मौत

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले के निजामाबाद तहसील क्षेत्र में सरायमीर रेलवे स्टेशन के पास बुधवार सुबह करीब 10 बजे एक साइकिल सवार की रेलवे ट्रैक पर दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान देवेश कुमार (पुत्र बहादुर) निवासी कोल्ह, कोतवाली फूलपुर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, आसनसोल-गोंडा एक्सप्रेस ट्रेन ने सरायमीर रेलवे क्रासिंग पर देवेश कुमार को काट दिया। घटना आउटर सिग्नल के अंदर हुई, जो जीआरपी (गवर्नमेंट रेलवे पुलिस) के क्षेत्राधिकार में आता है। घटना की सूचना मिलते ही सरायमीर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। चूंकि यह क्षेत्र जीआरपी आजमगढ़ के अंतर्गत आता है, इसलिए सरायमीर पुलिस ने जीआरपी को सूचना दी। जीआरपी की टीम ने मौका-मुआयना किया, शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि देवेश कुमार साइकिल से घटनास्थल पहुंचे थे और साइकिल को ट्रैक के किनारे खड़ा करके ट्रैक पर लेट गए, जिससे यह आत्महत्या की घटना प्रतीत होती है। हालांकि पुलिस इसकी आधिकारिक जांच कर रही है। घटना के बाद सरायमीर रेलवे क्रासिंग पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

## बिजली करंट से झुलसे व्यक्ति की मौत

लालगंज, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत धनावल गांव में बिजली का तार ठीक करते समय मंगलवार को करंट की चपेट में आने से 44 वर्षीय मोहनलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन आनन फानन में मीरजापुर अस्पताल लेकर गए, जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। लालगंज थाना क्षेत्र के धनावल गांव निवासी मोहनलाल बिजली की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। स्वजन रात में उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सुपुर्द कर दिया।

## वृद्ध को सांड़ ने पटक पटक कर मार डाला

जौनपुर। सरायख्वाजा गांव निवासी 85 वर्षीय सांवले सिंह को को सांड ने हमला कर पटक पटक कर मार डाला। वह नित्य क्रिया को निकले थे। घटना के बाद जहां गांव के लोग दहशत में हैं वहीं बेसहारा पशुओं को गोशाला भेजने की व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। बताते है कि मृतक सांवले सिंह को संतान नहीं है। वह अपने भाई संजय सिंह व भतीजों के साथ रहते थे। नित्य क्रिया के लिए घर से बाहर निकले थे। इसी दौरान घर के सामने मौजूद सांड ने अचानक उन पर हमला कर दिया। जमीन पर गिरने के बाद भी सांड हमलावर रहा। सुबह का समय होने से आस-पास कोई मौजूद भी नहीं था। सांड के हमले के बाद बुरी तरह घायल सांवले तकरीबन आधे घंटे जमीन पर ही पड़े थे। घरवालों की नजर पड़ी तो ग्रामीणों की मदद से आनन-फानन जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए कब्जे में लिया गया है।

# आधुनिक खेती से किसानों की आय में हो रही वृद्धि



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। जिलाधिकारी बीएन सिंह ने आज राबर्ट्सगंज ब्लाक अन्तर्गत कुसी गांव में कृषक बन्धुओं द्वारा तकनीकी विधि से खेती, बागवानी की जा रही है, उसका जायजा लेने के लिए कृषक भोला के खेत पर पहुंचे।

इस दौरान कृषक भोला द्वारा एक साथ पपीते के पौधे, ड्रैगन फ्रूट, स्ट्राबेरी, सूरन, अमरूद, केला आदि की खेती व बागवानी का जायजा लिये। कृषक बन्धु द्वारा इस तरह से तकनीकी आधारित खेती को देखकर जिलाधिकारी ने काफी प्रसन्नता व्यक्त की, इस दौरान उन्होंने कहा कि जनपद सोनभद्र में कृषक बन्धुओं द्वारा तकनीकी आधारित खेती के माध्यम से आय में वृद्धि करके अपने जीवन स्तर में सुधार ला रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के विजन को आगे बढ़ा रहे हैं, जनपद में इस तरह से तकनीकी आधारित खेती से जनपद के कृषक खुशहाल हो रहे हैं, इस दौरान उन्होंने कहा कि जनपद की पहचान अब तकनीकी आधारित खेती से होगी, क्योंकि यहां के कृषक बन्धुओं द्वारा मिर्चा व टमाटर की खेती अधिक उत्पादन करके उसका व्यापार कलकत्ता, बंगलादेश तक निर्यात किया जा रहा है और आय में वृद्धि का प्रमुख माध्यम बना है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत सब्जी की खेती, संरक्षित खेती, बागवानी मशीनीकरण योजना के तहत कृषक बन्धु अपनी आय में वृद्धि कर रहे हैं। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद उद्योग योजना के तहत कृषि आधारित कार्य करके कृषक बन्धु अपने जीवन स्तर में सुधार कर रहे हैं, इस दौरान उन्होंने कृषक बन्धुओं से खेती-बागवानी के माध्यम से हो रही आय के सम्बन्ध में जानकारी ली तो कृषक बन्धुओं द्वारा बताया गया टमाटर, मिर्चा, ड्रैगन फ्रूट आदि खेती के माध्यम से सालाना आय 8-10 लाख रुपए तक हो जाती है। इस दौरान जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बताया गया कि इस क्षेत्र में लगभग 70-80 की संख्या में कृषक बन्धु मिर्चा, टमाटर, ड्रैगन फ्रूट व पपीता आदि की खेती करके कृषक बन्धु अपनी आय में वृद्धि कर रहे हैं। इस मौके पर जिला उद्यान अधिकारी मेवाराम, डी0सी0 जी राम जी रवीन्द्र वीर सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी श्री विनय कुमार सिंह, उद्यान निरीक्षक सहित कृषक बन्धुगण उपस्थित रहें।

## खेल स्पर्धा का विधायक ने किया शुभारंभ

सोनभद्र। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल के तत्वावधान में आयोजित विधायक खेल स्पर्धा का शुभारंभ बुधवार को घोरावल तहसील के जन सेवा इंटर कॉलेज, इमलीपुर में हुआ।



घोरावल के विधायक डॉ. अनिल कुमार मौर्य ने कबड्डी, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल सहित आठ विधाओं की प्रतियोगिताओं का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जाति एवं राबर्ट्सगंज ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने की। वॉलीबॉल मैच के साथ खेलों का प्रारम्भ करते हुए डॉ. मौर्य ने कहा, यह स्पर्धा खेलो इंडिया का ही एक अंग है; ग्रामीण स्तर पर खेल की भावना को प्रोत्साहित करने से स्वास्थ्य एवं उत्साह में वृद्धि होगी। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उत्साहवर्धन किया और उनके हौसले को सराहा। यह खेल महोत्सव ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर क्षेत्र में खेल संस्कृति को मजबूत करने का अनुठा प्रयास है। इस मौके पर घोरावल उप जिलाधिकारी आशीष तिवारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी दिनेश कुमार, व्यायाम प्रशिक्षक प्रदीप कुमार सिंह, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी धर्मेंद्र सिंह, अनुज त्रिपाठी, रवि शंकर कुशवाहा, अभय सिंह, ग्राम प्रधान विकास सिंह, आनंद सिंह आदि उपस्थित रहे।

## कोटारनाथ में एक लाख से अधिक भक्तों ने टेका मत्था



हलिया, मीरजापुर। बुधवार को क्षेत्र के सुप्रसिद्ध कोटार नाथ शिव मंदिर पर पौष त्रयोदशी (पूसी तेरस) मेला पर एक लाख से अधिक भक्तों ने दर्शन पूजन किया। भोर में हुई मंगला आरती के पश्चात क्षेत्रीय लोगों के अलावा मध्यप्रदेश के सीधी, रीवा, सतना, सिंगरौली जिले तथा पड़ोसी जनपद प्रयागराज, सोनभद्र, भदोही से भक्तों की भीड़ कोटारनाथ का दर्शन पूजन के लिए उमड़ पड़ी।

भक्तों ने अदवा नदी में स्नान करने के बाद हाथों में माला फूल, नारियल, प्रसाद, भांग धतूरा, विल्व पत्र आदि लेकर भूत भावन भोलेनाथ को अर्पित कर जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक किया। मंदिर परिसर में स्थित माता पार्वती, भगवान गणेश माता सरस्वती व हनुमान जी का भी विधि विधान से दर्शन पूजन किया। भक्तों के बोल बम व हर हर महादेव के उद्घोष से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। मेले में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए थानाध्यक्ष हलिया राजीव कुमार श्रीवास्तव सहित पुलिसकर्मियों को मशक्कत करनी पड़ी। मंदिर परिसर में भक्तों ने बच्चों का मुंडन संस्कार करवाने के बाद हवन पूजन कर मनौती पूर्ण की। दर्शनार्थियों ने मेले में लगी दुकानों से प्रसाद, श्रृंगार के सामान, बांस की टोकरी, लकड़ी की मथानी, मूसल आदि की खरीददारी की। भीड़ को देखते हुए वाहनों को मेला क्षेत्र के बाहर रोक दिया गया था। कोटार सोठिया मार्ग व कोटार ड्रमंडगंज हलिया मार्ग सहित कुल तीन स्थानों पर बैरियर लगाकर वाहनों को रोक दिया जा रहा था। दर्शन पूजन के बाद कुछ भक्तों ने अदवा नदी के तट पर बाटी चोखा का आनंद लिया। महिला दर्शनार्थियों की सुरक्षा को लेकर महिला कांस्टेबल मंदिर परिसर में तैनात रही। मंदिर पुजारी सीताराम गिरी व जयराम गिरी ने बताया कि पौष त्रयोदशी तिथि पर एक लाख से अधिक भक्तों ने कोटारनाथ का दर्शन पूजन कर मनोकामनाएं पूरी की।

## तीन महिलाओं के कोटर धाम में काटे आभूषण

हलिया, मीरजापुर। बुधवार को कोटर धाम में दर्शन पूजन करने के लिए आई तीन महिलाओं के आभूषण कट गए रोटी बिलखती महिलाएं अपने घर को वापस हुई जिसमें चिल्ह गांव निवासी सीजल देबी का मंगलसूत्र गर्भ गृह में कट गया, वहीं लालगंज थाना क्षेत्र के उरुआ गांव निवासी सुनीता त्रिपाठी का मंगलसूत्र कट गया तथा चुनार के समसपुर निवासी देवी का लगभग 25 हजार का मंगलसूत्र कट गया। महिलाओं ने रोती-बिलखती अपने घर को वापस गई। यह संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव का कहना है की जांच पड़ताल की जा रही है।

## चाइनीज मांझा को लेकर चलाया जागरूकता अभियान




जौनपुर। चाइनीज मांझा के प्रति लोगों को जागरूक करते हुये समाजवादी महिला सभा की प्रदेश सचिव उषा जायसवाल ने नगर के मोहल्ला नखास के सद्भावना पुल के नीचे स्थित नवदुर्गा शिव मन्दिर के पास विसर्जन घाट पर लोगों से अपील किया कि चाइनीज मांझा जो मौत का मांझा बन चुका है, को रोका जाना आवश्यक हो गया। हम सभी अभिभावक अपने बच्चों सहित अगल-बगल मोहल्लों में चाइनीज मांझे का उपयोग कर रहे लोगों को इसके दुष्परिणाम के प्रति समझाकर इसके प्रयोग को रोका जा सकता है।

श्रीमती जायसवाल ने लाउडस्पीकर के माध्यम से घूम-घूम करके जागरूक किया। जिला एवं पुलिस प्रशासन के लोगों से भी अपील किया कि चाइनीज मांझा बेचते हुये कोई भी दुकानदार पाया जाय तो उसके विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जाय। चाइनीज मांझा का शिकार 40 वर्षीय संदीप तिवारी की शहादत बेकार नहीं जायेगी। हम सभी लोग टीम बनाकर घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने का काम कर रहे हैं। साथ ही जिला एवं पुलिस प्रशासन यदि नहीं चेता तो उसका भी घेराव किया जायेगा। पार्टी के प्रदेश सचिव सुशील दुबे, सदर विधानसभा अध्यक्ष महिला सभा सुशीला यादव, महासचिव पूनम यादव, कोषाध्यक्ष पिंकी गुप्ता, राधिका यादव, रेखा सिंह, धर्मेन्द्र चौरसिया, शिल्पा जायसवाल, शाहिद आदि मौजूद रहे।

## भीषण सर्दी से स्कूलों का समय बदला



जौनपुर। जनपद में पड़ रही भीषण ठंड और गलन को देखते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ० गोरखनाथ पटेल ने जिलाधिकारी डॉ० दिनेश चंद्र की अनुमति से आठवीं तक के समस्त बोर्डों के विद्यालयों के खुलने का समय अग्रिम आदेश तक परिवर्तित करके सुबह दस बजे और बंद होने का समय तीन बजे निर्धारित कर दिया है। जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करवाने को कहा गया है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जनपद जौनपुर के जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने जिलाधिकारी महोदय से कोहरे के कारण सड़कों पर दृश्यता की कमी और बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्कूलों के संचालन का समय परिवर्तन की मांग बुधवार को की थी।

## ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर सड़क का निर्माण रोका

जौनपुर। मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र के सरौना गांव में लोक निर्माण विभाग द्वारा लाखों की लागत से बनाई जा रही सड़क का निर्माण कार्य ग्रामीणों ने बुधवार दोपहर विरोध प्रदर्शन कर रुकवा दिया।



ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है और मानकों की अनदेखी की जा रही है, जिसके कारण सड़क बनते ही उखड़ने लगी है। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क 30 से 35 वर्षों के बाद मड़ियाहूं विधायक डॉ. आर. के. पटेल की निधि से बन रही है। उनके अनुसार, सड़क में इतनी खराब गुणवत्ता की सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है कि लात मारने पर भी गिट्टी उखड़ जा रही है। नंद गोपाल सरोज, करन सरोज, श्यामू सरोज, डॉ. प्रदीप प्रजापति, संदीप सोनकर, आशु विश्वकर्मा, रोहित सरोज, संतोष कुमार श्रीवास्तव, जियालाल सरोज, शुभम दुबे, विशाल गुप्ता, चंदन कश्यप और प्रशांत तिवारी सहित अन्य ग्रामीणों ने इस संबंध में मड़ियाहूं विधायक को फोन पर सूचना दी। विधायक ने ग्रामीणों से कहा कि यदि सड़क गुणवत्तापूर्ण नहीं बन रही है, तो काम को रुकवा दिया जाए। इस मामले में लोक निर्माण विभाग के जेई पी. के. निगम ने बताया कि उन्हें शिकायत मिली है और निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया है। उन्होंने कहा कि मौसम ठंडा होने के कारण ऐसा हो रहा है, लेकिन यदि सड़क गुणवत्तापूर्वक नहीं बनी तो ठेकेदार को भुगतान नहीं किया जाएगा। जेई ने ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण सड़क बनाने के निर्देश दिए हैं और मौके पर जाकर निरीक्षण करने की बात कही है।

## ड्रग माफिया व कफ सीरप तस्करी पर बड़ी कार्रवाई इनामी अभियुक्त गिरफ्तार



जिला संवाददाता

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोनभद्र पुलिस, एसआईटी और एसओजी की संयुक्त टीम ने ड्रग माफिया एवं कफ सीरप तस्करी में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। टीम ने कोलकाता से कफ सीरप तस्करी के मास्टरमाइंड भोला प्रसाद जायसवाल (पुत्र रामदयाल, वाराणसी) को न्यायालय के आदेश पर चार दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर रांची ले गई।

रांची में की गई जांच के दौरान आज 17दिसंबर को सत्यम कुमार (पुत्र स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, वाराणसी, 28) को गिरफ्तार किया गया। सत्यम ने ह्लमाँ कृपा मेडिकलह्व के नाम से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सोनभद्र औषधि विभाग से ड्रग लाइसेंस प्राप्त किया था। इस फर्म के माध्यम से शैली ट्रेडर्स (रांची) से लगभग 6करोड़ का फेन्साडिल कफ सीरप कागजों पर खरीदा गया और फर्जी फर्मों-आयुष इंटरप्राइजेज, सनाया मेडिकल, दिलीप मेडिकल के नाम से बिक्री दिखाकर धनराशि रोटेट की गई। वास्तविक रूप से कोई सीरप परिवहन नहीं हुआ। सत्यम ने पूछताछ में बताया कि उसके बुआ के लड़के रवि गुप्ता और भाई विजय गुप्ता ने माँ कृपा मेडिकल व शिविक्षा फार्मा स्थापित कर फर्जी लाइसेंस प्राप्त किए थे। इस फर्जीवाड़े में लगभग 12करोड़ की कागजी लेन देन-ट्रांसफर हुई। पिछले महीनों में सोनभद्र में 1,19,675 शीशी (3.5 करोड़), रांची में 13,400 शीशी और 3.40 करोड़ की कफ सीरप बरामद की गई थी। गिरफ्तारी में शामिल टीम में निरीक्षक सदानंद राय, प्रणय प्रसून श्रीवास्तव, माधव सिंह, राजेश चौबे, रमेश कुमार और शिवम सिंह शामिल रहे। पुलिस ने इस प्रकरण में आगे की जांच जारी रखने तथा अन्य सह-अभियुक्तों की तलाश शुरू कर दी है।

## बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखायी प्रतिभा



जौनपुर। 47वी जिला स्तरीय दो दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह बी आर पी इंटर कॉलेज के मैदान पर हुआ। इसमें ब्लाक स्तर से चयनित होने के बाद तहसील स्तर की टीमों ने भाग लिया जिसमे प्राथमिक और जूनियर स्कूलों के छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया।

मुख्य अतिथि राज्य मंत्री गिरीश चन्द्र यादव , विधायक बृजेश सिंह जिलाधिकारी डा दिनेश चन्द्र व पुलिस अधीक्षक डा कौस्तुभ व एडी बेसिक हेमंत राव की उपस्थिति मे दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। जूनियर बालिका ग्रुप 600 मीटर दौड़ में रामनगर ब्लाक की बिन्दु पटेल प्रथम, करंजाकला ब्लाक की शिवांगी द्वितीय और मुफ्तीगंज से अलका यादव तृतीय स्थान पर रहीं। जूनियर बालक वर्ग 600 मीटर दौड़ में मुफ्तीगंज से आदित्य वर्मा प्रथम, महाराजगंज से अमन निषाद द्वितीय व सिकरारा ब्लाक से आर्यन यादव तृतीय स्थान पर रहे, जिन्हें मंत्री जी और जिलाधिकारी ने मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। संचालन बीईओ रमेश चन्द्र पटेल व निपुर श्रीवास्तव ने किया। प्रधानाचार्य डा प्रमोद श्रीवास्तव, सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी, विभिन्न बेसिक शिक्षक संघो के पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## ब्रेनवाश कर युवती से 4 लाख 49 हजार रुपये की ठगी

आजमगढ़। जनपद आजमगढ़ के कोतवाली थाना क्षेत्र से साइबर ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है। आसिफगंज पुरानी कोतवाली निवासी प्रदीप नारायण सिंह ने थाना कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि अज्ञात साइबर ठगों ने उनकी पुत्री श्रुति सिंह को व्हाट्सएप लिंक के माध्यम से गुमराह कर लाखों रुपये की ठगी कर ली। प्रार्थी के अनुसार उनकी पुत्री के मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप लिंक आया, जिस पर बातचीत के दौरान ठगों ने उसका ब्रेनवॉश कर लिया। इसके बाद उनकी पुत्री से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा स्थित खाते से अलग-अलग नामों पर कुल 4 लाख 49 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए गए। इसके अलावा कुछ धनराशि बैंक ऑफ बड़ौदा यूपी चौक स्थित खाते से भी ट्रांसफर कराई गई। इस तरह से कुल 490000 की ठगी की गई। पीड़ित परिवार का कहना है कि ठगों ने योजनाबद्ध तरीके से युवती को भ्रमित कर आर्थिक नुकसान पहुंचाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली है। इस बाबत अपर पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और साइबर सेल की मदद से ठगों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी भी अज्ञात लिंक, कॉल या मैसेज पर भरोसा न करें और सतर्क रहें।

## पेंशनर दिवस का आयोजन, सुनी गईं समस्याएं

आजमगढ़। उप्र शासन वित्त सेवाएं एवं जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में जनपद आजमगढ़ के हरिऔध कला केन्द्र आजमगढ़ में पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के विभिन्न पेंशन संगठनों के पदाधिकारियों एवं पेंशनरों के साथ-साथ जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारियों/ कर्मचारियों के बैठक में प्रतिभाग किया। पेंशनर्स संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्य रूप से गिरीश चन्द्र चतुर्वेदी, उदय राज यादव, शीतल प्रसाद श्रीवास्तव, इन्द्रासन सिंह, रमाकान्त सिंह, सूर्यदेव मिश्र, आदि द्वारा पेंशनर की समस्याओं/सुझाव से अवगत कराया गया। मुख्य कोषाधिकारी अनुराग श्रीवास्तव द्वारा पेंशनरों को आनलाइन जीवन प्रमाण-पत्र पूर्ण करने के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। पेंशनर दिवस की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) गम्भीर सिंह द्वारा की गयी तथा अन्त में अध्यक्ष द्वारा पेंशनरों को धन्यवाद देते हुए सभा का समापन किया गया।

## पुलिस की मुठभेड़ में गौ तस्कर घायल

मीरजापुर। लालगंज थाना क्षेत्र के वाराणसी रीवा हाईवे पर पास बुधवार को लालगंज पुलिस को मुखबिर के जरिए एक बड़ी सफलता हाथ लगी। डीसीएम सवार गो तस्कर 33 गोवंशो को सीधी मध्य प्रदेश से लादकर बध हेतु बिहार ले जा रहे थे कि थाना प्रभारी निरीक्षक अभय कुमार सिंह मय पुलिस टीम के साथ डीसीएम वाहन को रोकने का प्रयास किया तो गो तस्कर वाहन से नीचे उतरे और गिरफ्तारी से बचने के लिए एक गो तस्कर द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई में गो तस्कर सोनू बिंद पुत्र जैसनाथ उर्फ टुनटुन निवासी चक्रपानपुर थाना मिजार्मुराद जिला वाराणसी के पैर में गोली लगी। जबकि दूसरा गो तस्कर मिथिलेश कुमार पुत्र मदन बिंद निवासी चक्रपानपुर थाना मिजार्मुराद, वाराणसी वाहन की चपेट में आने से घायल हो गया जिसे पकड़ लिया गया। घटना में प्रयुक्त एक अदद तमंचा 315 बोर एक जिंदा कारतूस एक अदद खोखा बरामद किया गया। दोनों घायलों को पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले गए जहां पर प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सक रेफर कर दिया।



## रिफाइनरी में संदिग्ध परिस्थिति में मजदूर की मौत

मीरजापुर। जिले के लालगंज कोतवाली क्षेत्र के लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत बिहार निवासी एक मजदूर की बुधवार को सुबह संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। पिता खुर्शीद ने थाने में ट्रक की चपेट में आने से मौत होने की तहरीर दी है। पुलिस शव का पोस्टमार्टम के बाद जांच में जुटी हुई है। लहंगपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के पगार गांव के पास एक रिफाइनरी फैक्ट्री में काम करते समय ट्रक की चपेट में आने से मुर्शीद की मौत होने की सूचना मृतक के पिता खुर्शीद ने थाने में तहरीर दिया है। जबकि दूसरी ओर इस संबंध में चर्चा जोरों पर है कि पगार में स्थित फैक्ट्री में काम करते समय पट्टे में फंसने से मुर्शीद की मृत्यु हुई है। लोगों में चर्चा है कि फैक्ट्री मालिक को बचाने के लिए घटना को ट्रक दुर्घटना का रूप दिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बिहार निवासी मुर्शीद अपने परिवार के साथ पिछले 1 साल से चितांग में स्थित किराए के मकान में रहकर फैक्ट्री में काम करता था। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अभय कुमार सिंह ने बताया कि मृत युवक के पिता द्वारा दिए गए तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जांच पड़ताल की जाएगी। दूसरी ओर इस संबंध में मिर्जापुर असंगठित कामगार यूनियन (माकू) के महामंत्री मंगल तिवारी ने घटना को दुःखद बताया है। उन्होंने कहा कि आज कल मजदूरों को जानवरों की तरह इस्तेमाल किया जाता है, पूंजीपति मालिकान अपने वर्करों की सुरक्षा को लेकर संवेदनहीन होते जा रहा है, उन्होंने कहा कि यदि पीड़ित पक्ष चाहे तो माकू यूनियन हर प्रकार की नियमानुसार मदद कर सकता है। इस मामले में यूनियन पीड़ित परिवार के लोगों से मिलकर छानबीन भी करेगा।

## बाइक नींलगाय से भिड़ी, अधेड़ की मौत

जौनपुर। गौरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के बंदरिया बाग गांव के पास बाइक से कहीं जाते समय नींल गाय से टकराकर अधेड़ की मौत हो गई। जिला अस्पताल कर्मचारी जब तक शव को मोर्चरी में रखवाने के लिए लिखा पड़ी करने में जुटे हुए थे। इसी दौरान परिजन लाश को लेकर चले गए। इसी थाना क्षेत्र के चोरसंड गांव निवासी 50 वर्षीय अबुसाद पुत्र इफ्तिखारअहमद मंगलवार की देर शाम बाइक से कहीं जा रहे थे कि बंदरिया बाग के पास अचानक सामने से निकली नीलगाय की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय और 108 नंबर एंबुलेंस कर्मचारी के सहयोग से जिला अस्पताल पहुंचाया गया यहां पर चिकित्सक ने देखने के बाद उसे मृत्य घोषित कर दिया।

## रवि सिंह का बेहतर प्रदर्शन से 95 लाख में चयन

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय की पुरुष क्रिकेट टीम के पूर्व सदस्य रवि सिंह ने घरेलू क्रिकेट से आईपीएल तक का सफर तय कर विश्वविद्यालय और जनपद को गौरवान्वित किया है। आईपीएल 2026 ऑक्शन में राजस्थान रॉयल्स ने उन पर भरोसा जताते हुए 95 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया। इस उपलब्धि के बाद विश्वविद्यालय परिसर और खेल जगत में हर्ष का माहौल है। रवि सिंह के चयन पर विश्वविद्यालय के क्रिकेट प्रशिक्षक विजय प्रकाश ने ने कहा कि रवि ने अनुशासन, कठिन परिश्रम और निरंतर बेहतर प्रदर्शन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। मऊ जिले के निवासी रवि सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की उस टीम के अहम सदस्य रहे हैं, जिसने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट प्रतियोगिता, कानपुर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया था। विश्वविद्यालय स्तर पर शानदार प्रदर्शन के बाद उनका चयन भारतीय रेलवे की टीम में हुआ, जहां वे वर्तमान में पेशेवर क्रिकेटर के रूप में खेल रहे हैं। रवि सिंह रेलवे की ओर से रणजी ट्रॉफी, विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुस्ताक अली ट्रॉफी जैसे प्रतिष्ठित घरेलू टूर्नामेंटों में लगातार हिस्सा ले चुके हैं। हाल ही में सीमित ओवरों के एक मुकाबले में खेली गई उनकी तेजतर्रार अर्धशतकीय पारी ने चयनकताओं और फ्रेंचाइजी स्काउट्स का विशेष ध्यान आकर्षित किया, जिसका परिणाम आईपीएल ऑक्शन में चयन के रूप में सामने आया। रवि सिंह की यह उपलब्धि पूर्वांचल क्षेत्र के उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत मानी जा रही है।

## एलिवस लाइफ साइंस का कैंपस साक्षात्कार आज

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के केंद्रीय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा एलिवस लाइफ साइंस के सहयोग से 18 दिसंबर को विश्वविद्यालय परिसर में एम.एससी. एवं बी.एससी. रसायन विज्ञान तथा एम.एससी. एवं बी.एससी. सूक्ष्म जीवविज्ञान के विद्यार्थियों के लिए कैंपस साक्षात्कारध्प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। यह आयोजन विद्यार्थियों को उद्योग से सीधे जोड़ने तथा उन्हें रोजगार के वास्तविक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है। केंद्रीय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ की यह पहल विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट संस्कृति को सुदृढ़ करने तथा विद्यार्थियों के करियर निर्माण में एक प्रभावी कदम के रूप में देखी जा रही है।

संक्षेप

## स्वरोजगार को बढ़ावा देने की बड़ी पहल

**देवरिया ।** अग्रणी जिला प्रबंधक आर एस प्रेम ने बताया है कि ग्रामीण युवाओं, महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में फ्ष्एळकद्वारा एक सराहनीय कदम उठाया गया है। इसके अंतर्गत फ्ष्एळकसे प्रशिक्षित कैंडिडेट्स एवं पंजीकृत स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को अपने उत्पादों और सेवाओं के प्रचार-प्रसार एवं बिक्री हेतु उत्पाद प्रदर्शनी एवं बिक्री मेला आयोजित करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम 21 दिसंबर 2025 को प्रातः 9:30 बजे से आयोजित होगा। आयोजन स्थल आर.सेटी पुरुषोतमपुर, डुमरी चौराहा से 1 किलोमीटर पहले निर्धारित किया गया है।

इस मेले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में तैयार हो रहे स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना, स्वरोजगार को बढ़ावा देना और प्रतिभागियों को प्रत्यक्ष मार्केटिंग का अनुभव प्रदान करना है।

# कलेक्ट्रेट के सभागार में पेंशनरों का हुआ सम्मान




**देवरिया ।** कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा पेंशनरों को शॉल ओढ़ाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी देवरिया द्वारा भी सभी पेंशनरों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में पेंशनर संगठनों एवं पेंशनरों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों एवं ज्ञापनों पर जिलाधिकारी ने यथोचित एवं नियमानुसार कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी देवरिया को निर्देशित किया कि पेंशनरों से संबंधित सभी लंबित चिकित्सीय प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता एवं वरीयता के आधार पर दो माह के भीतर सुनिश्चित किया जाए।

इस अवसर पर अपर उप जिलाधिकारी देवरिया अवधेश निगम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता, वरिष्ठ कोषाधिकारी अतुल कुमार पाण्डेय, वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक शिक्षा) मदन मोदन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव, डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर अमित सिंह, जिला उद्यान अधिकारी राम सिंह सहित जनपद के विभिन्न कार्यालयाध्यक्ष उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त गवर्नमेंट पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेन्द्र मणि त्रिपाठी, पेंशनर कल्याण संस्था के अध्यक्ष श्रीराम त्रिपाठी, मंत्री लालसा यादव एवं जनपद के अन्य पेंशनर भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कोषाधिकारी अतुल कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पेंशनर सौदागार सिंह द्वारा कविता पाठ के माध्यम से किया गया। विभिन्न पेंशनर संगठनों के अध्यक्षों, मंत्रियों एवं पेंशनरों ने अपनी समस्याओं एवं सुझावों से जिलाधिकारी को अवगत कराया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कोषागार कार्यालय के सहायक कोषाधिकारी नन्दलाल चौरसिया, कोषागार लेखाकार आर.के. पाण्डेय, बिजेन्द्र कुमार पाण्डेय, रामनारायण, शारदेश कुमार सिंह, जितेन्द्र कुमार सरोज, रोकड़िया दिनेश प्रसाद गुप्ता सहित अन्य कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## डीएम ने सुनीं पेंशनरों की समस्याएं

**कुशीनगर।** पेंशनर दिवस के अवसर पर डीएम महेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पेंशनरों द्वारा उठाई गई समस्याओं को गंभीरता पूर्वक एक-एक कर सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने पेंशनर दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पेंशनर समाज का सम्मान जनपद प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने जानकारी दी कि पेंशनरों के बैठने हेतु सुविधायुक्त कक्ष, जिसमें लाइब्रेरी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं होंगी, के निर्माण के लिए शासन स्तर से बजट स्वीकृत हो चुका है तथा शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जाएगा। बैठक के दौरान पेंशनर संघ के अध्यक्ष द्वारा स्वास्थ्य विभाग के दो पेंशनरों की सर्विस बुक गुम होने के कारण फिक्सेशन की कार्यवाही लंबित होने का विषय उठाया गया। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग को तत्काल कार्यवाही करते हुए प्रकरण का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पेंशनर संघ द्वारा जिला चिकित्सालय में वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनरों के लिए ओपीडी एवं पंजीकरण हेतु पृथक काउंटर की मांग भी रखी गई। जिलाधिकारी ने इस पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए, जिससे पेंशनरों को बेहतर एवं सुगम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।बैठक में बेसिक शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विभिन्न पेंशनर समस्याएं भी प्रस्तुत की गईं, जिनके निस्तारण हेतु वरिष्ठ कोषाधिकारी एवं संबंधित विभागों को शीघ्र एवं प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी सुनील कुमार यादव, जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, कोषागार के मनोज कुमार, मंसूर अली, नागेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में पेंशनरगण उपस्थित रहे।

## कंबल, अलाव व रैन बसेरों की व्यवस्था के लिए एडीएम ने दिए निर्देश

**देवरिया ।** शीतलहर और बढ़ती ठंड को देखते हुए अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) रामशंकर ने जनपद के सभी संबंधित विभागों को अलर्ट मोड में रहते हुए राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी निराश्रित, असहाय अथवा कमजोर व्यक्ति को ठंड से कोई नुकसान न हो।अपर जिलाधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद में कम्बल वितरण, अलाव जलाने तथा रैन बसेरों/शेल्टर होम की समुचित व्यवस्था की जा रही है। सभी रैन बसेरों को 24 घंटे संचालित करने, वहां गद्दे, कम्बल, स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं किचन आदि की निःशुल्क व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही रैन बसेरों के आसपास अलाव जलाने एवं सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने को कहा गया है।

उन्होंने निर्देशित किया कि कोई भी व्यक्ति सड़क या फुटपाथ पर सोने के लिए मजबूर न हो। सभी रैन बसेरों की जियो टैगिंग कराई जाएगी तथा वहां ठहरने वाले लोगों का दैनिक विवरण दर्ज किया जाएगा। रैन बसेरों का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा और वरिष्ठ अधिकारी रात्रिकालीन निरीक्षण करेंगे।

मुख्य मार्गों एवं दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में सफेद थर्मोप्लास्टिक पेंट, रिफ्लेक्टर, सोलर कैट व संकेतक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। ट्रैक्टर-ट्रालियों के पीछे रेडियम पट्टी लगाने के लिए अभियान चलाया जाएगा, जिससे कोहरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण किया जा सके। खराब स्ट्रीट लाइटों को तत्काल ठीक कराने को कहा गया है।

घने कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं में घायलों के त्वरित उपचार के लिए सरकारी एवं निजी चिकित्सालयों में बेड आरक्षित रखने, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता तथा चिकित्सकों व एम्बुलेंस सेवाओं को 24७7 सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## प्रवासी भारतीय मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया शुरू

**देवरिया ।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (रक्क्ष्र) किया जा रहा है।इस अभियान के अंतर्गत ऐसे प्रवासी भारतीय नागरिक, जो अर्हता तिथि को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं अथवा पूर्ण कर रहे हैं, उन्हें मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने का अवसर प्रदान किया जा रहा है उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रवासी भारतीय नागरिक मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने के लिए फार्म-6ए के माध्यम से ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन हेतु भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट ५ङ्मशे१२ॅ.ङ्म५.ल्ल अथवा एउक्छएळ अस्र्रस्र के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। यह ऐप एंड्रॉयड उपयोगकताओं के लिए प्ले स्टोर तथा आईओएस उपयोगकताओं के लिए ऐप स्टोर पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि आवेदन संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को प्रेषित किया जाएगा।

# किसान दिवस का हुआ आयोजन




**देवरिया ।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में गांधी सभागार, विकास भवन, देवरिया में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने धान क्रय से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु सभी संबंधित अधिकारियों, कृषकों एवं किसान यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ पुनः 19 दिसंबर को बैठक कराने के निर्देश दिए। कृषकों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला खाद्य विपणन अधिकारी को राइस मिलर्स को बैठक में बुलाने का निर्देश दिया गया। साथ ही विद्युत विभाग के समस्त अधिशासी अभियंता को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया कि वे प्रत्येक किसान दिवस में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर किसानों की समस्याओं का समाधान करें। यदि अधिशासी अभियंता या सिंचाई विभाग के अधिकारी बैठक में उपस्थित नहीं होते हैं, तो उन्हें स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए जिला कृषि अधिकारी, देवरिया ने उपस्थित कृषकों को पिछले माह आयोजित किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों की अनुपालन आख्या से अवगत कराया। इसके बाद उन्होंने कृषि विभाग की लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि धान कय में अंश निर्धारण की समस्या का समाधान हो गया है और अब लेखपाल के पोर्टल से ही अंश निर्धारण का संशोधन किया जा सकेगा किसान दिवस में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), परियोजना अधिकारी, जिला कार्यकारी अधिकारी मत्स्य, सहायक अभियंता नलकूप, भूमि संरक्षण अधिकारी, प्रभारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, प्रभारी जिला कृषि रक्षा अधिकारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, प्रभारी जिला गन्ना अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला समन्वयक, एग्रीकल्चर इन्श्योरेंस कंपनी आदि विभागों के अधिकारी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा, भा.कि.यू. के प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रगतिशील कृषक एवं अन्य कृषक उपस्थित रहे।

# रियल टाइम खतौनी में नाम-पता सुधार को लेकर समयबद्ध निस्तारण के दिए गए निर्देश

**देवरिया ।** मुख्य राजस्व अधिकारी जे.आर. चौधरी ने रियल टाइम खतौनी में दर्ज नाम, संरक्षक एवं पते से संबंधित त्रुटियों को समयबद्ध रूप से ठीक कराने के निर्देश समस्त उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि अभिलेखों को पूर्णतः त्रुटिरहित बनाना प्राथमिकता है।

मुख्य राजस्व अधिकारी ने बताया कि जनपद में चकबंदी, सर्वे एवं रूपांतरण ग्रामों को छोड़कर शेष राजस्व खतौनियों को रियल टाइम खतौनी में परिवर्तित करने का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फार्मर रजिस्ट्री, आयुष्मान कार्ड, विक्रय विलेख एवं ऋण संबंधी कार्यवाहियां ऑनलाइन एवं आधार आधारित हैं, ऐसे में खतौनी में सही नाम और पता दर्ज होना आवश्यक है।

इसी को ध्यान में रखते हुए राजस्व परिषद की वेबसाइट ुङ्म१.४स्र.ल्लू.ल्ल पर ह्लखतौनी में नाम/संरक्षक/पता त्रुटि सुधारह्व के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। खातेदार स्वयं आवेदन कर सकते हैं, जबकि लेखपाल, राजस्व निरीक्षक अथवा उच्चाधिकारी भी त्रुटियों का संज्ञान ले सकते हैं।

ऑनलाइन आवेदन संबंधित लेखपाल की लॉगिन आईडी पर प्रदर्शित होगा। लेखपाल द्वारा जांच के बाद प्रकरण राजस्व निरीक्षक और फिर तहसीलदार को भेजा जाएगा। तहसीलदार की अनुमति के बाद नामांतरण बही (आर-6) एवं खतौनी में संशोधन किया जाएगा। विवाद की स्थिति में प्रकरण उपजिलाधिकारी के न्यायालय में निस्तारित होगा।

राजस्व परिषद ने अविवादित प्रकरणों के निस्तारण के लिए समय-सीमा भी तय की है। लेखपाल को 11, राजस्व निरीक्षक को 7, तहसीलदार को 7 तथा संशोधन प्रविष्टि के लिए 3 कार्यदिवस निर्धारित किए गए हैं।

मुख्य राजस्व अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी ऑनलाइन आवेदनों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। तकनीकी समस्या होने पर एनआईसी राजस्व परिषद के दूरभाष 0522-2217145 पर संपर्क किया जा सकता है।

## सौ वर्ष से कायम है सीताराम नाम कीर्तन की परम्परा

**कसया, कुशीनगर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम मधुरिया में हर मंगलवार को कीर्तन की स्थापित परंपरा के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सीताराम नाम कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया गया।मंगलवार की रात में राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश सचिव और किसान नेता सिया शरण पाण्डेय की देख रेख में श्रीराम भक्त हनुमान का पूजन अर्चन और आरती उतारी गई। श्री पांडेय ने बत्तीस की यहां होने वाले कीर्तन परंपरा की शुरूआत कीर्तन सम्राट पंडित श्रीराम हर्ष पांडेय ने वर्ष 1920 में शुरू किया था। हर्ष पांडेय जी द्वारा स्थापित परम्परा हर मंगलवार को निभाई जाती है। श्री सीताराम नाम संकीर्तन अयोध्या के शिखर के संत गुरु श्री राम सेवक दास जी जो राम जानकी आश्रम कसया के महंत त्रिभुवन दास जी महाराज के बाबा गुरु थे उन्ही के सानिध्य में शुरू हुआ। वर्ष 1980 में स्वर्गवास के पश्चात गृहस्थ संत नरेन्द्र लाल श्रीवास्तव ने कीर्तन सम्राट घोषित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया था। उस परम्परा की आज चौथी पीढ़ी में शिवांबु पान्डेय, गोरखनाथ पांडेय, मुकुल पांडेय, सिम्पल पान्डेय, भोला प्रसाद, सुदीप शर्मा, योगेन्द्र शर्मा, अमरेश शर्मा, चन्दमन प्रसाद, अनिल श्रीवास्तव, द्विजेंद्र पांडेय आदि लोगों के सहयोग से परंपरा आगे बढ़ रही है। अब नई पीढ़ी भी जुड़ गई है।

# लोकतंत्र रक्षक सेनानी जितेंद्र पांडेय शैलानी का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार



**कुशीनगर।** जिले के फाजिलनगर विकास खंड के धौरहरा पांडेयपट्टी निवासी लोकतंत्र रक्षक सेनानी व संगठन के कुशीनगर जिला संरक्षक, 84 वर्षीय जितेंद्र पांडेय शैलानी का बुधवार की सुबह गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे काफी समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

बुधवार दोपहर बाद परिजन उनके पार्थिव शरीर को गोरखपुर से उनके पैतृक गांव लेकर पहुंचे। गांव पहुंचने पर एसडीएम कसया डॉ. संतराज सिंह बघेल ने उनके पार्थिव शरीर पर तिरंगा ओढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात कुकुत्था (घाघी) नदी के तट पर नायब तहसीलदार कसया संदीप कुमार की उपस्थिति में शासन की ओर से स्वर्गीय पांडेय को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।अंत्येष्टि क्रिया के दौरान उनके पुत्र पुण्यप्रकाश पांडेय ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर परिजनों में एडवोकेट नरेंद्र पांडेय, एडवोकेट कृष्ण कुमार पांडेय, महेंद्र कुमार पांडेय सहित ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजय बहादुर सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान विनय तिवारी, लोकतंत्र रक्षक सेनानीगण बंका सिंह, मिथिलेश्वर पांडेय, रालोद प्रदेश सचिव सिया शरण पाण्डेय, राधाकृष्ण सिंह,केश्वर गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता केदार सिंह, राजस्वकर्मी नंदलाल पाठक, सन्नी गुप्ता, लव पांडेय, मुकुल पांडेय, जितेंद्र प्रसाद, सियाशरण पांडेय, डॉ. सुधाकर तिवारी, एडवोकेट रामाश्रय पांडेय, रविंद्र पांडेय, गिरीश पांडेय, मार्कण्डेय पांडेय, प्रभाकर पांडेय, सागर बरनवाल, घनश्याम पांडेय, गुमानी अली, भोला प्रसाद, रोज हसन, केशव पांडेय, योगेंद्र मणि त्रिपाठी, सुरेंद्र मणि त्रिपाठी, हरीश मणि, राजू मणि, रमेश, गुरुदत्त उपाध्याय,अम्बरीष समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सिमौनी धाम में रही लाखों की भीड़, ग्रहण किया प्रसाद



**बांदा।** सिमौनी धाम में भंडारे एवं मेला के अंतिम दिन सवेरे संतों को प्रसाद ग्रहण कराकर कंबल और अचला देकर विदाई की गयी। इसके बाद श्रद्धालुओं को 11 काउंटरों में प्रसाद वितरण शुरू हो गया और यह देर रात तक चलता रहा। मेला व भंडारे के तीसरे दिन प्रसाद वितरण काउंटरों के अलावा एक काउंटर वीआईपी व प्रशासन के लिए बनाया गया था। प्रसाद में पूड़ी, सब्जी, मालपुआ और जलेबी वितरित की गयी। देर रात तक पंडाल खचाखच भरे रहे। काउंटरों में कार्यकर्ता व व्यवस्थापक लगातार नजर बनाए रहे। मौनी बाबा धाम में अंतिम दिन चंद्रहास नाटक का मंचन किया गया। इसमें महाराज बृजदेव पाण्डेय, मंत्री संतोष त्रिपाठी छोटी रानी, बिट्टी रानी दास रामसहारे, चंद्रहास फूलचंद्र रहे। नाटक का मंचन देख श्रद्धालु भाव-विभोर हो गये। बुधवार को डीएम जे0 रीभा ने मेले में पैदल घूमकर व्यवस्था देखी। इसके बाद भंडारे में पहुंचकर काउंटरों का जायजा लिया। उन्होने स्वामी अवधूत महाराज की प्रतिमा को प्रणाम कर प्रसाद ग्रहण किया। बताते चलें कि 8 दशक पूर्व से सीताराम का अखण्ड कीर्तन चल रहा है लेकिन साधना का वह प्रेरक संत आज नही है लेकिन उस संत की बनाई आध्यात्मिक पगडंडिया जीवन दर्शन की तरफ खींचकर ले जा रही हैं। अंतिम दिन जुटी लाखों की भीड़ यह बयां करने के लिए काफी है कि भले ही गुरू जी नही हैं लेकिन उनकी प्रेरणा, आत्मबल और संबल का संचार हो रहा है। मेले में दिल्ली, उज्जैन, आगरा, राजस्थान, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश व देश के अन्य भागों से स्वामी जी के अनुयायी यहां पहुंचे। इस दौरान पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल, बच्चा सिंह, लकी, सोनी दिल्ली, भाजपा नेता राजेश द्विवेदी, एसडीएम बबेरू अविनाश त्यागी के अलावा पुलिस क्षेत्राधिकारी सौरभ सिंह, तहसीलदार, कोतवाली प्रभारी, नायब तहसीलदार व पुलिस बल मौजूद रहा।

# इण्टरमीडिएट व हाईस्कूल प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथियां घोषित

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार ने जनपद के समस्त शासकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन मान्यता प्राप्त उच्च माध्यमिक विद्यालयों/इण्टर कॉलेजों के प्रधानाचार्य/प्रधानाचायाओं को अवगत कराया है कि सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा जारी आदेश दिनांक 16 दिसम्बर 2025 के माध्यम से परीक्षा वर्ष 2026 की इण्टरमीडिएट एवं हाईस्कूल की प्रयोगात्मक परीक्षाओं तथा आन्तरिक मूल्यांकन के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जनपद कुशीनगर में इण्टरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं दिनांक 02 फरवरी 2026 से 09 फरवरी 2026 तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षाओं की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से सभी विद्यालयों में प्रयोगात्मक परीक्षाएं सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में सम्पन्न कराई जाएंगी तथा उनकी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी जाएगी, जिसे आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध कराना होगा। हाईस्कूल की प्रयोगात्मक परीक्षाएं पूर्व वर्षों की भांति विद्यालय स्तर पर आन्तरिक मूल्यांकन (प्रोजेक्ट कार्य) के आधार पर सम्पन्न कराई जाएंगी। हाईस्कूल के व्यक्तिगत परीक्षार्थी अपने अग्रसारण केन्द्र के प्रधानाचार्य से संपर्क कर प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल की प्रयोगात्मक परीक्षा (आन्तरिक मूल्यांकन), नैतिक शिक्षा, योग, खेल एवं शारीरिक शिक्षा तथा इण्टरमीडिएट की नैतिक शिक्षा, योग, खेल एवं शारीरिक शिक्षा के प्राप्तांक विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा परिषद की वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड किए जाएंगे। प्राप्तांक अपलोड करने हेतु वेबसाइट 10 जनवरी 2026 से क्रियाशील हो जाएगी। विद्यालय स्तर पर कक्षा 12 की प्री-बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षाएं जनवरी 2026 के प्रथम सप्ताह में आयोजित की जाएंगी। वहीं कक्षा 10 एवं 12 की प्री-बोर्ड लिखित परीक्षाएं जनवरी 2026 के द्वितीय सप्ताह में तथा कक्षा 9 एवं 11 की वार्षिक परीक्षाएं जनवरी 2026 के अंतिम सप्ताह एवं फरवरी 2026 के प्रथम सप्ताह में आयोजित कराई जाएंगी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने समस्त प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का समयबद्ध एवं पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करें तथा निर्धारित अवधि में प्री-बोर्ड एवं वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन कर कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

# प्रसव न कराने वाली आशा को किया जाए चिन्हितः सीएमओ




**देवरिया,।*** मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने बुधवार को धन्वंतरि सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं के सम्बन्ध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने पिछली बैठक के अनुपालन में की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होने बैठक में प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि जिन आशाओं द्वारा एक भी प्रसव नही कराया गया है ऐसी आशाओं के सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जाये और नये आशाओं के भर्ती की प्रक्रिया करायी जाये।

सीएमओ ने कहा कि अस्पताल में डाक्टर समय से बैठे जिससे मरीजों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, जो डाक्टर समय पर उपस्थित नहीं होते है ऐसे डाक्टरों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये, शत प्रतिशत स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित कराये। अस्पतालों के इमरजेन्सी में एक डाक्टर की उपस्थिति अवश्य रहे यदि वह छुट्टी पर जाता है तो उसकी वैकल्पिक व्यवस्था अवश्य रहे जिससे इमरजेन्सी में आये मरीज का तत्काल ईलाज किया जा सके। उन्होने कहा कि अस्पतालों में टोकन प्रणाली लागू की जाये और मरीजों हेतु व्हील चेयर और बैठने की पर्याप्त व्यवस्था रहे। अस्पतालों में जो भी मरीज आये डाक्टर उनकी समस्याओं को गम्भीरता से सुने और जो भी दवाइयां अस्पताल में उपलब्ध है वहीं दवाईयां लिखी जाये, बाहर की दवाईया न लिखी जाये। अस्तपालों के विभिन्न वार्डो में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी जाये। प्रसव कक्ष में सभी व्यवस्थायें सुदृढ़ रहे और भोजन की गुणवत्ता भी बेहतर रहे। उन्होने स्वास्थ्य विभाग के डाक्टरों को निर्देशित किया कि यदि अस्पताल में कोई भी सीरियस मरीज आता है तो उसकी कन्डीशन देखकर ही उसको रेफर किया जाय अन्यथा न किया जाये अस्पताल में ही उसकी देखरेख की जाये। उन्होने यह भी निर्देशित किया कि अस्पतालों में साफ-सफाई, पीने का पानी, प्रकाश आदि की व्यवस्थायें बेहतर रहे जिससे मरीजों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाये। स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं क्रमशः जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान गोल्डेन कार्ड, नियमित टीकाकरण, ई-कवच, आभा आईडी, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, जन्म-मृत्यु, चाइल्ड डेथ, पोषण पुनर्वास केन्द्र तथा एस0एन0सी0यू0, राष्ट्रीय वेक्टर वार्न डिजिज कन्ट्रोल प्रोग्राम सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओ की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

बैठक में एसीएमओ डॉ.अजय शाही, एसीएमओ डॉ.एसके सिन्हा, डिप्टी सीएमओ डॉ अश्वनी पाण्डेय, डॉ हरेंद्र, डीटीओ डॉ राजेश, सीएमएस डॉ एचके मिश्रा, डॉ वाईपी यादव, डीएमओ सीपी मिश्रा, डीपीएम पूनम, डीसीपीएम , विश्वनाथ मल्ल, डीडीएम सहित सहयोगी संस्था सीफार, यूनिसेफ, जेएसआई, पीसीआई, यूपीटीएसयू के जिला प्रतिनिधि आदि मौजूद रहै ।

## नाबालिग से यौन अपराध को आजीवन कारावास और जुर्माने से किया दंडित

**बहराइच।** वादिनी मुकदमा द्वारा थाना सुजौली पुलिस को सूचना दी गयी रात्रि वादिनी अपनों बच्चों के साथ मकान के अंदर आंगन में सो रही थी, रात करीब 03.30 बजे वादिनी की नींद खुली तो देखा कि वादिनी की सबसे छोटी बच्ची बिस्तर पर नहीं है ।जिसकी काफी तलाश की गयी परन्तु कुछ पता नहीं चल सका ।जिसके सम्बन्ध में वादिनी तहरीर के आधार पर थाना बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया । उल्लेखनीय है कि उक्त घटना के अतिरिक्त थाना सुजौली क्षेत्र में दिनांक 15 जून, 25 जून, 28 जून को नाबालिक लड़कियाँ गायब हो रही थी और उसी दिन शाम तक बरामद भी हो जा रही थी क्योंकि लड़कियां 5 से 8 साल के बीच की थी इसलिए बहुत कुछ बता नहीं पा रही थीं, घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय बहराइच ने क्षेत्राधिकारी मिहीपुरवा श्रीमती हर्षिता तिवारी के नेतृत्व में पांच टीमों का गठन किया जिसमें स्वॉट/सर्विलांस की टीम भी सम्मिलित थी। क्षेत्राधिकारी मिहीपुरवा ने बहुत ही समझदारी और संवेदनशीलता के साथ बच्चियों से बात की जिससे पता चला कि जो व्यक्ति उन्हें ले जाता है वह उनका शारीरिक शोषण करता है तथा उसका हुलिया सभी लड़कियों ने एक समान बताया, क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा ने इस हुलिया के सभी व्यक्तियों से अपनी टीम के माध्यम से पूछताछ शुरू की इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर सीताराम पुलिया के पास नहर पट्टी ग्राम बाजपुर बनकटी थाना सुजौली जनपद बहराइच से अभियुक्त अविनाश पाण्डेय को हुलिया के आधार पर पूछताछ के लिए रोका गया, किंतु वह पुलिस को देखते ही भागने लगा पुलिस ने तत्काल उसे आवश्यक बल प्रयोग करके गिरफ्तार किया एवं उससे पूछताछ शुरू की तो उसने सभी घटनाओं को कारित किया जाना स्वीकार किया तथा उसके फोन से इन बच्चियों की अश्लील फोटो एवं वीडियो भी पुलिस को प्राप्त हुई जो अभियुक्त घटना कारित करते समय स्वयं बनाता था, इस तरह क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा व उनकी टीम ने टीम गठित होने के मात्र 03 दिन के अन्दर घटना का सफल अनावरण किया व मुकदमें की विवेचनाधिकारी क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा श्रीमती हर्षिता तिवारी द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध अएससी/एसटी एक्ट में आरोप-पत्र दिनांक 11.08.2025 को प्रेषित किया गया । न्यायालय द्वारा आरोपों को दिनांक 22.08.2025 को विरचित किया गया ।

## मांट टोल पर देर रात चला वाहनों का चेकिंग अभियान

**मथुरा।** मंगलवार को यमुना एक्सप्रेसवे पर हुए भीषण हादसे के बाद पुलिस विभाग सक्रिय हो गया है। इस दुर्घटना में 13 लोगों की जलकर मौत हो गई थी, जबकि 70 से अधिक लोग घायल हुए थे। घटना के बाद पुलिस ने देर रात यमुना एक्सप्रेसवे के मांट टोल प्लाजा पर सघन चेकिंग अभियान चलाया।

गौरतलब हो कि मंगलवार तड़के करीब 4:30 बजे बलदेव थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के माइलस्टोन 127 पर हुआ था। आगरा से नोएडा की ओर जा रही आठ बसों और तीन कारों की आपस में टक्कर हो गई। टक्कर के बाद वाहनों में भीषण आग लग गई, जिससे 13 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। देर रात मांट टोल प्लाजा पर सीओ आशीष शर्मा और मांट थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यमुना एक्सप्रेसवे की टीम के साथ मिलकर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान विशेष रूप से स्लीपर बसों की जांच की गई। चेकिंग अभियान में बसों की फिटनेस, ओवरलोडिंग और क्षमता से अधिक सवारियां ले जाने जैसे बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। अक्सर यमुना एक्सप्रेसवे पर चलने वाली कई स्लीपर बसों में निर्धारित क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाया जाता है, जिससे सड़क हादसों का खतरा बढ़ जाता है।

एसएसपी मथुरा श्लोक कुमार ने बताया कि हादसे के बाद से यमुना एक्सप्रेसवे पर लगातार चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों और बस संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन कार्रवाइयों से भविष्य में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

संक्षेप

## ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। एक महिला ने पति समेत सात ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कस्बा ऊगू के मोहल्ला मांझखोर निवासी खुशबू पुत्री स्व0जगमोहन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह पच्चीस अप्रैल 2025 को विवेक निवासी गिरजाबाग थाना सदर कोतवाली के साथ हुआ था। कुछ दिन बाद पति सोने की चैन व बाइक की मांग करते हुए ससुर, सास, देवर तुषार व राज, आदि समेत सात ससुराली जन प्रताड़ित करने लगे। मांग पूरी न होने पर 15 दिसंबर को ससुरालीजनों ने मारपीट कर घर से भगा दिया। पीड़िता की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

## मकान में घुसी अनियंत्रित कार, दो की मौत

बलिया। जिले में मंगलवार देर रात को एक बेकाबू कार एक मकान में घुस गयी, जिससे दो युवकों की मौत हो गयी तथा दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, सुखपुरा थाना क्षेत्र के धरहरा गांव में 16 दिसंबर को रात लगभग साढ़े 11 बजे एक कार अनियंत्रित होकर एक मकान में घुस गयी। सुखपुरा से बलिया की तरफ जा रही कार की मकान से जोरदार टक्कर होने से अभिषेक सिंह (24) और रोहित सिंह परिहार (25) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सुजीत तुरहा (21) और आदित्य वर्मा (22) गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस उपाधीक्षक (शहर) मोहम्मद उस्मान ने बुधवार को बताया कि गंभीर रूप से दोनों घायलों का इलाज बलिया के जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में हो रहा है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सभी युवक सुखपुरा थाना क्षेत्र के अपायल गांव के रहने वाले हैं।

## गोकशी के दो आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

मेरठ। मेरठ में गोकशी की घटना से जुड़े एक मामले में पुलिस पर गोली चलाने के दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, 16 दिसंबर को आसिफाबाद चौकी क्षेत्र में एक मकान में गोकशी की सूचना मिलने पर एक टीम वहां पहुंची, जांच के दौरान वहां से करीब 10 किलोग्राम गोमांस बरामद हुआ। इस संबंध में उपनिरीक्षक रजनीकांत की तहरीर पर परीक्षितगढ़ थाने में मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने मामले में शामिल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें फारुख, नजाकत, अरशद, शाहरुख, रज्जाक, उसका बेटा उस्मान तथा रज्जाक की पत्नी शामिल हैं। पुलिस ने कहा कि पूछताछ के बाद आरोपी रज्जाक और उस्मान ने गोकशी में इस्तेमाल हथियार झब्बापुरी के जंगल में छिपाए जाने की जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि देर रात पुलिस टीम जब दोनों को बरामदगी के लिए लेकर गई, तो आरोपियों ने हथियारों के नीचे छिपाए गए तमंचे निकालकर पुलिसकर्मियों पर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। पुलिसकर्मियों ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्वाई की, जिसमें रज्जाक के बाएं पैर और उस्मान के दाहिने पैर में गोली लगी और दोनों को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया।

# डीएम ने किया अनुपस्थित प्रधानाध्यापक से जवाब तलब

जिला संवाददाता(vol)

- डीएम ने प्राथमिक विद्यालय तेन्दू का किया औचक निरीक्षण
- शिक्षण कार्य का लिये जायजा बेहतर पठन-पाठन के लिए दिये दिशा-निर्देश

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज राबर्ट्सगंज ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय तेन्दू का आकस्मिक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शिक्षकों द्वारा पठन-पाठन कार्य करते पाये गये। जिलाधिकारी ने अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से पहाड़ा सुने और प्रसन्नता व्यक्त किये, इसके पश्चात वार्ता कर उनके बौद्धिक स्तर का जायजा लिये और बेहतर शिक्षण कार्य के लिए अध्यापक/शिक्षामित्र को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पंजीकृत 54 में से 40 छात्र-छात्राओं की उपस्थिति पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने विद्यालय के अध्यापक को पंजीकृत छात्र-छात्राओं की उपस्थिति को अधिकाधिक बढ़ाने के निर्देश दियें, उन्होंने कहा कि पंजीकृत छात्र-छात्रा विद्यालय आये, इसके लिए अभिभावकों को भी प्रेरित किया जाये।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में मीनू के अनुसार बनने वाले भोजन के सम्बन्ध में जानकारी ली तो बच्चों द्वारा बताया गया कि आज तहरी व दूध मिला है, भोजन मीनू के अनुसार ही बनाया गया था, उन्होंने कहा कि निर्धारित मीनू के अनुसार विद्यालय में भोजन तैयार कर बच्चों को समय से दिया जाये। विद्यालय परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर किया जाये, उन्होंने विद्यालय में पीने के पानी की स्थिति, शौचालय, दिव्यांग शौचालय, किचन में खाद्यान्न की स्थिति का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा भी लिये। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की उपस्थिति पंजिका का भी निरीक्षण किये, उपस्थिति पंजिका के निरीक्षण में पाया गया कि प्रधानाध्यापक प्रमिला सिंह 16 व 17 दिसम्बर, 2025 को अनुपस्थित पायी गयी और उनके द्वारा विद्यालय में कोई प्रार्थना-पत्र नहीं दिया गया था, जिस पर जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दियें। इस मौके पर डी0सी0 जी राम जी रवीन्द्र वीर सिंह, सहायक निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल सहित विद्यालय के अध्यापक व शिक्षा मित्र उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न

सिद्धार्थनगर । जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश एड्स नियंत्रण सोसाइटी के अधीन संचालित यूनिट सम्पूर्ण सुरक्षा केंद्र के माध्यम से कलेक्ट्रेट सभागार में उन्मुखीकरण कार्यशाला सम्पन्न हुआ। इस उन्मुखीकरण कार्यशाला का शुभारम्भ जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ,कमांडेंट होम गार्ड जिला आबकारी अधिकारी ,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक तथा बस्ती मंडल से अखिलेश सिंह क्लस्टर प्रोग्राम मैनेजर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा संचालित राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम से पंकज त्रिपाठी जिला कार्यक्रम समन्वयक , सतीश मिश्रा , उस्मान अली , एसएसके यूनिट ,ए.आर.टी.यूनिट एसटीआई यूनिट समस्त आईसीटीसी एलटी समस्त परामर्शदाता उपस्थित रहे । राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम को सहयोग प्रदान करने वाली संस्थाएँ टार्गेट इंटरवेंशन ,लिंक वर्कर स्कीम के प्रबन्धक उपस्थित रहे ।इस कार्यक्रम में जनपद व मंडल पर कार्यरत अखिलेश द्वारा एचआईवी की वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया , समस्त सूचनाओं एवं सूचकांकों का विस्तृत विश्लेषण कर जिलाधिकारी द्वारा निर्देश कि एड्स संबंधित एड्स कार्यक्रम से संबंधित सभी अधिकारी व कर्मचारीगण पूर्ण तन्मयता से कार्य करें जिससे इसे सामाजिक कलंक से जनपद को सुरक्षित व मुक्त किया जा सकता है।

## डीएम ने पल्टादेबी मन्दिर के तीनों तरफ कारीडोर निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

सिद्धार्थनगर ।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने राज्य पर्यटन विकास निगम लि0 द्वारा कराये जा रहे पल्टादेवी मन्दिर के तीनों तरफ कारीडोर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन जिला पर्यटन अधिकारी को सड़क, पार्किंग, मन्दिर की लाइटिंग, शौचालय एवं तालाब की साफ-सफाई हेतु प्रस्ताव बनाकर शासन को प्रेषित करने का निर्देश दिया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उक्त के सम्बन्ध में विवरण सुदा जानकारी प्राप्त कर सम्बंधित को आवश्यक निर्देश दिया गया।

## मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित



उन्नाव। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तथा उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति, लखनऊ के निदेर्शानुसार संपूर्ण सुरक्षा केंद्र, जिला चिकित्सालय द्वारा ग्राम अधुर्जपुर, विकास खंड बीघापुर में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता बीघापुर के प्रभारी चिकित्साधिकारी (एमओआईसी) पंकज कुमार द्वारा की गई, जबकि ग्राम प्रधान आशा देवी की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ। मेगा स्वास्थ्य शिविर में आए लाभार्थियों की एचआईवी एवं सिफलिस स्क्रीनिंग, टीबी, हेपेटाइटिस बी/सी तथा शुगर की जांच की गई। साथ ही आवश्यक औषधियों का वितरण किया गया। लाभार्थियों को अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए संपूर्ण सुरक्षा केंद्र, जिला चिकित्सालय उन्नाव में उपलब्ध सुविधाओं का लाभ लेने हेतु भी प्रेरित किया गया। शिविर के आयोजन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीघापुर से आए डॉक्टरों, फार्मासिस्ट एवं स्टाफ नर्सों की टीम ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर संपूर्ण सुरक्षा केंद्र की मैनेजर सत्यभामा सिंह, सुरक्षा क्लिनिक के परामर्शदाता पंकज कुमार शुक्ला, काउंसलर विनीता मिश्रा, एसएसके लैब टेक्नीशियन वसीम खान, नीरज सिंह, ओआरडब्ल्यू सत्यम गुप्ता एवं पंकज कुमार, टीआई पीयर अमिता सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सत्संग से समाज में मजबूत होते हैं नैतिक मूल्य : रजनी



सफीपुर, उन्नाव (वीओएल)। क्षेत्र के उनवा गांव में चल रहे सत्संग समारोह के अंतिम दिन पहुंची उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि सत्संग से न केवल सनातन संस्कृति सशक्त होती है बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों को भी मजबूती मिलती है। उन्होंने क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए राजकीय महाविद्यालय खोलने का आश्वासन दिया।

राज्य मंत्री ने कहा कि यदि क्षेत्र के लोग उपयुक्त भूमि का प्रस्ताव देते हैं तो सरकार निश्चित रूप से यहां राजकीय महाविद्यालय स्थापित करने की दिशा में कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास की नींव होती है और सरकार का प्रयास है कि ग्रामीण अंचलों तक उच्च शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित हो। मंत्री ने सत्संग को समाज को दिशा देने वाला बताते हुए कहा कि संतों की वाणी को यदि जीवन में अपनाया जाए तो व्यक्ति को सही मार्ग मिल सकता है। ऐसे आयोजन न केवल सनातन संस्कृति को सशक्त करते हैं बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि आवास, शौचालय और शिक्षा जैसी योजनाओं के माध्यम से सरकार हर नागरिक के सुखद जीवन के लिए कार्य कर रही है। कार्यक्रम में उपस्थित बाल पुष्टाहार राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने भी सत्संग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत सम्मेलन से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और इससे जीवन को नई दिशा मिलती है। उन्होंने सनातन धर्म को शाश्वत परंपरा बताते हुए कहा कि यह सदैव मानव कल्याण का मार्ग दिखाता रहा है।विधायक बंबा लाल दिवाकर ने भी मंच से क्षेत्र में राजकीय महाविद्यालय की आवश्यकता को दोहराया और कहा कि वर्तमान सरकार में धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों का विकास हो रहा है, जिसका उदाहरण भव्य मंदिर निर्माण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्वामी रामस्वरूप ब्रह्मचारी ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि आज के समय में महिलाओं को शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है। समारोह के दौरान मंचासीन संतों को अंगवस्त्र और पुष्प भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजक श्रीकांत तिवारी सहित राष्ट्रीय परिषद सदस्य राजकिशोर रावत, अरविंद दुबे, अनिल कटेरिया, बद्री नारायण, विमल शुक्ला, कैलाश, ग्राम प्रधान रिजवान, प्रीति, सतीश चंद्र गुप्ता, पंकज तिवारी, गीता विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। इसके पूर्व राज्यमंत्री रजनी तिवारी सफीपुर स्थित भाजपा कार्यालय पर विधायक ने समर्थकों सहित जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालो के हरिशरण लाला, अनूप चंदेल, राजू चौहान, आशीष कन्नौजिया, अतुल अग्निहोत्री आदि लोग रहे।

## तकिया मेला में लोगों ने अवधी लोक गीत का आनंद उठाया



जिला संवाददाता(vol)

पाटन, उन्नाव। आपसी भाईचारे वाले तकिया मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में बुधवार को सरकारी कैंप पर अवधी लोकगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मेला अधिकारी/उप जिलाधिकारी रनवीर सिंह व तहसीलदार गणेश सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वल व माल्यार्पण कर किया।

भारतीय संस्कृतिक मंडल नई दिल्ली द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में अवधी भोजपुरी लोकगीत गायिका दूरदर्शन कलाकार नीलम सिंह प्रतापगढ़ व उनके सहयोगी रानी सुल्तानपुर द्वारा लोकगीत की सुंदर प्रस्तुति की गई जिसमें हमें तकिया का मेला घुमा दे बलमा कोयल बिन बगिया न सोहे राजा, बलम बिन सेजिया न सोहे राजा जैसे गीतों के माध्यम से लोगों को खूब हंसाया श्रोताओं ने देर साम तक गीतों का आनंद लिया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के मेला प्रभारी सुनील कुमार दीक्षित, विजय अमीन ,सूर्य प्रसाद शुक्ला, अनवर अहमद, निराला मिश्रा, दिनेश कुमार, अजय सिंह, कुलदीप यादव आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## मानक के विपरीत बालू का व्यापार करने पर कार्रवाई की मांग

फतेहपुर। व्यापार मंडल कंछल गुट का प्रतिनिधि जिला अध्यक्ष शिवचंद शुक्ला की अध्यक्षता में जिला प्रशासन को धन्यवाद या फिर करने आया था जिसका जिलाधिकारी के न मुलाकात होने पर पत्रकारों से प्रेस वार्ता की गई जिसमें मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई सर्वप्रथम जिला प्रशासन को धन्यवाद व्यापित किया गया कि पूरे जिले में ओवरलोडिंग में कार्यवाही की गई और जनपद के कई अधिकारियों पर कार्रवाई की गई व्यापारी बंधुओं का प्रस्तावना के जरिए में आग्रह एवं अनुरोध है कि कुछ मोहरम घाटों से वर्तमान में रात्रि कालीन ओवरलोडिंग चल रही है उसको शीघ्र ही बंद कराया जाए जो इसमें सनलिप्त अधिकारी या बालू माफियाओं पर कार्रवाई की जाए प्रेस वार्ता के जरिए यह भी बताया जो छोटे बालू व्यापारी हैं जो ट्रैक्टर आदि से बालू का व्यापार करते हैं उनका एक मानक बता दिया जाए जिससे की अपना व्यापार सुचारू रूप से कर सकें अगर मानक के विपरीत बालू का व्यापार करते हैं तो उनके ऊपर कार्यवाही की जाए इस अवसर पर सभी व्यापारी एक सामाजिक कार्यकर्ता भी है जिससे पीड़ा में ले रहे है कि हमारे जिले की तमाम सड़के ओवरलोडिंग से टूट रहे है जिसका खामियाजा जिले की जनता को भोगना पड़ रहा है और दुर्घटनाओं का कारण भी बन रहा है इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शिवचंद शुक्ला एवं महामंत्री जितेंद्र सिंह उर्फ सोनू राजेश चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## विकास भवन में पेंशनर दिवस का आयोजन

फतेहपुर। सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान और उन्हें सम्मान प्रदान करने के उद्देश्य से विकास भवन सभागार में पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अविनाश त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी योगेश कुमार पांडेय के समन्वय में हुई इस बैठक में पेंशनर संघों के पदाधिकारियों, विभिन्न विभागों के पेंशनरों एवं कार्यालय अध्यक्षों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों की सेवा और योगदान को याद करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया तथा उनकी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए ।अपर जिलाधिकारी ने सिविल पेंशनर राम राज वर्मा, बेसिक शिक्षा के वरिष्ठ पेंशनर अनंत कुमार तिवारी एवं श्याम सुंदर शुक्ला को शाल-माला भेंट कर सम्मानित किया। इसी क्रम में पेंशनर संघों के अध्यक्ष काली शंकर श्रीवास्तव और रशीद अहमद को भी माला पहनाकर उनके योगदान की सराहना की गई। यह सम्मान समारोह भावुक क्षणों से भरा रहा, जहां पेंशनरों ने प्रशासन की पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की ।पेंशनरों की प्रमुख मांगें: चिकित्सा प्रतिपूर्ति और बकाया भुगतान पर जोरबैठक में पेंशनरों ने अपनी लंबित समस्याओं को रखा, जिनका अपर जिलाधिकारी ने गंभीरता से संज्ञान लिया। बेसिक शिक्षा संघ के अध्यक्ष रशीद अहमद ने राज्य कर्मचारियों की तरह चिकित्सा प्रतिपूर्ति का लाभ प्रदान करने एवं छठे वेतन आयोग के बकायों का शीघ्र भुगतान करने की मांग उठाई। सिविल पेंशनर संघ के अध्यक्ष काली शंकर श्रीवास्तव ने विभागों में पेंशनरों से सम्मानपूर्वक व्यवहार सुनिश्चित करने तथा चिकित्सा प्रतिपूर्ति स्वीकृति में हो रही देरी को दूर करने का अनुरोध किया। अपर जिलाधिकारी ने सभी बिंदुओं पर त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया ।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पेंशनरों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और कैशलेस स्वास्थ्य कार्ड भी बनाए गए, जिससे उन्हें तत्काल लाभ मिला। समापन पर सभी पेंशनरों ने कोषागार के कार्यों एवं व्यवहार की खुलकर प्रशंसा की तथा तालियों की गड़गड़ाहट के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ ।इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान, जिला कार्यक्रम अधिकारी, वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा तथा समस्त कोषागार कर्मचारी उपस्थित रहे। यह आयोजन पेंशनरों और प्रशासन के बीच संवाद को मजबूत करने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

## ठंड के बढ़ते ही बढ़े आंख इंफेक्शन के मरीज



उन्नाव। जिला अस्पताल में आंखों के इंफेक्शन के मरीज बढ गए हैं। आंखों के इंफेक्शन से बचने के लिए ठंडे पानी के छीटें मारना जरुरी है। ठंड शुरू होते ही लोगों ने ऐसा करना बंद कर दिया है। ठंड में लोगों की आंखों में इंफेक्शन हो रहा है। आंखों में जलन हो रही है। डॉक्टर के अनुसार आंखों को साफ रखने के लिए ठंडे पानी के छीटें मारना जरुरी है। हवा से उड़ने वाली धूल, कण आदि निकल जाते हैं। लोगों ने ऐसा करना बंद कर दिया है। इससे ऐसी समस्या हो रही है। जो बदलते मौसम में आंखों को प्रभावित कर रही है। इससे पुतली में भी सूजन आ रही है। लोगों के चश्मे का नंबर भी बढ़ रहा है। वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ फैजल जुबैर ने बताया रोज सुबह-शाम ठंडे पानी से आंखों को साफ करें। अगर आंखें लाल और जलन हो रही हो तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। जरा सी लापरवाही आंखों की रोशनी कम कर सकती हैं।

## पुलिस मुठभेड़ में हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

सहारनपुर । सहारनपुर में हत्या के प्रयास मामले में आरोपी एक वांछित अपराधी को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान मेरठ जिले के निवासी खालिद के रूप में हुई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) प्रिया यादव ने बताया कि मंगलवार रात गागलहेडी थाना क्षेत्र के हरोड़ा-पाली रोड पर पुलिस की एक टीम निजी वाहन में गश्त कर रही थी, तभी एक व्यक्ति ने वाहन को रोकने का इशारा किया। उन्होंने कहा कि जब टीम ने वाहन रोका और संदिग्ध से पूछताछ करने की कोशिश की, तो उसने हत्या की नीयत से पुलिस पर गोली चला दी और भागने का प्रयास किया। यादव ने कहा कि पुलिसकर्मियों ने आत्मरक्षा में गोली चलाई, जो आरोपी के पैर में लग गई और उसे काबू कर लिया गया। एएसपी ने बताया कि आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। खालिद के खिलाफ गाजियाबाद, मेरठ और सहारनपुर जिलों में हत्या के प्रयास समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## मठों और मंदिरों को कुर्की नोटिस भेजने पर संत समाज नाराज

वाराणसी। वाराणसी नगर निगम द्वारा शहर के कई मठों और मंदिरों को बकाया करों के भुगतान में देरी के लिए कुर्की नोटिस जारी करने पर संत समाज ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। पातालपुरी मठ के महंत बालक देवाचार्य ने इसे अभूतपूर्व करार देते हुए बुधवार को कहा कि काशी में कई मठों और मंदिरों को इस सप्ताह की शुरुआत में आवास कर, जल कर और सीवर कर के बकाया के लिए कुर्की नोटिस जारी किए गए हैं। संभवतः देश के इतिहास में यह पहली बार है जब मठों और मंदिरों को कुर्की नोटिस जारी किए जा रहे हैं। देवाचार्य ने कहा कि केवल पातालपुरी मठ को ही दो लाख रुपये से अधिक के कर बकाया के लिए कुर्की नोटिस प्राप्त हुआ है। मठों और मंदिरों को कर के दायरे में नहीं लाया जाना चाहिए और चेतावनी दी कि यदि इस मुद्दे का जल्द से जल्द समाधान नहीं किया गया तो संत समाज आंदोलन शुरू करेगा ।वाराणसी नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी संदीप श्रीवास्तव ने कहा कि मठों को नियमों के अनुसार नोटिस जारी कर दिए गए हैं। बाद में मठों के लिए आवास कर माफ कर दिया गया और संशोधित बिल जारी किए गए, जिसके तहत जल कर और सीवर कर देय बने रहे।

## नारद जी के पूर्व जन्म और कपिल मुनि की प्रेरणादायी कथा सुनी गयी



उन्नाव। नार्मल स्कूल मैदान में पंचम मोक्षदायिनी श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन शपरमपूज्य संत श्री राम शरण शास्त्री जी महाराज ने नारद जी के पूर्व जन्म की कथा सुनायी। नारद जी पहले उपबर्हण नामक एक गंधर्व थे, जिन्हें ब्रह्मा जी की सभा में अपनी स्त्रियों के साथ परिहास करने के कारण शूद्र योनि में जन्म लेने का श्राप मिला था, जहाँ उनका जन्म एक दासी के पुत्र नंद के रूप में हुआ, जिन्होंने संतों की सेवा और भगवन्नाम जप से मन शुद्ध किया और अगले जन्म में ब्रह्मा के मानस पुत्र के रूप में नारद मुनि बनकर प्रकट हुए। महाराजश्री ने कपिल मुनि की कथा सुनाते हुए कहा वे भगवान विष्णु के अवतार माने जाते हैं, जिन्होंने माता देवहूति को सांख्य दर्शन का ज्ञान दिया, जिससे उन्हें मोक्ष मिला; उन्होंने राजा सगर के साठ हजार पुत्रों को भस्म किया और गंगा को पृथ्वी पर लाने का मार्ग प्रशस्त किया, जिससे गंगासागर तीर्थ का निर्माण हुआ, और वे शसांख्य दर्शनश के प्रवर्तक हैं, जो ज्ञान और वैराग्य का मार्ग बताते हैं। मुख्य यजमान डॉ संजय मिश्रा, बबली मिश्रा, दिवस यजमान ममता द्विवेदी व गोविंद शुक्ला सहधर्मिणी लाता, संयोजक पवन निगम, रश्मि निगम, आशीष निगम, लता निगम, नीरज निगम, सुबोध अस्थाना, डॉ प्रभात सिन्हा, वेंकट मिश्रा, हिमा मिश्रा, अखिलेश अवस्थी, वंदना अवस्थी, नीलम त्रिपाठी, मीडिया प्रमुख डॉ मनीष सेंगर, अशोक रस्तोगी, वेद प्रकाश साहू, अनुराग राठौर, राहुल कश्यप, लक्ष्य निगम आदि सहित महिला मंडल अध्यक्ष निम्मी अरोड़ा ने कथा प्रारम्भ और विश्राम की आरती में भाग लिया। उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सहकारी बैंक जिलाध्यक्ष अरुण सिंह ने महाराजश्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। आचार्य शिवम मिश्र ने विशिष्ट जनों का परिचय कराया और वृन्दावन में महाराजश्री द्वारा निर्मित कराए जा रहे दिव्य आश्रम में योगदान के लिए उन्नाव वासियों का आवाहन किया। डॉ मनीष सेंगर और अशोक रस्तोगी ने बताया जो सुधिजन कथास्थल नहीं पहुंच पा रहे वे सनातन परिवार यू ट्यूब चैनल पर कथा का लाइव प्रसारण अपने घर अथवा संस्थान में बैठ कर देख सकते है।

# किसान दिवस में योजनाओं व उन्नत खेती की दी जानकारी

जिला संवाददाता(vol)



फतेहपुर। विकास भवन सभागार में मंगलवार को किसान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

बैठक में विभागीय अधिकारियों ने किसानों को विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं, उन्नत कृषि तकनीकों तथा सरकारी सुविधाओं की जानकारी देकर उन्हें अधिक उत्पादन व अधिक आय के लिए प्रेरित किया। बड़ी संख्या में किसान, किसान संगठनों के पदाधिकारी और जनपद स्तरीय अधिकारी किसान दिवस में मौजूद रहे ।बैठक का संचालन उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र सिंह ने किया। उन्होंने पिछली बैठक में आई शिकायतों के निस्तारण की जानकारी किसानों को दी और शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की रूपरेखा बताई। उन्होंने किसानों से समय-समय पर खेतों की मृदा परीक्षण कराते रहने, गोबर की सड़ी हुई खाद के उपयोग, जल संचयन, मृदा प्रबंधन और मृदा नमूना जांच की अपील की। साथ ही फार्मर रजिस्ट्री में अपना पंजीकरण अवश्य कराने को कहा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लगातार मिलता रहे, इसके लिए भू-अंकन, ई-केवाईसी एवं एनपीसीआई मैपिंग समय से पूर्ण कराने की भी अपील की गई ।उद्यान निरीक्षक सुनील कुमार ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत टिश्यूकल्चर केले, आम, अमरूद व पपीते की बागवानी पर देय अनुदान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मसाला फसलों जैसे लहसुन, मिर्च, प्याज और हल्दी की खेती को बढ़ावा देने की बात करते हुए बताया कि विभाग द्वारा इन फसलों पर अनुदान की व्यवस्था है, जिसका अधिक से अधिक किसान लाभ उठाएं। उन्होंने बागवानी अवसंरचना विकास, फल क्षेत्र विस्तार, इकाई की अधिकतम लागत और देय अनुदान, उन्नत सब्जी खेती, स्प्रिंकलर सेट के माध्यम से सिंचाई तथा लतावर्गीय सब्जियों के साथ मिश्रित खेती कर कम लागत में अधिक उत्पादन व आमदनी प्राप्त करने के तरीके भी बताए।

जिला कृषि अधिकारी नरोत्तम कुमार ने किसानों को बताया कि जनपद की सभी साधन सहकारी समितियों को रबी फसलों की बुवाई के लिए उनकी मांग के अनुसार खाद की आपूर्ति कराई जा रही है। जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है और किसानों को जोत के आधार पर खाद वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी उर्वरक विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी खाद के साथ अन्य उत्पाद टैग न करें और केवल निर्धारित दर पर ही उर्वरक की बिक्री करें। यदि कोई विक्रेता निर्धारित दर से अधिक कीमत पर खाद बेचता पाया जाता है तो शिकायत पर जांच कर उसके विरुद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही की जा रही है ।किसान दिवस में किसानों ने भी अपनी समस्याएं रखीं। किसान रमाकांत पांडेय ने राजकीय नलकूप संख्या 44 बीजी के अत्यधिक झुके हुए विद्युत पोलों को दुरुस्त कराए जाने की मांग की। जोनिहों के किसान त्रिवेणी शंकर ने अपना किसान क्रेडिट कार्ड खाता (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, जोनिहों, खाता संख्या 2722) पुनः संचालित कराने की मांग रखी। ग्राम डेण्डासई, धाता के प्रगतिशील किसान रणविजय सिंह ने जनपद में जिला गन्ना अधिकारी का पद न होने तथा कानपुर के गन्ना अधिकारी के अतिरिक्त प्रभार में होने से किसानों को हो रही दिक्कतों का मुद्दा उठाया। उन्होंने मांग की कि जनपद फतेहपुर को रायबरेली के जिला गन्ना अधिकारी के कार्यक्षेत्र में जोड़ा जाए तथा धाता व खागा क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसानों की सुविधा के लिए गन्ना समिति का मुख्यालय फतेहपुर में स्थापित किया जाए ।मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने किसान दिवस में उपस्थित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसानों द्वारा दिए गए सभी शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्ता परक निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी मौके पर जाकर जांच करें, शिकायतकर्ता को भी मौके पर बुलाएं और वहीं समस्या के समाधान का प्रयास करें। जिन शिकायतों का तत्काल निस्तारण संभव न हो, उनके लिए एक निश्चित समय सीमा तय कर किसानों को अवगत कराया जाए और हर हाल में निर्धारित समय के भीतर निस्तारण हो।

## ट्रेलर की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की मौत

मऊ। जिले के कोपागंज थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में एक ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, बख्तावरघाट पुल के पास शहरोज फोरलेन पर घने कोहरे के कारण पीछे से आ रहे एक ट्रेलर ने सीमेंट से लदे ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। कोपागंज थानाध्यक्ष रविन्द्र नाथ राय ने बताया कि मृतक की पहचान थाना कोतवाली मऊनिवासी बब्बन यादव (लगभग 45 वर्ष) के रूप में हुई है। यह घटना सुबह करीब 5:30 बजे हुई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। पुलिस के अनुसार, घना कोहरा इस हादसे का प्रमुख कारण माना जा रहा है। टक्कर के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है और मामले की जांच में जुटी हुई है।

संक्षेप

## पुलिस ने किया फर्जी जमानतदार गिरफ्तार

बांदा। थाना तिन्दवारी पुलिस ने फर्जी जमानतदार को गिरफ्तार किया है। बताते चलें कि बीते 19 नवम्बर को जगतनारायण पुत्र गोपाल सिंह निवासी भिडौरा थाना तिन्दवारी ने थाने में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके नाम का फर्जी आधार कार्ड, खसरा खतौनी व फर्जी फोटो लगाकर कुछ अज्ञात लोगों ने कूटरचित तरीके से बलात्कार के आरोपी की न्यायालय में जमानत ली है। जिसे लेकर थाना तिन्दवारी में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, अभिसूचना संकलन, अभिलेखों के सत्यापन व मुखबिर की सूचना पर आरोपी रामबाबू उर्फ डाक्टर पुत्र कल्लू निवासी पिपरहरी थाना पैलानी को ग्राम भिडौरा पानी की टंकी के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 13 आधार कार्ड बरामद हुए हैं। कड़ाई से पूंछताछ करने पर उसने बताया कि गैंग के लीडर शिवस्वरुप उर्फ मास्टर व साथी बलबीर, हरीशंकर, हेमन्त ने फर्जी व कूटरचित तरीके से खसरा-खतौनी, आधार कार्ड व अन्य फर्जी परिपत्र का प्रयोग कर कई मुकदमों में जमानत ली है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय भेजा गया है। मुख्य आरोपी शिवस्वरुप उर्फ मास्टर व साथी बलबीर, हरीशंकर, हेमन्त को गिरफ्तार कर पूर्व में ही जेल भेजा जा चुका है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में दीपेन्द्र सिंह थाना प्रभारी, उप निरीक्षक दिनेश सिंह, अंजनी कुमार, रामाधार व कांस्टेबल अनूप कुमार रहे।

## 13 जनवरी को लखनऊ चलो अभियान का हुआ शुभारंभ

ललितपुर। निर्बल इण्डियन शोषित हमारा आम दल के जिला कार्यालय पर निषाद पार्टी की मासिक बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में आगामी 13 जनवरी 2026 को लखनऊ चलो-लखनऊ चलो अभियान चालू किया गया। इसके अलावा जिलाध्यक्ष ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं की सहमति से यह निर्णय लिया गया कि पूरी ताकत से आह्वान किया कि आगामी वर्ष 2026 में होने वाले जिला पंचायत के चुनाव में निषाद पार्टी अपने बल पर जिला पंचायत की सभी 21 सीटों पर अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतारकर चुनाव लड़ायेगी।

## युवक के सिर पर लोहे की रॉड से गम्भीर प्रहार

ललितपुर। कलेक्ट्रेट से चंद कदमों की दूरी पर रखी चाय की गुमटी पर अपराह्न करीब 3 बजे दो पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। दुकानदार पर आरोप है कि उसने लोहे की रॉड से युवक के सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे वह अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने वहां खड़े लोगों की मदद से घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। सिविल लाइन कलेक्ट्रेट के पास रहने वाली महिला आशा साहू ने बताया कि दोपहर में वह घर पर अकेली थी, तभी पड़ौस में चाय की दुकान किये राज नाम का युवक उसके घर आया और पति के बारे में पूछकर चला गया। कुछ समय पश्चात जब उसका पति सुरेन्द्र साहू पुत्र चुन्नीलाल साहू घर आया तो उसने अपने पति को जानकारी दी। इस सूचना पर सुरेन्द्र पड़ौसी दुकानदार राज के पास पहुंचा और उसने उसकी अनुपस्थिति में उसके घर जाने का कारण पूछा। महिला के अनुसार इसी बात पर दोनों में बात-विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि राज नाम के युवक ने सुरेन्द्र के सिर पर लोहे की रॉड से घातक प्रहार कर दिया, जिससे सिर फट गया और उसका पति लहूलुहान हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह सुरेन्द्र को बचाया। वहीं प्रहार होने के बाद सुरेन्द्र अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाते हुये अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

## प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा तिथि में परिवर्तन

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय परीक्षा नियंत्रक कार्यालय से जारी आदेश के क्रम परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि सत्र 2025-26 की एनईपी के अन्तर्गत संचालित स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर की 20 दिसम्बर 2025 से प्रारम्भ होने वाली समस्त परीक्षाएं अपरिहार्य कारणों से स्थगित की जाती है।

# पालिका बोर्ड की बैठक में विकास और जनहित के कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास

जिला संवाददाता



स्योहारा, बिजनौर। नगर पालिका परिषद स्योहारा की बोर्ड बैठक पालिका सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष फैसल वारसी व संचालन अधिशासी अधिकारी विजेन्द्र सिंह पाल द्वारा किया गया। बैठक में नगर के विकास, जनहित एवं स्वच्छता से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए उन्हें सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

नगर पालिका परिषद के सभाकक्ष में आयोजित बोर्ड की बैठक में सबसे पहले भारत सरकार की अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत नगर पालिका परिषद स्योहारा के विनियमित क्षेत्रों की महायोजना (मास्टर प्लान) तैयार कराने हेतु शासन द्वारा नामित नोडल विभाग नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश को कंसल्टेंट चयन के लिए एजेंसी नामित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

शीत ऋतु को ध्यान में रखते हुए नगर क्षेत्र के चिन्हित स्थलों पर अलाव जलाने हेतु जलौनी लकड़ी की आपूर्ति तथा भवन मानचित्रों की स्वीकृति से संबंधित प्रस्तावों को भी बोर्ड सदस्यों ने सहमति प्रदान की। बैठक के प्रस्ताव संख्या-04 (अन्य-1) में निराश्रित श्वानों के संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन पर विस्तृत चर्चा की गई। अधिशासी अधिकारी विजेन्द्र सिंह पाल ने अवगत कराया कि पूर्व में कराए गए सर्वे में नगर में 235 नर एवं 193 मादा सहित कुल 428 स्ट्रीट डॉग चिन्हित किए गए थे, जिनका बंध्याकरण एवं वैक्सीनेशन कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

अब इनकी पहचान के लिए उनके गले में रेडियम बेल्ट लगाए जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। इसके साथ ही नगर के डॉग प्रेमियों को चिन्हित स्थलों पर ही भोजन कराने हेतु प्रचार-प्रसार किए जाने का निर्णय हुआ। वहीं पालतू कुत्तों के स्वामियों के लिए लाइसेंस अनिवार्य किए गए। लाइसेंस न बनवाने पर 500 रुपए तथा छह माह के अंतराल पर वैक्सीनेशन न कराने पर दो हजार रुपए का जुमार्ना वसूले जाने का निर्णय लिया गया। सरकारी एवं निजी संस्थानों को अपने परिसरों को कुत्ता मुक्त रखने हेतु बैरिकेटिंग/बाउंड्री कराने तथा मीट विक्रेताओं को विशेष साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश देने का भी निर्णय हुआ।

प्रस्ताव संख्या-04 (अन्य-2) में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी शासनादेश के तहत नगर निगम (निर्धारण सूची में संशोधन एवं परिवर्तन) मानक उपविधि, 2025 लागू किए जाने हेतु लिखित दावे/आपत्तियां आमंत्रित करने और उपविधि लागू करने पर भी बोर्ड ने सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की।

बैठक में लिंपिक मोहम्मद शान, सफाई निरीक्षक लिपिक अमित कुमार, प्रभारी पथ प्रकाश मास्टर खुर्शीद, नादरा कमर, श्वेत रस्तोगी, सत्येन्द्र सैनी सुलेमान, विनोद तोमर, अकरम अल्वी, सुभद्रा देवी, इरम नाज, दिलशाद, नसरीन परवीन, इरम परवीन, नोमान, यासीन, जहाँ आरा, आयशा परवीन, पूनम, शाहीन परवींन, आदेश, नईम अहमद, फरहा नाज, जयप्रकाश सभासदएवं पालिका अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षामित्रों ने दिया पांच सूत्रीय ज्ञापन मिला आश्वासन

ललितपुर। आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष भगवतसिंह बैंस के नेतृत्व में एक ज्ञापन बीएसए रणवीर सिंह को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि शिक्षामित्रों की विभिन्न समस्याएं जिले के शिक्षामित्रों के स्थानांतरण समायोजन प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। महिला एवं दिव्यांग शिक्षामित्रों को नगर क्षेत्र के विद्यालयों में स्थानांतरित किया जाए। परिषदीय शिक्षामित्रों का मानदेय कभी भी समय से नहीं दिया जाता है। अतएव समय से मानदेय दिलाया जाए। कुछ शिक्षामित्रों का 2015 में समायोजित हो गए थे, जिनका का पीपीएफ का अवशेष वेतन आज तक नहीं मिला है, जो कि अति शीघ्र दिलाया जाए। बीएलओ में कार्यरत शिक्षा मित्रों को साक्षरता मिशन के कार्यक्रम से पृथक रखा जाए एवं बीएलओ कार्य में लगे शिक्षा मित्रों का विद्यालय अनुपस्थित होने पर मानदेय न काटा जाए।

उक्त सभी समस्याओं पर सहानुभूति पूर्वक उन्होंने विचार किया एवं निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष भगवतसिंह बैस, सुदामा प्रसाद दुबे, अशोक परिहार, नीलम तिवारी, बृजेश टोटे, राघवेंद्र सिंह चैहान, हाकिम पाल, भानसिंह सेंगर आदि उपस्थित रहे।

## पेंशनर्स दिवस पर समस्या निस्तारण का भरोसा



बांदा। कलेक्ट्रेट सभागार में पेंशनर्स दिवस का आयोजन हुआ। अपर जिलाधिकारी न्यायिक मायाशंकर व मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय ने पेंशनरों की समस्याएं सुनीं। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि पेंशनरों की समस्याओं का निस्तारण एवं उनके देयकों, समस्याओं को सरकार ने गंभीरता से लेते हुए पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया है। समस्याओं को सुनकर विभागीय अधिकारियों से उनका निस्तारण कराया जाएगा। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने पेंशनरों को पेंशन की सुविधा के साथ सुरक्षा व्यवस्था को सवेरा योजना के तहत 112 नम्बर डायल कर लाभ लिये जाने, साइबर क्राइम से सतर्क रहने की जानकारी दी। राजाबाबू बाजपेयी ने पेंशनर्स परिषद से पेंशनरों के बैठने के स्थान की व्यवस्था किये जाने और अन्य समस्याओं से संबंधित ज्ञापन दिया। कन्हैयालाल दीक्षित ने पेंशनरों की सेवा पुस्तिकाओं का रख-रखाव एवं सुरक्षा किये जाने एवं अन्य देयकों का भुगतान समय पर किये जाने की बात रखी। बीएल सिंह ने पेंशनरों को अन्य वेतन आयोग के अनुसार पेंशन दिलाये जाने के लिए आवश्यक व्यवस्थायें किये जाने का सुझाव दिया। मुख्य कोषाधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह पेंशनरों की समस्याओं के निस्तारण के लिए पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया गया है। पेंशनरों को प्रशस्ति पत्र, शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## खरीद केन्द्रों में अव्यवस्था, भाकियू ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

बांदा। धान खरीद केन्द्रों में अव्यवस्था को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कलक्ट्रेट पहुंचे किसान अरविंद कुमार, हरिओम नारायन गर्ग, सुशील चैरिहा, बड़कू प्रसाद, विपिन कुमार, लक्ष्मण प्रसाद फौजी, अरुण कुमार पांडेय, जगप्रसाद फौजी ने बताया कि धान खरीद केंद्रों में आनलाइन व्यवस्था गड़बड़ है, अधिकांश केंद्र में बोरे ही नही हैं। 15 दिन से किसान मंडी पर बारी का इंतजार कर रहे हैं और अतर्रा, बदौसा, खुरहंड मंडी में अव्यवस्था चरम पर है। मंडी में किसान से 75 रुपये पल्लेदारी, दो प्रतिशत टीडीएस, कहारिन के नाम पर 15 किलो धान लिया जा रहा है। भाकियू पदाधिकारियों ने नरैनी में सेंटर खोलने की मांग की है। उन्होने कहा कि कुछ व्यापारी बिना लाइसेंस के खरीद करते है लेकिन उनके ऊपर कोई कार्यवाही नही हो रही है। अतर्रा, नरैनी, बदौसा, खुरहंड, बिलागांव, कालिजंर, करतल आदि कस्बों में खुले आम व्यापारी खरीद कर रहे हैं। ग्राम गुढ़ाकला नौगवां आदि ग्रामों में अन्ना जानवर फसल का नुकसान कर रहे हैं। नरैनी विद्युत उपखंड में किसानों ने फसली कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया लेकिन जेई ने रिपोर्ट नही लगाई। किसानों ने कार्यवाही की मांग की है। तहसील अतर्रा में भी किसानों ने ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान रामपाल, सूरजदीन, इशरत खां व अन्य किसान मौजूद रहे।

## संयुक्त चेकिंग अभियान, 15 वाहनों का चालान



बांदा। एआरटीओ श्यामलाल, पीटीओ रामसुमेर यादव, वीरेन्द्र राजभर एवं यातायात प्रभारी संजय मिश्रा के नेतृत्व में संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी जे. रीभा एवं पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, आरटीओ परिवहन उदयवीर सिंह के निर्देशन में शहर के विभिन्न चैराहों में यातायात नियमों के पालन, सड़क सुरक्षा, आपराधिक, असामाजिक गतिविधियों की रोकथाम एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, ट्रिपल सवारी, चारपहिया वाहनों में अवैध रूप से लगी काली फिल्म के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान शराब पीकर ड्राइविंग करने वाले 15 लोगों का चालान किया गया तथा उन्हे जागरुक करते हुए दुष्परिणामों व कानूनी प्राविधानों के बारे में जानकारी दी गई। एआरटीओ श्यामलाल, पीटीओ राम सुमेर यादव एवं यातायात प्रभारी संजय मिश्रा ने भविष्य में ड्रिंक कर वाहनों का संचालन, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न ले जाने तथा वाहनों पर काली फिल्म लगाने पर कड़ी कानूनी कार्यवाही करने की चेतावनी दी। उन्होने लोगों से कहा कि यातायात नियमों का पालन करें और जिले में यातायात व कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग दें।

## फसल बीमा योजना में फर्जीवाड़ा करने वाले गिरफ्तार



महोबा। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 17 दिसंबर 2025 को अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित पुलिस टीम ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित फर्जीवाड़े के मामले में थाना स्थानीय पर पंजीकृत धारा 318(4)/338/336(3) बीएनएस से सम्बन्धित 4 वांछित अभियुक्तों अरविन्द यादव पुत्र राजासिंह उम्र करीब 42 वर्ष निवासी ग्राम कोटरा थाना महोबकंठ जनपद महोबा, श्यामलाल सेन पुत्र रामरतन सेन उम्र करीब 35 वर्ष निवासी मुहल्ला रोशनपुरा कस्बा व थाना चरखारी जनपद महोबा, बृजगोपाल अरजरिया पुत्र भगवानदास उम्र करीब 65 वर्ष निवासी ग्राम छतरवारा थाना महोबकंठ जनपद महोबा, निखिल चतुर्वेदी पुत्र माताचरण चतुर्वेदी उम्र करीब 31 वर्ष निवासी ऐदलपुर पोस्ट पर्वतपुर थाना जालौन जनपद जालौन को ग्राम गोरखा थाना चरखारी के पास से गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त अभियुक्तों द्वारा एक योजना के तहत अन्य अभियुक्तों के साथ मिलकर सरकारी लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा पोर्टल पर कूटरचित दस्तावेज लगाकर अनुचित बीमा कराया गया था। गिरफ्तार अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है।

## मुख्य वन संरक्षक ने किया जंगलों का निरीक्षण



ललितपुर। मुख्य वन संरक्षक सी0एच0वी0 गिरीस के नेतृत्व में मंगलवार की देर रात्रि में गौना एवं ललितपुर के जंगलों में विभिन्न टुकड़ियों ने गहन गस्त किया। रात्रि गस्त का मुख्य उद्देश्य विभिन्न रेंजों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाकर अपराधियों में भय व्याप्त करना रहा। जिससे कि कोई भी अपराधी अवैध शिकार, अवैध कटान या अन्य को किसी भी वन अपराध नहीं कर सके। इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक ने कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति वन संबंधी अपराधों में लिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। रात्रि गश्त के दौरान गोना रेंज के बालावेहट क्षेत्र के जंगल, ललितपुर रेंज के भारौन, धौरा, बंदर गुढ़ा आदि क्षेत्रों का दौरा उनके द्वारा किया गया। वहीं उन्होंने कर्मचारियों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं भी सुनी।

**● जांची व्यवस्थाएं, नियमित गश्त करने के दिये निर्देश**

मुख्य वन संरक्षक ने सख्त निर्देश दिए कि कर्मचारी नियमित रूप से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें और अगर कोई विभागीय कर्मचारी किसी वनअपराध में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ ही कानूनन सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं बुधवार को मुख्य संरक्षक ने ललितपुर रेंज की ककरुआ एवं गोविन्दसागर नर्सरी का निरीक्षण किया। तदोपरांत गौना रेंज के झांसी सागर हाईवे पर तेंदुआ दुर्घटना क्षेत्र का भी जायजा लिया। इसके उपरांत मडावरा रेंज में तीसगना नर्सरी का निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर प्रभारी डीएफओ सतेद्र सिंह तोमर, रेंज अधिकारी ललितपुर सदर भोला सिंह, रेंज अधिकारी गौना सुभाष वर्मा, रेंज अधिकारी मडावरा अशोक यादव उड़दस्ता प्रभारी मनीष कुमार एवं अन्य रेंज के अधिकारीगण एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# एसपी ने मासिक अपराध समीक्षा - गोष्ठी का आयोजन कर दिये अहम दिशा निर्देश



ललितपुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स, ललितपुर में सैनिक सम्मेलन व मासिक अपराध समीक्षा बैठक आहूत की गयी। सैनिक सम्मेलन के दौरान पुलिस कर्मियों की पारिवारिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसके उपरान्त मासिक अपराध समीक्षा बैठक में समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारियों, समस्त शाखा प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। मासिक अपराध समीक्षा बैठक के दौरान अनेकों बिन्दुओं पर पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा गहनता से समीक्षा की गयी। मिशन शक्ति से सम्बन्धित अभिलेखों को निर्धारित प्रारूप में तैयार करने व सभी प्रविष्टियों को अध्यावधिक करने हेतु निर्देशित किया गया। मिशन शक्ति शिकायत पेटिका से प्राप्त शिकायतों का सम्बन्धित अभिलेख में रजिस्टर्ड करने तथा उन पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। कप्तान ने निर्देष दिये कि चिन्हित हाट स्पाट पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगवायें जायें। सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि भारत सरकार द्वारा संचालित साइबर क्राइम के सम्बन्ध में सभी पोर्टल आदि पर नियमित रूप से लॉगिन करने, उसका प्रशिक्षण प्राप्त करने, उपयोग करने तथा इन पोर्टल के माध्यम से की गयी कार्यवाही का अभिलेख तैयार करने तथा तैयार किये गये अभिलेख में साप्ताहिक कृत कार्यवाही का गोश्वारा बनाने हेतु निर्देशित किया गया। साइबर अपराध से सम्बन्धित ह्लसाइबर स्लेबरी, म्यूल एकाउण्ट्स, फिशिंग, आदिह्व के बारे में लोगो को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया तथा इस प्रकार के अपराध से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। आईजीआरएस पोर्टल पर लम्बित शिकायतों का उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने हेतु तथा आवेदको से शत-प्रतिशत फीडबैक लेने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद में शान्ति एवं कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत समस्त क्षेत्राधिकारीगण व थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र की सीमाओं पर बैरियर लगाकर नियमित रुप से सघन चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। अपराध समीक्षा बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त थाना प्रभारी, वन विभाग, समस्त शाखा प्रभारी, प्रभारी जीआरपी, प्रभारी आरपीएफ, पीसी होमगार्डस, प्रतिसार निरीक्षक ललितपुर, एवं अन्य अधि0 कर्म0 गण मौजूद रहे।

**● थाना क्षेत्रों की सभी सीमाओं पर बैरियर लगाकर नियमित रुप से चेकिंग करने के लिए निर्देशित किया**

## जीआरपी ने चलाया जांच अभियान

अयोध्या। पुलिस अधीक्षक राजकीय रेलवे लखनऊ अनुभाग के साप्ताहिक जांच और तलाशी निर्देश पर मंगलवार की रात जीआरपी पुलिस ने अयोध्या कैट रेलवे स्टेशन पर अभियान चलाया।

अभियान के तहत रेलवे स्टेशन परिसर के क्षेत्राधिकार में लोगों की जांच की गई और यात्रियों के अलावा अन्य को स्टेशन परिसर से बाहर कर दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक जीआरपी अयोध्या कैंट समर बहादुर सिंह ने बताया कि एसपी रेलवे ने सभी प्रभारी निरीक्षकों को अपने अपने थाना क्षेत्र में सप्ताह में एक दिन अपने थाना क्षेत्र में विशेष चेकिंग का आदेश दिया है। आदेश के तहत जीआरपी अयोध्या कैंट पर उपलब्ध पुलिस बल के साथ अयोध्या कैंट स्टेशन के सभी प्लेटफार्म, टिकट घर, सकुर्लेटिंग एरिया, वेटिंग हाल, मेन गेट प्रतीक्षालय की सघन चेकिंग की गई।

चेकिंग के दौरान मिले अनावश्यक लोगों को परिसर से बाहर कराया गया। अभियान में मुख्य आरक्षी दान बहादुर सिंह, आरक्षी मनजीत सिंह, प्रशांत कुमार, अनिल कुमार, मनोज कुमार आदि शामिल रहे।

## पेंशनर्स की बैठक आयोजित कर समस्याओं को शिकायत पंजिका में दर्ज करें: सीडीओ



बिजनौर। मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने पेंशनर्स को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन उनकी समस्याओं के गुणवत्तापरक निस्तारण के लिए सजग और प्रतिबद्ध है तथा उनकी समस्याओं के समयबद्धता के साथ निराकरण के लिए सभी अधिकारियों को निर्देश निर्गत किए जाते हैं। उन्होंने वरिष्ठ कोषाधिकारी से कहा कि कि पेंशनर्स के साथ प्रतिमाह बैठक का आयोजन कर उनकी समस्याओं को शिकायत पंजिका में दर्ज कर निस्तारित करना सुनिश्चित करें।

मुख्य विकास अधिकारी श्री सिंह आज दोपहर 12:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित पेंशनर्स दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने सभी पेंशनर्स बंधुओं को पेंशनर्स दिवस की बधाई देते हुए उन्हें अपनी हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि जिले के पेंशनर्स अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और संवेदनशील हैं। उन्होने कहा कि यदि कोई समस्या उनके स्तर से निस्तारित होना संभव नहीं है तो उनके संज्ञान में लाएं ताकि उसका समाधान किया जा सके। उन्होंने पेंशनर्स की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उसके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर में पेंशनर्स की समस्याओं के निराकरण के लिए पेंशनर्स संगठनों के पदाधिकारीगण स्थापित डेस्क पर मौजूद रहते हुए बहुत से पेंशनर्स की समस्याओं का अपने स्तर पर ही निराकरण करते हैं और पेंशनर्स का उचित मार्गदर्शन भी उनके द्वारा किया जाता है। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी विजय शंकर तिवारी, कोषाध्यक्ष मेहर सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी लक्ष्मी देवी सहित पेंशनर्स संगठनों के अन्य पदाधिकारीगण सहित भारी संख्या में पेशनर्स उपस्थित थे।

## गंगा एक्सप्रेस वे की जंग लड़ने वाले दिगंबर सिंह का हर संघर्ष में देंगे साथः चंद्रहास

बिजनौर। गंगा एक्सप्रेस वे को महात्मा विदुर की भूमि बिजनौर से जोड़ने की मांग का समर्थन करते हुए अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह को अपने आवास पर पोस्टकार्ड की मुहिम को मजबूत करने के लिए पोस्टकार्ड भेट किए।

चंद्रहास सिंह ने इस मौके पर कहा कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नजीबाबाद सभा के दौरान तथा कुछ माह पूर्व सदन में भी बिजनौर को गंगा एक्सप्रेस वे की सौगात देने की घोषणा की थी।

बिजनौर का आम जनमानस मुख्यमंत्री द्वारा किए गए वादे से काफी खुश थे, लेकिन राजनीतिक षड्यंत्रों के कारण गंगा एक्सप्रेसवे को महात्मा विदुर की भूमि से दूर करने का निंदनीय कार्य किया जा रहा है। गंगा एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश की एक बड़ी 594 किमी लंबी 6 लेन (8-लेन तक विस्तार योग्य) ग्रीनफील्ड परियोजना है, जो मेरठ को प्रयागराज से जोड़ती है, यात्रा का समय घटाकर 6-7 घंटे करती है। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष चैधरी दिगंबर सिंह ने इस मुहिम को बहुत मजबूती के साथ ईमानदारी से उठाते हुए सरकार से गंगा एक्सप्रेसवे को बिजनौर से जोड़ने की मांग की है जो अत्यंत सराहनीय कदम है। गंगा एक्सप्रेस वे का लक्ष्य आम जनमानस का आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।

## आश्रित कल्याण समिति संघ ने धर्मेंद्र कुमार को किया जिलाध्यक्ष मनोनीत



बिजनौर। आश्रित कल्याण समिति (संघ) उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष द्वारा संगठन को विस्तार देते हुए रिक्त हुए अध्यक्ष पर नए अध्यक्ष को मनोनीत किया गया है । आश्रित कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष प्रभात कुमार द्वारा जनपद बिजनौर में नए जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। पूर्व अध्यक्ष ओंकार सिंह का प्रदेश समिति में संगठन मंत्री के पद पर मनोनयन होने के पश्चात अध्यक्ष पद रिक्त चल रहा था। बिजनौर जनपद के विकासखंड अल्हैपुर (धामपुर) के प्राथमिक विद्यालय सद्दोबेर के मुख्याध्यापक धर्मेंद्र कुमार को आश्रित कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के द्वारा जनपद बिजनौर का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है तथा उन्होंने यह आशा व्यक्त की है कि धर्मेंद्र कुमार अपने दायित्व को अपने निजी हितों से ऊपर उठकर संघ के दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

## अवैध खनन करती जेसीबी को पकड़ा



ललितपुर। जिलाधिकारी निर्देशन में जनपद ललितपुर में अवैध खनन की रोकथाम के लिए खनिज कार्यालय द्वारा लगातार निरीक्षण कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है। बीती रात्रि जिला खनिज अधिकारी अमितोष वर्मा ने अभियान चलाते हुये जनपद की महरौनी तहसील के सौजना क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना प्राप्त होने पर छापामार कार्यवाही करते हुये एक जेसीबी मशीन को अवैध खनन करते हुये मौके पर ही पकड़ लिया। जेसीबी मशीन द्वारा सौजना गांव के समीप पहाड़ी पर खनन किया जा रहा था। जांच दल द्वारा पूछताछ करने पर जेसीबी चालक द्वारा कोई वैध प्रपत्र नहीं दिखाए जा सके। जिस कारण से जिला खनिज अधिकारी द्वारा जेसीबी को पुलिस की अभिरक्षा में दे दिया गया है। जेसीबी पर अवैध खनन के जुर्म में कठोर कार्यवाही की गई है। जेसीबी चालक द्वारा बताया गया कि सौजना निवासी निवासी अक्षांश पाराशर के खनन कार्य कराया जा रहा था।

## रैक से सीधे भेजी गयी बिक्री केन्द्रों को खाद



बांदा। जिले में किसानों की मांग के अनुरूप खाद की आपूर्ति की जा रही है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अंशल कुमार ने बताया कि बुधवार को रैक प्वाइंट से 162 मीट्रिक टन यूरिया व 175 मीट्रिक टन डीएपी भेजी गयी है। एक दर्जन से अधिक सहकारी वितरण केन्द्रों को खाद भेजी गयी है। उन्होने बताया कि जिले में मंगलवार को 1606.455 मीट्रिक टन यूरिया खाद की रैक कई वितरण केन्द्रों को भेजी गयी थी। इसका वितरण बुधवार को विभिन्न बिक्री केन्द्रों में नियमानुसार शांतिपूर्ण तरीके से किया गया है। सहायक निबंधक ने बताया कि इसी प्रकार डीएपी, एनपीएस भी कई केन्द्रों में भेजी गयी है। उन्होने कहा कि शीघ्र ही 1600 मीट्रिक टन डीएपी खाद की रैक पहुंचने वाली है। जिले में फॉस्फेटिक उर्वरक का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। किसानों को बुवाई के लिए खाद की कमी नही होने पाएगी। कहा कि उर्वरक बिक्री केन्द्रों को मांग के अनुरूप लगातार खाद भेजी जा रही है।

# जी राम जी योजना

कोई भी योजना हो, नियम-कानून हो, समय के साथ उसमें सुधार की जरूरत होती है। ऐसे में अगर केंद्र सरकार विकसित भारत के मिशन को और गति देने के लिए मनरेगा योजना में सुधार करती है और उसका नाम विकसित भारत- जी राम जी, करना चाहती है, तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। वैसे भी इस योजना को पहले नरेगा नाम से शुरू किया गया था बाद में यूपीए की सरकार ने इसे मनरेगा कर दिया। अब अगर इसमें व्यापक सुधार के साथ ही एनडीए सरकार भी बदलाव करती है तो इसमें गलत क्या है? केंद्र सरकार ने मंगलवार को विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार ऐंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) या वीबी- जी राम जी, विधेयक संसद में पेश किया। यह महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम यानी मनरेगा के तहत चल रहे ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम में ही संशोधन है। कहा जा रहा है कि दो दशक पहले मनरेगा के आने के बाद से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में काफी बदलाव आया है और नया कानून ग्रामीण भारत की बदलती हकीकत और जरूरत को ध्यान में रखता है। यह रोजगार मुहैया कराने के तरीकों में अहम बदलाव का प्रस्ताव रखता है




**मनरेगा में सुधार के जरिए धन का उपयोग और बेहतर ढंग से होता है और रोजगार दिनों की संख्या बढ़ती है तो ठीक है।**

जिनमें से कुछ पर कई राज्य सरकारें आपत्ति भी जता रही हैं। विधेयक में प्रत्येक परिवार के लिए रोजगार गारंटी के दिनों की तादाद बढ़ाकर 125 करने का प्रस्ताव है। इससे ग्रामीण भारत के काम तलाशने वाले लोगों को लाभ होना चाहिए। हालांकि ध्यान देने योग्य बात यह है कि बीते दो दशकों में मनरेगा के माध्यम से सालाना औसतन 50 दिनों का ही रोजगार मिला है जबकि इसके अंतर्गत 100 दिनों के रोजगार का प्रावधान है। इसलिए दिनों की संख्या बढ़ाना तभी मददगार हो सकता है जब रोजगार के पर्याप्त अवसर बनें और उपलब्ध कराएं जाएं। रिपोर्ट यह भी बताती हैं कि मनरेगा के तहत काम तलाशने वाले श्रमिकों को हमेशा रोजगार नहीं मिला। इस बारे में यह उल्लेखनीय है कि नई योजना मनरेगा की तरह मांग आधारित नहीं होगी। इसमें भारत सरकार की अधिकांश योजनाओं की तरह मानक फंडिंग होगी। इससे बेहतर योजना बनाने और पूवार्नुमान में मदद मिलेगी। यह एक केंद्र प्रायोजित योजना होगी और अन्य केंद्रीय योजनाओं की तरह वित्तीय बोझ राज्यों के द्वारा साझा किया जाएगा। मनरेगा के तहत राज्यों ने सामग्री की लागत का 25 फीसदी और प्रशासनिक लागत का 50 फीसदी वहन किया। अब, अधिकांश राज्यों द्वारा कुल लागत का 40 फीसदी साझा करना उनके वित्तीय व्यय को बढ़ा सकता है। यह तर्क दिया जा सकता है कि इससे योजना की निगरानी और क्रियान्वयन में सुधार होगा क्योंकि अब राज्यों की हिस्सेदारी अधिक होगी। लेकिन संभव है कि कुछ राज्य अतिरिक्त व्यय करने की स्थिति में न हों या ऐसा करने के इच्छुक न हों। वास्तव में, यह सामान्य रूप से केंद्र प्रायोजित योजनाओं पर बड़े प्रश्न उठाता है। जैसा कि भारतीय रिजर्व बैंक की राज्य वित्त रिपोर्ट (2024) ने सही रूप से उल्लेख किया है, बहुत अधिक केंद्रीय योजनाएं राज्यों के खर्च करने के लचीलापन को प्रभावित करती हैं। केंद्रीय योजनाओं को युक्तिसंगत बनाने का मामला बनता है। संघवाद की भावना में, राज्यों को खर्च करने की अधिक स्वतंत्रता होनी चाहिए। यह देखना दिलचस्प होगा कि सोलहवें वित्त आयोग ने इस मुद्दे को कैसे संबोधित किया है। वीबी-जी राम जी का अहम पहलू यह है कि यह कृषि क्षेत्र में श्रमिकों की जरूरत पर ध्यान देती है। राज्य बोआई या कटाई के दौरान कुल मिलाकर 60 दिनों तक की अवधि अधिसूचित कर सकते हैं, जब योजना के तहत कार्य स्थगित रहेगा, ताकि कृषि कार्य के लिए उचित मजदूरी पर श्रम उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त, नया कानून ग्रामीण रोजगार प्रदान करने और टिकाऊ बुनियादी ढांचा बनाने का लक्ष्य रखता है, जिसमें जल सुरक्षा, मौसम की अतिरंजित घटनाओं को कम करने के लिए कार्य, और मुख्य ग्रामीण बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह काम के लिए स्थानीय योजना की परिकल्पना करता है जो राष्ट्रीय स्थानिक प्रणालियों के साथ एकीकृत हो। कुल मिलाकर इस योजना में सुधार की जरूरत है और इसमें रोजगार की अवधि गारंटी सीमा तक उपलब्ध कराने के साथ ही योजना के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस बुनियादी विकास होना चाहिए।

# शिव मंदिर के लिए क्यों लड़ रहे दो बौद्ध देश





शाहिद ए चौधरी

**आईसीजे ने सर्वसम्मति से अपनी 11 नवम्बर 2013 की रूलिंग में कहा है कि 1962 के फैसले में तय हुआ था कि कंबोडिया की सम्प्रभुता प्रेह विहार के पूरे चट्टानी क्षेत्र पर है और थाईलैंड उस क्षेत्र से अपनी फौज हटा ले।**

शांति के नोबेल पुरस्कार पर आंखें गड़ाए हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प ने थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चरणाविराकुल और कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मनेत से 12 दिसम्बर 2025 को फोन पर वार्ता करने के बाद दावा किया कि उन्होंने इन दोनों देशों के बीच युद्ध विराम करा दिया है। लेकिन ट्रम्प की इस घोषणा के तुरंत बाद चरणाविराकुल ने कहा कि फोन वार्ता के दौरान युद्धविराम के मुद्दे पर तो कोई बात हुई ही नहीं थी। चरणाविराकुल की बात सही प्रतीत होती है, क्योंकि अगले ही दिन यानी 13 दिसम्बर 2025 को कंबोडिया ने न सिर्फ थाईलैंड के 4 सैनिकों की हत्या कर दी बल्कि थाईलैंड के साथ उसने अपनी बॉर्डर क्रासिंग्स को भी बंद कर दिया। दक्षिण पूर्व एशिया के इन दो पड़ौसी मुल्कों के बीच चल रही इस लड़ाई में इस सप्ताह के दौरान लगभग 24 व्यक्ति मारे गये हैं और दोनों तरफ के तकरीबन 5 लाख लोग विस्थापित हुए हैं। दोनों बैंकाक व नोमपेन्ह एक दूसरे के नागरिकों पर हमले करने के आरोप लगा रहे हैं, जबकि दोनों तरफ के लोग दुखी हैं कि ट्रम्प के हस्तक्षेप के बावजूद सीजफायर नहीं हो पाया है और एयर स्ट्राइक्स व आर्टिलरी शेलिंग जारी है।

दरअसल टकराव की जड़ कोलोनियल-युग में निर्धारित किया गया 800 किमी का बॉर्डर है यानी विवाद बहुत पुराना है, जिसमें एक प्राचीन शिव मंदिर है, जिस पर दोनों बौद्ध बहुल थाईलैंड व कंबोडिया अपना अपना दावा करते हैं। नई दिल्ली कम से कम तीन बार इन दोनों देशों से कह चुकी है कि शिव मंदिर को कोई नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। कंबोडिया व थाईलैंड के बीच डांगरेक पर्वत श्रृंखला, जिसे डांगरेक रेंज भी कहा जाता है, प्राकृतिक सीमा बनाती है। इसकी खड़ी चट्टानों पर प्रेह विहार है। जंगल से घिरी पहाड़ियां मेकोंग नदी से थाईलैंड के सैन काम्फेंग के पहाड़ी इलाकों तक फैली हुई हैं, जबकि मेकोंग नदी तिब्बती पठार से निकलते हुए साउथ चाइना सी तक बहती है। प्रेह विहार का निर्माण 9वीं व 12वीं शताब्दियों के बीच खेमर राजाओं जैसे यसोवर्मन 1 और सूर्यवर्मन 1 व 2 ने कराया था। यह मंदिर भगवान शिव का पवित्र पहाड़ी आवास है। इसका प्राचीन नाम श्री शिखराश्वर है, जिसका अर्थ है 'पहाड़ों के महान ईश्वर'। मंदिर कंबोडिया के प्रेह विहार प्रांत में स्थित है और मैदानी इलाकों से 700 मीटर से भी अधिक ऊपर बना हुआ है, जहां से आसपास के क्षेत्रों का शानदार नजारा देखने को मिलता है। हालांकि आज मुख्य रूप से कंबोडिया की तरफ से ही इस मंदिर तक पहुंचा जा सकता है, लेकिन मंदिर जिस जगह स्थित है उसकी वजह से यह लम्बे समय से विवाद का बिंदु बना हुआ है। यह थाईलैंड व कंबोडिया के बीच तनाव के केंद्र में है, जो पिछले सप्ताह एयर स्ट्राइक्स व आर्टिलरी शेलिंग से भड़क उठे।

**चिंतन**

अधिकतर खेमर मंदिरों का रुख पूरब की तरफ है, आयताकार योजना के साथ, लेकिन इसके विपरीत प्रेह विहार रेखीय उत्तर-दक्षिण अक्ष का पालन करता है। यूनेस्को के अनुसार, मंदिर परिसर में विहारों की श्रृंखला है जो पेवमेंट्स व सीढ़ियों से जुड़े हुए हैं और 800 मीटर से अधिक में फैले हुए हैं। पांच सरूप गोपुरम (प्रवेश द्वार) हैं जिन पर हिन्दू पौराणिक कथाओं व खेमर प्रतीकों की नक्काशी है और वह उबड़-खाबड़ चट्टानों पर बने हुए हैं। थाईलैंड व कंबोडिया के बीच विवाद की जड़ कोलोनियल-युग की सीमाओं में है। फ्रांको-सियामीज समझौते जो 1904 व 1907 में हुए, उनमें डांगरेक पहाड़ियों में बह रही नदी को ही सीमा के रूप में परिभाषित कर दिया गया। जब फ्रांस के सर्वेयरों ने नक्शा तैयार किया तो उन्होंने प्रेह विहार को कंबोडिया की तरफ दिखा दिया, बावजूद इसके कि मंदिर जिस चट्टान पर है उस तक थाईलैंड की तरफ से आसानी से पहुंचा जा सकता है। जब कंबोडिया को 1953 में फ्रांस से आजादी मिली तो उसके शासकों ने नये सिरे से प्रेह विहार पर अपना दावा किया, लेकिन थाईलैंड ने उस क्षेत्र में अपनी फौज तैनात कर दी। कंबोडिया विवाद को हेग स्थित इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस (आईसीजे) लेकर गया, जिसने 1962 में फैसला दिया कि मंदिर कंबोडिया के सम्प्रभु क्षेत्र में है। अदालत ने इस बात का संज्ञान लिया कि 1904 का फ्रांको-सियामीज समझौता मेलोंग नदी को सीमा मानता है और मिक्स्ड डि-लिमिटेशन कमिशन के कार्य पर आधारित नक्शा मंदिर को कंबोडिया की सीमा के भीतर दिखाता है। थाईलैंड ने दावा किया कि नक्शे की कोई कानूनी हैसियत नहीं है और बैंकाक ने कभी भी उसे औपचारिक रूप से स्वीकार नहीं किया। आईसीजे ने इस दावे को खारिज कर दिया और थाईलैंड को आदेश दिया कि वह अपनी सेना या पुलिस को, अगर वह तैनात है, वहां से हटा ले। हालांकि मंदिर तो कंबोडिया को दे दिया गया, लेकिन उसके आसपास की भूमि की संप्रभुता अपरिभाषित रही, जिसकी वजह से समय समय पर हिंसक टकराव जारी रहा। यूनेस्को ने 2008 में मंदिर को वर्ल्ड हेरिटेज साईट घोषित किया, जिससे इसका ऐतिहासिक महत्व तो बढ़ा, लेकिन साथ ही संवेदनाओं में भी कटुता आ गई, और क्रॉस-बॉर्डर लड़ाइयां आरंभ हो गईं। अप्रैल 2011 में कंबोडिया ने आईसीजे से 1962 के फैसले की व्याख्या करने का आग्रह किया यह कहते हुए कि थाईलैंड मंदिर पर तो उसकी संप्रभुता को मान्यता देता है, लेकिन उसके आसपास के क्षेत्र पर नहीं। अदालत ने सर्वसम्मति से अपनी 11 नवम्बर 2013 की रूलिंग में कहा कि 1962 के फैसले में तय हुआ था कि कंबोडिया की सम्प्रभुता प्रेह विहार के पूरे चट्टानी क्षेत्र पर है और थाईलैंड को उस क्षेत्र से अपनी फौज हटाने का आदेश दिया। अदालत ने इस तथ्य की भी पुष्टि की कि क्षेत्र के लोगों के लिए मंदिर का धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व है और दोनों थाईलैंड व कंबोडिया से कहा कि मंदिर की सुरक्षा में सहयोग करें। इस रूलिंग के बावजूद तनाव जारी है, जिसकी वजह से जुलाई 2025 में खुला हिंसक टकराव हुआ और क्रॉस-बॉर्डर लड़ाई में दर्जनों व्यक्ति मारे गये व 3 लाख से अधिक विस्थापित हुए। मलेशिया व अमेरिका के राजनयिक हस्तक्षेप से 5 दिन की इस लड़ाई पर विराम लगा। लेकिन जब नवम्बर 2025 में बारूदी सुरंग के फटने से अनेक सैनिक घायल हुए तो थाईलैंड ने घोषणा की कि वह सीजफायर लागू करने को स्थगित कर रहा है।

इस फैसले से 7 दिसम्बर 2025 से फिर लड़ाई आरंभ हो गई और कंबोडिया ने थाईलैंड पर एयर स्ट्राइक्स करने के आरोप लगाये। फिर 12 दिसम्बर 2025 को ट्रम्प ने दावा किया कि उन्होंने दोनों देशों के नेताओं से बात करके एक बार फिर सीजफायर करा दी है। थाईलैंड ने कहा कि सीजफायर पर तो कोई बात ही नहीं हुई। थाईलैंड की बात में ही सच्चाई नजर आ रही है क्योंकि जंगल, पहाड़ों व थोड़े-बहुत बसे क्षेत्र, जो प्राचीन स्मारकों व पवित्र सांस्कृतिक नक्काशियों से भरा हुआ है, में लड़ाई व तनाव जारी है। दोनों देशों के नागरिकों का एकदूसरे पर से विश्वास उठता जा रहा है। थाईलैंड की विस्थापित कन्याप्त सओप्रिया कहती हैं कि 'मुझे अब कंबोडिया पर विश्वास नहीं है', जबकि कंबोडिया की विस्थापित व्यरीना इस क्रूर हिंसा से दुखी हैं। उधर ट्रम्प आपदा में अवसर (नोबेल शांति पुरस्कार) तलाश रहे हैं।

**सोशल मीडिया**

इस माह मन की बात के होने वाले प्रसारण हेतु आ. प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा संबोधित किये जाने वाले विषयों पर अपने अमूल्य विचार व सुझाव अवश्य साझा करें। केशव प्रसाद मौर्य.



अब तक के इतिहास में डॉलर के मुकाबले रुपये का सबसे ज्यादा कमजोर होना दिखाता है कि अर्थव्यवस्था को लेकर भाजपा के सारे दावे, आंकड़े पूरी तरह झूठ है। अखिलेश यादव.



भारतीय सशस्त्र बलों के अद्भुत शौर्य, अटूट संकल्प और अक्षुण्ण राष्ट्र भक्ति के प्रतीक विजय दिवस पर मां भारती के वीर सपूतों को कोटिश नमन करता हूं। जय हिन्द! जेपी नड्डा.



# भौतिक सफलताएं

**अंतर्दृष्टि**

भगवान से मांगने योग्य वस्तुएं श्रद्धा, हिम्मत, श्रमनिष्ठा, सच्चरित्रता, करुणा, ममता, पवित्रता और विवेकशीलता जैसी वे सद्भावना एवं सत्प्रवृत्तियां हैं जो विपन्नता को सम्पन्नता में बदल देती हैं और अभाव रहते हुए जिनके कारण विपुल सम्पन्नता का सुख अनुभव होता रहता है। प्रगति और सफलता का सारा आधार सद्गुणों पर अवलम्बित है। उनके बिना अकस्मात् किसी प्रकार कोई लाभ मिल भी जाये तो उसे संभालना और स्थिर रखना संभव न होगा। सदुपयोग केवल उस वस्तु का किया जा सकता है जो उचित मूल्य देकर उपार्जित की गयी है। अनायास बिना परिश्रम के मिली हुई सम्पत्ति का उपव्यय ही होता है और उससे अनेक व्यसन और उद्वेग पैदा होते हैं जिनके कारण वह उपलब्धि सुखदायक न होकर अनेक विपत्तियां और विकृतियां उत्पन्न करने का कारण बन जाती है। भगवान जिा पर प्रसन्न होते हैं उस सद्गुणों का उपहार देते हैं क्योंकि वे अपने आप में इतने महान हैं कि यदि साधन सम्पन्ता न भी हो, तो भी केवल उन सद्गुणों की सम्पदा के आधर पर मनुष्य सुखी समुन्नत और सम्मानित जीवन जी सकता है। यही दिव्य संपदाएं भगवान से मांगनी चाहिए। यही हैं वे विभूतियां जिन्हें वे अपने भक्तों को दिया करते हैं। भौतिक सफलताएं हमें अपनी भुजाओं और कलाइयों से मांगनी चाहिए। अपनी अकल को तेज करना चाहिए और सूझ बूझ से काम लेना चाहिए। अवरोध उत्पन्न करने वाली त्रुटियों को सुधारना चाहिए। सफलता का द्वारा खुल जायेगा। भगवान स्वयं अपनी विधि व्यवस्था में बंधे हुए हैं। उन्होंने इस संबंध में अपने आपके साथ तक कोई रियायत नहीं की, अपने सगे संबंधियों तक को छूट नहीं दी। कर्मफल की व्यवस्था को ही सर्वत्र प्रधान रखा। ऐसा न होता तो कोई पुरुषार्थ करने के लिए ही क्यों होता और कुकर्मों से बचने के लिए किसी को आवश्यकता ही क्या पड़ती?
प्रार्थना मात्र से सारी सुविधाएं मिल जाती तों फिर कठोर, कर्मठता के लिए कठिबद्ध होने की इच्छा ही क्यों होती? जिन मनुष्यों की वासनाएं शांत हो गयी हैं, उनके मन मंदिर में आठोयम प्रेम ज्योति प्रज्जवलित है। वे इन्द्रियों के दास नहीं, इन्द्रियां स्वयं उनकी दासता में रहती हैं। सांसारिक प्रपंच किसे कहते हैं, इससे उन्हें कोई प्रयोजन नहीं। वे समय पर धर्म की बेदी पर प्राण न्यौछावर करने के लिए तत्पर रहते हैं और धर्म संस्थापन के लिए ही जीवन है। सरलता, नम्रता, सहनशीलता, सम्प्रति ही उनके जीवन के मुख्य साधन हैं। उनमें अहं का भाव नाम-मात्र भी नहीं होता। ऐसे मनुष्य सत्य की शीतल छाया में जीवन व्यतीत करते हैं।

# बाथरूम के बड़े फायदे हैं...

**व्यंग्यलोक**

आजकल लगभग मैं बाथरूम में ही पाया जाता हूँ। मैंने बाथरूम से बाहर रूम में रहकर देख लिया, सिवाय परेशानियों के और कुछ नहीं है। बाथरूम के बड़े फायदे हैं। पत्नी का यह तकिया कलाम स्थायी हो गया है कि मैं बाथरूम में हूँ। मेरे कई भय है। जिनके कारण मुझे इसमें जाना पड़ा है। खासतौर से जब से फोन लगा है, तब से मैं इसमें समाहित हो गया हूँ। सुबह-सुबह मेरे एक प्रकाशक मित्र का फोन आता है, जिनसे सिवाय वाहियात वार्तालाप के अलावा कुछ हासिल नहीं हो पाता। रायल्टी का हिसाब-किताब करीब-करीब क्लीयर-सा है, ऐसी स्थिति में मेरा बाथरूम में चले जाना ही श्रेष्ठ है-सो से मिलते हैं तो यही शिकायत प्रमुखता से करते हैं कि मैं बाथरूम में क्यों चला गया हूँ। उनसे तो असलियत क्या बताऊँ, यही कह पाता हूँ कि डॉक्टर ने साफ-सफाई के प्रति जागरूक रहने को कहा है, सो ज्यादा समय वहीं रहना पड़ता है। वे रहस्यमयी मुस्कान के साथ कहते हैं- थोड़ा लिखना-पढ़ना रेगुलर करो। इस तरह कैसे चलेगा। इस तरह तो आपका लेखक मर जायेगा।
मैं मन में सोचता हूँ कि उनकी बकवास से मरने की एवज बिना लिखे-पढ़े मर जाना ज्यादा बेहतर है। उधार माँगने वालों से पूरी तरह सुरक्षित हूँ। वे फोन पर ही - चिल्लाते हैं-उन्हें निकालिये बाथरूम से। पूरा एक साल गुजर गया-कब देंगे हमारी उधारी? पत्नी घाघ हो गयी है, कहती है-उन्हें पहले बाथरूम से बाहर आने दो, पता करती हूँ कि उन्होंने आप जैसे अव्यावहारिक आदमी से उधार क्यों ली? उधार ली है तो मर थोड़े ही रहे हैं हम। एक-एक पाई चुका देंगे, लेकिन बातचीत ढंग से किया करो। थोड़ी तमीज सीखो। उधार उगाहने वाले दुर्जन ठण्डे पड़ जाते हैं-वह क्या था? जब भी फोन करता हूँ, तब वे बाथरूम में होते हैं। कभी बाहर भी तो मिलें। पत्नी कह देती है-अब आप फोन ही तब करते हैं, जब वे बाथरूम में होते हैं। वे कहते हैं- अच्छा थोड़ी देर बाद में फोन कर लूँगा। वे पुनः फोन करते हैं, तब तक मैं ऑफिस चला जाता हूँ। कुछ लोग मुझे मेरे दफ्तर के काम से फोन करते हैं। उन्हें भी मैं बाथरूम में मिलता हूँ। उनकी माँग होती है कि उन्हें जरूरी काम था। पत्नी कहती है कि जरूर होगा आपको जरूरी काम अन्यथा आप टेलिफोन करते ही क्यों। वे कहते हैं-कब तक बाहर आयेंगे वे। पत्नी कहती है कि बाहर आ गये तो बीमार हो जायेंगे तथा ऑफिस नहीं जायेंगे। इस तरह की पहेलीबाजी से मैं इनसे बचा रहता हूँ। यही क्यों और भी शुभचिंतक हैं, जो मुझे कुछ लिखवाना चाहते हैं, माँगना चाहते हैं, सलाह मशविरा करना चाहते हैं अथवा यों ही गप्प मारकर समय जाया करना चाहते हैं। उन सबके लिए मैं बाथरूम मैं हूँ।



पूरन सरमा

# राष्ट्रीय सुरक्षा में बाधक हैं अवैध घुसपैठिए



**सामयिक**

अरुण कुमार दीक्षित

सांप्रदायिकता राष्ट्र तोड़क होती है। मतांतरित व्यक्ति का राष्ट्रांतरण हो जाता है। मतांतरित व्यक्ति की आस्था दूसरे राष्ट्र में हो जाती है। भारत की संस्कृति एक है। भारत पर राष्ट्र तोड़क शक्तियां हमलावर हैं। वह घुसपैठ करती हैं। अपना तंत्र बनाती हैं। शक्तिशाली हो जाती हैं। भारत भूमि पर कब्जा करती हैं। भारतीय संस्कृति पर हमले करती हैं। हत्याएं करती हैं। उनके समर्थक भी भारत में ही मिल जाते हैं। भारत के सांस्कृतिक, पौराणिक प्रतीकों पर हमला कर उन्हें नष्ट करते हैं। छद्म तरीके अपनाते हैं। लालच लोभ देकर मतांतरण कराते हैं। सेवा के नाम पर दवा के नाम पर समाज में अपना संगठन खड़ा करते हैं। राष्ट्र विरोधी घुसपैठियों को पहचान कर हटाया जाना आवश्यक है। इन पर कार्रवाई राष्ट्रहित होगा। गत दिनों उच्चतम न्यायालय के जस्टिस सूर्यकांत ने रोहिंग्या मुसलमानों से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए गंभीर टिप्पणी की है। 2 दिसंबर को उच्चतम न्यायालय ने रोहिंग्या मुसलमानों के एक मामले में कहा कि रोहिंग्या सुरंग के रास्ते अवैध रूप से भारत आते हैं। गरीब बच्चों का हक मारते हैं। अवैध रूप से आने वालों का स्वागत करना चाहिए क्या? सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि इनके लिए लाल कालीन बिछा दें क्या?

रोहिंग्याओं के लापता वाली याचिका की सुनवाई के समय सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत ने यह टिप्पणियां की हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय का सबने स्वागत किया है। खुफिया एजेंसियों ने भी रोहिंग्याओं की घुसपैठ से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा बताया है। भारत में अलगाववादी देशतोड़क शक्तियों की वकालत करने वाले सुप्रीम कोर्ट की इस सख्त टिप्पणी से सकते में आ गए हैं। यह भी महत्वपूर्ण है कि सुप्रीम कोर्ट ने उस समय यह टिप्पणी की है जब देश के कई राज्यों में हो रहे एसआईआर मतदाता सूचियों के विशेष पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। पांच माह पहले दिल्ली पुलिस की हिरासत से पांच रोहिंग्याओं के गायब होने की याचिका की गई थी। 19 मई को सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है जहां पूरी दुनिया से आने वाले लोग शरण लें। याचिका में मांग थी कि मानवीय दृष्टि से इन्हें भारत में रहने दिया जाए। विकथ्य है कि म्यांमार में इन रोहिंग्याओं पर अत्याचार किए जाने के आरोप हैं। याचिका में समुद्र में कई रोहिंग्याओं को फेंक देने की बात सुप्रीम कोर्ट में कही गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि किसने देखा कि वे समुद्र में फेंके गए। वीडियो किसने देखा? संख्या कितनी थी? संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट का हवाला भी दिया गया था। तीन जजों की बेंच ने कहा था कि देश की संप्रभुता को देश से बाहर बैठे लोग चुनौती नहीं दे सकते।

बाहर से आने वाले रोहिंग्या गरीब बच्चों का हक छीनते हैं। घुसपैठियों का कोई अधिकार नहीं है। यह संवेदनशील मुद्दा है। उन्होंने यह भी कहा था कि भारत धर्मशाला नहीं है। पढ़ने का अधिकार, रहने का अधिकार और रोहिंग्याओं को 50 लाख का मुआवजा दिए जाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। रोहिंग्या मुसलमान मूलत म्यांमार देश के निवासी हैं। यह प्रमुख रूप से वहां के रखाइन क्षेत्र के हैं। वहां यह रोहिंग्या अल्पसंख्यक जातीय समूह बताए जाते हैं। म्यांमार ने इन्हें नागरिकता नहीं दी है। उनका कोई राज्य नहीं है। उन्हें अवैध कहा गया है। म्यांमार ने देश के 135 जातीय समूहों में इन रोहिंग्याओं को रखा ही नहीं है। यह पड़ोसी देशों में घुसपैठ करते हैं। रोहिंग्या का अर्थ है रोहन का निवासी। वे भारत में 80 के दशक से घुसपैठ कर रहे हैं। सैनिक कार्रवाई के बाद भारत में उनकी संख्या बढ़ी है। म्यामांर कहता है कि यह बांग्लादेशी अवैध घुसपैठिए हैं। भारत में इनकी संख्या अनुमानित 40हजार है। उन्होंने गृह मंत्रालय से भारत में शरण मांगी है। रोहिंग्याओं के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं है। भारतीय कानून के अनुसार अवैध प्रवासी शरणार्थी नहीं हैं। 9 अगस्त 12 को अवैध प्रवासियों के निर्वासन के लिए एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बताया गया था कि भारत सरकार की नीति है कि अपने क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध प्रवासन या नागरिकता के आव्रजन को निर्वासित करने के लिए प्रतिबद्ध है। वे भारत की सुरक्षा के लिए खतरा हैं। जनसंख्या के बढ़ने से राष्ट्रों के स्वभाव बदल जाते हैं। भारत मे घुसपैठ की समस्या पर सरकारों से अधिक जनमानस को जागरूक होना चाहिए। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए घुसपैठ रोकना होगा।

**विचार**

निंदा करने वाले व्यक्ति को तो अपने आंगन में कुटी छवाकर अपने पास रखना चाहिए। क्योंकि वह बिना साबुन पानी के ही हमारा स्वभाव निर्मल कर देता है।
–संत कबीर.

मनुष्य का अनुमान कभी भी उसकी त्रुटियों से नहीं लगाना चाहिए। त्रुटियां तो मानवता की सामान्य दुर्बलताएं हैं। महान सद्गुण ही मनुष्य के अपने होते हैं।
–स्वामी विवेकानन्द.

जैसे कछुआ अपने अंगों को समेट लेता है, उसी प्रकार जब मनुष्य अपनी इन्द्रियों को विषयों से खींच लेता है, तभी उसकी बुद्धि स्थिर होती है।
–महाभारत.

सबसे अच्छा व्यक्ति वह है जो अपनी प्रगति के लिए सबसे अधिक परिश्रम करता है।
–सुकरात.

बाद में उत्पन्न होने वाली समस्त इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।
–फ्रेंकलिन.

## आपकी बात

### महिलाओं की सुरक्षा

महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में कठोर कानून बने हैं लेकिन फिर भी अपराधी इससे डर नहीं रहे हैं। फांसी जैसी सजा का प्रावधान होने के बावजूद लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर गौर करें तो हर दिन सौ से अधिक महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं होती हैं। दहेज हत्या, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक जैसे अपराध आज इतने वीभत्स रूप में हमारे सामने आये हैं कि इनका जिक्र करने पर भी शर्मिंदगी महसूस होती है। कई बार रेप की घटना होने पर भी पुलिस न्याय के लिए दौड़ाती रहती है। कई बार तो मेधावी छात्राएं, खिलाड़ी तक इसकी शिकार हो चुकी हैं। जब राज्य का गौरव बढ़ाने वाली लड़कियां सुरक्षित नहीं होंगी तो सामान्य के साथ कैसा बर्ताव होता होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। झारखण्ड में एक स्कूल में ऐसा मामला एक साल पहले सामने आया जिसमें एक नाबालिग छात्रा के साथ स्कूल के प्रिंसीपल, शिक्षक के साथ दर्जन भर छात्रों ने भी दुराचार की शर्मनाक घटना को अंजाम दिया। बिहार में आश्रय गृहों में रह रही बेटियों के साथ जो शर्मकांड हुआ उसको याद करने से ही मन सिहर जाता है। उत्तराखण्ड में एक स्कूल में नाबालिग छात्रा से स्कूल कर्मियों के साथ करीब एक दर्जन छात्रों ने भी गैंगरेप का शर्मनाक कृत्य किया। समझ में नहीं आता है कि ये आश्रयगृह, ये स्कूल शिक्षा एवं संरक्षण के आश्रय हैं या यातना एवं उत्पीड़न गृह। जिस तरह आज बेटियों के लिए, महिलाओं के लिए हर जगह खतरनाक होती जा रही है उसमें एक सभ्य परिवार के पुरुषों को अपने ही घर में, अपने ही मां, बहन व बेटियों के सामने शर्मसार होना पड़ता है। कुछ गुंडों, अपराधियों के कारण पूरा पुरुष समाज शर्मिंदगी का दंश झेलने के लिए अभिशप्त है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि बेटियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी? रेप पर फांसी की सजाएं भी दी जा रही हैं लेकिन अपराधी इतने डीठ हो गये हैं कि उनके मन में दहशत का भाव कभी आता ही नहीं है। हैदराबाद में एनकाउंटर कांड के बाद जिस तरह से देश में हर्ष का माहौल देखने को मिला वह दरअसल न्याय न मिलने की कुंठा ही थी। अन्यथा ऐसे न्याय को कौन बर्दाश्त करता। हाथरस, उन्नाव, अमेठी की घटनाएं यह साबित करती हैं कि अपराधियों में अभी भी कानून का डर नहीं है।

**मदन मोहन श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### योजनाओं का लाभ

प्रदेश सरकार अनेक योजनाएं चला रही है लेकिन प्रायः जिनको जरूरत है उनको योजना का लाभ नहीं मिलता है। सरकार एक करोड़ से अधिक स्मार्ट फोन व टैबलेट बांट नहीं है लेकिन जहां कालेज छात्रों को सबको दिया जा रहा है वहीं गरीबों के बच्चे स्कूलों में इससे वंचित रहेंगे जबकि कोरोना काल में सबकी हालत खस्ता हो गयी है। इसलिए जिन लोगों की आय कम है उनके बच्चों को भी स्मार्टफोन या टेबलेट देना चाहिए। प्रधानमंत्री जनआरोग्य अभियान अर्थात आयुष्मान भारत योजना को लागू हुए कई साल हो गये हैं। लेकिन इसका लाभ अभी बहुत सीमित लोगों को ही मिला है। पीएम-जय से आच्छादित परिवार गंभीर बीमारियों में सरकारी या सूचीबद्ध निजी अस्पताल में पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज करा सकेंगे। कैंसर सहित 1350 बीमारियों में चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने वाली आयुष्मान भारत योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है। योजना में तमाम तैयारियों के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि बहुत सी खामियां सामने आयेंगी। अस्पताल अनेक गड़बड़ियां करेंगे। फर्जी बिल बाउचर से भुगतान लेने की घटनाएं सामने आयेंगी, जैसा कि सरकारी कामों में होता है। बहुत से पात्र योजना में छूट जायेंगे और अपात्र लाभान्वित होंगे। इन तमाम तथ्यों के बावजूद भी सरकार कोई सत्यापन करने के बजाय यों ही योजना लागू कर देती है इससे सही लोगों को लाभ नहीं मिल पाता।

**प्रमोद कुमार वर्मा, बाराबंकी.**

संक्षेप

## जीजीआईसी में पुरातन छात्राओं का हुआ सम्मेलन

अयोध्या। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अयोध्या में पूर्व में अध्ययन कर चुकी पुरातन छात्राओं का सम्मेलन उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। सम्मेलन में विभिन्न जिलों से आईं हुई छात्राएं शामिल हुईं, जो वर्तमान में प्रशासन, शिक्षा, सामाजिक सेवा सहित अलग-अलग क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पदों पर आसीन हैं और समाज के लिए उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त शिक्षा निदेशक तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक की उपस्थिति रही। सम्मेलन का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। वहीं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य कुसुमलता ने कहा कि विद्यालय का नाम रोशन करने वाली पुरातन छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मेलन के दौरान एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा देखने को मिली इसके साथ ही नाटक, चुटकुला एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम ने छात्राओं को प्रेरणा देने का कार्य किया।

# अयोध्या, देवीपाटन व प्रयागराज मंडल के स्वास्थ्य सेवाओं की हुई समीक्षा




**अयोध्या।** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग की मंडलीय समीक्षा बैठक बुधवार को मंडलायुक्त सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष ने की। इसमें अयोध्या, देवीपाटन और प्रयागराज मंडल के सभी जनपदों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा की गई। 13 से 15 दिसंबर 2025 के बीच तीनों मंडलों के सभी जनपदों की 3000 से अधिक चिकित्सा इकाइयों का स्थलीय पर्यवेक्षण कराया गया।

- 13 से 15 दिसंबर के बीच तीनों मंडलों के सभी जनपदों की तीन हजार से अधिक चिकित्सा इकाइयों का कराया गया स्थलीय पर्यवेक्षण

इसके तहत अयोध्या मंडल द्वारा प्रयागराज मंडल के चार जनपदों के 61 ब्लॉकों, प्रयागराज मंडल द्वारा देवीपाटन मंडल के चार जनपदों के 44 ब्लॉकों तथा देवीपाटन मंडल द्वारा अयोध्या मंडल के पांच जनपदों के 62 ब्लॉकों की स्वास्थ्य इकाइयों, नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों और जिला स्तरीय चिकित्सालयों का निरीक्षण किया गया। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए निर्देश दिए गए। सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने, डीवीडीएमएस पोर्टल से समय पर मांग पत्र भेजने, अनुपयोगी 102 व 108 एंबुलेंस की नीलामी कराने, सिटीजन चार्टर लागू करने, स्टाफ की तैनाती मानक के अनुसार रखने और अभिलेखों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए।

इसके साथ ही एसएनसीयू और एनबीएसयू की नियमित जांच, सभी स्वास्थ्य इकाइयों का एनक्यूएएस प्रमाणीकरण, डायलिसिस यूनिट का नियमानुसार संचालन, मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों में चिकित्सक व पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता, स्वास्थ्य केंद्रों पर पार्किंग व हर्बल गार्डन की व्यवस्था तथा लाभार्थियों से फीडबैक लेने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए कर्मचारियों को समय-समय पर रिफ्रेशर प्रशिक्षण देने पर भी जोर दिया गया। बैठक में मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. पिंकी जोएल, राजेश कुमार आयुक्त अयोध्या, महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य, महानिदेशक सीडीओ अयोध्या अपर निदेशक, सीएमओ, सीएमएस, जिला पुरुष, महिला एवं संयुक्त चिकित्सालयों के अधिकारी, सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## गैर समुदाय के युवक पर नाबालिग किशोरी को भगाने का आरोप

मिल्कीपुर-अयोध्या। कुमारगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। लड़की के पिता ने कुमारगंज पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव के ही एक गैर समुदाय के युवक ने उसकी 17 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। किशोरी की मां ने बताया कि घटना 15 दिसंबर की है। उस दिन उनके पति काम के सिलसिले में बाहर गए हुए थे, जबकि वह स्वयं बकरी चराने गई थीं। घर पर उनकी बेटी और अन्य छोटे बच्चे मौजूद थे। शाम करीब 5 बजे जब वह बकरी चराकर घर लौटीं तो देखा कि अन्य बच्चे रो रहे थे और बेटी घर पर नहीं थी। महिला के अनुसार जब बच्चों से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि दीदी कहीं चली गई है और घर में दिखाई नहीं दे रही है।

इसके बाद परिवार वालों ने आसपास और रिश्तेदारी में काफी तलाश की, लेकिन युवती का कहीं कोई पता नहीं चला। बाद में जानकारी मिली कि गांव का ही एक गैर समुदाय का युवक उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। जिसकी शिकायत लिखित रूप से कुमारगंज में की गई है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष कुमारगंज ओमप्रकाश ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है, और तलाश सहित अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** थाना कुमारगंज के अंतर्गत ग्राम सभा तिदौली के मजरे पूरे वीसा तिवारी निवासी भानु प्रताप का 19 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार की मंगलवार की शाम करीब 4:00 बजे सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गईप्राप्त जानकारी के अनुसार युवक भानु प्रताप अपनी मोटरसाइकिल न्यूपी 42 बीएन 8663 से अपने ननिहाल अमावा छींटन गया था ननिहाल में खाना खाने के बाद विवेक कुमार रात करीब 6:30 बजे अपने घर पूरे वीसा तिवारी आ रहा था कि इसी बीच जैसे ही पूरे कन्धई थाना हलियापुर पहुँचा की घने कोहरे के बीच नीलगाय से उसकी मोटरसाइकिल टकरा गई और वह बीच सड़क पर कुछ दूर तक घसीटता हुआ जा गिरा। घटनास्थल पर ही पर उसकी मौत हो गई। सड़क पर जा रहे राहगीरों ने घटना की सूचना 112 डायल पुलिस व हलियापुर पुलिस को दूरभाष पर दी।

## पेंशनर्स की समस्याओं का किया जायेगा त्वरित निदान: डीएम



**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता मे पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे विशेष रूप से 80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनरों रामपाल सिंह, रामनाथ वर्मा, रामनाथ पटेल, रामप्यारे यादव, कृष्ण कुमार शुक्ला, चन्द्र शेखर पाठक, रामेश्वर प्रसाद, सूर्यलाल वर्मा, राजेन्द्र कुमार निगम, रामधीरज सिंह, देवी प्रसाद मिश्रा, जगपाल को अंगवस्त्र व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके उपरान्त आये हुये पेशनरो द्वारा समस्याओ को लेकर ज्ञापन दिया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने शीघ्र कार्यवाही व समस्याओ का निराकरण कराये जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार सिंह, मुख्य रोकड़िया रविशंकर मिश्रा, प्रभारी सहायक कोषाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार, हिमांशु श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, अनिल कुमार, संतोष सागर, सुशील कुमार, प्रशांत सिंह, से0नि0 कर्मचारी एवं पेंशनर्स संघ अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, से0नि0 प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष रूपनरायण बैसवार सहित लगभग 200 पेंशनर व विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## 18 अभियुक्तों पर शांतिभंग की कार्यवाही

**बाराबंकी।** जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 18 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

## बाल अपचारी गिरफ्तार

**बाराबंकी।** थाना बड्डूपुर पुलिस ने आज 17 दिसम्बर को मु0अ0सं0-350/2025 धारा 137(2)/87 बीएनएस व 11(4)/12 पाक्सो एक्ट में वांछित बाल अपचारी को सरंक्षण में लेकर आवश्यक कार्यवाही की गई।

## बंदरों ने उजाड़ी किसानों की फसलें



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर विकासखंड के देवरिया मजरे नौहड़िया और बारुन बाजार से सटे गांवों में बंदरों के आतंक से किसान और ग्रामीण परेशान हैं। बंदरों ने आलू और मटर सहित अन्य फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। इसके अलावा, बंदरों के हमले में 20 वर्षीय नंदिनी पुत्री संजय साहू और दो अन्य बच्चे घायल भी हुए हैं जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है। किसान बुधराम चैहान ने बताया कि सुबह जब वे अपने खेत में गए तो देखा कि बड़ी संख्या में आलू के पौधों को बंदरों ने उजाड़ दिया था। बंदरों ने उन पर हमला करने की कोशिश भी की, जिससे उन्हें भागकर जान बचानी पड़ी। इसी तरह, रमेश चैहान ने बताया कि उनके बैंगन और मटर की फसल को भी बंदरों ने काफी नुकसान पहुंचाया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रात के अंधेरे में अयोध्या की तरफ से आए दो अज्ञात वाहनों से बारुन बाजार में बड़ी संख्या में बंदरों को छोड़ा गया है, जिसके कारण अचानक उनकी आबादी बढ़ गई है। बंदरों ने गांव के किनारे बने सामुदायिक शौचालय पर भी डेरा जमा रखा है, जिससे ग्रामीणों को उसके उपयोग में कठिनाई हो रही है। स्थानीय ग्रामीण अरुण कुमार, राजेश कुमार, मूलचंद, रामजी, मोतीलाल, सुभाष तिवारी, कट्टर साहू, गिरिजा प्रसाद चैहान, सुमित कुमार, राम सुरेंद्र साहू, तिलक राम, धर्मेंद्र कुमार और राजकुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से इस समस्या के तत्काल समाधान की मांग की है।

# 80 वर्ष से अधिक उम्र के पेंशनरों को किया सम्मानित




**अयोध्या।** 11वें पेंशनर दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमित कुमार भट्ट, एवं मुख्य कोषाधिकारी ममता सिंह की उपस्थित में आयुक्त कार्यालय के गांधी सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रभु श्रीराम के भजन द्वारा किया गया। पेंशनर दिवस में मुख्य रूप से विभिन्न पेंशनर्स संघ जैसे प्रीतम सिंह अध्यक्ष, 30 उमेश चन्द्र महामंत्री, एल.के मिश्र, मीडिया प्रभारी इत्यादि पदाधिकारियों एवं लगभग 300 की संख्या में पेंशनरों तथा विभिन्न विभागों के कार्यालयाध्यक्षों व प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। पेंशनर एवं विभिन्न पेंशनर्स संघों द्वारा उठायी गया विभिन्न समस्याओं एवं प्रत्यावेदनों व सुझावों के त्वरित निस्तारण हेतु विभागों को निर्देशित किया गया एवं उन्हें पेशन सम्बन्धी नवीनतम शासनोदेशों/प्रक्रियाओं से भी अवगत कराया गया। सभी पेंशनर्स संगठनों एवं पेंशनरों तथा आहरण एवं वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागार के कार्यप्रणाली एवं व्यवहार की एक सुर से प्रशंसा की गयी। कार्यक्रम का समापन अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं मुख्य कोषाधिकारी द्वारा पेंशनर दिवस में आये हुये 80 वर्ष से अधिक उम्र के 20 पेंशनरों को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्मृति श्रीवास्तव कोषागार सहायक लेखाकार ने किया गया। इस कार्यक्रम में कोषागार परिवार के अमरनाथ सिंह, कृष्ण कान्त चैबे, दुर्गेश बिहारी दुबे, सुरेश कुमार, अरुणिम वेद, प्रशान्त कुमार वर्मा, आलोक वर्मा, अंशुमान सिंह एवं समस्त कोषागार कर्मियों ने प्रतिभाग किया। साथ ही समापन के उपरान्त सुरेश खन्ना, वित्त मंत्री द्वारा पेंशनर दिवस कार्यक्रम की वर्चुअल समीक्षा बैठक की गयी, जिसमें लगभग 10 पेंशनरों से वातार्लाप करके कोषागार कार्यालय की कार्यप्रणाली से अवगत व संतुष्ट हुये। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र प्रेम के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए राष्ट्र गीत वन्देमातरम् के उद्घोष के साथ किया गया।

## टीएएफसीए क्रिकेट चैंपियनशिप मे एफएसआर ट्रैवल्स टीम ने पहना जीत का ताज



**बाराबंकी।** टीएएफसीए क्रिकेट चैंपियनशिप 2025 का आयोजन लखनऊ के पार्थ रिपब्लिक क्रिकेट ग्राउंड में ट्रैवल एजेंट्स फेडरेशन ऑफ सेंट्रल एशिया (टीएएफसीए) संस्थापक अध्यक्ष स्वः मोहम्मद शोएब की पुण्य स्मृति में किया गया। जिसमे आठ टीमों ने अकबर ट्रैवल्स, एफएसआर ट्रैवल्स, ट्रिप जैक, ऑलिव ट्रैवल्स, स्टार ड्रीम क्रूज (यॉर्कर हॉलीडेज के साथ), सीइंगो, असेगो, आरडीएल फॉरेक्स ने प्रतिभाग किया। चैंपियनशिप का फाइनल अकबर ट्रैवल्स और एफएसआर ट्रैवल्स के बीच खेला गया। जिसमें एफएसआर ट्रैवल्स ने अकबर ट्रैवल्स को पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। टूनार्मेन्ट मे प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंटः फहाम कप्तान, अकबर ट्रैवल्स, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज फुजैल, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज अंकित, सर्वश्रेष्ठ फील्डर कम्बर को चुना गया। इस मौके पर गगन गुरनानी, फरहान वारसी, आमिर नजर, फैसल मोबिन मौजूद रहे।

## खेल प्रतियोगिता और वार्षिक समारोह का शुभारंभ



**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** जेबीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट परिसर मे स्वर्गीय जगन्नाथ बक्स सिंह की पुण्यतिथि पर मालिनपुर में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता एवं वार्षिक समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत व विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत रामनगर चेयरमैन रामशरण पाठक ने खिलाड़ियो ने परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता से पूर्व संस्थान संस्थापक व भाजपा एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को बूके देकर स्वागत किया। प्रतियोगिता मे खो-खो, कबड्डी, रस्साकशी, ऊँची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक एवं वॉलीबॉल के फाइनल मुकाबले आयोजित किये गये। जिसमे बालक एवं बालिका वर्ग में विजयी प्रतियोगियो को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताओं मे निर्णायक मंडल की भूमिका मनोज कुमार चैधरी, विपिन कुमार चैधरी, कुलदीप प्रताप सिंह, अमृत लाल यादव, उमेश चंद्र मौर्य, उदय प्रताप वर्मा, शिखा सिंह, हिमांशु प्रताप सिंह, राम किशोर वर्मा, मंजीत कुमार ने निभाई। इस अवसर पर प्रबंधक पूनम सिंह, आकाश सिंह, प्रदीप सिंह, अजय, दिनेश सिंह, अमर बहादुर सिंह, राकेश सिंह मौजूद रहे।

# फिट इंडिया विजन व खेल नीति को आगे बढ़ायेगी विधायक खेल प्रतियोगिता: वेद प्रकाश गुप्ता



**अयोध्या।** सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने जानकारी दी कि विधानसभा क्षेत्र की विधायक खेल प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 20 व 21 दिसंबर को डाभासेमर स्टेडियम में किया जाएगा। प्रतियोगिता में जूनियर, सब-जूनियर और सीनियर वर्ग के अंतर्गत महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों के बीच विभिन्न खेल मुकाबले आयोजित होंगे। इनमें वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कुश्ती, कबड्डी तथा एथलेटिक्स की ट्रैक व फील्ड स्पधाएं शामिल रहेंगी ।विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की खेल प्रोत्साहन नीति से देश-प्रदेश में खेल संस्कृति को नया आयाम मिला है। विधायक खेल प्रतियोगिता उसी सोच का स्थानीय स्तर पर विस्तार है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की प्रतिभाओं को पहचान दिलाना और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं ।उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिसके माध्यम से अब तक लगभग एक हजार खिलाड़ी आवेदन कर चुके हैं। जो खिलाड़ी किसी कारण वश ऑनलाइन आवेदन नहीं कर पाएंगे, वे आयोजन स्थल पर भी अपना पंजीकरण करा सकेंगे, ताकि कोई भी इच्छुक खिलाड़ी अवसर से वंचित न रहे। विजयी खिलाडियों को प्रशस्ति पत्र व पुरूस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से युवाओं को सकारात्मक दिशा मिलती है।

# डीएम की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक



**बहराइच।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को न्यून से न्यूनतम करने के लिए सड़कों का स्ट्रक्चर, दुघर्टना बहुल्य क्षेत्रों का चिन्हांकन, ब्लैक स्पाट, सड़कों का निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीबी कैमरों की स्थापना इत्यादि के सम्बंध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर आवष्यक कार्यवाही की जाय। डीएम ने निर्देष दिया कि मार्गो पर पेट्रोलिंग की व्यवस्था सुनिष्चित की जाय। साथ ही रात में आवागमन हो रहे ट्रकों का साइनेज तैयार किया जाय। डीएम श्री त्रिपाठी ने सड़क दुघर्टनाओं को न्यून से न्यूनतम किये जाने के दृष्टिगत मार्गो के दोनों तरफ वृक्षों, माइल्ड स्टोन, विभिन्न बोर्डो, पोलों इत्यादि पर लाइटदार रेफ्लेक्टर लगाया जाय।

सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये गये कि दुघर्टना हेतु संवेदनषील स्थानों पर प्रकाष की समुचित व्यवस्था सुनिष्चित करायी जाय। उन्होनें निर्देष दिया कि आबादी क्षेत्रों में लाइनदार पट्टी विकसित किया जाय जिससे एक्सीडेन्ट की संभावना कम हो सके। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देष दिया कि गन्ना ट्रालियों, ईट भट्टों की ट्रालियों व अन्य ट्रालियों पर रेफ्लेक्टर लगाये जाय। जिससे दुघर्टनाओं पर न्यून से न्यूनतम किया जा सके। उन्होनें एआरटीओ को निर्देष दिया कि विद्यालयों में लगाये गये वाहनों का फिटनेस व लाइसेन्स अवष्य चेक किया जाय तथा जिन विद्यालयों के वाहनों का फिटनेस न पाया जाय ऐसे वाहनों को नियमानुसार सीज करने कार्यवाही की जाय। साथ ही उन्होनें यह भी निर्देष दिया कि ई-रिक्षा चालकों को स्वयं अपने वाहनों पर रेफ्लेक्टर लगाये जाने के लिए जागरूक कर प्रेरित किया जाय। पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह द्वारा निकायों, लोक निर्माण व पुलिस विभाग को निर्देश दिये गये कि नगर के विभिन्न मार्गों पर पैदल गश्त कर सुगम यातायात में आने वाली समस्याओं को चिन्हित कर समस्याओं निराकरण कराया जाय। इस कार्य में नगरवासियों तथा टैक्सी स्टैण्ड संचालको से भी सुझाव प्राप्त किया जाय। एसपी द्वारा सीएमओ को निर्देष दिये गये कि शहर में स्थित विभिन्न चिकित्सालयों में पार्किंग की समुचित व्यवस्था करायी जाय।

## एसपी ने सुनी जनसमस्याएं



**बहराइच।** जनता दर्शन में पुलिस अधीक्षक द्वारा सुनी गई जन समस्याएं ।ुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया।

# युवाओं के सपने हो रहे साकार



**बहराइच 17 दिसम्बर।** प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोडनें के उद्देष्य से उत्तर प्रदेष रोजगार मिषन के अन्तर्गत सेवायोजन निदेषालय उ0प्र0 लखनऊ द्वारा प्रदेष के 75 जनपदों में अपने क्षेत्रीय एवं जिला स्तरीय सेवायोजन कार्यालयों द्वारा रोजगार मेलों के आयोजन के माध्यम से निजी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान कर बेरोजगारों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

इसी क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय, बहराइच द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह नवम्बर 2025 तक 2550 बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्रों की विभिन्न संस्थानों में रोजगार प्रदान कराया गया है। प्रत्येक माह आयोजित होने वाले रोजगार मेलों के माध्यम से अधिकाधिक बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सेवायोजन कार्यालय द्वारा षिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को विभिन्न विभागों में आउटसोर्सिग भर्ती हेतु सेवायोजन पोर्टल एवं निजी क्षेत्रों मे रोजगार हेतु रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण भी किया जाता है।

जिला सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत 32885 अभ्यथियों में महिलाएं 12015 तथा 20870 पुरूष अभ्यर्थी पंजीकृत है। जनपद के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किये जाने के दृष्टिगत चालू वर्ष में अबतक 20 रोजगार मेलों का आयोजन किया गया है। जबकि इजराइल में कार्य करने हेतु 15 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है।

# रूपईडीहा डिपो के कर्मचारियों ने उत्तराखंड रूट के गलत समयसारिणी को लेकर एआरएम को सौंपा ज्ञापन



**रूपईडीहा बहराइच।** उत्तराखंड रूट पर चलने वाली बसों के संचालन से जुड़ी समस्याओं को लेकर रूपईडीहा डिपो के कर्मचारियों ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राम प्रकाश को एक मांग पत्र सौंपा। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से लागू पुरानी समय-सारिणी अब वर्तमान संचालन के अनुरूप नहीं रही, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान और प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि जब तक रूपईडीहा में बस अड्डा नहीं था और संचालन बहराइच डिपो से होता था, तब दोनों डिपो के लिए एक साझा समय-सारिणी बनाई गई थी। उसी के आधार पर वर्षों तक संचालन चलता रहा। लेकिन अब रूपईडीहा डिपो के गठन के बाद यहां बसों की संख्या और संचालन में काफी वृद्धि हो गई है, जबकि पुरानी समय-सारिणी में कोई संशोधन नहीं हुआ।

कर्मचारियों के अनुसार पहले बहराइच डिपो की लगभग 27 बसें रूपईडीहा से चलती थीं, जबकि अब रूपईडीहा डिपो से करीब 70 बसों का संचालन हो रहा है। पुरानी समय-सारिणी के कारण कई बार बसें यहां से खाली जाती हैं और उत्तराखंड से भी खाली लौटती हैं। इससे सवारियां नहीं मिल पातीं और कर्मचारियों को घाटा उठाना पड़ता है। कई मामलों में समय-सारिणी के पालन में कठिनाई के चलते कर्मचारियों पर लगभग ?2500 तक की पेनल्टी भी लग जाती है, जो उनके वेतन से काट ली जाती है।

मांग पत्र में कर्मचारियों ने मांग की है कि उत्तराखंड डिपो को रूपईडीहा डिपो में वही समय दिया जाए, जो समय रूपईडीहा डिपो की बसों को उत्तराखंड में मिलता है। इससे दोनों डिपो को समान रूप से सवारियां मिलेंगी और किसी भी पक्ष को नुकसान नहीं होगा।

इस मांग का समर्थन करते हुए इंप्लाइज यूनियन रूपईडीहा शाखा के अध्यक्ष अरुण तिवारी, रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद रूपईडीहा शाखा के अध्यक्ष हरेंद्र यादव और संविदा कर्मचारी संघ के आफताब कुरैशी ने कहा कि समय-सारिणी में संतुलन से कर्मचारियों का शोषण रुकेगा और संचालन सुचारु होगा ।कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि उत्तराखंड डिपो की कुछ बसें रूपईडीहा पहुंचकर कस्बे के बाहर ही सवारियां उतार देती हैं। इससे विशेषकर नेपाल से आने वाली सवारियों का रिक्शा चालकों द्वारा शोषण होता है और बसें बाहर से ही सवारियां भरकर वापस चली जाती हैं। कर्मचारियों ने इस संबंध में रूपईडीहा थाने में प्रार्थना पत्र देकर मांग की थी कि कोई भी डिपो की बस सवारियों को सीधे रूपईडीहा डिपो परिसर में उतारे, ताकि शोषण रोका जा सके, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

डिपो कर्मचारियों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि सभी डिपो की बसें सवारियों को अनिवार्य रूप से रूपईडीहा डिपो में ही उतारें और समय-सारिणी में आवश्यक संशोधन किया जाए, ताकि संचालन संतुलित हो और कर्मचारियों व यात्रियों—दोनों को राहत मिल सके।

मांग पत्र देने वालों मोहित दीक्षित, महमूदअलम, रामनिवास मिश्रा, राहुल सिंह, श्री सुबोध, सोनी, सुधीर मिश्रा अब्दुल, मुकीद, मनोज तिवारी, रोशन, लाल, अमन कुमार, मोहित शुक्ला, सुमंत चौहान, राम अनुज, नफीस धर्मेंद्र सिंह सहित दर्जनों कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सर्वोच्च प्राथमिकता पर करें पेंशनर्स की समस्याओं का निस्तारण: डीएम

**बहराइच।** पेंशनर्स की समस्याओं के निराकरण के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आयोजित 11वें पेंशनर्स दिवस के अवसर पर 80 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले 09 पेंशनर्स हरिकेश श्रीवास्तव, अजमत खॉ, राम फेर मिश्रा, नान बाबू श्रीवास्तव, तेज बहादुर श्रीवास्तव, राम नेवाज तिवारी, इन्द्राज सिंह, राम प्रताप सिंह व नज्जन अली को अंगवस्त्र भेंट कर व पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता तिवारी, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण तथा संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति के पदाधिरकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर पेंशनर्स दिवस का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर पेंशनर्स तरूण चन्द्र व शीतला सिंह द्वारा सम्मानगीत भी प्रस्तुत किया गया। पेंशनर्स दिवस को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यह बात अवश्य याद रखनी होगी कि एक दिन उन्हें भी इसी कतार में खड़े होना है।

इसलिए सभी पेंशनर्स से वैसा ही व्यवहार करें, जैसा अपने सेवानिवृत्त होने पर दूसरे से अपेक्षा रखते हैं। कार्यालयाध्यक्षों को निर्देश दिया कि अपनी समस्याओं के सम्बन्ध में आने वाले पेंशनर्स का हर हाल में सम्मान किया जाय तथा पूरी सहानुभूति के साथ उनकी समस्याओं की सुनवाई कर समय से समाधान भी कराया जाय ।पेंशनर्स दिवस के दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स कल्याण समन्वय समिति के जिला मंत्री आरत्र पण्डित मशरिकी द्वारा पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों की समस्याओं से सम्बन्धित 13 सूत्री मांग पत्र को पढ़ कर सुनाया गया।

संक्षेप

## जिलाधिकारी ने किया रैन बसेरों का निरीक्षण

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने शीतलहर के दृष्टिगत शहर में नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत संचालित रैन बसेरों व अलाव केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया एवं वहां पर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने रैन बसेरों के निरीक्षण के दौरान वहां पर पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय आदि की जानकारी ली तथा रैन बसेरों में रहने वाले लोगों से भी उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के समय सभी व्यवस्थाएं संतोषजनकपाई गई। उन्होंने रैन बसेरों के संचालको को शीतलहर के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में बेड, कम्बल एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए स जिलाधिकारी ने कहा कि रैन बसेरे में अतिरिक्त कंबल तथा अलाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। साथ ही समस्त रैन बसेरों में समुचित साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) अमृता सिंह,सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

## बृजेश दत्त गौड़ ने सुशील शुक्ला का किया स्वागत सम्मान

लालगंजरायबरेली। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुशील शुक्ला के भाजपा प्रांतीय परिषद का सदस्य बनने पर स्वागत सम्मान का सिलसिला जारी है। नगर पंचायत डलमऊ के अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़ ने लालगंज पहुंचकर एक समारोह के दौरान सुशील शुक्ला को शाल भेंट किया और बुके देकर जोरदार स्वागतकिया। समारोह के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़ ने कहा कि पार्टी में लगातार सक्रिय रहने के साथ-साथ कर्तव्य निष्ठा का इनाम सुशील शुक्ला को भाजपा ने दिया है। उन्होंने कहा कि सुशील शुक्ला गत 40 वर्षों से संघ और भाजपा का काम कर रहे हैं।ऐसे कार्यकर्ता को प्रांतीय परिषद का सदस्य बनना निश्चित रूप से पार्टी का बहुत ही सराहनीय कार्यहै। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ,मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा के केंद्रीय संगठन का आभार भी जताया। वही इस अवसर पर अन्य भाजपा कार्यकताओं ने भी सुशील शुक्ला को प्रांतीय परिषद सदस्य मनोनीत करने पर प्रसन्नता जताई।स्वागत सम्मान से अभिभूत भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला ने जहां नगर पंचायत डलमऊ बृजेश दत्त गौड़ का आभार जताया वही पार्टी नेतृत्व को भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

## `पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह को किया गया सम्मानित

रायबरेली। राष्ट्रीय मानवाधिकार फाउण्डेशन भारत द्वारा समाज में अच्छा कार्य कर रहे व लोगों को उनके हितों की रक्षा के प्रति जागरूक करने व पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने वाले रायबरेली जनपद के पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह जी को राष्ट्रीय मानवाधिकार फाउण्डेशन के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। उनका उत्साह वर्धन करते हुए संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि आपके द्वारा प्रशासनिक सेवा के क्षेत्र में कार्यरत रहते हुये लोकमंगल की भावना से राष्ट्र के प्रति समर्पित होकर जो ऐतिहासिक सेवाएं दी जा रही हैं वह स्तुत्य हैं और वे निश्चित तौर पर युगान्तर तक अविस्मरणीय रहेंगी। अपने कर्तव्यों को पूर्ण मनोयोग से निरन्तर निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के साथ-साथ मानवाधिकार के संरक्षण एवं संवर्धन में किये जा रहे है।

# डीएम ने क्षतिग्रस्त गल्ला मंडी उपरिगामी सेतु का किया निरीक्षण

## डीएम ने कार्य को समयबद्ध व मानक के अनुरूप पूर्ण कराने के दिये निर्देश



रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने क्षतिग्रस्त गल्ला मंडी स्थित रेल उपरिगामी सेतु का निरीक्षण कर जायजा लिया।

उल्लेखनीय है कि जहानाबाद से रतापुर मार्ग में गल्ला मंडी स्थित रेल उपरिगामी सेतु क्षतिग्रस्त हो जाने की वजह से यातायात के आवागमन हेतु बंद कर दिया गया था। सेतु के मरम्मत कार्य की शासन से वित्तीय स्वीकृति मिलने के पश्चात कार्यदायी संस्था सेतु निगम द्वारा मरम्मत की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। निरीक्षण के समय प्रोजेक्ट मैनेजर सेतु निगम पूजा श्रीवास्तव द्वारा अवगत कराया गया कि 01 माह में क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत कराकर हल्के वाहनों के आवागमन हेतु खोल दिया जायेगा, शेष अन्य कार्यों की मरम्मत लगभग 2 माह में पूर्ण करा लिया जायेगा। कार्य पूर्ण करने की समय सीमा मार्च 2026 निर्धारित है।

जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था व सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के लिए आईआईटी से समय-समय पर जांच कराई जाए, ताकि निर्माण कार्य में किसी तरह की कमी न हो। निर्माण कार्य में सुरक्षा और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। कार्य का समयबद्ध व मानक के अनुरूप पूर्ण कराया जाए, जिससे आम जनमानस का आवागमन सुगम बन सके। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग महिपाल सिंह चैहान सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## आरेडिका में राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान का आयोजन



रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान का आयोजन आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्र के मार्गदर्शन एवं प्रधान वित्त सलाहकार बत्ती लाल मीना, वित्त सलाहकार एवं लेखाधिकारी अरविंद कुमार तथा प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रुपेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया गया। जिसमें आरेडिका के सभी पेंशनरो में जागरुकता लाने के लिए प्रयास किया गया हैं तथा पेंशनरों को हर साल की तरह पूरी प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की गई जिससे वे अपने सुविधानुसार कहीं भी, किसी भी समय अपने फोन के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र सम्मिलित कर सकें।

इस कार्य को लेखा एवं कार्मिक विभाग के अधिकारियों के नेतृत्व में तथा कर्मचारियों के प्रयास से यह कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो सका। जिसमें सभी पेंशनरों को फोन से सम्पर्क किया गया। 45 लोगों (जिसमें फैमिली पेंशनधारी भी सम्मलित हैं) का फेस स्कैन कर तथा डिजीटली सर्टिफिकेट सम्मिलित कराने की प्रक्रिया को समझाया गया। इस कैंपेन को सफलतापूर्वक जनसंपर्क में पहुचाने के लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण,(आधार) इलैक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग की मदद से यह संभव हो पाया है। आरेडिका के लेखा विभाग के उप मुख्य लेखाधिकारी/सामान्य अष्ठानंद पाठक, उप वित्त एवं मुख्य लेखाधिकारी निखिल अग्रवाल, वित्त सलाहकार बिनोद कुमार, वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी जितेंद्र कुमार तथा कार्मिक विभाग के सहयोग एवं प्रयासों से कार्यक्रम सफल बन सका।

## बंद गोदाम में विस्फोट, एक की मौत अन्य घायल



अमेठी ।जिले के जामों थाना क्षेत्र अंतर्गत भादर रोड पर मंगलवार की देर रात को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब संदिग्ध परिस्थितियों में एक बंद गोदाम में जोरदार विस्फोट हो गया। विस्फोट इतना भीषण था कि पूरी इमारत धराशायी हो गई। मलबे में दबने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार धमाका अचानक हुआ, जिसकी आवाज दूर-दराज तक सुनाई दी। विस्फोट की चपेट में आकर गोदाम से सटी चार दुकानें भी पूरी तरह से ढह गईं। आसपास के मकानों को भी नुकसान पहुंचा है, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। धमाके के बाद स्थानीय लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आए। सूचना मिलते ही जामों थाना पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने क्षेत्र को घेराबंदी कर सुरक्षित किया और मलबा हटाने का काम शुरू कराया। राहत कार्य के दौरान मलबे से एक शव बरामद किया गया, जबकि घायल व्यक्ति को तत्काल जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। घायल व्यक्ति ने बताया कि वह बिल्डिंग का ताला खोल ही रहा था, तभी अचानक जोरदार ब्लास्ट हो गया। धमाके की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। प्रारंभिक जांच में गोदाम में किसी ज्वलनशील पदार्थ की मौजूदगी की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस और प्रशासन सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रहे हैं।

## आम आदमी पार्टी को अमेठी में मिला नया जिलाध्यक्ष, अनुराग शुक्ला को सौंपी गई कमान

अमेठी ।आम आदमी पार्ट ने संगठन विस्तार के तहत अमेठी जनपद को नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी ने अनुराग शुक्ला को अमेठी का जिलाध्यक्ष बनाया है। उनकी नियुक्ति को पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने स्वीकृति प्रदान की है। वहीं, अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल ने औपचारिक रूप से उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी। इस संबंध में जानकारी आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से साझा की गई, जिसके बाद पार्टी कार्यकताओं में उत्साह देखने को मिला। पार्टी नेतृत्व ने अनुराग शुक्ला को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में अमेठी जिले में संगठन को मजबूती मिलेगी और पार्टी की नीतियां आम जनता तक प्रभावी रूप से पहुंचेंगी। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अनुराग शुक्ला ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। नियुक्ति के बाद जिले के पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों में खुशी का माहौल है और उन्हें उम्मीद है कि नए जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी अमेठी में नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेगी।

## विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

नसीराबाद रायबरेली। बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता ब्लाक संसाधन केन्द्र छतोह में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में ब्लॉक के सभी कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी ने किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, तार्किक क्षमता तथा नवाचार की भावना को विकसित करना रहा। प्रतियोगिता में भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान, पर्यावरण एवं सामान्य विज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे गए। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद प्रथम मोहिनी उच्च प्राथमिक विद्यालय छतोह, द्वितीय स्थान रौनक उच्च प्राथमिक विद्यालय छतोह तृतीय स्थान साहिनी उच्च प्राथमिक विद्यालय दोस्तपुर बुढ़बारा अनुष्का कंपोजिट विद्यालय संडहा एवं नंदिनी उच्च प्राथमिक विद्यालय चतुरपुर प्राप्त किया।विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान दिया गया।

# सावित्री बालिका इंटर मीडिएट कॉलेज मेहंदीगंज में हुआ रंगारंग वाषिकोत्सव

## कॉलेज के छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियों से खूब बटोरी तालियां

जिला संवाददाता

**नसीराबाद रायबरेली।** बुधवार को विकास खण्ड छतोह के ग्राम मेहंदीगंज छतोह मे सावित्री बालिका इन्टर मीडिएट कालेज का वार्षिकोत्सव छात्रों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सावित्री सिंह रही। उन्होंने अपने संबोधन में कहा की शिक्षण संस्थानों में शिक्षा के साथ संस्कार की दीक्षा भी दिया जाना चाहिए। संस्कार के बिना किताबी ज्ञान अधूरा होता है। अच्छे नागरिक के निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व रमाकांत तिवारी ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना किया और कहा कि जिस तरीके से जौहरी हीरे को तरासता है उसी तरह गुरुजन इन नन्हे मुन्ने बच्चों को तराश कर तैयार करते हैं। कार्यक्रम का



संचालन अजय कुमार और सुभाष चन्द्र ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने राष्ट्रीय गीत, सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, अभिनय गीत डांस तथा नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर मुख्य रूप से सुभाष चंद्र शुक्ला, रामबरन त्रिपाठी, प्रीति यादव, नरेंद्र सिंह , भीम मौर्य,राम नरेश यादव ,प्रधानाचार्य दीपिका तिवारी ,प्रबंधक अभिषेक विक्रम सिंह सहित क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य व अभिभावक गण लोग मौजूद रहे।

## कोडीन युक्त सिरप के अवैध व्यापार मामले में मुख्य आरोपी दिवाकर सिंह गिरफ्तार

रायबरेली। उत्तर प्रदेश में कोडीन युक्त कफ सिरप के अवैध व्यापार पर चल रहे व्यापक अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। कोडीन युक्त सिरप और अन्य नारकोटिक्स औषधियों के अवैध कारोबार में संलिप्त मुख्य आरोपी दिवाकर सिंह को आज गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी मेसर्स अजय फार्मा का संचालक है, जिसके खिलाफ पहले से मुकदमा दर्ज था। घटना का विवरण इस प्रकार है कि औषधि निरीक्षक रायबरेली द्वारा मेसर्स अजय फार्मा के प्रोप्राइटर दिवाकर सिंह के विरुद्ध कोडीन युक्त सिरप एवं अन्य नारकोटिक्स औषधियों के अवैध व्यापार की शिकायत पर थाना मिल एरिया में लिखित तहरीर दी गई थी। इसके आधार पर बीती 18 अक्टूबर 2025 को थाना मिल एरिया पर प्रोप्राइटर दिवाकर सिंह के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया था। मामले की अग्रिम जांच और विवेचना चल रही थी। इसी कड़ी में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के तहत आज 17 दिसंबर 2025 को थाना मिल एरिया पुलिस टीम ने मुकदमा क्रमांक 415/2025 (तरमीम धारा 318(2)/336(3)/340(2)/338 बीएनएस) के नामजद वांछित दिवाकर सिंह पुत्र गणेश सिंह, निवासी ग्राम जोगापुर, थाना खीरों, जनपद रायबरेली को थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उसके खिलाफ थाने पर विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। यह गिरफ्तारी राज्य स्तर पर चल रहे कोडीन युक्त कफ सिरप के अवैध सिंडिकेट के खिलाफ कार्रवाई का हिस्सा है। जांच में पता चला है कि अजय फार्मा के माध्यम से बड़ी मात्रा में कोडीन युक्त सिरप की खरीद-बिक्री कागजों पर दिखाई गई, लेकिन वास्तविक सप्लाई अन्य जगहों पर की गई। पुलिस अब आरोपी के बैंक खातों और अन्य संभावित लिंक्स की गहन जांच कर रही है। इस मामले में और खुलासे होने की संभावना है।

## विद्यालयों के समय में बदलाव के लिए बीएसए को सौंपा ज्ञापन



सुलतानपुर (वीओएल)।जनपद में लगातार पड़ रही भीषण ठंड, घने कोहरे और गलन को देखते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने परिषदीय विद्यालयों के समय में परिवर्तन की मांग की है। संघ ने बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुलतानपुर उपेन्द्र गुप्ता से इस संबंध में शीघ्र निर्णय लेने का अनुरोध किया है। संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय ने बताया कि परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अधिकांशतः ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे अध्ययनरत हैं। ऐसे बच्चों के पास ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त गर्म कपड़े और साधन नहीं होते। वर्तमान में विद्यालय सुबह 08:30 बजे खुलने के कारण बच्चों को अत्यधिक ठंड और कोहरे में घर से निकलना पड़ता है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी रहती है। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में बच्चों के बीमार होने की संभावना बढ़ जाती है, जिससे उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो सकती है। ऐसे में विद्यालयों के खुलने और बंद होने के समय में अस्थायी परिवर्तन किया जाना आवश्यक है। संघ के जिला मंत्री राम आशीष मौर्य ने विद्यालय अवधि समाप्त होने के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर इस संबंध में एक लिखित ज्ञापन सौंपा। बीएसए उपेन्द्र गुप्ता ने संगठन के पत्र को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। शिक्षक संघ ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन बच्चों के हित में जल्द सकारात्मक निर्णय लेकर उन्हें ठंड से राहत प्रदान करेगा।

## माइनरों में पहुंचा पानी, किसानों ने ली राहत की सांस



कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। नहरों में पानी आने से रबी फसल की सिंचाई हुई सुगम, कूरेभार क्षेत्र के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। लंबे इंतजार के बाद क्षेत्र की प्रमुख माइनरों में पानी पहुँच गया है, जिससे रबी फसलों की सिंचाई को लेकर किसानों की चिंताएँ दूर हो गई हैं। शहरी फुलौना, जोगीबीर देवदासपुर, मुजेश, परवर, सेउर सहित अन्य माइनरों में पानी छोड़े जाने से खेतों तक नमी पहुँची है और किसान राहत की सांस ले रहे हैं। समय पर पानी से बढ़ी उम्मीदें, किसानों का कहना है कि समय से नहरों में पानी आने से गेहूं, चना, सरसों सहित अन्य रबी फसलों की सिंचाई आसान हो गई है। शहरी फुलौना क्षेत्र के किसान राम तेज वर्मा ने बताया कि उन्होंने करीब 25 दिन पहले गेहूं की बुवाई की थी। अब नहर में पानी आ जाने से पहली सिंचाई समय पर हो सकेगी, जिससे फसल की बढ़वार बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि यदि आगे भी नियमित रूप से पानी मिलता रहा तो पैदावार अच्छी होने की पूरी उम्मीद है।कूरेभार के किसान सुनील का कहना है कि इस बार क्षेत्र की माइनरों की साफ-सफाई पहले की तुलना में बेहतर हुई है। नहरों की समय से सफाई होने के कारण पानी का प्रवाह सुचारु है और टेल तक पहुँचने की संभावना बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि पानी आने से अब रबी की फसल की सिंचाई सुविधाजनक हो गई है, जिससे डीजल और बिजली से चलने वाले पंपों पर निर्भरता भी कम होगी। लल्लन प्रसाद, हरिराम, श्री प्रकाश, अजय कुमार सहित अन्य किसानों ने भी नहरों में पानी पहुँचने पर खुशी जताई है। किसानों का मानना है कि पानी समय से आ गया है, जिससे फसल को शुरूआती अवस्था में भरपूर नमी मिलेगी। इससे उत्पादन बढ़ने के साथ-साथ खेती की लागत में भी कमी आएगी। एसडीओइस संबंध में एसडीओ शिव पूजन ने बताया कि कूरेभार क्षेत्र की माइनरों में पानी छोड़ा जा चुका है और विभाग की कोशिश है कि जल्द ही सभी माइनरों में टेल तक पानी पहुँचा दिया जाए। उन्होंने कहा कि नहरों की निगरानी की जा रही है ताकि किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो। कुल मिलाकर, कूरेभार क्षेत्र में माइनरों में पानी पहुँचने से किसानों में नई उम्मीद जगी है और रबी की फसल के लिए यह एक शुभ संकेत माना जा रहा है।

## लोकाधिकार सेवा समिति ने निभायी जिम्मेदारी, ठंड में बांटी कम्बल



जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। कड़ाके की ठंड में असहायों को राहत देने के लिए लोकाधिकार सेवा समिति की ओर से बुधवार को जयसिंहपुर क्षेत्र की ग्रामसभा कोल्हुआमऊ, अर्जुनपुर, ककरवारपुर और चैधरी का पुरवा (निषाद बस्ती) में निरूशुल्क कंबल वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभाकर चंद्रशेखर शुक्ल ह्यरिंकू भइया के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय महासचिव व जयसिंहपुर ब्लॉक प्रमुख राहुल चंद्रशेखर शुक्ल ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत गरीबों के मसीहा रहे स्वर्गीय चंद्रशेखर शुक्ल बेबी भइया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद असहाय, विधवा, वृद्ध और दिव्यांगजनों को हजारों की संख्या में कंबल वितरित किए गए। कंबल मिलते ही लाभार्थियों के चेहरों पर मुस्कान और संतोष साफ झलकता दिखा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान शैलेन्द्र यादव, कर्मवीर निषाद, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य रवि शेखर सहित रवि तिवारी, सुजीत तिवारी, अंजनी यादव, महेश यादव, रंजीत निषाद, प्रमोद प्रजापति, जगराम निषाद, समर अकेला, परमानंद पाल, सोनू, अमन और रामदौर निषाद समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## प्रतीक बने लेफ्टिनेंट कर्नल, क्षेत्र में खुशी की लहर



कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।कस्बा कूरेभार के लिए यह क्षण गर्व और सम्मान से भरा हुआ है। पूर्व प्रधान कस्बा कूरेभार विनोद चन्द्र अग्रहरि के बड़े भाई के पौत्र प्रतीक गुप्ता के भारतीय थल सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल के पद पर नियुक्त होने की खबर से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। जैसे ही यह सूचना लोगों तक पहुँची, परिजनों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों में उत्साह का माहौल बन गया। लेफ्टिनेंट कर्नल बने प्रतीक गुप्ता की इस उपलब्धि को क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत माना जा रहा है। उनकी सफलता से यह संदेश गया है कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। उनकी नियुक्ति की खबर मिलते ही कस्बेवासियों का उनके आवास पर बधाई देने के लिए तांता लग गया। लोग परिजनों को मिठाइयाँ खिलाकर और शुभकामनाएँ देकर अपनी खुशी जाहिर करते नजर आए। बधाई देने वालों में बिनोद लोहिया, गुलाब चंद्र, बब्बन तिवारी, सदानंद, मनोज अग्रहरि, कृष्ण चन्द्र अग्रहरि, राजेश प्रधान, पूर्व प्रधान मो0 असलम खान सहित कई गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और मित्रगण शामिल रहे। सभी ने प्रतीक गुप्ता की इस उपलब्धि को पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल प्रतीक गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिजनों और गुरुजनों को दिया। उन्होंने कहा कि परिवार का सहयोग, शिक्षकों का मार्गदर्शन और निरंतर मेहनत ही इस मुकाम तक पहुँचने का आधार बना। साथ ही उन्होंने युवाओं से देश सेवा को सर्वोच्च कर्तव्य मानते हुए लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया।

# राष्ट्र हित का चिंतन ही हिंदू चिंतन : प्रांत प्रचारक रमेश

**अमेठी।** रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर अमेठी नगर के राम लीला मैदान स्थित श्री राम बस्ती का हिन्दू सम्मेलन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र व नगर के प्रतिष्ठित लोगों, मातृशक्ति के साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्षों की यात्रा पूरी करने पर जगह जगह हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। सम्मेलन में लोगों को अपने देश के प्रति प्रेम जगाने ,बाहरी शक्तियों से सावधान रहकर राष्ट्र भाव जगाने सहित अनेकों बाते की जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक रमेश जी ने कहा कि हिंदुओं की एकता, आत्मीयता और बंधुत्व भावना से ही अपने राष्ट्र की उन्नति का रास्ता बनेगा। राष्ट्र हित का चिंतन ही हिंदू चिंतन है। हमारे देश को अगर दुनिया के सर्वोच्च शिखर पर ले जाना है तो हम सब हिंदू बंधुओं को ,सभी भारतवासियों को देश के लिए भी काम करना पड़ेगा। कहा कि हमारा यह परम कर्तव्य है कि हम अपने जीवन के लिए तो काम करें ही , पर इसके साथ समाज के लिए, धर्म के लिए, संस्कृति के लिए और अपने राष्ट्र के लिए भी काम करे, उसके लिए समय निकालें, जिम्मेदारी भी निभाऐ संघ के शताब्दी वर्ष पर भी प्रांत प्रचारक ने संघ के पंच परिवर्तन पर प्रकाश डालते हुए कुटुंब प्रबोधन में विषय रखते हुए कहा कि परिवार छोटे होते जा रहे है ,जिस पर चिंतन करना चाहिए , सामाजिक समरसता को ध्यान में रखते हुए वर्णों में जो भेद पैदा हुए है उनको दूर करने का प्रयास करना होगा, पर्यावरण में पेड़ को लगाना उनको संरक्षित करना प्लास्टिक का काम उपयोग, पानी का सदुपयोग करना , नागरिक कर्तव्य में सभी को नियमों का पालन करने के लिए आग्रह किया, स्व के भाव के जागरण के लिए स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर भी चर्चा की।

मुख्य अतिथि के रूप में आए श्री अभय चैतन्य फलाहारी मौनी महराज ने कहा कि जिस तरह से सोने चांदी और अन्य धातुओं को समय समय पर साफ करने की जरूरत होती है उसी तरह से हिंदू समाज को जागृत करने के लिए समय समय पर सम्मेलन कर उन्हें संगठित करने की आवश्यकता होती है। कहा कि जाति विभेद के नाम पर राजनीति करने वाला व्यक्ति देश और राष्ट्र का कल्याण नहीं कर सकता। अनेकों जगह हिन्दू पलायन की स्थिति में है उस पर भी जागने की जरूरत है।भगवान राम के आदर्शों पर चलने की जरूरत है। छुआ छूत और ऊंच नीच की भावना को हमें समाप्त करना होगा। कार्यक्रम को मातृशक्ति के रूप में रेखा यादव, अध्यक्ष चिरौंजी लाल, पूर्व शिक्षक राम बरन कोरी के साथ भाजपा नेता राजेश अग्रहरि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला प्रचारक पवन जी, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ल, दिनेश तिवारी,प्रखर शुक्ला, बी पी मिश्र, राम राज ,दिव्यांश मिश्र , डॉ धर्मेंद्र कुमार तिवारी , निमिषा त्रिपाठी के साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

## करंट की चपेट में आने से बहू की मौत, सास-ससुर घायल

सुलतानपुर (वीओएल)। देहात कोतवाली क्षेत्र के कैभा गांव में बुधवार शाम बिजली विभाग की लापरवाही एक परिवार पर भारी पड़ गई। गेहूं के खेत में लगे ट्रांसफार्मर के स्टे तार में अचानक करंट उतर आने से खेत में काम कर रहे एक ही परिवार के तीन लोग उसकी चपेट में आ गए। इस दर्दनाक हादसे में बहू की मौत हो गई, जबकि सास और ससुर गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, परिवार खेत में रोजमर्रा का काम कर रहा था। इसी दौरान ट्रांसफार्मर के स्टे तार में करंट उतर आया, जिसकी जानकारी किसी को नहीं थी। जैसे ही तीनों उसके संपर्क में आए, वे झुलसकर जमीन पर गिर पड़े। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के ग्रामीण दौड़कर पहुंचे और घायलों को तुरंत अस्पताल भिजवाया। तीनों को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां बहू की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज, सुलतानपुर रेफर कर दिया।

संक्षेप

## संयुक्त किसान मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

अयोध्या। गन्ना घटतौली और धान क्रय केंद्रों को सुचारू रूप से चालू करने की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन मंगलवार को नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा तथा समस्या के निराकरण हेतु वार्ता भी की। ज्ञापन में कहा है कि चीनी मिल के गेट से लेकर जिले के लगभग सभी गन्ना तौल केंद्रों पर बड़े पैमाने पर घटतौली की जा रही है जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। धान क्रय केंद्रों पर सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर धान खरीद में आनाकानी करते हुए धान की खरीद नहीं की जा रही है। पूर्व निर्धारित धान क्रय केंद्रों को चालू भी नहीं किया गया है। किसान नेताओं ने मांग की कि गन्ना तौल केंद्रों और धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण कराकर घटतौली पर रोक लगाई जाए, तथा धान की खरीद सुनिश्चित कराई जाए। नगर मजिस्ट्रेट द्वारा आश्वासन दिया गया उच्चाधिकारियों से वार्ता के पश्चात औचक निरीक्षण कराकर समस्या शीघ्र दूर कराई जाएगी। इस अवसर पर मोर्चा संयोजक मया राम वर्मा, किसान सभा के प्रदेश सचिव अशोक कुमार तिवारी, भाकियू नेता कमला प्रसाद बागी, धर्मराज पटेल आदि उपस्थित रहे।

# बस और डीजल टैंकर की टक्कर में परिचालक सहित पांच घायल



जिला संवाददाता

मथुरा। बुधवार दोपहर मथुरा के राया थाना क्षेत्र में एक रोडवेज बस और डीजल टैंकर की टक्कर हो गई। इस हादसे में बस परिचालक सहित पांच यात्री घायल हो गए। गनीमत रही कि पेट्रोलियम पदार्थ से भरा टैंकर पुल से नहीं पलटा, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। यह घटना कोयल रेलवे पुल के पास हुई। हाथरस डिपो की बस मथुरा से बरेली जा रही थी। पुल से उतरते समय बस चालक ने मोड़ लेने के लिए बस को नीचे उतारा। जगह कम होने के कारण चालक ने बस को पीछे किया, तभी मथुरा की ओर से आ रहे पेट्रोलियम पदार्थ से लदे टैंकर ने बस में टक्कर मार दी टक्कर के बाद बस में बैठी सवारियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे में मोहम्मद हसन (निवासी ककराला, बदायूं), राजू पुत्र पन्ना सिंह, राम दयाल और हरि प्यारी पत्नी राम दयाल (निवासी बसई, भरतपुर, राजस्थान) के साथ बस परिचालक भी घायल हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनई भेजा गया। राया थाना प्रभारी निरीक्षक रविभूषण शर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। परिचालक को ज्यादा चोटें आई हैं, जबकि अन्य यात्रियों को हल्की चोटें लगी हैं। क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात बहाल कर दिया गया है। मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि जयपुर-बरेली हाईवे पर तेज रफ्तार और अनियंत्रित वाहनों के कारण अक्सर ऐसे हादसे होते रहते हैं।

## रिफाइनरी के पास एलपीजी टैंकर पलटा

मथुरा। राष्ट्रीय राजमार्ग पर अंतर्गत रिफाइनरी स्थित एलपीजी प्लांट से गैस भरकर जा रहा एक एलपीजी टैंकर (कैप्सूल) रिफाइनरी की बाउंड्रीवॉल के समीप अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के इलाके में दहशत का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही रिफाइनरी थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और सुरक्षा के मद्देनजर पूरे क्षेत्र को घेरकर सुरक्षित किया गया। किसी भी संभावित खतरे से निपटने के लिए तत्काल क्रेन मंगाई गई और टैंकर को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है और अब तक गैस रिसाव की कोई सूचना सामने नहीं आई है। पुलिस और रिफाइनरी प्रशासन मौके पर मौजूद रहकर स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

## न्यायालय महिला को मेटाडोर ने मारी टक्कर से निकली

कलेक्ट्रेट क्षेत्र में आज दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब न्यायालय से निकली एक महिला को मिनी मेटाडोर ने टक्कर मार दी और वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार आज दोपहर लगभग साढे बारह बजे मथुरा से आगरा की ओर जाती केनरा बैंक की मिनी मेटाडोर ने न्यायालय के गेट नंबर 2 से निकलती एक महिला को टक्कर मार दी जिससे वह सड़क पर गिर गयी और आते जाते लोगो की भीड़ इकट्ठी हो गयी। बाद में महिला को उपचार के लिये जिला अस्पताल भिजवाया गया। लोगों का कहना था कि जहां पुलिस लाइन पेट्रोल पम्प से तहसील तक वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध है, उसके बाद भी इस क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर अवैध पार्किंग किये जाने से आये दिन इस तरह की दुर्घटनायें होती हैं लेकिन पुलिस और प्रशासन इसे अनदेखा किये हुये है।



## भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत किया



टूंडला। विधानसभा टूंडला के सीयर देवी मंडल के ग्राम ग्वारई स्थित महेश्वर नाथ मंदिर आश्रम पर भारतीय जनता पार्टी के सीयर देवी मंडल के कार्यकर्ता व ग्रामवासी एवं आश्रम के रहने वाले साधु संतों द्वारा भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह का स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने ग्रामीणों एवं कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म के कल्याण के लिए एवं विश्व के कल्याण के लिए मोदी योगी दिन-रात प्रण प्राण से लगे हुए हैं इसमें साधु संतों के साथ हम सब की भी सहभागिता हो इसी तरह का प्रयास भारतीय जनता पार्टी में कार्य करने वाले नेताओं एवं कार्यकताओं का रहता है। उन्होंने इसी क्रम में गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीण एवं कार्यकताओं से कहा यदि कोई मतदाता बिना मत के ना रहे उसकी चिंता हम सबको करनी चाहिए इस अवसर पर ग्रामीण एवं सभी संत जनों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया इस अवसर पर विधानसभा संयोजक शिव शंकर शर्मा जिला कोषाध्यक्ष महिपाल सिंह निषाद मंडल अध्यक्ष पूरन सिंह बीडीसी महामंत्री सूरज धाकरे संत कुमार नेताजी संत महेश आनंद महाराज मलखान सिंह रामबरन सिंह संदीप कुमार रामवीर सत्यम सिसोदिया पुरुषोत्तम सिंह माखन सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## आभूषण चोरी करने वाली दो महिलाओं को किया गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा भीड़ का फायदा उठाकर मंदिरों से महिलाओं के आभूषण चोरी करने वाली 02 महिलाओं को मय 02 कुंडल पीली धातु के साथ गिरफ्तार किया गया।

दिनांक 09.12.2025 को बालाजी मन्दिर से सोनेश कुमार निवासी ग्राम रूधऊ थाना नसीरपुर फिरोजाबाद की माँ रेशमा देवी के कानों के कुण्डल अज्ञात महिला द्वारा निकाल लेने के सम्बन्ध मे थाना शिकोहाबाद पर अभियोग पंजीकृत कराया गया। बुधवार को थाना पुलिस टीम को उस समय एक बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीमे अपराधियों की निगरानी में लगी थी कि मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि बाला जी मन्दिर से भीड़ का फायदा उठाकर महिलाओं के आभूषण चोरी करने वाली महिलायें फिर से घटना करने की फिराक में घूम रही है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही के क्रम में बालाजी मन्दिर गेट के पास से बालाजी मन्दिर पुलिस चौकी सहायता केन्द्र आगरा गेट के पीछे मन्दिर परिसर थाना क्षेत्र शिकोहाबाद से अभियुक्तगण मुन्नी देवी पत्नी रघुनाथ निवासी महावीर का नंगला थाना फतेहाबाद जिला आगरा,ममता पत्नी टिल्लू निवासी महावीर का नंगला थाना फतेहाबाद जिला आगरा को मय चोरी के 02 कुण्डल पीली धातू के साथ गिरफ्तार किया गया, थाना पुलिस ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर विधिक कार्यवाही की है।

## कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान पकड़े चुटिया गैंग के तीन सदस्य



मथुरा। कोतवाली पुलिस ने द्वारा हत्या करने के उद्देश्य से आये चुटिया गैंग के तीन लोगों को पकड़ा है। पुलिस की मानें तो यह शातिर किस्म के अपराधी हैं इनसे मुठभेड़ के दौरान नाजायज असलाह बरामद हुये हैं।

शहर कोतवाली प्रभारी विनोद बाबू मिश्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पीपल वाले अखाडा के पास से राहुल पुत्र जयप्रकाश निवासी जन्मभूमि लिंक रोड ट्रान्सफार्मर वाली गली, अभिषेक बघेल पुत्र सत्यप्रकाश निवासी कैलाशनगर अमरनाथ स्कूल के पीछे, विजय सिंह पुत्र सतवीर सिंह निवासी नगला घीसा थाना जैत को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गये तीनो अभियुक्तगणो ने पूछताछ में बताया कि हमारे साथी अभिषेक के साथ 16 दिसंबर की शाम को पीपल वाले अखाड़ा के पहलवानो से मारपीट हो गयी थी। उसी का बदला लेने के लिए हम लोग अपने अन्य साथियो के साथ असलाह लेकर हत्या करने के उद्देश्य से मिशन एकत्रित हुए थे। इनके पास से पुलिस ने तीन तमंचे, कारतूस और स्विफ्ट कार संख्या यूपी 85 सीएफ 0213 बरामद की है।

हादसे में अब तक 18 की मौत, अभी तक सिर्फ तीन की हो पाई पहचान

मथुरा। यमुना एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह वाहनों की भिड़ंत में लगी आग में अब मरने वालों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है। इसमें अभी तक तीन की ही पहचान हो पाई है। बाकी 18 मृतकों के डीएनए के सैंपल लिए गए हैं। इस हादसे में सात बसें और एक कार जलकर खाक हो गई थी। मंगलवार तक 13 लोगों के मरने की पुष्टि जिला प्रशासन ने की थी, लेकिन घटनास्थल से 18 बाडी बैग में अवशेष पोस्टमार्टम हाउस पर लाए गए थे। जिला प्रशासन ने बुधवार को 18 मौतों की पुष्टि की है। 15 शव पहचान के लिए पोस्टमार्टम हाउस पर रखे हैं। डीएम सीपी सिंह ने बताया कि 18 लोगों की मृत्यु की पुष्टि हुई है।

## बांकेबिहारी महाराज को अर्पित नहीं हुआ श्रद्धालुओं का भोगः प्रसाद और माला, भावना हुई आहत



मथुरा। वृंदावन ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में बुधवार सुबह श्रद्धालुओं की भावना उस समय आहत हुई जबकि वे दर्शन को आते समय माला प्रसाद अर्पित करने के लिए लाए। लेकिन, मंदिर के जगमोहन में श्रद्धालुओं का प्रसाद अर्पित करने के लिए भंडारी मौजूद नहीं थे। मंदिर के एक कोने में बैठे भंडारियों से जब इस बारे में सवाल किया तो बोले सुरक्षा में तैनात विजय सुपरवाइजर ने मंदिर कटहरे में प्रवेश से मना कर दिया है। ऐसे में वे कैसे श्रद्धालुओं का भोग प्रसाद एवं माला अर्पित करते। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में बुधवार की सुबह श्रद्धालु नियमित रूप से दर्शन करने पहुंचे तो माला प्रसाद लेकर पहुंचे। मंदिर में परंपरा है कि श्रद्धालुओं का ये प्रसाद और माला मंदिर के भंडारियों के माध्यम से ठाकुरजी को अर्पित होता है और भंडारी ठाकुरजी का भोग लगाकर श्रद्धालु को लौटा देते हैं। लेकिन, बुधवार को ये प्रक्रिया बंद कर गई। मंदिर सेवायत रजत गोस्वामी ने कहा ये मंदिर की मयार्दा के विरुद्ध एवं भक्तों की भावना को आहत करने वाला निर्णय है। सभी मंदिरों में भंडारी द्वारा श्रद्धालु का प्रसाद ठाकुरजी को अर्पित किया जाता है। मंदिर उच्चाधिकार प्रबंधन समिति के सेवायत सदस्य दिनेश गोस्वामी ने कहा बुधवार सुबह से जगमोहन में भंडारी का प्रवेश रोक दिया है।

## सड़क हादसे के लिए जांच समिति की गठन



मथुरा। जनपद मथुरा के थाना बल्देव क्षेत्रान्तर्गत यमुना एक्सप्रेस-वे (आगरा से नोएड़ा की ओर जाने वाले मार्ग पर) के माइल स्टोन 127 पर 15-16 दिसम्बर की रात्रि में हुए भीषण सड़क हादसे की जांच हेतु जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह द्वारा जांच समिति का गठन किया गया था।17 दिसम्बर बुधवार अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन अमरेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड प्रथम गुलवीर सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राजेश राजपूत, यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण के महाप्रबंधक (परियोजना) राजेंद्र सिंह भाटी तथा कंशैसनायर जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड के महाप्रबंधक (ऑपरेशन) आनंद सिंह द्वारा यमुना एक्सप्रेस-वे पर हुए सड़क दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन ने अवगत कराया है कि दुर्घटना के समय उपस्थित स्थानीय लोग, बस और अन्य वाहनों में उपस्थित यात्रीगण तथा ड्राइवर के बयान आदि के माध्यम से संभावित कारणों की जांच की जा रही है। अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन ने अवगत कराया है कि उक्त दुर्घटना के संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को साक्ष्य / जानकारी / सूचना देना हो तो वह दिनांक 18 दिसंबर 2025 को अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन / अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कार्यालय में उपस्थित होकर दे सकता है तथा अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन के मोबाइल नंबर 9454417721 या अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मोबाइल नंबर 9454401103 पर भी दे सकता है।

# भक्ति और संस्कृति के संगम के बीच ब्रज चौरासी कोस यात्रा संपन्न

जिला संवाददाता



मथुरा। ब्रज की पावन धरा पर श्रद्धा और अटूट विश्वास का अनूठा दृश्य देखने को मिला, जहाँ श्रीहित हरिवंश प्रचार मंडल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित आठ दिवसीय ब्रज चैरासी कोस दर्शन यात्रा हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। इस

- श्रीहित हरिवंश प्रचार मंडल ट्रस्ट के तत्वावधान में भक्तों ने की यात्रा

यात्रा में देशभर से आए श्रद्धालुओं ने ब्रज की रज को मस्तक पर लगाकर आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया। यह यात्रा वृंदावन श्रीराधावल्लभ मंदिर के वर्तमान तिलकायत अधिकारी श्रीहित मोहित मराल गोस्वामी महाराज एवं श्रीहित शोभित लाल गोस्वामी महाराज (युवराज) के पावन सानिध्य में पूर्ण हुई। यात्रा के दौरान तिलकायत अधिकारीजी महाराज एवं युवराज महाराज के पावन सानिध्य में भक्तों ने ब्रज के गूढ़ रहस्यों और लीला स्थलों की महिमा को जाना।

आठ दिनों तक चली इस यात्रा में भक्तों ने ब्रज के प्राचीन मंदिरों, पौराणिक कुंडों और भगवान श्रीकृष्ण की लीला स्थली के दर्शन किए। ब्रज चैरासी कोस की पूरी यात्रा के दौरान जगह-जगह पर भजन-कीर्तन और सत्संग की अविरल धारा बहती रही, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा, साथ ही देशभर से आए भक्तों को ब्रज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को करीब से देखने और समझने का अवसर भी प्राप्त हुआ। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, ब्रज की चैरासी कोस की परिक्रमा करने से जीव के चैरासी लाख योनियों के बंधन कट जाते हैं। यात्रा के संपन्न होने पर भक्तों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि ये आठ दिन उनके जीवन के सबसे ऊजार्वान और उत्साह से भरे दिन रहे, इस उक्ति को चरितार्थ करते हुए श्रद्धालुओं ने भावुक मन से यात्रा का समापन किया और श्रीराधावल्लभ लाल के चरणों में अपनी-अपनी हाजिरी लगाई।

## शगुन के परिवारीजनों ने खून के दलालों की दी शिकायत

अयोध्या। जिला अस्पताल के ब्लड बैंक की बदसुलूकी के बाद आर्थिक रूप से कमजोर मरीज के परिजन सात हजार रुपये में खून खरीदने को मजबूर हुए थे। यह बात मेडिकल वार्ड में 39 नंबर बेड पर भर्ती 16 वर्षीय शगुन के परिजनों ने सीएमएस को पत्र देते हुए बताई है। परिजनों ने ब्लड बैंक के कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

मामले में अब जांच कमेटी गठित की जानी है। खंडासा थाना क्षेत्र के रामनगर अमावा सूफी गांव की मधु सिंह की बेटी शगुन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से रेफर कर जिला अस्पताल भेजा गया था। उसे सोमवार दोपहर साढ़े तीन बजे के करीब लाया गया, जहां गंभीर एनिमिया को देखते हुए चिकित्सकों ने तीन यूनिट रक्त का प्रबंध करने को कहा था। सीएमएस को दिए गए शिकायत पत्र के अनुसार चचेरी बहन शिवांशी सिंह ने आरोप लगाया है कि वह ब्लड बैंक में ब्लड लेने के लिए गई थी।

वहां ड्यूटी पर मौजूद ब्लड ग्रुप बताने वालों ने बहुत बदतमीजी से बात की। बोले, कि आप कुछ भी कर लो ब्लड तभी दिया जाएगा जब आपके पास डोनर होगा।

# इंडियन ऑयल मथुरा रिफाइनरी ने सीपेट, लखनऊ के साथ की साझेदारी



मथुरा। इंडियन ऑयल मथुरा रिफाइनरी ने अपने उद्भव काल से ही माना है कि सच्ची प्रगति का माप केवल औद्योगिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि उन जिंदगियों के उत्थान से होता है जिन्हें हम बेहतर बनाते हैं। युवाओं के भविष्य को संवारने की दिशा में एक सार्थक कदम उठाते हुए, मथुरा रिफाइनरी ने 2025-26 के लिए अपनी कॉपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के तहत, केंद्रीय पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सीपेट), लखनऊ के साथ साझेदारी की है, ताकि मथुरा जिले और आसपास के क्षेत्रों के वंचित युवाओं को पूर्ण सहायता प्राप्त, रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके।

इस पहल के तहत दो ट्रेडों - सहायक मशीन ऑपरेटर (प्लास्टिक प्रोसेसिंग) और सहायक मशीन ऑपरेटर (इंजेक्शन मोल्डिंग) के लिए तीन महीने के आवासीय कौशल विकास कार्यक्रम प्रायोजित किया जा रहा है।80 सीटों वाले इस कार्यक्रम में पुरुष और महिला दोनों उम्मीदवार हैं, और इस बैच में गर्व से पांच युवा महिलाएं भी शामिल हैं, जो समावेशी विकास के प्रति इंडियनऑयल की प्रतिबद्धता को दशार्ती हैं।

पिछले दिनों मथुरा रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक और रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल ने की कौशल विकास कार्यक्रम में चयनित युवक-युवतियों के बैच को हरी झंडी दिखाकर रवाना रिफाइनरी टाउनशिप से रवाना किया और सभी प्रतिभागियों को आईओसी और सीपेट द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं का उपयोग करने और अपने परिवारों को गौरवान्वित करने के लिए प्रेरित किया। इंडियनऑयल मथुरा रिफाइनरी इस परियोजना में लगभग 43 लाख का निवेश कर रही है - यह खर्च नहीं, बल्कि मानव क्षमता में निवेश है। यह कोर्स दिसंबर 2025 में शुरू होकर मार्च 2026 तक चलेगा और प्लेसमेंट की गारंटी के साथ, सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करेगाद्य यह सहयोग सिर्फ एक प्रशिक्षण कार्यक्रम से कहीं अधिक है; यह एक वादा है - सशक्त बनाने, उत्थान करने और उन क्षेत्रों में अवसर सृजित करने का जहां इनकी सबसे अधिक आवश्यकता है। इस पहल के माध्यम से, इंडियनऑयल उन सभी युवाओं की आकांक्षाओं का सम्मान करता है जो सीमाओं से परे सपने देखने का साहस रखते हैं।

# शासन प्रशासन समाज के हर वर्ग के व्यक्तियों की विपरीत परिस्थितियों में है साथः डीएम

जिला संवाददाता



फिरोजाबाद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शासन प्रशासन सदैव इस बात के लिए कटिबद्ध नजर आता है कि समाज के हर वर्ग के व्यक्तियों के विपरीत परिस्थितियों में उनका साथ दिया जाए, इसी उद्देश्य से प्रेरित होकर सरकार ने मजदूरों के साथ हुई दुर्घटनाओं में उनकी सहायता हेतु उत्तर प्रदेश सन्निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना की शुरूआत की,जो उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार बोर्ड द्वारा चलाई जाती है,यह योजना पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए हैं। इस योजना के तहत पंजीकृत कामगारों की दुर्घटना से मृत्यु होने पर सरकार द्वारा उनके आश्रितों को रुपए 5 लाख 25 हजार तक की आर्थिक सहायता दी जाती है, सरकार की इस जनहित कारी योजना का लाभ दतौजी निवासी मजदूर राम प्रकाश के परिवार को मिला,एक दिन राम प्रकाश एक घर की छत पर पानी की टंकी की फिटिंग कर रहे थे,उसी समय उनको करंट लग गया,जिससे उनकी मृत्यु हो गई उनकी पत्नी मंजू देवी और उनके चार बच्चे पूरी तरह से आश्रय विहीन हो गए, तभी इन्हें श्रम विभाग की इस महत्वपूर्ण योजना के विषय में ज्ञान हुआ, इन्होंने श्रम विभाग के माध्यम से अपना आवेदन जिलाधिकारी के पास भेजा जहां पर जिलाधिकारी ने उनके आवेदन को तत्काल स्वीकार करते हुए,इन्हें इस योजना के तहत मिलने वाली धनराशि दिए जाने का निर्देश श्रम विभाग को दिया,श्रम विभाग ने भी अपने परीक्षण में यह पाया कि यह पूरी तरीके से इस योजना के अंतर्गत आती हैं,शीघ्र ही इन्हें इस योजना के तहत सहायता राशि प्राप्त हुई, जिससे इन्होंने अपना कुटीर उद्योग शुरू किया, इन्होंने हस्त निर्मित दिये बनाना प्रारंभ किया,जो कलात्मक होने के साथ-साथ लोगों के घरों के लिए उपयोगी भी था। शीघ्र ही इनके द्वारा निर्मित दिये अत्यंत प्रसिद्ध हो गए और इसके द्वारा इन्हें आर्थिक लाभ भी प्राप्त होने शुरू हो गए, आज मंजू देवी इस योजना के तहत मिली हुई धनराशि से अपना स्वरोजगार शुरू करके अपने बाल बच्चों का पालन पोषण कर रही हैं, अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा भी प्रदान कर रही है, मंजू देवी सरकार द्वारा दी गई इस मदद से अत्यंत प्रफुल्लित है और इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी रमेश रंजन का कोटि-कोटि आभार व्यक्त कर रही हैं।

## पेंशनर दिवस का आयोजन



फिरोजाबाद। अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविंद द्विवेदी की अध्यक्षता में पेंशनर दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में किया गया,पेंशनर दिवस पर बड़ी संख्या में आए पेंशनर्स की समस्त समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनी गई एवं उक्त शिकायतों के निदान हेतु संबंधित आहरण वितरण अधिकारियों को जिलाधिकारी के संज्ञान में लाते हुए आश्वस्त किया गया है। इस दौरान पेंशनर्स ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय योजना जो पेंशनरों के स्वास्थ्य से संबंधित है, उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है,कृपया उन्हें इस योजना से लाभान्वित किया जाए, अपर जिलाधिकारी ने इस पर उन्हें आश्वस्त किया कि उन्हें इस योजना का लाभ अवश्य दिलाया जाएगा, साथ ही साथ सभी पेंशनरों ने इस पर एक स्वर से पेंशनर कक्ष कोशागार में बनाए जाने की बात कही,जिसे वरिष्ठ कोषाधिकारी ने सहर्ष स्वीकार किया, अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने इस अवसर पर 75 वर्ष से अधिक पेंशनरों को माल्यार्पण एवं शॉल उड़ाकर स्वागत किया, इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी मनोज कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडे, वित्त एवं लेखा अधिकारी अनिल कुमार सिंह एवं बड़ी संख्या में पेंशनर आदि स्टाफ उपस्थित रहे।

## मोबाइल छिनैती करने वाले 2 अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना उत्तर पुलिस द्वारा दो शातिर अभियुक्तों को छिनैती किये गये मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार गिरफ्तार किया गया है। बुधवार को थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर 02 शातिर अभियुक्तों ईशु पुत्र महेन्द्र, शिवम पुत्र मलखान सिंह को मय छिना हुआ मोबाइल फोन एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## थाना पचोखरा पुलिस ने ऑपरेशन जागृति फेस 0.5 के तहत किया जागरूक



टूंडला। थाना पचोखरा पुलिस टीम द्वारा ईश्वर चंद इंटर कॉलेज नगला दल में ऑपरेशन जागृति अभियान फेस 0.5 के तहत युवाओं में प्रेम प्रसंग के अंतर्गत घर से चले जाने के मामलों की रोकथाम हेतु जागरूकता शिविर आयोजित किया गया व उससे होने वाले दुष्परिणामो के बारे में जानकारी दी गई। थाना प्रभारी अमित तोमर ने छात्राओं को युवावस्था में प्रेम प्रसंग में पड़कर घर से भगाने के मामलों की रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि एक गलत कदम पूरा जीवन खराब कर देता है। आपका मुख्य उद्देश्य अभी पढ़ कर अपना भविष्य सवारना है ना कि गलत प्रेम प्रसंग में पड़कर अपना भविष्य बर्बाद करना है। साथ ही विभिन्न हैल्पलाइन नम्बर पुलिस 112,फायर 101 एम्बुलेंस 102/108,सीएम हेल्प लाइन 1076,वूमेन पावर लाइन 1090 की जानकारी दी। कार्यक्रम में थाना अध्यक्ष अमित तोमर,वरिष्ठ उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह,महिला उप निरीक्षक निशा बंसल,कांस्टेबल पार्थिव,म0का0 प्रियंका छात्र छात्राएं स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।

## नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी

मथुरा। नगर आयुक्त जग प्रवेश के निदेर्शानुसार नगर निगम द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज सहायक नगर आयुक्त श्रीमती कल्पना सिंह चैहान के द्वारा टैंक चैराहे से पुलिस लाइन एवं पुलिस लाइन से जिला जेल तक मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलवाया गया। अभियान के दौरान मार्ग एवं फुटपाथ पर अतिक्रमण कर रखे गए ढकेल, तख्त, बैनर एवं अन्य सामान को हटवाकर जब्त किया गया। इसी क्रम में टैंक चैराहे से पुलिस लाइन तक फुटपाथ एवं पर सामान रखकर विक्रय करने वाले व्यक्तियों का सामान जब्त किया गया एवं तीन ढकेल भी जब्त की गई। साथ ही दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी गई कि सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण न करें, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में ईटीएफ टीम की सक्रिय उपस्थिति रही। नगर निगम का यह अभियान नागरिकों की सुविधा, यातायात सुगमता एवं शहर को स्वच्छ व व्यवस्थित बनाए रखने की दिशा में निरंतर जारी रहेगा।

संक्षेप

## टाटा सिएरा की बुकिंग शुरू

मुंबई। आइकॉनिक टाटा सिएरा ने भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में जोरदार वापसी धमाकेदार वापसी की है और कार प्रेमियों के दिलों पर छा गई है। बुकिंग शुरू होने के पहले ही दिन, ग्राहकों के उत्साह और भरोसे का नया कीर्तिमान रचते हुए सिएरा ने 70,000 से अधिक कन्फर्म ऑर्डर हासिल किए हैं। इसके अलावा, 1.35 लाख अन्य ग्राहकों ने अपनी पसंदीदा कॉन्फि गरेशन सबमिट कर दी है और वे बुकिंग की औपचारिकताएँ पूरी करने की प्रक्रिया में हैं। ग्राहकों का यह जबरदस्त रिस्पॉन्स साबित करता है कि टाटा सिएरा का 'आइकॉनिक स्टेटस' आज भी कायम है और एक प्रीमियम मिड-एसयूवी के तौर पर इसका जादू भारतीय ग्राहकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। हमें इतना शानदार रिस्पॉन्स देने के लिए हम अपने ग्राहकों का दिल से शुक्रिया अदा करते हैं। यह प्यार टाटा सिएरा के 'लीजेंडरी' स्टेटस पर एक बार फिर मुहर लगाता है। नए मानक तय करने की अपनी विरासत को कायम रखते हुए, सिएरा ने एक बिल्कुल नई कैटेगरी 'प्रीमियम मिड-एसयूवी' की शुरूआत की है।

## एसयूडी लाइफ गिफ्ट ग्लोबल अपॉर्च्युनिटी मैक्सिमाइजर फंड लॉन्च

नयी दिल्ली। स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने अपने जीवन बीमा प्लान एसयूडी लाइफ इंटरनेशनल वेल्थ क्रिएटर के अंतर्गत नए फंड एसयूडी लाइफ गिफ्ट ग्लोबल अपॉर्च्युनिटी मैक्सिमाइजर फंड और एसयूडी लाइफ गिफ्ट इंडिया फोकस्ड फंड की शुरूआत की है। इन फंडों के माध्यम से पॉलिसीधारक और निवेशक गिफ्ट सिटी के जरिए वैश्विक संपत्ति निर्माण के अवसरों का लाभ उठा सकेंगे। एसयूडी लाइफ गिफ्ट ग्लोबल अपॉर्च्युनिटी मैक्सिमाइजर फंड निवेशकों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों और विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में विविध और संतुलित निवेश का अवसर प्रदान करता है। फंड का प्रमुख निवेश इक्विटी में होगा, जबकि फंड प्रबंधकों को कमोडिटी जैसे क्षेत्रों में निवेश करने की भी स्वतंत्रता होगी। इससे निवेशकों को चक्रीय और संरचनात्मक—दोनों प्रकार के विकास अवसरों में भागीदारी मिलेगी। विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाओं में उपलब्ध थीम-आधारित और सेक्टर-आधारित अवसरों का उपयोग करते हुए, यह फंड बेहतर डॉलर-आधारित रिटर्न प्रदान करने का लक्ष्य रखता है।

## बैटरी स्मार्ट ने पूरे किये 100 मिलियन बैटरी स्वैप

बंगलुरु। बैटरी स्मार्ट देश की पहली कंपनी बन गई है जिसने अपने इलेक्ट्रिक दोपहिया और तीनपहिया वाहनों के नेटवर्क पर 100 मिलियन बैटरी स्वैप पूरे कर लिए हैं। कंपनी की स्थापना के लगभग पांच साल के भीतर हासिल किया गया यह मुकाम, भारत में स्वच्छ, किफायती और सभी के लिए सुलभ इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर बढ़ते बदलाव को दशार्ता है। यह बैटरी स्मार्ट के पैन-इंडिया, टेक्नोलॉजी आधारित, विस्तार योग्य बैटरी-स्वैपिंग मॉडल के प्रति प्रतिबद्धता को भी दिखाता है, जो किफायत और मजबूत इकोसिस्टम साझेदारी पर आधारित है। आज के समय में, कंपनी के पास भारत के लगभग 70 प्रतिशत बैटरी स्वैपिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के संचालन का अनुमान है।

## कच्चे तेल में तेजी

नयी दिल्ली। मजबूत हाजिर मांग के बाद कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से वायदा कारोबार में बुधवार को कच्चा तेल की कीमत 25 रुपये की तेजी के साथ 5,096 रुपये प्रति बैरल हो गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का जनवरी, 2026 माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 25 रुपये या 0.49 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,096 रुपये प्रति बैरल हो गया। इसमें 16,892 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से कच्चातेल वायदा कीमतों में तेजी आई। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 1.59 प्रतिशत की तेजी के साथ 56.15 डॉलर प्रति बैरल हो गया जबकि ब्रेंट क्रूड का दाम 1.56 प्रतिशत बढ़कर 59.84 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

## जापान के निर्यात में वृद्धि

बैंकॉक। जापान के निर्यात में नवंबर में सालाना आधार पर छह प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। बुधवार को जारी प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, जापान का कुल आयात नवंबर में सालाना आधार पर 1.3 प्रतिशत बढ़ा। इससे अधिशेष 322.2 अरब येन रह गया। अमेरिका को निर्यात पिछले वर्ष की तुलना में लगभग नौ प्रतिशत बढ़ गया क्योंकि कार और कैमरा के निर्यात ने मशीनरी और लोहा एवं इस्पात के निर्यात में आई गिरावट की भरपाई करने में मदद की।

# सेंसेक्स में 120 अंकों की गिरावट




मुंबई। विदेशी निवेशकों की निरंतर बिकवाली के दबाव में घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 120 अंकों की गिरावट दर्ज की गई जबकि निफ्टी करीब 42 अंक फिसल गया। बीएसई का 30 शेयर पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 120.21 अंक यानी 0.14 प्रतिशत गिरकर 84,559.65 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 263.88 अंक टूटकर 84,415.98 के स्तर पर आ गया था।

इसी तरह, 50 शेयर वाला एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी 41.55 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,818.55 अंक पर बंद हुआ, जो एक सप्ताह का निचला स्तर है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से ट्रेंट में सबसे अधिक 1.61 प्रतिशत की गिरावट आई और एचडीएफसी बैंक का शेयर करीब एक प्रतिशत टूटा। इनके अलावा अदाणी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाइटन और एशियन पेंट्स के शेयर में सबसे ज्यादा गिरावट रही। इसके उलट, भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 1.51 प्रतिशत चढ़ा। इन्फोसिस, एक्सिस बैंक और मारुति सुजुकी के शेयर में भी तेजी रही। विदेशी निवेशक अपना पैसा निकाल रहे हैं और उभरते बाजार संघर्ष कर रहे हैं जबकि विकसित अर्थव्यवस्थाएं मजबूत बनी हुई हैं। इससे पता चलता है कि निवेशक उभरते बाजारों को लेकर अधिक सतर्क हो रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों के बड़े शेयरों में बिकवाली से व्यापक स्तर पर कमजोरी आई, जबकि वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेतों ने निवेशकों की धारणा को और भी कमजोर किया। विश्लेषकों का कहना है कि रुपये का रिकॉर्ड निचले स्तर से उबरना अस्थायी राहत प्रदान करता है क्योंकि वैश्विक अनिश्चितता एवं विदेशी पूंजी की लगातार बिकवाली के कारण रुपये में तेजी के आसार सीमित हैं। शुरुआती कारोबार में बैंकों द्वारा डॉलर की भारी बिकवाली से रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले एक प्रतिशत से अधिक तेजी से बढ़कर 89 के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, बाद में रुपये ने अपनी बढ़त खो दी और 90.38 पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव 90.93 से 55 पैसे अधिक है। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 2,381.92 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 1077.48 करोड़ रुपये की खरीदारी की। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप में 0.85 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप 0.53 प्रतिशत टूटा। यूरोपीय बाजार मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

# रुपया 55 पैसे चढ़कर 90.38 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई। रुपया बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में अपने अबतक के सबसे निचले स्तर से उबरने में कामयाब रहा और 55 पैसे चढ़कर 90.38 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। केंद्रीय बैंक के संभावित आक्रामक हस्तक्षेप से रुपया बढ़त में रहा। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में हाल की गिरावट मुख्य रूप से बाहरी कारकों के कारण हुई है, न कि घरेलू आर्थिक कमजोरी की वजह से।

बदलते आर्थिक एवं भू-राजनीतिक संकेतों के बीच विदेशी मुद्रा बाजार में व्यापक अस्थिरता जारी रहने का अनुमान है। अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता में आशाजनक प्रगति न होने और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया है, जबकि ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें 60 अमेरिकी डॉलर



प्रति बैरल के करीब रहने से घरेलू मुद्रा को निचले स्तर पर समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91.05 पर खुला। इसके बाद इसने कुछ हद तक खोई हुई बढ़त हासिल की और 89.96 प्रति डॉलर के दिन के उच्च स्तर को छुआ जो पिछले बंद भाव से 97 पैसे की बढ़त दर्शाता है। अंत में रुपया 90.38 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 55 पैसे अधिक है। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पहली बार 91 के स्तर को पार कर 91.14 प्रति डॉलर पर पहुंच गया था। अंत में 90.93 पर बंद हुआ था। पांच सत्र की लगातार गिरावट के बाद भारतीय रुपया मजबूत हुआ है जिसे केंद्रीय बैंक के संभावित आक्रामक हस्तक्षेप से बल मिला है। आर्थिक और भू-राजनीतिक संकेतों से विदेशी मुद्रा बाजार में व्यापक अस्थिरता बने रहने का अनुमान है। तकनीकी रूप से भारतीय रुपये को निचले स्तर 90.60 और ऊंचे स्तर 89.70 पर समर्थन प्राप्त है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.56 पर रहा। घरेलू शेयर बाजार के मोर्चे पर सेंसेक्स 120.21 अंक टूटकर 84,559.65 अंक पर जबकि निफ्टी 41.55 अंक फिसलकर 25,818.55 अंक पर बंद हुआ।

# जीडीपी वृद्धि के 7.5 प्रतिशत रहने का अनुमान

मुंबई। देश की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर वित्त वर्ष 2025-26 में 7.5 प्रतिशत रह सकती है, जबकि अगले वित्त वर्ष में इसके कुछ नरम होकर सात प्रतिशत पर आने का अनुमान है।

रिपोर्ट के अनुसार, हाल में 91 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक फिसल चुका रुपया आगे चलकर मजबूत हो सकता है। इसने वित्त वर्ष 2026-27 में रुपये के 89-90 रुपये प्रति डॉलर के दायरे में रहने का अनुमान जताया है। वित्त वर्ष 2026-27 की तरफ कदम बढ़ाते समय भारत का वृहद आर्थिक परिदृश्य सकारात्मक बना हुआ है। बाहरी अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था अगले वित्त वर्ष में करीब सात प्रतिशत की स्वस्थ वृद्धि दर्ज करने में सक्षम रहेगी। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति के नियंत्रण में रहने, ब्याज दरों में नरमी आने और कर बोझ में कमी जैसे कारक आर्थिक वृद्धि को समर्थन देंगे। इसके अलावा, संभावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भी वृद्धि को और रफ्तार दे सकता है। एजेंसी ने कहा कि पूंजीगत व्यय चक्र में शुरुआती स्तर पर सुधार के संकेत दिखने लगे हैं, जिसका प्रमाण पूंजीगत वस्तु कंपनियों के ऑर्डर बुक में मजबूत वृद्धि से मिलता है। साथ ही, सकल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में हुई बढ़ोतरी यह दर्शाती है कि विदेशी निवेशक भारत की वृद्धि संभावनाओं पर भरोसा जता रहे हैं।

# इरडा नियंत्रित संस्थाओं को सेवा कॉल के लिए 1600 सीरीज अपनाने की समयसीमा 15 फरवरी: ट्राई

नयी दिल्ली। दूरसंचार नियामक ट्राई ने बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) के तहत आने वाली सभी संस्थाओं को निर्देश दिया है कि वे उपभोक्ताओं को सेवा और लेनदेन से जुड़े कॉल करने के लिए 15 फरवरी 2026 तक 1600 सीरीज के नंबर अपनाएं।

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने कहा कि यह निर्देश उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ाने, फर्जी कॉल पर रोक लगाने और वॉयस कॉल के जरिए की जाने वाली धोखाधड़ी को रोकने के लिए से जारी किया गया है। ट्राई ने कहा कि 1600 सीरीज से लोगों को



ऐसे नियंत्रित संस्थानों से आने वाली वैध कॉल की पहचान करने में आसानी होगी। दूरसंचार नियामक ने एक बयान में कहा कि ट्राई ने 16 दिसंबर 2025 को एक निर्देश जारी किया है, जिसके तहत इरडा द्वारा विनियमित संस्थाओं को उपभोक्ताओं को सेवा और लेनदेन संबंधी कॉल करने के लिए 15 फरवरी 2026 तक 1600 सीरीज के नंबर अपनाने होंगे। नियामक ने कहा कि यह अंतिम समयसीमा इरडा के साथ परामर्श के बाद तय की गई है। इससे पहले ट्राई ने भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड और पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण के तहत आने वाली संस्थाओं के लिए भी 1600 सीरीज को अनिवार्य करने के निर्देश जारी किए थे। बयान में कहा गया कि ट्राई की इस नियामकीय पहल के तहत दूरसंचार विभाग ने बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा क्षेत्र तथा सरकारी संगठनों को 1600 नंबर की सीरीज आवंटित की है।

# भारत की आर्थिक वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में लगभग सात प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज कर सकती है। यह आंकड़ा अक्टूबर में आईएमएफ के अनुमान 6.6 प्रतिशत से थोड़ा अधिक है।

आईएमएफ ने भारत के वृद्धि के अनुमान राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जुलाई-सितंबर तिमाही में 8.2 प्रतिशत वृद्धि दर घोषित होने से पहले लगाए थे। आईएमएफ का अनुमान 6.6 प्रतिशत था, लेकिन दूसरी तिमाही की वास्तविक वृद्धि दर आठ प्रतिशत से अधिक है। ऐसे में मैं मानती हूं कि भारत की जीडीपी वृद्धि दर करीब सात प्रतिशत तक जाएगी। इस महीने की शुरुआत में भारतीय रिजर्व बैंक ने भी अपने जीडीपी वृद्धि दर के पूर्वानुमान को 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया था। उन्होंने कहा कि अगर भारत 20 साल तक करीब आठ प्रतिशत की वृद्धि दर बनाए रख सकता है तो 2047 के लक्ष्यों के बहुत करीब पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसा करने के लिए लगातार सुधारों की जरूरत है। भारत इस समय अमेरिका-भारत व्यापार संकट से पहले की अपेक्षा बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत का एक महत्वपूर्ण साझेदार है।

# चांदी रिकॉर्ड 2.06 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के पार

नयी दिल्ली। वायदा कारोबार में चांदी की कीमत बुधवार को 8,356 रुपये चढ़कर 2,06,111 रुपये प्रति किलोग्राम के नये सार्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई।

आपूर्ति में कमी के संकेतों और अगले साल फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद के बीच वैश्विक स्तर पर चांदी की कीमतों में तेजी आई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में मार्च 2026 में आपूर्ति वाले अनुबंधों की कीमत 8,356 रुपये यानी 4.2 प्रतिशत चढ़कर 2,06,111 रुपये प्रति किलोग्राम के अबतक के सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। मंगलवार को इसका बंद भाव 197,755 रुपये प्रति किलोग्राम रहा था। इसी तरह मई 2026 के अनुबंधों की कीमत में 8,266 रुपये यानी 4.12 प्रतिशत की तेजी आई और यह 2,08,914 रुपये



प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। इस वर्ष अब तक चांदी की कीमतों में 118,533 रुपये यानी 135.34 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो एक जनवरी 2025 को 87,578 रुपये प्रति किलोग्राम थी। वहीं शुरुआती बढ़त के बाद सोने की कीमत में गिरावट आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में फरवरी 2026 में आपूर्ति वाले अनुबंधों के सोने का भाव 359 रुपये यानी 0.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 134,050 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। वहीं अप्रैल 2026 के अनुबंधों का भाव 293 रुपये यानी 0.21 प्रतिशत की घटकर 137,117 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वैश्विक स्तर पर भी सोना व चांदी की कीमतों में तेजी रही। कॉमेक्स सोने का वायदा भाव 0.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,345.1 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। सोने की कीमत 4,320 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस से ऊपर पहुंच गई। अक्टूबर में देखे गए सर्वकालिक उच्च स्तर के करीब है। इसकी वजह निवेशकों को अगले साल फेडरल रिजर्व द्वारा अतिरिक्त राहत उपायों की उम्मीद है। दूसरी ओर चांदी की कीमत पहली बार 66 डॉलर प्रति औंस के स्तर को पार कर गई। यह डॉलर 5.25 प्रतिशत चढ़कर अपने सर्वकालिक उच्च स्तर 66.65 डॉलर प्रति औंस रही। 65 अमेरिकी डॉलर का आंकड़ा पार करना चांदी के लिए एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है। 40 वर्ष में पहली बार चांदी की कीमतें कच्चे तेल की कीमतों से आगे निकल गई हैं, जिससे बाजार एक स्पष्ट संदेश दे रहा है कि भविष्य ठोस, महत्वपूर्ण एवं दुर्लभ वस्तुओं का है।

# 2026 में परस्पर अधिक जुड़े हुए और मानव-केंद्रित होंगे कार्यस्थल

नयी दिल्ली। कृत्रिम मेधा, बदलते श्रम नियम और कर्मचारियों की बढ़ती अपेक्षाएं आने वाले वर्ष में संस्थाओं के वेतन, मानव संसाधन और कार्य-प्रदर्शन की दिशा तय करेंगे।

2026 में भारत के कार्यस्थल अधिक समझदारीपूर्ण, परस्पर अधिक जुड़े हुए और मानव-केंद्रित होंगे। जो संस्थान वेतन प्रणाली के आधुनिकीकरण को अपनाते हैं, नियमों के पालन की तैयारी में निवेश करते हैं और कर्मचारियों के वित्तीय कल्याण को प्राथमिकता देते हैं, वे भविष्य की कार्यबल से जुड़ी अनिश्चितताओं का बेहतर तरीके से सामना कर पाएंगे। आने वाला वर्ष भारत के नियोक्ताओं के लिए अवसर एवं जटिलता दोनों लेकर आएगा। कौशल, नई पूंजी में तब्दील हो रहे हैं, स्वचालन काम करने के तरीकों को नया रूप दे रहा है और कर्मचारी ऐसे कार्य अनुभव की अपेक्षा कर रहे हैं जो उत्पादकता के साथ-साथ व्यक्तिगत भलाई का भी समर्थन करे। ऐसे परिदृश्य में, जो संस्थान सहानुभूति, सुव्यवस्था एवं तेजी के साथ काम करेंगे...वे समय से आगे बने रहेंगे। भविष्य के कार्यस्थल को नया रूप देने वाले तीन कारक कृत्रिम मेधा, नियमों के पालन की बढ़ती जटिलता और कर्मचारियों की बदलती अपेक्षाएं हैं। एडीपी के शोध आंकड़ों के अनुसार, करीब 35 प्रतिशत भारतीय व्यवसाय अगले दो से तीन वर्ष में मानव संसाधन और वेतन संबंधी नवाचार के लिए कृत्रिम मेधा को मुख्य सहायक मानते है, जो एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे अधिक है। जैसे-जैसे उद्यमों का विस्तार होगा, स्वचालन बड़े पैमाने पर होने वाली और नियम-आधारित प्रक्रियाओं को संभालेगा, जिससे मानव संसाधन दल विवेकपूर्ण निर्णयों और कर्मचारियों की सहभागिता पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। इसमें कहा गया कि भविष्य में कड़े नियामक निरीक्षण और बदलती श्रम परिभाषाओं के साथ, समय एवं उपस्थिति का सटीक प्रबंधन परिचालन की एक प्रमुख प्राथमिकता बन जाएगा। संस्थानों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे विश्वसनीय रिकॉर्ड सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक सिस्टम, सुरक्षित मोबाइल अटेंडेंस उपकरण और जियोलोकेशन आधारित समाधानों में अधिक निवेश करें। हालांकि अनुपालन दबाव का एक प्रमुख बिंदु बना रहेगा।

## पेज एक का शेष

### लखनऊ : कक्षा

कराएं। बच्चों को खुले में कतई न बैठाएं। दो दिन से बढ़ी शीतलहर और कोहरे की वजह से बच्चों को सुबह 7:30 बजे स्कूल आने में दिक्कतें हो रही थीं। अभिभावकों को भी घने कोहरे में बच्चों को स्कूल छोड़ने में दिक्कतें हो रही थीं। समय बढ़ाने से बच्चों के साथ ही अभिभावकों को राहत मिलेगी।

### पूवी डीजीपी

लोक लेखा समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। यह समिति राज्य विधानमंडल की सर्वाधिक महत्वपूर्ण वित्तीय समितियों में शामिल है। यह समिति राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा किए गए व्यय, सार्वजनिक धन के उपयोग तथा नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) की ऑडिट रिपोर्टों की गहन समीक्षा कर वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करती है। समिति का सदस्य नामित होने पर एमएलसी पवन सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह व विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का आभार जताया है।

### प्रधानमंत्री मोदी

कनेक्टिविटी में प्राकृतिक साझीदार हैं। प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान सांसदों ने 50 से अधिक बार तालियां बजाईं। मोदी ने कहा इस वर्ष की शुरुआत में रक्षा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर के साथ आपसी सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और मजबूत हुई है। यह समझौता घनिष्ठ सैन्य सहयोग पर केंद्रित है। इसमें साइबर सुरक्षा, रक्षा उद्योगों, संयुक्त अनुसंधान और क्षमता निर्माण में सहयोग शामिल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और इथियोपिया एक परिवार के सदस्यों के रूप में एक साथ खड़े हैं और एक ऐसे विश्व के लिए काम कर रहे हैं जो अधिक न्यायपूर्ण, अधिक समानता मूलक और अधिक शांतिपूर्ण हो। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के बाद एकजुटता दिखाने और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए इथियोपिया को धन्यवाद दिया।

### घने कोहरे

फॉग लाइट और लो-बीम हेडलाइट का प्रयोग करें. एक्सप्रेस-वे पर बार-बार लेन बदलने और ओवरटेकिंग से बचने को कहा गया है। वाहन के पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगवाना अनिवार्य होगा। सीएम ने अपील की है कि सुरक्षित यात्रा के लिए जनता सरकारी 'एडवाइजरी' का सख्ती से पालन करे ताकि हादसों से बचा जा सके।

### यूपी में

में महत्वपूर्ण त्योहारों, अतिविशिष्ट महानुभावों के आगमन, लोकतंत्र के महापर्व चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सुनिश्चित करने के साथ ही संवेदनशील परिस्थितियों में अग्रिम मोर्चे पर कार्य करता है। पीएसी के अधिकारी व कार्मिक विभिन्न आयामों के माध्यम से न सिर्फ यूपी, बल्कि देश के अंदर यूपी पीएसी बल, एसएसएफ, यातायात पुलिस, प्रतिसार निरीक्षक ड्यूटी, प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षक, एटीएस व एसटीएफ कमांडो के रूप में सेवाएं प्रदान कर कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। सीएम योगी ने पीएसी बल के अदम्य साहस की चर्चा की। बताया कि 30वीं वाहिनी पीएसी के जवानों ने 13 दिसंबर 2001 को संसद पर हुए आतंकी हमले का जवाब दिया और पांचों आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया था। जुलाई 2005 में श्रीराम जन्मभूमि परिसर अयोध्या में आतंकी हमले के दौरान सीआरपीएफ, पीएसी और यूपी पुलिस की संयुक्त टीम ने सभी आतंकियों को मार गिराया गया था। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने पीएसी की 46 कंपनियों को पुनर्जीवित करते हुए यूपी के अंदर बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखा और आंतरिक सुरक्षा के माध्यम से यूपी की बेहतर छवि को देश के सामने प्रस्तुत करने में सफलता हासिल की। संख्या, क्षमता, प्रशिक्षण, तकनीक के स्तर पर पीएसी की सशक्त बनाने का कार्य निरंतर जारी है। अत्याधुनिक हथियारों व दंगा नियंत्रण उपकरणों से सुसज्जित करते हुए पीएसी को एसएलआर, इंसास राइफल, मल्टीसेल लांचर, एंटी राइड गन, टियर गैस गन समेत अत्याधुनिक सुरक्षा उपकरण भी प्रदान किए गए। सीएम योगी ने कहा कि पीएसी कार्मिकों की व्यावसायिक दक्षता में सुधार के लिए पूर्व में प्रशिक्षित पाठ्यक्रम को अपडेट करते हुए एबीसी आदि ग्रेड सुनिश्चित कर उन्हें बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। हमारी सरकार ने पीएसी में 41,893 आरक्षियों व 698 प्लाटून कमांडर की भर्ती की। सीधी भर्ती के अंतर्गत प्लाटून कमांडर के पद पर 1648 तथा आरक्षी के पद पर 15131 अभ्यर्थियों की भर्ती प्रक्रिया वर्तमान में प्रचलित है। इसमें 135 प्लाटून कमांडर की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया जा चुका है। शीघ्र ही यह भर्ती भी संपन्न होगी। सीएम योगी ने कहा कि पुलिस कल्याण योजना के अंतर्गत 31 पुलिस मॉडर्न स्कूल संचालित हैं। पीएसी स्थापना दिवस के अवसर पर पहली बार पुलिस मॉडर्न स्कूलों में भी बेस्ट परफॉर्मेंस (पीएमएस) का चयन किया गया है। पीएसी के जवानों को बाजार से कम दाम पर सामान्य आवश्यकता की वस्तुएं प्राप्त हो सकें, इसके लिए 13 मास्टर कैंटीन व 103 सब्सिडियरी कैंटीन संचलित हैं। पीएसी की 31 वाहिनी में 202 जवानों की आवासीय व्यवस्था के लिए जी प्लस 11, बहुमंजिला बैरकों के निर्माण का कार्य तेजी से बढ़ाया गया है। इसमें से 18 वाहिनियों में कार्य पूर्ण हो चुका है और 13 में निर्माण कार्य प्रगति पर है। पीएसी वाहिनियों में पूर्व निर्मित आवासों की वार्षिक व विशेष मरम्मत के लिए आवश्यक धनराशि स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा से निपटने के लिए यूपी में राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की छह कंपनियों में 18 टीमें प्रदेश को सेवाएं प्रदान कर रही हैं। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में प्रदेश पुलिस को बढ़ावा देने के लिए दो प्रतिशत पद कुशल खिलाड़ियों की भर्ती के लिए आरक्षित किए गए हैं। पहली बार 480 कुशल खिलाड़ियों की भर्ती की जा चुकी है। 768 पदों पर अधियाचन व भर्ती प्रक्रिया प्रचलित है। सीएम योगी ने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस पर खेल के बजट को 70 लाख से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये किया गया है। सीएम योगी ने कहा कि यूपी में सुरक्षा व सुशासन का बेहतर माहौल है और सरकार की अपराध व अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति जारी है। विगत 8 वर्ष में यूपी पुलिस बल में 2.19 लाख कार्मिकों की भर्ती की गई। इसमें 20 फीसदी महिलाओं का आरक्षण सुनिश्चित किया गया है। यूपी पुलिस बल में 44 हजार से अधिक महिला पुलिस कार्मिक सेवाएं प्रदान कर रही हैं। पुलिस की ट्रेनिंग क्षमता में कई गुना वृद्धि हुई है। सीएम ने कहा कि मिशन शक्ति 5.0- महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन के साथ ही स्वास्थ्य व सशक्तिकरण को भी बढ़ा रहा है। पहली बार यूपी की तीन अतिरिक्त महिला पीएसी वाहिनी (लखनऊ में वीरांगना ऊदा देवी, गोरखपुर में झलकारी बाई और बदायूं में अवंती बाई) का गठन किया गया है। तीन अन्य महिला वाहिनियों की स्थापना के क्रम में जालौन व मीरजापुर में भूमि प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने 17 नगर निगम में सेफ सिटी के लक्ष्य को प्राप्त करने और यूपीएसएसएफ की छह वाहिनी द्वारा प्रदेश भर में महत्वपूर्ण स्थलों व इमारतों की सुरक्षा में योगदान का भी जिक्र किया। समारोह में समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण, प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद, अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी डॉ. रामकृष्ण स्वर्णकार आदि मौजूद रहे।

### बीमा क्षेत्र में

दावा किया कि इस विधेयक के प्रावधानों से देश के बीमा क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा। सीतारमण ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों की सुरक्षा के पुख्ता प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की तीन बीमा कंपनियों की बेहतरी के लिए 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए और इस तरह के कदम से इनकी स्थिति में काफी सुधार हुआ है। वित्त मंत्री ने कहा कि 100 प्रतिशत एफडीआई किए जाने से ऐसी विदेशी कंपनियों के लिए भारत आने का रास्ता खुलेगा, जिन्हें अलग-अलग कारणों से संयुक्त उपक्रम सहयोगी नहीं मिलते हैं। नौकरियों को लेकर कुछ सदस्यों की चिंताओं को दूर करते हुए, सीतारमण ने कहा कि, इसके उलट, रोज़गार के अधिक अवसर मिलेंगे। मंत्री ने विपक्ष के उन आरोपों को भी खारिज कर दिया कि सरकार विधेयक पारित कराने में जल्दबाजी कर रही है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में लगभग दो साल तक विचार विमर्श किया गया।

सीतारमण ने कुछ विपक्षी सदस्यों के इन आरोपों को भी खारिज कर दिया कि प्रीमियम की राशि विदेशी कंपनियों के पास जाएगी। उन्होंने कहा कि बीमा क्षेत्र को खोलने से बेहतर प्रौद्योगिकी और बेहतर उत्पाद सुनिश्चित होंगे। उन्होंने कहा कि इस विधेयक से बीमा एजेंट को भी मदद मिलेगी।

### दो हजार

ओर से ट्रेन के लोको पायलट पर आक्षेप लगाया गया और उनके परिवार को लंबे समय तक परेशानी झेलनी पड़ी, जबकि बाद में रिपोर्ट आई कि यह हादसा प्रणाली की विफलता की वजह से हुआ था।वीरस्वामी के दावों को सिरे से खारिज करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि द्रमुक सांसद ने सदन में पूरी तरह गलत बयान दिया है और उन्हें बालासोर दुर्घटना के बारे में अपने बयान को यहां प्रमाणित करना चाहिए और गलत आक्षेप नहीं लगाने चाहिए। दुर्घटना की जांच पूरी तरह की गई, सभी कार्वाई की गईं। एक बार भी लोको पायलट को इस मामले में जवाबदेह नहीं ठहराया गया। सदस्य (वीरस्वामी) को अपने बयान को वापस लेना चाहिए। यह पूरी तरह गलत बयान है, जिसे सदन स्वीकार नहीं कर सकता।

### उत्तराखंड में

की परियोजना लागत अनुमन्य है। योजना के अंतर्गत परियोजना लागत का 15 से 25 प्रतिशत तक मार्जिन मनी उपादान (सब्सिडी) के रूप में प्रदान किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत लगभग 32 हजार लाभार्थियों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया था, इस योजना से अब तक 35 हजार से अधिक लाभार्थी लाभान्वित हो चुके हैं।योजना के तहत अब तक 1,389 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण वितरण किया गया है, जिससे लगभग 64,966 नए रोजगार सृजित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रमाण है कि योजना केवल कागजों में नहीं, बल्कि धरातल पर सशक्त रूप से कार्य कर रही है।मुख्यमंत्री ने इसे छोटे व्यापारियों और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रदेश के लिए एक 'गेम चेंजर योजना' बताया। उन्होंने कहा कि योजना की सफलता को देखते हुए वर्ष 2025 से मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना 2.0 (एमएस 2.0) प्रारंभ की गई है, जिसमें एमएस और नैनो योजना का एकीकरण किया गया है। नई व्यवस्था में सब्सिडी की सीमा 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत तक कर दी गई है। साथ ही भौगोलिक, सामाजिक और उत्पाद बूस्टर की अवधारणा के अंतर्गत अतिरिक्त 5 प्रतिशत सब्सिडी का प्रावधान किया गया है, जिससे योजना आर्थिक के साथ-साथ सामाजिक रूप से भी सशक्त बनेगी।

### मौसम की

बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूपीईआईडीए ने गश्ती दलों से प्राप्त जानकारी के आधार पर, आगे कोहरे की स्थिति के बारे में वास्तविक समय पर घोषणा करने के लिए सभी टोल प्लाजा पर सार्वजनिक संबोधन प्रणाली भी सक्रिय कर दी है। उन्होंने कहा, कोहरा आमतौर पर जल निकायों और निचले इलाकों के पास अधिक घना होता है। उन्होंने कहा कि हम यात्रियों को समय समय पर सचेत करते हैं। यात्रियों के बीच सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश साझा किए जा रहे हैं। इसके अलावा 14449 सहित आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर वाले पर्चे भी वितरित किए जा रहे हैं।




# भारत-द.अफ्रीका का चौथा टी-20 रद्द

## अंपायर्स ने छठे निरीक्षण के बाद लिया फैसला, आखिरी मैच 19 दिसंबर को अहमदाबाद में होगा

एजेंसी



लखनऊ। लखनऊ में घना कोहरा छाया हुआ है। अंपायर्स ने 6 बार कंडीशन का मुआयना किया। लेकिन, कोहरा कम नहीं हुआ। कोहरे के कारण भारत और साउथ अफ्रीका के बीच चौथा टी-20 रद्द कर दिया गया है। लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में शाम 7 बजे से खेला जाना था, लेकिन घने कोहरे की वजह से टॉस भी नहीं हो पाया। अंपायर्स ने 6 बार कंडीशन का मुआयना किया। लेकिन, रात 9:30 बजे तक स्थिति में सुधार नहीं होने पर मैच रद्द कर दिया गया। 5 मैच की सीरीज में टीम इंडिया 2-1 से आगे है। भारत ने पहला मैच 101 रन से जीता था, इसके बाद साउथ अफ्रीका ने मुल्लांपुर में खेले गए दूसरे मैच में 51 रन से जीतकर वापसी की, लेकिन तीसरे मैच में धर्मशाला में भारत ने 7 विकेट से जीत हासिल करते हुए फिर बढ़त बना ली। आखिरी मैच 19 दिसंबर को अहमदबाद में खेला जाएगा। शाम 6:28 बजे कोहरे के कारण टॉस को आगे बढ़ाया गया। अंपायर्स ने 6 बार मैदान की कंडीशन का निरीक्षण किया।

3 घंटे से ज्यादा इंतजार करते रहे फैंस लखनऊ के इकाना स्टेडियम में शाम 6 बजे से फैंस पहुंच गए थे। वे करीब साढ़े तीन घंटे तक मैच शुरू होने का इंतजार करते रहे, लेकिन कोहरा कम नहीं हुआ। ऐसे में फैंस को निराश होकर लौटना पड़ा। 2 साल पहले धर्मशाला में भारत-न्यूजीलैंड मैच रोका गया था 2 साल पहले 2023 वनडे वर्ल्ड कप के कारण कोहरे के कारण भारत-न्यूजीलैंड मैच को रोका गया था। 15 से 20 मिनट के लिए कुछ समय तक मैच रुकने के बाद मुकाबला शुरू हुआ था। उस मुकाबले को भारत ने 4 विकेट से जीता था। अंपायर्स 5वीं बार पिच का निरीक्षण कर रहे हैं। इस बार फैसला हो सकता है कि मैच होगा या नहीं। पिच अभी भी कवर है। अंपायर्स चौथी बार पिच का निरीक्षण कर रहे हैं। बीसीसीआई के वाइस प्रेसिडेंट राजीव शुक्ला भी मैदान पर आ गए हैं। अंपायर मैदान पर आ रहे हैं।

कुछ देर पहले पिच रोल किया जा रहा था। अंपायर पिच के स्क्वेयर साइड पर जाकर मैदान का मुआयना कर रहे हैं। अंपायर्स ने दूसरी बार कंडीशन का मुआयना कर लिया है। अब अगला मुआयना रात 8 बजे होगा। शाम 7:30 बजे दोबारा कंडीशन का मुआयना होगा। मैच में गिल के खेलने पर संशय है। बताया जा रहा है कि उन्हें चोट लगी है। संजू सैमसन को मौका मिल सकता है। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच अब तक कुल 34 टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले जा चुके हैं। इनमें से टीम इंडिया ने 20 मैचों में जीत दर्ज की है, जबकि साउथ अफ्रीका को 13 मुकाबलों में सफलता मिली है। दोनों टीमों के बीच एक मैच बेनतीजा रहा है। इकाना स्टेडियम की पिच आमतौर पर धीमी रहती है, इसलिए यहां रन बनाना आसान नहीं होता। मैच की शुरूआत में तेज गेंदबाजों को थोड़ी मदद मिल सकती है, लेकिन बाद में स्पिनर असर दिखाते हैं। हालांकि आज के मैच में ऐसा कम देखने को मिल सकता है, क्योंकि सर्दियों में ओस पड़ती है और इससे स्पिन गेंदबाजों को परेशानी होती है। इस मैदान पर अब तक 6 टी-20 इंटरनेशनल खेले गए हैं। इनमें 5 मैच पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीते हैं, जबकि सिर्फ 1 मैच चेज करने वाली टीम जीत पाई है। लेकिन आज ओस ज्यादा रहने की संभावना है, इसलिए टीमें टारगेट का पीछा करना ज्यादा बेहतर मान सकती हैं।

## सात्विक-चिराग ने फाइनल्स में जीत के साथ की शुरुआत



हांगझोउ। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी ने बुधवार को यहां बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के ग्रुप बी के अपने पहले मैच में लियांग वेइ केंग और वैंग चैंग की चीन की ओलंपिक रजत पदक विजेता जोड़ी को तीन गेम चले कड़े मुकाबले में हराकर अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। सात्विक और चिराग की दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने पहला गेम गंवाने और मैच प्वाइंट बचाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए दुनिया की पांचवें नंबर की चीन की जोड़ी को 12-21, 22-20, 21-14 से हराया।

एशियाई खेलों की चैंपियन भारतीय जोड़ी अगले मुकाबले में बृहस्पतिवार को फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहीबुल फिकरी की इंडोनेशिया की जोड़ी से भिड़ेगी और इस मुकाबले के भी काफी कड़ा होने की उम्मीद है। सात्विक और चिराग की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी ने इससे पहले लियांग और वैंग के खिलाफ तीन मैच जीते थे जबकि सात गंवाए थे लेकिन बुधवार को भारतीय जोड़ी ने महत्वपूर्ण लम्हों में धैर्य बरकरार रखते हुए जीत दर्ज की।

दोनों जोड़ियों के बीच शुरुआत में कड़ी टक्कर देखने को मिली। दोनों जोड़ियां 7-7 से बराबर थी। चीन की जोड़ी ने लगातार चार अंक के साथ ब्रेक तक मजबूत बढ़त बना ली। वैंग ने नेट पर शानदार खेल दिखाया जिससे चीन की जोड़ी 14-9 से आगे हो गई और फिर उसे पहला गेम 13 मिनट में जीतने में अधिक परेशानी नहीं हुई। दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी की शुरुआत खराब रही जिससे लियांग और वैंग ने पहले 2-4 और फिर 3-6 की बढ़त बना ली।

## बोली समाप्त होने के बाद भी मैं आंसू नहीं रोक पा रहा था : कार्तिक

मुंबई। पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स द्वारा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मिनी नीलामी में 14.20 करोड़ रुपये में खरीदे जाने के बाद 19 वर्षीय कार्तिक शर्मा भावुक होकर रो पड़े। कार्तिक आईपीएल के इतिहास में संयुक्त रूप से सबसे अधिक कीमत पाने वाले अनकैप्ड (जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) खिलाड़ी बन गए हैं।

अबूधाबी में मंगलवार को हुई नीलामी में कार्तिक और उत्तर प्रदेश के प्रशांत वीर 30 लाख रुपये के आधार मूल्य के साथ नीलामी में उतरे थे, लेकिन चेन्नई ने इन दोनों पर 14.20 करोड़ रुपये खरीद कर नया रिकॉर्ड बनाया। राजस्थान के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज कार्तिक ने जियोहॉटस्टार की एक विज्ञप्ति में कहा, जब बोली शुरू हुई तो मुझे डर था कि कहीं मैं चूक न जाऊं लेकिन जैसे-जैसे बोली बढ़ती गई, मैं रोने लगा। बोली समाप्त होने के बाद मैं आंसू नहीं रोक पाया। मैं भावनाओं और खुशी से अभिभूत था। सच कहूं तो मुझे नहीं पता कि इसे शब्दों में कैसे व्यक्त करूं। कार्तिक के लिए बोली लगाने की शुरुआत मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स ने की, जिसके बाद कोलकाता नाइट राइडर्स भी इसमें शामिल हो गया। मुंबई जल्द ही बोली से बाहर हो गया जिसके बाद कोलकाता और लखनऊने कार्तिक की कीमत को 2.80 करोड़ रुपये तक पहुंचा दिया।

इसके बाद ही चेन्नई ने बोली में प्रवेश किया। बाद में सनराइजर्स हैदराबाद भी इसमें शामिल हो गया था लेकिन आखिर में चेन्नई ने 14.20 करोड़ रुपये में सौदा पक्का कर लिया। कार्तिक ने कहा कि वह महेंद्र सिंह धोनी के साथ खेलने को लेकर उत्साहित हैं, लेकिन उन्होंने इसके साथ ही अपने परिवार और दोस्तों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने उन्हें यहां तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## टी-20 विश्व कप में नही खेल पाएंगे जो बर्न्स

## इटली ने मैडसेन को कप्तान नियुक्त किया

रोम। इटली को पहली बार टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कराने में अहम भूमिका निभाने वाले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज जो बर्न्स भारत और श्रीलंका में अगले साल के शुरू में होने वाली प्रतियोगिता में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि उपलब्धता से संबंधित समस्या उनके और इटली क्रिकेट महासंघ के बीच हुए अनुबंध में बाधा बन रही है। महासंघ ने 36 वर्षीय बर्न्स की जगह वेन मैडसेन को कप्तान नियुक्त किया है। बर्न्स ने 2020 में ऑस्ट्रेलिया के लिए अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के बाद अनिवार्य कूलिंग ऑफ अवधि पूरी करने के बाद पिछले साल इटली की तरफ से पदार्पण किया था।

उन्हें इस साल के शुरू में इटली का कप्तान नियुक्त किया गया था। उनकी कप्तानी में ही इटली क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट में खेला था। महासंघ ने बयान में कहा पिछले कुछ सप्ताह में उनकी उपलब्धता को लेकर बातचीत में पूर्ण सहमति नहीं बन पाई जिसके कारण उन्होंने अनुबंध पर हस्ताक्षर नहीं किए। उनके स्थान पर वेन मैडसेन को कप्तान नियुक्त किया गया है।

## संक्षेप

### नाइट राइडर्स ने डेजर्ट वाइपर्स को 1 रन से हराया

अबूधाबी। लियाम लिविंगस्टोन की 76 रन की शानदार पारी की मदद से अबूधाबी नाइट राइडर्स ने आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में तालिका में शीर्ष पर काबिज डेजर्ट वाइपर्स पर एक रन से रोमांचक जीत दर्ज की। लिविंगस्टोन (48 गेंदों में 76 रन) ने यूएई के अलीशान शराफू (35 गेंदों में 39 रन) और शेरफेन रदरफोर्ड (14 गेंदों पर 24 रन नाबाद) के साथ दो महत्वपूर्ण साझेदारियां की जिससे नाइट राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 181 रन बनाए। इसके जवाब में वाइपर्स की टीम ने छह विकेट पर 180 रन बनाए और इस तरह से उसे टूर्नामेंट में अपनी पहली पराजय का सामना करना पड़ा। वाइपर्स की तरफ से फखर जमां (32 गेंदों में 44 रन) और मैक्स होल्डन (43 गेंदों में 52 रन) ने उपयोगी योगदान दिया लेकिन आंद्रे रसेल और अजय कुमार ने दो-दो विकेट लेकर नाइट राइडर्स की करीबी जीत सुनिश्चित की।

### डेनिस शापोवालोव ने हॉक्स को दिलायी बढत

बेंगलुरू। दुनिया के 23वें नंबर के खिलाड़ी डेनिस शापोवालोव ने काइट्स के दक्षिणेश्वर सुरेश को हराकर विश्व टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) के शुरूआती मैच में हॉक्स को 25 . 21 से बढत दिला दी। कनाडा के शापोवालोव ने चौथा मुकाबला 7 . 5 से जीता। पुरूष युगल वर्ग में आस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस और सुरेश ने हॉक्स के शापोवालोव और युकी भांबरी को 6 . 4 से हराया। महिला युगल में हॉक्स की एलिना स्वितोलिना और माया रेवती ने काइट्स की अंकिता रैना और मार्ता कोस्तियुक को 7 . 5 से हराया। इसके बाद स्वितोलिना ने कोस्तियुक को 7 . 5 से हराया।

### सिडको ओपन : अहलावत ने तीन शॉट की बढ़त

नवी मुंबई। वीर अहलावत ने लगातार दूसरे दौर में छह अंडर 65 के स्कोर से बुधवार को यहां सिडको ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में दो दौर के बाद तीन शॉट की बढ़त बना ली। पीजीटीआई 2024 ऑर्डर ऑफ मेरिट चैंपियन अहलावत ने पहले दौर के अपने कोर्स रिकॉर्ड की दूसरे दौर में भी बराबरी की जिससे उनका कुल स्कोर 12 अंडर 130 है। इटली के माइकल ओर्टेलानी ने पांच अंडर 66 का बोगी रहित स्कोर बनाया जिससे वह नौ अंडर 133 के कुल स्कोर से दूसरे स्थान पर हैं।

## टाइम्स ऑफ इंडिया व डीडी-एआईआर एकादश तीसरी जीत के साथ अंतिम चार में

खेल संवाददाता

लखनऊ। टाइम्स ऑफ इंडिया और डीडी-एआईआर एकादश ने एसबीआई कप लखनऊ मीडिया प्रीमियर लीग (एलएमपीएल) 2025 में बुधवार को लीग राउंड के अंतिम दिन अपने-अपने मैच में जीत दर्ज की। लखनऊ स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (एलएसजेए) के तत्वावधान व कैवेल्य कम्युनिकेशंस के सह तत्वावधान में आयोजित लीग में दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन के दम पर शीर्ष स्थान हासिल करते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर पहले मैच में टाइम्स ऑफ इंडिया ने मैन ऑफ द मैच ऋषि सिंह सेंगर (61) और देवेश पाण्डेय (51) के शानदार अर्धशतकों की बदौलत कम्बाइंड मीडिया (एलडब्लूजेयू) एकादश को 80 रन से शिकस्त दी। टाइम्स ऑफ इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में 6 विकेट पर 163 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज राजीव श्रीवास्तव खाता भी नहीं खोल सके लेकिन उनके जोड़ीदार ऋषि सिंह सेंगर ने 40 गेंदों पर 9 चौके व एक छक्के से 61 रन की उम्दा पारी खेली। वहीं देवेश पाण्डेय ने मात्र 33 गेंदों पर 8 चौके से 51 रन बनाते हुए आतिशी अर्धशतक पूरा किया। कम्बाइंड मीडिया (एलडब्लूजेयू) एकादश से अभिषेक मिश्रा ने दो विकेट झटके। जवाब में कम्बाइंड मीडिया (एलडब्लूजेयू) की टीम दबाव में नजर आई और निर्धारित ओवर में 83 रन ही बना सकी। टीम से विश्वदेव राव (19) व नितिन अवस्थी (11) ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके। टाइम्स ऑफ इंडिया से अनिल मिश्रा ने तीन व इश्तियाक रजा ने दो विकेट झटके। दिन के दूसरे मैच में डीडी-एआईआर एकादश ने दैनिक जागरण को 6 विकेट से हराया। दैनिक जागरण ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 100 रन बनाए। पिछले मैचों में शानदार प्रदर्शन करने वाले सलामी बल्लेबाज श्यामू इस बार सिर्फ एक रन पर आउट हो गए। अंकुर दीक्षित (नाबाद 33) और विमलेश कुमार (नाबाद 35) ने पारी को संभालते हुए टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

एसबीआई कप लखनऊ मीडिया प्रीमियर लीग

## अनंतजीत, दर्शना ने मिश्रित स्कीट में स्वर्ण पदक जीता

नयी दिल्ली। एशियाई चैम्पियन निशानेबाज अनंतजीत सिंह नरूका और दर्शना राठौड़ ने 68वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप (शॉटगन) में सीनियर स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। राजस्थान की इस जोड़ी ने उत्तर प्रदेश के मैराज अहमद खान और अरीबा खान को करीबी मुकाबले में 45 . 43 से हराया।

फाइनल में अनंतजीत ने 21 निशाने लगाये जबकि दर्शना ने 24 का योगदान दिया। उत्तर प्रदेश ने क्वालिफिकेशन में शूटआउट में हरियाणा को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। हरियाणा की रेइजा ढिल्लों और ईशान सिंह लिबरा की टीम ने कांस्य पदक के मुकाबले में मध्यप्रदेश के रितुराज बुंदेला और मानसी रघुवंशी को हराया।

## टाटा स्टील शतरंज : आनंद की वापसी, गुकेश से भिड़ंत

एजेंसी



कोलकाता। यह एक गुरु और उनके शिष्य के बीच एक जबरदस्त मुकाबला होगा जब पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद छह साल बाद प्रतिस्पर्धी मुकाबले में वापसी करेंगे और सात से 11 जनवरी तक यहां सातवें टाटा स्टील शतरंज में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश और अपने दूसरे पूर्व शिष्यों का सामना करेंगे। पिछली बार 2019 में टूर्नामेंट खेलने वाले आनंद भारतीय सितारों की नई पीढ़ी के खिलाफ वापसी करेंगे जिसमें गुकेश सबसे आगे हैं।

आनंद ने गुकेश का हाल के वर्षों में अपनी वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी में करीब से मार्गदर्शन (मेंटर) किया है। यह पहली बार होगा जब ये दोनों विश्व चैंपियन भारतीय धरती पर किसी व्यक्तिगत टूर्नामेंट में आपस में भिड़ेंगे। टाटा स्टील शतरंज इंडिया धोनो धन्यो ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा जिसमें रैपिड और ब्लिट्ज दोनों प्रारूप में ओपन और महिला दोनों वर्ग होंगे और दोनों वर्ग के लिए समान पुरस्कार राशि होगी।

ओपन वर्ग में फिडे विश्व कप उप विजेता वेई यी, पूर्व अमेरिकी चैंपियन वेस्ली सो, हेन्स नीमेन, वोलोडार मुर्जिन और आर प्रज्ञानानंदा तथा अर्जुन एरिगेसी सहित एक मजबूत भारतीय दल भी शामिल होगा। अन्य भारतीयों में विदित गुजराती, अरविंद चिदंबरम, दिव्या देशमुख, वैशाली आर, वंतिका अग्रवाल और रक्षिता रवि शामिल हैं। महिलाओं के वर्ग में विश्व कप विजेता दिव्या के साथ पूर्व विश्व चैम्पियनशिप चैलेंजर एलेक्जेंड्रा गोरियाचकिना, कैटरीना लेग्नो, नेना डजाग्निदजे, डी हरिका और कैरिसा यिप मुख्य आकर्षण होंगी।

खिलाड़ी के तौर पर वापसी को लेकर उत्साहित आनंद ने कहा, भारत सहित पूरी दुनिया में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के उभरने से शतरंज की दुनिया में बहुत बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, मैं भारत के इस बड़े टूर्नामेंट में युवा दिग्गज शतरंज खिलाड़ियों की चुनौती स्वीकार करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। टाटा स्टील के उपाध्यक्ष (कॉर्पोरेट सर्विसेज) डी बी सुंदर रामम ने कहा कि आनंद की वापसी ने इस प्रतियोगिता में एक खास आयाम जोड़ा है। टूर्नामेंट निदेशक दिब्येंदु बरुआ ने कहा कि यह प्रतियोगिता विश्व स्तर पर प्रमुख शतरंज टूर्नामेंट में से एक बन गई है ।

## खेलमंत्री ने भारतीय स्क्वाश टीम को किया सम्मानित

नयी दिल्ली। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय स्क्वाश टीम को सम्मानित करते हुए कहा कि देश के खेल जगत के लिये यह गर्व का पल है। मांडविया ने जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलावान सेंथिल कुमार और अनाहत सिंह की मिश्रित टीम को सम्मानित किया जिसने पिछले शनिवार को चेन्नई में भारत को पहला विश्व कप दिलाया। इससे पहले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में जीता कांस्य पदक था। भारत ने फाइनल में हांगकांग को 3 . 0 से हराया था। इसके साथ ही आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और मिस्र के बाद भारत विश्व कप जीतने वाला चौथा देश बन गया। मांडविया ने कहा भारतीय खेलों के लिये यह गर्व का पल है। भारत खेलों में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। एक के बाद एक इतिहास रचे जा रहे हैं। हमारी महिला क्रिकेट टीम ने भी हाल ही में विश्व कप जीता।

## अनंतजीत, दर्शना ने मिश्रित स्कीट में स्वर्ण पदक जीता

नयी दिल्ली। एशियाई चैम्पियन निशानेबाज अनंतजीत सिंह नरूका और दर्शना राठौड़ ने 68वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप (शॉटगन) में सीनियर स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। राजस्थान की इस जोड़ी ने उत्तर प्रदेश के मैराज अहमद खान और अरीबा खान को करीबी मुकाबले में 45 . 43 से हराया। फाइनल में अनंतजीत ने 21 निशाने लगाये जबकि दर्शना ने 24 का योगदान दिया। उत्तर प्रदेश ने क्वालिफिकेशन में शूटआउट में हरियाणा को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

## उस्मान व ऐताना को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार

एजेंसी



दोहा। उस्मान डेम्बेले और ऐताना बोनमाटी को फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फ़ीफ़ा के पुरस्कारों में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में 2025 का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इन दोनों खिलाड़ियों ने इससे पहले बैलोन डीओर का प्रतिष्ठित पुरस्कार भी जीता था। डेम्बेले ने पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को उसके पहले चैंपियंस लीग खिताब जीतने में अहम भूमिका निभाई। बोनमाटी ने इस वर्ष स्पेन और बार्सिलोना की तरफ से शानदार खेल दिखाया था। फीफा पुरस्कारों के लिए दुनिया भर के राष्ट्रीय टीम के कप्तान, कोच, मीडिया और प्रशंसक मतदान करते हैं। यूरोप के दो कोच को सर्वश्रेष्ठ कोच चुना गया।

इनमें महिला वर्ग में सरीना विगमैन शामिल हैं जिन्होंने इंग्लैंड को लगातार दूसरी बार महिला यूरो खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। पुरुष वर्ग में यह पुरस्कार लुई एनरिक को मिला जिन्होंने पीएसजी को चैंपियंस लीग और फ्रांसीसी लीग का खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वहीं दूसरी ओर स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने अपने संक्षिप्त दौरे के दौरान शानदार मेहमाननवाजी के लिए आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि भारत का फुटबॉल में भविष्य उज्जवल होगा। मेस्सी ने अपने भारत दौरे में चार शहरों का दौरा किया और इस दौरान हजारों प्रशंसक अर्जेंटीना के इस दिग्गज खिलाड़ी की एक झलक पाने के लिए धक्का-मुक्की कर रहे थे। जामनगर में अनंत अंबानी द्वारा स्थापित वंतारा वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र का दौरा करने के लिए भारत में अपना प्रवास एक दिन के लिए बढ़ाने के बाद मेस्सी बुधवार को मियामी के लिए रवाना हो गए। इस 38 वर्षीय फुटबॉलर ने इंस्टाग्राम पर दौरे का एक मिनट का क्लिप पोस्ट किया, जिसमें वह भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर, बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान और कई युवा फुटबॉलरों के साथ बातचीत कर रहे हैं। मेस्सी ने कहा दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद और कोलकाता का दौरा अद्भुत रहा। पूरे दौरे के दौरान आपने जिस गर्मजोशी से स्वागत, उदार आतिथ्य सत्कार और प्रेम भाव दिखाया उसके लिए मैं आभार व्यक्त करता हूं।

## एशेज : कैरी व ख्वाजा के नाम रहा पहला दिन

एजेंसी



एडिलेड। विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी के करियर के तीसरे शतक और स्टीव स्मिथ के अस्वस्थ होने के कारण अंतिम समय में टीम में जगह बनाने वाले उस्मान ख्वाजा की 82 रन की लाजवाब पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एशेज टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन शुरुआती झटकों से उबरकर आठ विकेट पर 326 रन बनाए। कैरी ने अपने घरेलू मैदान पर खेलते हुए ऐसे समय में क्रीज पर कदम रखा जब टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 94 रन था।

उन्होंने 143 गेंद का सामना करके 106 रन बनाए जिसमें आठ चौके और एक छक्का शामिल है। इससे पहले ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया को शुरुआती झटकों से उबारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अनुभवी बल्लेबाज को उनके 39वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर स्मिथ के अस्वस्थ होने के कारण बाहर हो जाने से जल्दबाजी में टीम में शामिल किया गया। ख्वाजा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे। जब वह पांच रन पर खेल रहे थे तब उन्हें जीवनदान मिला। उन्होंने इसका पूरा फायदा उठाकर मार्नस लाबुशेन (19) के साथ 61 रन की और कैरी के साथ 91 रन की दो महत्वपूर्ण साझेदारियां निभाई। कैरी ने जोश इंग्लिश (32) के साथ 59 रन और इस मैच में वापसी करने वाले कप्तान पैट कमिंस (13) के साथ 50 रन की साझेदारी की। दिन का खेल समाप्त होने के समय मिशेल स्टार्क 33 रन पर खेल रहे थे जबकि नाथन लियोन ने अभी अपना खाता नहीं खोला है। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर इंग्लैंड के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 29 रन देकर तीन विकेट लिए हैं। उनके अलावा तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स और स्पिनर विल जैक्स ने दो-दो विकेट हासिल किए हैं। कैरी और ख्वाजा ने शानदार बल्लेबाजी की और मैच का पहला दिन काफी हद तक ऑस्ट्रेलिया के नाम सुनिश्चित किया।

## सीएसके 2026 में खिताब जीतने की उम्मीद : सरफराज

नयी दिल्ली। भारतीय टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज सरफराज खान ने कहा है कि पांच बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) की वजह से उन्हें नई जिंदगी मिली है क्योंकि टीम ने उन्हें अबुधाबी में हुई खिलाड़ियों की नीलामी में 75 लाख रुपये के आधार मूल्य पर खरीदा है। मंगलवार को नीलामी से कुछ घंटे पहले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मैच में 22 गेंद में 73 रन बनाने वाले 28 साल के सरफराज के लिए पहले दौर में किसी ने बोली नहीं लगाई लेकिन बाद में सुपरकिंग्स ने उन्हें खरीद लिया। मुंबई के बल्लेबाज सरफराज ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर लिखा मुझे नई जिंदगी देने के लिए सीएसके का बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि सीएसके 2026 का खिताब जीते। मध्यक्रम के इस आक्रामक बल्लेबाज ने पिछली बार 2023 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल मैच खेला था। इसके बाद के दो सत्र में उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला। यहां तक कि उनका अंतरराष्ट्रीय करियर भी अभी मुश्किल में है क्योंकि घरेलू क्रिकेट में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद उन्हें किसी भी प्रारूप में भारतीय टीम में जगह नहीं मिली।

# वैश्विक व्यापार का हथियार के तौर पर इस्तेमाल

## केंद्र ने राजकोषीय प्रबंधन में पारदर्शिता के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किये हैं: सीतारमण

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि शुल्क और अन्य उपायों के जरिये वैश्विक व्यापार का हथियार के तौर पर इस्तेमाल तेजी से बढ़ता जा रहा है और भारत को ऐसे में सावधानीपूर्वक आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था की समग्र मजबूती देश को अतिरिक्त लाभ प्रदान करेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि केंद्र ने राजकोषीय प्रबंधन में पारदर्शिता के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किए हैं और अपने ऋण स्तर को कम किया है। उन्होंने साथ ही राज्यों से भी इन्हें लागू करने का आह्वान किया है।

सीतारमण ने वैश्विक स्तर पर अब यह बिल्कुल स्पष्ट है कि व्यापार स्वतंत्र एवं निष्पक्ष नहीं है। वित्त मंत्री ने कहा कि शुल्क और अन्य कई उपायों के जरिये व्यापार को हथियार बनाया जा रहा है। भारत को इसलिए सावधानीपूर्वक बातचीत करनी होगी और केवल शुल्क से निपटना काफी नहीं होगा...बल्कि मुझे लगता है कि हमारी समग्र आर्थिक मजबूती ही हमें वह अतिरिक्त लाभ प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि भारत को यह कहकर उपदेश दिया जा सकता है कि आप (भारत) बहुत अंतर्मुखी हैं, आप शुल्क के बादशाह हैं इत्यादि। हालांकि शुल्क का दुरुपयोग हथियार के रूप में किया गया है। मंत्री ने कहा कि भारत का इरादा कभी भी शुल्क का इस्तेमाल हथियार के रूप में करने का नहीं रहा। सीतारमण ने कहा कि भारत ने केवल अपने घरेलू उद्योगों की रक्षा की है ताकि वे ऐसे हालात से बच सकें जहां कोई शिकारी (देशाकंपनी) अपने सस्ते या अत्यधिक सामान को बाजार में लाकर उन्हें नुकसान पहुंचा सकता है। मंत्री ने कहा कि आज व्यापार का हथियार के रूप में इस्तेमाल बिना किसी आलोचना के हो रहा है और कुछ देश कहते हैं कि शुल्क अच्छे नहीं हैं और किसी को भी यह कदम नहीं उठाना चाहिए



लेकिन अचानक नए लोग सामने आकर कहते हैं कि हम शुल्क बाधाएं खड़ी करेंगे और इस पर कोई सवाल नहीं उठाया जाता। इसलिए ऐसा लगता है कि यही नया सामान्य चलन बन गया है। ये टिप्पणियां महत्वपूर्ण हैं क्योंकि अमेरिका द्वारा लगाए गए उच्च शुल्कों के कारण वैश्विक व्यापार बाधित हुआ है। मैक्सिको ने भी हाल ही में उन देशों पर उच्च शुल्क लगाने की घोषणा की है जिनके साथ उसके मुक्त व्यापार समझौते नहीं हैं। सीतारमण ने कहा कि अगले वित्त वर्ष 2026-27 से राजकोषीय घाटे के साथ-साथ ऋण स्तर पर मुख्य तौर पर ध्यान दिया जाएगा। राज्यों को भी अपने ज ण स्तर को कम करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं ताकि देश 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के अपने लक्ष्य को हासिल कर सके। केंद्र सरकार ने बजट तैयार करने में पारदर्शिता के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किए हैं जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि राजकोषीय प्रबंधन सभी के लिए पारदर्शी हो एवं जवाबदेही के उच्च मानकों को पूरा करे। परिणामस्वरूप, कोविड-19 वैश्चिक महामारी के बाद से हम ऋण-जीडीपी अनुपात को कम करने में सक्षम हुए हैं। उस समय यह 60 प्रतिशत से अधिक हो गया था। अब यह घटता हुआ प्रतीत हो रहा है। वैश्विक महामारी के बाद भारत का ऋण-जीडीपी अनुपात बढ़कर 61.4 प्रतिशत हो गया था, लेकिन केंद्र सरकार द्वारा अपनाई गई नीतियों से इसे 2023-24 तक घटाकर 57.1 प्रतिशत करने में मदद मिली। सरकार को उम्मीद है कि इस वर्ष यह घटकर 56.1 प्रतिशत हो जाएगा। ऋण-जीडीपी अनुपात, किसी देश के कुल कर्ज (सरकार व निजी) की उसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से तुलना करने वाला एक महत्वपूर्ण आर्थिक पैमाना है।

# पीएम मोदी को इथियोपिया का सर्वोच्च पुरस्कार मिलना देश की बढ़ती प्रतिष्ठा का परिचायक : शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इथियोपिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया जाना वैश्विक कूटनीति में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाता है और यह हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है।



मोदी को बधाई देते हुए शाह ने कहा कि किसी देश द्वारा प्रधानमंत्री को दिया गया यह 28वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान वैश्विक मंच पर प्रधानमंत्री के नेतृत्व और राजनयिक कौशल की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय पहचान को रेखांकित करता है। शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, यह हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को इथियोपिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिए जाने पर हार्दिक बधाई। यह उनके नेतृत्व में वैश्विक कूटनीति के क्षेत्र में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान भारत और इथियोपिया के बीच मित्रता में एक मील का पत्थर होगा। मोदी को यह पुरस्कार मंगलवार को इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली द्वारा अदीस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया गया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह सम्मान भारतइथियोपिया साझेदारी को मजबूत करने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के असाधारण योगदान और एक वैश्विक राजनेता के रूप में उनके दूरदर्शी नेतृत्व के सम्मान में प्रदान किया गया है।

## संक्षेप

### एनसीआर में तोड़फोड़ के काम पर रोक लगाई जानी चाहिए

नयी दिल्ली। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में अक्टूबर से दिसंबर के दौरान तोड़फोड़ के काम पर रोक लगाई जानी चाहिए। अक्टूबर से दिसंबर के दौरान प्रदूषण सबसे अधिक होता है। उन्होंने दिल्ली और सोनीपत के नगर निकायों की कार्य योजनाओं की समीक्षा के लिए आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह भी कहा कि निर्माण और तोड़फोड़ के दौरान होने वाले कचरे के प्रबंधन व प्रसंस्करण के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा तैयार होने व स्थल के 10 किलोमीटर के दायरे में निर्माण एवं तोड़फोड़ के काम की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने सभी एजेंसियों को अगले एक वर्ष में वायु गुणवत्ता सूचकांक में 40 प्रतिशत की कमी लाने के लिए मिशन मोड में काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने वायु प्रदूषण से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए संपूर्ण सरकारी और संपूर्ण सामाजिक दृष्टिकोण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजधानी की वैश्विक छवि को सुधारने की आवश्यकता है। यादव ने दिल्ली में चिन्हित 62 यातायात जाम वाले क्षेत्रों से अवैध पार्किंग और अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया।

# ट्रेन में निर्धारित सीमा से अधिक सामान ले जाने पर यात्रियों को शुल्क देना होगा

नयी दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को संसद को बताया कि ट्रेन से यात्रा करते समय यात्रियों को निर्धारित सीमा से अधिक सामान ले जाने पर शुल्क देना होगा।

वैष्णव ने तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) सांसद वेमिरेड्डी प्रभाकर रेड्डी द्वारा पूछे गए प्रश्नों के लिखित उत्तर में यह बात कही। रेड्डी ने जानना चाहा था कि क्या रेलवे, हवाई अड्डों पर अपनाई गई व्यवस्था के अनुरूप ट्रेन यात्रियों के लिए सामान संबंधी नियम लागू करेगा। वैष्णव ने कहा, वर्तमान में, यात्रियों द्वारा डिब्बों के अंदर अपने साथ सामान ले जाने की श्रेणीवार अधिकतम सीमा निर्धारित की गई है। रेल मंत्री द्वारा लिखित उत्तर में साझा की गई जानकारी के अनुसार, द्वितीय श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्री को 35 किलोग्राम वजन तक सामान निशुल्क ले जाने की अनुमति है और शुल्क देकर 70 किलोग्राम तक सामान ले जाया जा सकता है। वहीं, स्लीपर श्रेणी के यात्रियों के लिए 40 किग्रा सामान निशुल्क ले जाने की अनुमति है और अधिकतम सीमा 80 किग्रा है।

# आईआईआईटी-कोटा को सशक्त बनाने पर जोर दिया

## लोकसभा अध्यक्ष ने की शिक्षा मंत्री के साथ बैठक

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ बैठक कर अपने संसदीय क्षेत्र कोटा-बूंदी में उच्च शिक्षा एवं स्कूली शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की तथा भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान-कोटा (आईआईआईटी-कोटा) को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, बैठक आईआईआईटी-कोटा के सुदृढ़ीकरण और विस्तार तथा कोटा-बूंदी क्षेत्र में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक उन्नत बनाने पर केंद्रित रही। बिरला ने कहा, कोटा देश का एक प्रमुख शैक्षणिक केंद्र है, जहां सड़क और रेल संपर्क मजबूत है, आने वाले वर्षों में एयर कनेक्टिविटी भी सुगम हो जाएगी। हर वर्ष लगभग डेढ़ लाख विद्यार्थी आईआईटी एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोटा आते हैं। ऐसे में आईआईआईटी-कोटा को और अधिक सशक्त एवं उन्नत बनाया जाना समय की आवश्यकता है। विज्ञप्ति के अनुसार, प्रधान ने इस पर कहा कि आगामी 10 वर्षों में आईआईआईटी-कोटा में विद्यार्थियों की क्षमता 25 हज़ार तक किए जाने की योजना बनाई जाएगी।

बिरला ने अपने संसदीय क्षेत्र कोटा-बूंदी में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार का विषय भी प्रमुखता से रखा।

# एआई-आधारित डिजिटल टोल संग्रह प्रणाली लागू होगी: गडकरी

नयी दिल्ली। राज्यसभा में बुधवार को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि बहु लेन निर्बाध परिवहन (एमएलएफएफ) टोल प्रणाली और एआई-संचालित राजमार्ग प्रबंधन देश भर में 2026 के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा और इसके लागू होने के बाद ये प्रौद्योगिकी यात्रियों के लिए टोल नाके पर प्रतीक्षा समय को समाप्त कर देंगी।



उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए गडकरी ने कहा कि नयी तकनीक एआई-आधारित होगी। उन्होंने कहा कि यात्रियों को अब टोल नाके पर अधिक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी और इससे 1,500 करोड़ रुपये मूल्य के ईंधन की बचत होगी तथा सरकार के राजस्व में 6,000 करोड़ रुपये की वृद्धि होगी। उन्होंने सदन में कहा, बहु लेन निर्बाध परिवहन टोल (एमएलएफएफ) एक बहुत अच्छी सुविधा है। पहले हमें टोल पर भुगतान करना पड़ता था और इसमें तीन से 10 मिनट लगते थेअ फिर फास्टैग के कारण समय घटकर 60 सेकंड या उससे कम हो गया। हमारी आय में कम से कम 5,000 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। एमएलएफएफ आने के बाद, फास्टैग की जगह लेते हुए, अब कारें अधिकतम 80 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से टोल पार कर सकती हैं और टोल पर किसी को रोका नहीं जाएगा। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास इसे शून्य मिनट तक ले जाने का है और इसमें एआई के साथ उपग्रह के माध्यम से नंबर प्लेट की पहचान और फास्टैग शामिल होगा। गडकरी ने सदस्यों से कहा, 2026 तक हम इस काम को 100 प्रतिशत पूरा कर लेंगे और एक बार यह कार्य पूरा हो जाने के बाद, 1,500 करोड़ रुपये की बचत होगी, हमारी आय में आगे 6,000 करोड़ रुपये की और वृद्धि होगी और टोल चोरी समाप्त हो जाएगी। कोई समस्या नहीं होगी और लोगों को टोल प्लाज़ा पर रुकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि नई तकनीक निश्चित रूप से लोगों की मदद करेगी और यात्रा समय निश्चित रूप से कम होगा। मंत्री ने कहा कि सरकार हालांकि केवल राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए जिम्मेदार है और राज्य राजमार्गों या शहर की सड़कों के लिए नहीं। लेकिन कई बार सोशल मीडिया पर राज्य और शहर की सड़कों की समस्याओं को इस तरह पेश किया जाता है मानो वे राष्ट्रीय राजमार्गों पर हुई हों।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शीतकालीन प्रवास के लिए हैदराबाद पहुंचीं

हैदराबाद। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को अपने शीतकालीन प्रवास के लिए सिकंदराबाद स्थित राष्ट्रपति निलयम पहुंचीं। तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा, उपमुख्यमंत्री मल्लु भट्टी विक्रमार्क और तेलंगाना के मंत्रियों सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने हकीमपेट स्थित वायुसेना स्टेशन पर राष्ट्रपति का स्वागत किया। राष्ट्रपति 22 दिसंबर तक राष्ट्रपति निलयम में रहेंगी। मुर्मू 19 दिसंबर को तेलंगाना लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों के लिए एक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि 20 दिसंबर को राष्ट्रपति हैदराबाद में ब्रह्मा कुमारी शांति सरोवर द्वारा अपनी 21वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित भारत का शाश्वत ज्ञानः शांति और प्रगति के मार्ग विषय पर एक सम्मेलन को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति वर्ष में कम से कम एक बार राष्ट्रपति निलयम का दौरा करती हैं और आधिकारिक कामकाज निपटाती हैं। शिमला स्थित द रिट्रीट बिल्डिंग और हैदराबाद स्थित राष्ट्रपति निलयम दोनों राष्ट्रपति के विश्राम स्थल हैं। उत्तर और दक्षिण में स्थित ये स्थान देश की विविध संस्कृतियों और लोगों की एकता का प्रतीक हैं। शहर के बोलारम में स्थित राष्ट्रपति निलयम भवन को भारत की स्वतंत्रता के बाद हैदराबाद के निजाम से ले कर राष्ट्रपति सचिवालय को सौंप दिया गया था। 1860 में निर्मित, इस इमारत का कुल क्षेत्रफल 90 एकड़ है। एक मंजिला इस इमारत में 11 कमरे हैं। इसके अलावा, इसमें एक भोजन कक्ष, सिनेमा हॉल और अन्य सुविधाएं भी हैं।



# अर्थव्यवस्था की रीढ़ है विनिर्माण : राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि विनिर्माण मजबूत अर्थव्यवस्थाओं की रीढ़ है, लेकिन भारत में विनिर्माण में गिरावट आ रही है। उन्होंने जर्मनी के शहर म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू वेल्ट (बीएमडब्ल्यू का प्रदर्शनी केंद्र) और बीएमडब्ल्यू संयंत्र के दौरे के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत को विकास में तेजी लाने के लिए सार्थक विनिर्माण तंत्र बनाने की जरूरत है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष इन दिनों जर्मनी के दौरे पर हैं। बीएमडब्ल्यू के संयंत्र दौरे का मुख्य आकर्षण टीवीएस की 450 सीसी मोटरसाइकिल देखना था।

## इंटरटेनमेंट...

# 60 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में राज-शिल्पा की सफाई

**मुंबई।** 60 करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी के मामले के बीच बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा ने बयान जारी किया है। उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों को बेबुनियाद और दुर्भावनापूर्ण बताया है। राज कुंद्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने बयान में कहा, हम अपने खिलाफ फैलाए जा रहे बेबुनियाद और दुर्भावनापूर्ण आरोपों को पूरी तरह नकारते हैं।

जिन बातों को उठाया जा रहा है, उन्हें बिना किसी कानूनी आधार के आपराधिक रंग दिया जा रहा है। हाई कोर्ट में क्वैशिंग पिटीशन दाखिल की जा चुकी है और उस पर सुनवाई बाकी है। बयान में आगे कहा गया कि उन्होंने जांच में पूरा सहयोग किया है और उन्हें भरोसा है कि न्याय होगा। साथ ही उन्होंने मीडिया से अपील की कि मामला अदालत में पेंडिंग है, इसलिए संयम बरता जाए। बता दें कि इस मामले में 15 सितंबर 2025 को राज कुंद्रा आर्थिक अपराध शाखा (एडह) के सामने पेश हुए थे। जहां उनसे करीब पांच घंटे तक पूछताछ हुई थी। वहीं, अक्टूबर 2025 में शिल्पा शेट्टी से चार घंटे से ज्यादा पूछताछ हुई थी। साथ ही कपल के खिलाफ विदेश यात्रा रोकने के लिए लुक आउट सर्कुलर भी जारी किया गया था।



❍ आरोप बेबुनियाद हैं, मीडिया से संयम बरतने की अपील की

# पाकिस्तान ने धुरंधर को बताया प्रोपेगेंडा मूवी

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' की जितनी चर्चा भारत में हो रही है, उससे कहीं ज्यादा पाकिस्तान में। फिल्म में पाकिस्तान के कराची के ल्यारी इलाके और 1999-2009 तक हुए वहां के गैंगवार को दिखाया गया है। ल्यारी और वहां के गैंगवार की दिखाने की वजह से पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान ने धुरंधर को प्रोपेगेंडा बता दिया है। साथ ही, उन्होंने 'मेरा ल्यारी' नाम की फिल्म की घोषणा की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, धुरंधर में ल्यारी को दिखाने से सिंध के अधिकारियों में इतनी नाराजगी है कि सिंध सूचना विभाग ने अपनी खुद की फिल्म 'मेरा ल्यारी' की घोषणा की है। उनका दावा है कि इस फिल्म के जरिए इलाके के असली कहानी को दिखाई जाएगी। सिंध इंफॉर्मेशन डिपार्टमेंट के आधिकारिक हैंडल से मेरा ल्यारी के दो पोस्टर शेयर करते हुए लिखा गया 'गलत बयानी से सच्चाई को मिटाया नहीं जा सकता। ल्यारी संस्कृति, शांति और दृढ़ता का प्रतीक है, हिंसा का नहीं। जहां धुरंधर दुष्प्रचार फैला रहा है, वहीं मेरा ल्यारी जल्द ही गौरव और समृद्धि की सच्ची कहानी बयां करेगा। फिल्म जनवरी 2026 में रिलीज होगी। ल्यारी के खिलाफ भारत का दुष्प्रचार कभी सफल नहीं होगा। फिल्म धुरंधर की बात करें तो आदित्य धर की फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल, दानिश पंडोर, राकेश बेदी, गौरव गेरा जैसे कलाकारों ने काम किया है।

❍ जवाब में 'मेरा ल्यारी' फिल्म, कहा भारत का दुष्प्रचार सफल नहीं होगा

### अक्षय खन्ना ने घर में कराया वास्तु शांति हवन

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर अक्षय खन्ना इन दिनों अपनी फिल्म धुरंधर को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में वह रहमान डकैत के किरदार में नजर आए। फिल्म में उनके डायलॉग्स, अंदाज और डांस स्टेप्स को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। फिल्म धुरंधर ने दुनिया भर में करीब 600 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। इसी बीच अक्षय खन्ना ने अपने अलीबाग वाले घर में वास्तु शांति हवन कराया। बता दें कि फिल्म की शानदार सफलता के बाद भी अक्षय सोशल मीडिया और मीडिया से दूरी बनाए हुए हैं। इन दिनों वह अलीबाग में अपने घर पर शांत समय बिता रहे हैं। वहीं, अक्षय के घर पर हुए इस हवन का वीडियो पुजारी शिवम म्हात्रे ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है।

# ऑस्कर अवॉर्ड की रेस में फिल्म होमबाउंड

**मुंबई।** हिंदी फिल्म होमबाउंड 26 सितंबर 2025 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई। डायरेक्टर नीरज घेवान की फिल्म होमबाउंड को 98वें अकादमी अवॉर्ड्स यानी ऑस्कर अवॉर्ड्स में बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी की टॉप 15 शॉर्टलिस्ट फिल्मों में जगह मिली है। फिल्म में ईशान खट्टर, विशाल जेठवा और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। अकादमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज ने मंगलवार को 12 कैटेगरी की शॉर्टलिस्ट शेयर की। वहीं इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी में कुल 15 फिल्मों को चुना गया है। इनमें से आगे चलकर सिर्फ 5 फिल्मों को फाइनल नॉमिनेशन मिलेगा। इन नॉमिनेशंस की घोषणा 22 जनवरी 2026 को की जाएगी। इसके बाद ऑस्कर अवॉर्ड्स का इवेंट 15 मार्च 2026 को होगा। होमबाउंड के साथ जिन फिल्मों को शॉर्टलिस्ट किया गया है, उनमें अर्जेंटीना की बेलेन, ब्राजील की द सीक्रेट एजेंट, फ्रांस की इट वॉज जस्ट एन एक्सीडेंट, जर्मनी की साउंड ऑफ फॉलिंग, इराक की द प्रेसिडेंट्स केक, जापान की कोकुहो, जॉर्डन की ऑल दैट्स लेफ्ट ऑफ यू, नॉर्वे की सेंटिमेंटल वैल्यूज, फिलिस्तीन की पैलेस्टाइन 36, साउथ कोरिया की नो अदर चॉइस, स्पेन की सिरात, स्विट्जरलैंड की लेट शिफ्ट, ताइवान की लेफ्ट हैं।

❍ बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी में टॉप 15 में बनाई जगह, करण जौहर ने जताई खुशी







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com